16_VNS_PAGE_1.qxd 2/15/2025 10:29 PM Page 1



वाराणसी, रविवार 16 फरवरी, 2025

फाल्गुन माह, कृष्ण पक्ष 4, वर्ष 14, अंक 11, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

अन्दर : अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग : भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे सचिन



अन्दर : सिराज-ए-दिल जौनपुर : अपने शहर को जानने पहचानने की कोशिश

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

डाक/नगर संस्करण

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# रफ्तार की मार, 24 घंटे में 15 लोगों की मौत

## प्रयागराज में बड़ी घटना 10 लोगों की मौत, 19 लोग घायल, बस से टकराई थी बोलेरो

**प्रयागराज।** महाकुंभ में स्नान करने आ रहे 10 श्रद्धालुओं की सड़क हादसे में मौत हो गई है और 19 घायल हो गए हैं। बस और बोलेरो में सवार सभी लोग मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रयागराज के डीसीपी ने घटना की पुष्टि की है। बताया जा रहा है कि टूरिस्ट बस अपनी साइड से ही जा रही थी कि सामने से तेज गति में आ रही बोलेरो सीधे टकरा गई। बोलेरो में सवार चालक समेत 10 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। बस में सवार श्रद्धालु घायल रोडमल ने बताया दुर्घटना के समय बस में सवार ज्यादातर लोग सो रहे थे, अचानक भीषण टक्कर हुई। दुर्घटना के समय मैं जाग रहा था और बस के केबिन में बैठा था। बोलेरो में सवार छत्तीसगढ़ कोरबा के रहने वाली ईश्वरी प्रसाद जायसवाल, संतोष सोनी, भागीरथी जायसवाल, सोमनाथ, अजय बंजारे, सौरभ कुमार सोनी, गंगा दास वर्मा, शिवा राजपूत, दीपक वर्मा, राजू साहू की मौत हो गई। सभी की मृतकों की शिनाख्त उनकी जेब में मिले आधार कार्ड और मोबाइल नंबर से हो पाई। पुलिस ने मृतकों के परिजनों को घटना की जानकारी दे दी है। परिजन छत्तीसगढ़ से रवाना हो चुके हैं। बोलेरो में सवार सभी श्रद्धालु छत्तीसगढ़ से सीधे प्रयागराज महाकुंभ जा रहे थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रयागराज जिले में हुई सड़क दुर्घटना का संज्ञान लिया और शोक संतप्त परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए और जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार करने के निर्देश दिए। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की।





## ट्रैक्टर-ट्रॉली में पीछे से टकराई कार,चार लोगों की गई जान

**हादसा**

### बस्ती के पैकोलिया थाना के गौर बभनान मार्ग की घटना

**बस्ती ।** जिले में भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की जान चली गई। हादसे की जानकारी पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। चीख-पुकार मच गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शवों को कब्जे में लिया। हादसा पैकोलिया थाना के गौर बभनान मार्ग पर हुआ। शुक्रवार की आधी रात वैगनआर कार में सवार होकर चार लोग बभनान की तरफ जा रहे थे। बेनीपुर तिराहे के पास टेंट के सामान से लदे ट्रैक्टर ट्राली से कार की जोरदार टक्कर हो गई। कार में सवार चार लोगों की मौत हो गई। हादसे में कार सवार 27 वर्षीय रोहित पुत्र स्व. साहबदीन निवासी शेरपुर थाना इनायतनगर जनपद अयोध्या, 24 वर्षीय पवन पुत्र जोखू प्रसाद निवासी खमरिया बुजुर्ग थाना छपिया जिला गोंडा, 22 वर्षीय मोनू पुत्र रामजी व 24 वर्षीय सोमनाथ पुत्र राम जी निवासी बाबा बागेश्वर नगर थाना गौर जनपद बस्ती की मौत हो गई। वहीं हादसे की सूचना पर पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सीओ हरैया संजय सिंह घटनास्थल पहुंचे।

### डबल डेकर बस में लगी आग, एक श्रद्धालु की मौत

फिरोजाबाद । लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर शनिवार सुबह एक डबल-डेकर बस में अचानक आग लगाने से एक यात्री की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि राजस्थान के नागौर जिले से एक बस श्रद्धालुओं को लेकर प्रयागराज कुंभ गई थी। कुंभ स्नान के बाद सभी श्रद्धालु अयोध्या गए थे। शुक्रवार रात को अयोध्या से बस नागौर के लिए रवाना हुई थी और जैसे ही उनकी बस करीब सुबह चार बजे लखनऊ आगरा एक्सप्रेस-वे पर पहुंची, तभी अचानक बस में आग लग गई। उन्होंने बताया कि बस में 52 यात्री सवार थे जिसमें से 51 यात्री सकुशल उतर गये, एक यात्री पवन शर्मा (33) बस में सोते रहे और बाहर न आ सके। इससे पवन की जलकर मौत हो गई, वे नागौर से थे। पुलिस ने बताया कि सभी यात्रियों को अन्य बस द्वारा गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया है।



## संक्षेप

### बांग्लादेश से आया आतंकी, एटीएस कर रही जांच

**रांची।** झारखंड में कुछ लोगों को आतंकी ट्रेनिंग दिए जाने की खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट से पता चला है कि बांग्लादेश से आकर एक आतंकी झारखंड के पाकुड़ जिले के कुछ युवकों को आतंक के रास्ते पर ले जाने की कोशिश कर रहा है। ऐसा कहा जा रहा है कि यह खुलासा एक खुफिया पत्र के जरिए हुआ है। पत्र में लिखा है कि बांग्लादेश में शेख हसीना सरकार के पतन के बाद वहां के प्रतिबंधित संगठन भारत विरोधी आतंकी साजिश रच रहे हैं। साजिश के तहत कुछ आतंकी बांग्लादेश से झारखंड आ गए और पाकुड़ में कुछ लोगों को ट्रेनिंग देकर वापस लौट गए। मामले को लेकर झारखंड एटीएस ने अलर्ट जारी किया है।

### 19 पवित्र क्षेत्रों में 1 अप्रैल से पूर्ण शराबबंदी लागू

**भोपाल ।** मध्य प्रदेश की मोहन सरकार द्वारा राज्य के 19 पवित्र क्षेत्रों में शराबबंदी के फैसले पर अमल शुरू हो चुका है। इन क्षेत्रों में एक अप्रैल से शराब दुकानें बंद हो जाएगी। इसके लिए अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बीते दिनों 19 नगरीय और ग्रामीण इलाकों के पवित्र क्षेत्र में पूर्ण शराबबंदी का ऐलान किया था। फैसले पर अमल करते हुए राजभवन से अधिसूचना भी जारी हो गई है। इसके मुताबिक राज्य के 13 नगरीय और छह ग्रामीण निकायों में संचालित शराब दुकानें एक अप्रैल से बंद होगी।

### छापेमारी में 2.60 करोड़ की ड्रग्स जब्त

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में नारकोटिक्स सेल ने ड्रग्स को लेकर अमानवीय तस्वीर प्रकट की है। तीन अलग-अलग जगहों पर की गई छापेमारी में नारकोटिक्स सेल ने 2.60 करोड़ रुपये से ज्यादा की ड्रग्स बरामद की है। ये ड्रग्स में एमडी और गांजे की भी बड़ी मात्रा शामिल है। पहली कार्रवाई में ठाणे शहर के चेतन अपार्टमेंट में एमडी ड्रग्स की छुट्टी कर ली गई, जिसकी वैल्यू लाखों रुपये है। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। एजेंसी

### राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों में संलिप्त तीन बर्खास्त

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के एलजी मनोज सिन्हा के नेतृत्व वाले प्रशासन ने शनिवार को अनुच्छेद 311 की एक विशेष धारा लागू की और जम्मू-कश्मीर में तीन सरकारी कर्मचारियों की सेवाओं को राष्ट्र-विरोधी गतिविधियों के चलते समाप्त कर दिया। यह फैसला ऐसे समय आया है जब सीएम उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली निर्वाचित सरकार ने केंद्र के साथ अपने संबंधों के संभावित पुनर्मूल्यांकन का संकेत दिया है।

### तलाशी अभियान में मिले हथियार और गोला-बारूद

**जम्मू।** भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कुपवाड़ा क्षेत्र में संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान 2 पिस्तौल, 4 पिस्तौल मैगजीन और गोला-बारूद बरामद किया है। 14 फरवरी 2025 को विशिष्ट खुफिया सूचनाओं के आधार पर भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा चन्नीपुरा पैन, कुपवाड़ा में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया गया है जो अभी भी जारी है।

## शीशमहल के रिनोवेशन की होगी सीवीसी जांच

**केंद्र ने दिए आदेश**

### रिपोर्ट में दावा, निर्माण में नियमों का हुआ उल्लंघन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के 6 फ्लैग स्टाफ रोड स्थित सरकारी बंगले में हुए रिनोवेशन की जांच की जाएगी। केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) ने इस संबंध में जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। यह आदेश केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) की रिपोर्ट को आधार बनाते हुए दिया गया है। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, बंगले के निर्माण में कई नियमों का उल्लंघन हुआ है। रिपोर्ट में दावा किया गया है, कि करीब 40,000 वर्ग गज (8 एकड़) क्षेत्र में बने इस बंगले के रेनोवेशन पर 45 करोड़ रुपए से अधिक की राशि खर्च की गई। भाजपा ने इस मुद्दे को विधानसभा चुनाव से पहले उठाया था और इसे केजरीवाल का शीशमहल करार दिया था। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने उप-राज्यपाल वीके सक्सेना से शिकायत की थी कि यह बंगला चार सरकारी संपत्तियों को मिलाकर बनाया गया है, जो नियमों के खिलाफ है। उन्होंने मांग की थी कि इस प्रक्रिया को रद्द किया जाए। भाजपा ने स्पष्ट किया है कि आगामी मुख्यमंत्री इस बंगले में निवास नहीं करेंगे। पार्टी ने कहा कि भ्रष्टाचार के प्रतीक के रूप में देखे जा रहे इस बंगले में उनका कोई नेता नहीं रहेगा। इसे लेकर आगे भी सियासत गर्माने के आसार हैं।

## फिर हुई एलओसी पर गोलीबारी, एक जवान घायल

**जम्मू।** जम्मू के अखनूर सेक्टर में एलओसी पर हुई गोलीबारी में सेना का एक जवान घायल हो गया। सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को बट्टल क्षेत्र में एक अग्रिम चौकी पर जवान तैनात था तभी उसे सीमा पार से एक गोली लगी। उन्होंने बताया कि जवान को तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां उसका इलाज चल रहा है।

अधिकारियों ने कहा कि यह कहना जल्दबाजी होगी कि गोलीबारी की घटना में पाकिस्तानी सेना शामिल है या आतंकवादियों ने यह गोलीबारी की है। पिछले सप्ताह एलओसी पर संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा परिष्कृत विस्फोटक उपकरण (आईईडी) विस्फोट और पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम उल्लंघन समेत सीमा पार से कई ऐसी घटनाएं सामने आई हैं।

## महाकुंभ में फिर भीषण आग, पंडाल जले

**भयावह**

### भीड़ की वजह से देरी से पहुंचीं दमकलें, महाकुंभ से एक लाख दंडी स्वामी रवाना

**प्रयागराज।** महाकुंभ मेले के सेक्टर 18 और 19 के बीच शनिवार शाम 6 बजे श्रीराम चरित मानस सेवा प्रवचन मंडल के पंडालों में आग लग गई। आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। फिलहाल इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। आग लगने की वजह का भी अभी तक पता नहीं चल सका है।

मेले में जबरदस्त भीड़ की वजह से दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंचने में देरी हुई। चश्मदीद ने बताया कि श्रीराम चरित मानस सेवा प्रवचन मंडल के शिविर में भी आग लगी। यहां से सभी लोग जा चुके थे। कुर्सी, टेंट, खाने का सामान जल गया। शिविर में नोटों के 3 बैग रखे थे, बताया जा रहा है कि एक बैग सुरक्षित रख लिया गया है। दो बैग के जलने की आशंका है।

संगम की पावन रेती पर एक महीने से प्रवास कर रहे सनातन धर्म के संरक्षक माने जाने दंडी स्वामी संतो ने त्रयोदशी को महाकुंभ में अपना अंतिम स्नान किया और उसके बाद अपने अपने मठों की तरफ प्रस्थान कर गए। अखिल भारतीय दंडी परिषद के प्रमुख जगद्गुरु स्वामी महेशाश्रम जी बताते हैं कि माघ के महीने का कल्पवास तो माघ पूर्णिमा के साथ पुण्य की डुबकी लगाने से पूर्ण हो जाता है लेकिन कल्पवास करते समय जाने अनजाने में कभी दृष्टि पाप हो जाता है तो कभी श्रवण या स्पर्श पाप। इन सभी तरह के पाप संगम में त्रिजटा स्नान के बाद ही कटता है। फाल्गुन की त्रयोदशी को इस स्नान को करने के बाद सभी दंडी स्वामी संत महाकुंभ से अपने अपने स्थान के लिए रवाना हो गए।



### कब-कब लगी आग

19 जनवरी: सेक्टर 19 में गीता प्रेस के कैंप में आग लगी थी, हादसे में 180 कॉटेज जल गए।
30 जनवरी: सेक्टर 22 में आग लगी थी, जिसमें 15 टेंट जले थे।
7 फरवरी: सेक्टर-18 में आग लगी थी। हादसा शंकराचार्य मार्ग पर हुआ था, जिसमें 22 पंडाल जल गए।
15 फरवरी: सेक्टर 18-19 में आग लगी। इसे बुझा लिया गया है।

## पीएम तकनीक को नहीं समझ पाए

**राहुल गांधी का दावा**

### ड्रोन की प्रौद्योगिकी को लेकर वीडियो किया अपलोड

**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने युद्ध क्षेत्र और अन्य जगहों पर ड्रोन की उपयोगिता का उल्लेख कर दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ड्रोन क्रांति को समझने में असफल रहे हैं।राहुल गांधी ने ड्रोन और उससे जुड़ी प्रौद्योगिकी को लेकर वीडियो अपने यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया। इस वीडियो में उन्होंने कहा, ड्रोन ने संचार के लिए बैटरी, मोटर और ऑप्टिक्स के संयोजन से युद्ध के क्षेत्र में क्रांति ला दी है। ड्रोन सिर्फ एक प्रौद्योगिकी नहीं हैं, बल्कि वे एक मजबूत औद्योगिक प्रणाली द्वारा संचालित निचले स्तर के नवाचार हैं। उन्होंने युद्ध क्षेत्र को पूरी तरह से बदल दिया है। टैंक, तोपखाने और यहां तक कि विमान वाहक को कम प्रासंगिक बनाया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि यह क्रांति सिर्फ युद्ध के बारे में नहीं है, यह उद्योग, एआई (कृत्रिम मेधा) और प्रौद्योगिकी की अगली पीढ़ी के बारे में है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य से, प्रधानमंत्री मोदी इस तकनीक को समझने में असफल रहे हैं। जबकि वे एआई पर टेलीप्रॉम्प्टर (की मदद से) भाषण देते हैं। हमारे प्रतिस्पर्धी नई प्रौद्योगिकियों में महारत हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि असली शक्ति सिर्फ ड्रोन बनाने में नहीं है,बल्कि इलेक्ट्रिक मोटर, बैटरी, ऑप्टिक्स और उत्पादन नेटवर्क को नियंत्रित करने में भी है। राहुल गांधी ने कहा, यदि हम उत्पादन को नियंत्रित नहीं करते हैं, तब हम एआई या प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नेतृत्व नहीं कर सकते। राहुल गांधी ने कहा, भारत के पास अपार प्रतिभा और प्रेरणा है लेकिन हमें खोखले शब्दों से कहीं अधिक की आवश्यकता है। हमें एक स्पष्ट दृष्टिकोण और वास्तविक औद्योगिक कौशल की आवश्यकता है।



## मस्जिद पर उपद्रवियों के पोस्टर चिपकाने पर आपत्ति

**संभल।** जिले में जामा मस्जिद सर्वे के दौरान भड़की हिंसा में पुलिस ने फरार चल रहे उपद्रवियों की धर-पकड़ तेज कर दी है। हिंसा मामले के सभी आरोपियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता नहीं मिल पा रही है। इसको देखते हुए पुलिस ने 74 उपद्रवियों के पोस्टर जारी किए हैं। इन उपद्रवियों के पोस्टर मस्जिद की दीवार पर चिपका दिए। इसको लेकर विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ गया कि मस्जिद कमिटी के सदर और उनके बेटे को पुलिस ने थाने बुला लिया। देर शाम तक शहर में अफवाह फैल गई कि सदर और उनके बेटे समेत कुछ लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही वकील और मोहल्ले के लोग कोतवाली पहुंच गए।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विधायक निधि खर्च करने में सबसे पीछे

**लखनऊ।** प्रदेश विधानसभा का आधा कार्यकाल पूरा होने के बाद भी अधिकतर विधायक निधि का 40 प्रतिशत हिस्सा भी नहीं खर्च कर सके हैं। प्रत्येक विधायक को शासन से पांच करोड़ रुपये विधायक निधि प्रदान की गई है। परियोजना निदेशक निर्मल द्विवेदी ने बताया कि विधायक या विधान परिषद सदस्य के प्रस्तावों के आधार पर कार्य कराए जा रहे हैं।

मुरादाबाद जिला प्रशासन के अनुसार एमएलसी व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह को निधि के रूप में शासन से पांच करोड़ रुपये की धनराशि मिली थी। उन्होंने अब तक सिर्फ 71 लाख के ही विकास कार्य कराए हैं। उनकी निधि की 80 प्रतिशत से अधिक धनराशि बाकी है। भाजपा के एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने 1.70 करोड़ रुपये क्षेत्र में लाइट और स्कूलों के फर्नीचर सहित अन्य कार्यों के लिए खर्च किए हैं। एमएलसी रामगोपाल अंजान ने अपनी निधि से 1.95 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। उन्होंने बताया कि मुरादाबाद के अलावा, पीलीभीत, रायबरेली और अपने पैतृक जनपद हरदोई के लिए निधि का उपयोग किया है। एमएलसी पूरे प्रदेश में कहीं भी विकास कार्य के लिए अपनी निधि का प्रयोग कर सकते हैं।

## कुंभ का समय बढ़ाए सरकार: अखिलेश

**लखनऊ।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने योगी सरकार से महाकुंभ का समय बढ़ाने की मांग की। अखिलेश यादव ने भाजपा पर झूठे आकंड़े पेश करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कुंभ में हमारी जानकारी के मुताबिक 60 करोड़ से अधिक लोग स्नान कर चुके हैं, लेकिन योगी सरकार सही जानकारी नहीं दे रही। योगी सरकार को डर है कि कहीं कोई स्टडी हो और मिस मैनेजमेंट की बात सामने न आ जाए। सपा प्रमुख ने कहा कि 60-65 और 70 साल के बहुत से बुजुर्ग अभी तक स्नान नहीं कर सके हैं। वे महाकुंभ में स्नान, दान पुण्य करना चाहते हैं। उनके लिए योगी सरकार को महाकुंभ का समय बढ़ाना चाहिए।

## विधानसभा सत्र के बीच महाकुंभ में नहाएंगे कांग्रेस नेता

**प्लान**

### प्रयागराज तक पार्टी करेगी शक्ति प्रदर्शन

**लखनऊ।** विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस नेता प्रयागराज जाकर महाकुंभ में स्नान करेंगे। वे स्नान और पूजन के बाद भाजपा सरकार की सामाजिक समरसता विरोधी नीतियों पर चर्चा करेंगे। इस दौरान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी के भी प्रयागराज पहुंचने की संभावना है। इसके लिए महाकुंभ में चल रहे सेवादल के शिविर में भी व्यापक व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। कांग्रेस की ओर से महाकुंभ की व्यवस्थाओं को लेकर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। महाकुंभ में हुए हादसे के बाद कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने अपनी जांच रिपोर्ट जारी की थी, जिसमें सरकारी मशीनरी पर लापरवाही का आरोप लगाया था। अब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में पार्टी के तमाम नेता 19 को प्रयागराज पहुंचेंगे। ये सभी प्रदेश मुख्यालय से बस से रवाना होंगे। इस यात्रा में प्रदेश कार्यकारिणी के साथ ही पार्टी के पूर्व सांसद व पूर्व विधायक भी मौजूद रहेंगे। पार्टी सूत्रों का यह भी कहना है कि 19 की शाम अथवा 20 फरवरी को लोकसभा के नेता विपक्ष राहुल गांधी और पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी भी पहुंच सकती हैं।



### हर जिले में बनेंगे 300-300 किसान न्याय योद्धा

किसान कांग्रेस की ओर से हर जिले में 300-300 किसान न्याय योद्धा तैयार किए जाएंगे। इसकी शुरूआत 20 फरवरी को गाजियाबाद के लोनी से होगी। यहां से किसानों की यात्रा निकलेगी और मंडोला चौक पर धरनारत किसानों से मुलाकात करेगी। उन्हें समर्थन पत्र सौंपने के बाद यात्रा बागपत के लिए रवाना हो जाएगी। अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के उपाध्यक्ष अखिलेश शुक्ला ने बताया कि किसान न्याय यात्रा को जिलेवार चलाया जाएगा। 22 को ग्रेटर नोएडा, एक और दो मार्च को रायबरेली-अमेठी और 10 व 11 मार्च को अयोध्या एवं अंबेडकरनगर के बीच किसान न्याय यात्रा निकाली जाएगी। इसी तरह सभी 75 जिले में यात्रा जाएगी और संबंधित जिले में 300 किसान न्याय योद्धा तैयार करेगी। यह योद्धा किसानों की समस्याओं को पार्टी तक पहुंचाएंगे और किसानों को न्याय दिलाने के लिए संघर्ष करेंगे।

## शुरू हो गई सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा

**शुभारंभ**

### अंग्रेजी के आसान प्रश्नपत्र से खिले छात्रों के चेहरे, बोले-आल इज वेल

**वाराणसी।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार से प्रारंभ हो गईं। दसवीं कक्षा की मुख्य परीक्षा इंग्लिश विषय से शुरू हुई, जिसमें शामिल छात्रों के चेहरे खुशी से खिले नजर आए। परीक्षा के बाद छात्रों ने अपनी राय दी और बताया कि प्रश्न पत्र काफी सरल था। परीक्षा देकर निकले छात्रों ने बताया कि इंग्लिश का पेपर अपेक्षाकृत आसान था और उन्होंने सभी प्रश्नों के उत्तर दिए। एक छात्रा ने कहा, हमने परीक्षा की अच्छी तैयारी की थी और प्रश्न पत्र बिल्कुल हमारी उम्मीदों के अनुरूप था। हमें उम्मीद है कि हमारे 90 प्रतिशत से अधिक अंक आएंगे। सीएचएस में पढ़ने वाली तनुष्का ने बताया कि आज का इंग्लिश का पेपर बहुत अच्छा गया। सभी प्रश्न पहले से पढ़े हुए थे, इसलिए हमने पूरे उत्तर दिए और कोई प्रश्न छोड़ा नहीं। वहीं, एक अन्य छात्रा ने बताया कि उनकी परीक्षा तुलसी विद्या निकेतन में आयोजित हुई थी और प्रश्नपत्र बहुत सरल था। उन्होंने कहा कि पेपर इतना आसान था कि हमें कहीं भी मुश्किल महसूस नहीं हुई। हमें 90% से अधिक अंक आने की पूरी उम्मीद है। सीबीएसई की परीक्षाएं पूरे भारत में आयोजित की जा रही हैं। इस वर्ष देशभर में लगभग 44 लाख से अधिक छात्र इन परीक्षाओं में शामिल हो रहे हैं। पहले दिन दसवीं कक्षा के इंग्लिश विषय की परीक्षा सुबह 10:30 बजे शुरू हुई और दोपहर 1:30 बजे तक चली। इंग्लिश परीक्षा के सफल आयोजन के बाद अब छात्र आगामी परीक्षाओं की तैयारी में जुट गए हैं। अगली परीक्षा 18 फरवरी को होगी। छात्रों ने बताया कि वे अपने अगले विषयों की भी पूरी तैयारी कर रहे हैं और बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं।



# करते नहीं ड्यूटी, लेते हैं वेतन, पर अब ऐसा नहीं होगा
## नहीं चलेगी मनमानी, होगी बायोमैट्रिक्स उपस्थिति

जनसंदेश न्यूज

विद्युत विभाग

**पूर्वांचल-डिस्कॉम ने व्यवस्था के लिए टेंडर किया फाइनल**

**सभी 21 जिलों के कार्यालयों और उपकेंद्रों पर बायोमैट्रिक मशीन**

**वाराणसी।** यूं तो कई विभागों में यह अक्सर सुनने को मिलता रहा है कि तमाम नियमित और संविदा कर्मचारी ड्यूटी तो नहीं करते, लेकिन हर महीने वेतन जरूर पा जाते हैं। यह सब विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से ही होता है। संविदा पर तैनात कर्मचारियों में कई तो विभागीय अधिकारियों के रिश्तेदार-नातेदार होते हैं, सो पूछने और टोकने वाला कोई नहीं होता।

कुछ ऐसा ही मामला पिछले दिनों विद्युत विभाग में भी सामने आया था। इसको देखते हुए अब बायोमैट्रिक्स उपस्थिति पर जोर दिया जा रहा है। पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम लि. (पूर्वांचल-डिस्कॉम) ने इसके पहल करते हुए टेंडर फाइनल कर दिया है। डिस्कॉम के सभी 21 जिलों के कार्यालयों और विद्युत उपकेंद्रों में बायोमैट्रिक मशीन लगायी जाएगी ताकि ऐसे कर्मचारियों की मनमानी पर विराम लग सके।

डिस्कॉम सूत्रों की माने तो नियमित और निविदा कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति के लिए कार्यालयों और उपकेंद्रों में बायोमैट्रिक्स उपस्थिति में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित मोबाइल संचालित फेशियल रिकॉग्निशन अटेंडेंस सिस्टम उपलब्ध कराने की तैयारी चल रही है। अधिकारियों और कर्मचारियों को अपने ड्यूटी के समय कार्यस्थल पर उपस्थित होकर बायोमैट्रिक्स हाजिरी लगानी होगी। पूर्वांचल-डिस्कॉम की तरफ से लगभग 60 लाख रुपये की टेंडर की एलओआई जारी की गयी है। नयी व्यवस्था डिस्कॉम मुख्यालय समेत 21 जिलों में लागू होगी।



बायोमैट्रिक हाजिरी की व्यवस्था शुरू हो जाने के बाद अधिकारियों और कर्मचारियों की जहां मनमानी नहीं चल पाएंगी। वहीं, आर्थिक घोटाले पर भी विराम लग जाएगा। जी हां, नया सिस्टम लागू होने जाने से बिना उपस्थिति वेतन जारी करने का खेल नहीं हो पायेगा।

डिस्कॉम सूत्रों की माने तो पूर्वांचल-डिस्कॉम के कई विद्युत उपकेंद्रों पर अधिकारियों और कर्मचारियें के कई रिश्तेदार-नातेदार निविदा पर कार्यरत है, जो हफ्तो या महीनों में आ कर उपस्थिति भरते है और वेतन उठा रहे हैं। यहां तक संविदाकर्मियों के काम की जगह को लेकर भी कई तरह के आरोप लगते रहे हैं। सूत्रों की माने तो कई सांविदाकर्मियों की तैनाती उपकेंद्रों पर होती है, लेकिन उनसे अधिकारियों के यहां कार्य लिया जाता है। ऐसे में नया सिस्टम लग जाने से इस बात को खुलासा होगा कि कहां पर कितनी उपस्थिति ही रही है। कर्मचारी कहीं और तो काम नहीं कर रहा है। या फिर कर्मचारी आ रहे हैं या नहीं।

### मैन्युअल रजिस्टर पर होता है जबर्दस्त खेल?

डिस्कॉम सूत्रों की माने तो विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से निविदा कर्मचारियों की फर्जी उपस्थिति दिखा कर जबर्दस्त खेल खेला जाता है? इतना ही नहीं, अनुबंध के सापेक्ष तैनाती न करके कागजातों पर आंकड़ों की बाजीगरी को दर्शाकर रकम हजम की जाती है? ऐसा मैन्युअल रजिस्टर के चलते होता है। ऐसे में अधिकारियों के इस खेल को पकड़ पाना कठिन हो जाता था। बीते दिनों ऐसे ही लाखों रुपये के फर्जी वेतन घोटाले का पर्दाफाश हुआ था। खबरें प्रकाशित होने के बाद निगम के मुखिया ने जांच समिति भी बनायी थी। लेकिन फर्जी वेतन घोटाले में मंडल से लेकर वितरण खंड ही नहीं मुख्यालय तक के बड़े-बड़े अधिकारियों और तमाम कर्मचारियों की मिलीभगत सामने आने और फंसने के कारण मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब नयी व्यवस्था यानी बायोमैट्रिक सिस्टम लग जाने से ऐसे खेल पर रोक लगना संभव हो पाएगा।

## संक्षेप

### बेटी को धमकी देने के आरोप में मुकदमा

**वाराणसी।** कैन्ट के भोजूबीर निवासिनी सैनिक की विधवा ने घर के सामने रहने वाले दबंग परिवार द्वारा उसे व उसकी छात्रा बेटी को प्रताड़ित करने, बेटी के साथ बलात्कार करने की धमकी देने, मारपीट करने व सोने की चेन छीन लेने के मामले में सहायक पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र देकर करवाई की मांग की जिसपर पिता, पुत्र, मां सहित पांच नामजद के खिलाफ कैन्ट पुलिस ने संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया।वृंदा नगर,सरसौली, भोजूबीर निवासिनी विधवा सुमन सिंह द्वारा दी गई तहरीर में घर के सामने रहने वाले दबंग ओमकार सिंह,उनके बेटे पंकज सिंह पर आरोप लगाया कि सेना से रिटायर्ड पति की मृत्यु के बाद अपनी एक मात्र बेटी के साथ रहती है। ओमकार सिंह व उनका परिवार वहां से भगाने के चक्कर में उसे व उसकी बेटी के साथ आये दिन गाली गलौज, मारपीटकरते गैन और बेटी के साथ बलात्कार करने की धमकी देते हैं। 4 फरवरी की जब प्रर्थिनी के पिता बेटे के साथ उससे मिलने आये तो ओमकार सिंह, उनके बेटे पंकज सिंह, पत्नी चन्द्रावती, सोनी व पद्मिनी सिंह एक जुट ही कर घर मे घुस कर मारपीट की, सोने की चेन भी नोच ले गए। लोगों के जुटने पर सभी जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। पीड़िता ने 112 की भी फोन किया जिसके पहुचने पर भी लोग गाली गलौज करते रहे। पुलिस मामले दर्ज कर करवाई कर रही है।

### चकरोड को लेकर मारपीट, तीन गिरफ्तार

**लोहता।** स्थानीय थाना क्षेत्र के लखमीपुर गांव में काफी पुराने बने चकरोड को एक पक्ष के द्वारा खोदने को लेकर शनिवार को दो पक्ष आपस में भिड़ गये। जिसमे तीन लोग घायल हो गये सूचना पाकर पुलिस मोंके पर पहुंची तीन लोगों को मौंके से पकड कर थाने लेआई। मेडिकल कराने के बाद शांतिभंग में चलान कर दिया। लखमीपुर के ग्राम प्रधान जंग बहादुर पटेल ने बताया की गांव में काफी पुराना सरकारी चकरोड बना है। जिसको अपनी जमीन में बना बताकर विशुनपुर गांव के सिताराम के परिवार के लोग आए ओर खोदने लगे जिसको रोकने जब लखमीपुर गांव के लोग गये तो मारपीट हो ग ई जिसमे एक पक्ष से सितारम और दुसरे पक्ष से शिवा , रोहित घायल हो पुलिस तीनों लोगों को पकड कर थाने लेआई मेडिकल कराने के बाद शांति भंग में चालान कर दिया।

### जान से मारने की धमकी पर मुकदमा

**बड़ागांव।** थाना बड़ागांव क्षेत्र के ग्राम मारुडीह में पारिवारिक विवाद के चलते मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़िता मितलेश देवी, पत्नी राधे मोहन तिवारी, ने थाना बड़ागाँव में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनके पाटीदार पुनम देवी व कृष्ण कुमार तिवारी समेत अन्य लोगों ने 13 फरवरी 2025 को उनके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। तहरीर के अनुसार, जब उनके पति ने विरोध किया, तो आरोपितों ने उन्हें दौड़ाकर मारने की कोशिश की, लेकिन वे किसी तरह जान बचाकर भाग निकले। इसके अलावा, उनके बेटे मुन्ना तिवारी को भी धमकी दी गई। बड़ागांव पुलिस धारा 115(2),352,351(2) में मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच कर रही है।

### ट्रैक्टर ले जाने के विवाद में मारपीट

**बड़ागाँव।** थाना बड़ागांव क्षेत्र के गांगकलाँ (पश्चिम का पुरा) गांव में खेत जोतने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। ग्राम निवासी प्रेम नाथ सिंह ने थाना बड़ागाँव में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि जब वे 26 नवंबर 2024 को ग्राम सभा की संपत्ति से ट्रैक्टर लेकर अपने खेत जोतने जा रहे थे, तो उनके पड़ोसी रामबली, रामकिशोर, सूर्यबली, राहुल और शीला ने उन्हें रोक लिया। प्रार्थी के अनुसार, विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपितों ने ट्रैक्टर को आगे बढ़ने से रोकते हुए मारपीट करने की धमकी दी। इससे गांव में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। बड़गांव पुलिस से आरोपी के खिलाफ 115(2) धारा में मुकदमा दर्ज कर मामले की जाँच कर रही है।

### वाहन से कुचल कर युवक की मौत

**चौबेपुर।** क्षेत्र के पनिहरी गांव के समीप शुक्रवार की रात 10बजे वाराणसी गाजीपुर हाइवे सड़क पैदल पार कर रहा युवक किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मृतक सतीश यादव 35वर्ष पुत्र निखिद्दी यादव निवासी पनिहरी चौबेपुर का बताया गया है। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक जगदीश कुशवाहा मौके पर पहुंच कर शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम रिपोर्ट के लिए भेज दिया।

# तड़के फिर तड़तड़ाई गोली

मुठभेड़

**सारनाथ पुलिस टीम पर अपराधी ने झोंका फायर**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** सारनाथ थाना क्षेत्र के रिंगरोड़ पर शनिवार की भोर पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हो गई। बाइक सवार बदमाश ने गश्त करके थाने लौटती पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। जीप में एसओ सारनाथ समेत पुलिस टीम सवार थी, जो फायरिंग में बाल-बाल बच गए। इसके बाद पुलिस ने बाइक का पीछा किया और सिंहपुर अंडरपास पर घेराबंदी कर ली। बदमाश ने पुलिस पर दो राउंड फायरिंग की तो पुलिस ने जवाबी कार्रवाई में चार राउंड गोलियां चलाई। फायरिंग के बीच एक गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी और वह गिर पड़ा। इसके बाद पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया।

घायल बदमाश विशाल को तुरंत नरपतपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। सूचना पाकर एसीपी सारनाथ अतुल अंजान त्रिपाठी भी मौके पर पहुंच गए और शूटआउट की जानकारी ली। पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी विशाल शातिर लुटेरा है और उस पर विभिन्न जनपदों के थानों में 12 केस दर्ज हैं।

डीसीपी वरुणा चंद्रकांत मीना ने बताया कि सारनाथ थाना पुलिस ऑपरेशन चक्रव्यूह के तहत सिंहपुर अंडरपास के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान बिना नंबर की संदिग्ध बाइक को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक ने रुकने के बजाय तेजी से फरीदपुर अंडरपास की ओर भागने की कोशिश की। पुलिस ने जब पीछा किया तो आरोपी ने फायरिंग कर दी।

भोर थाना सारनाथ पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई, कंट्रोल रूम और बैकअप फोर्स के लिए भी सेट पर मैसेज जारी किया गया। वहीं एसीपी सारनाथ अतुल अंजान को मौके पर रवाना किया। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की, जिसमें एक गोली बदमाश के दाहिने पैर में लगी। मौके से तमंचा और कारतूस बरामद किया है।घायल बदमाश की पहचान विशाल भारती (21-22 वर्ष) के रूप में हुई है, जो मूल रूप से आजमगढ़ का रहने वाला है लेकिन वर्तमान में बेनीपुर अकथा में रह रहा था। गिरफ्तार बदमाश विशाल भारती लूट और चोरी की कई वारदातों में शामिल रहा है। अब तक की जानकारी के अनुसार विशाल पर चोरी, नकबजनी और 25 आर्म्स एक्ट समेत 12 से अधिक मामले दर्ज हैं।

# जेल में बंद अपराधियों की फिर बढ़ी सक्रियता

सिस्टम पर सवाल

**शनिवार को सामने आया एक मामला**

**वाराणसी।** जेल में बंद अपराधियों के सक्रिय नेटवर्क का एक और मामला सामने आया है। शिवपुर थाना क्षेत्र के खुशहाल नगर निवासी एक व्यवसायी को कुख्यात अपराधी के इशारे पर रंगदारी के लिए धमकाने की वारदात उजागर हुई है। व्यवसायी के अनुसार, जेल में बंद इस अपराधी ने अपने गुर्गे के जरिए पांच लाख रुपये की मांग की। रकम न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की भी धमकी दी गई। पीड़ित ने बताया कि यह गिरोह वर्षों से सक्रिय है, और 2018 से 2022 तक आतंकित कर उनसे 10 लाख रुपये वसूले जा चुके हैं। डर के चलते उन्हें कई बार परिवार सहित घर छोड़कर भागना पड़ा। मुख्य आरोपी चंद्रभूषण सिंह उर्फ प्रभुजी पर पहले से ही कई गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। कैंट थाने में उसके खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र, धमकी और जबरन वसूली से जुड़े मुकदमे पहले ही दर्ज हो चुके हैं। इसके अलावा, उसके खिलाफ धारा 120-इ, 376, 376-ऊ 406, 420, 506 समेत अन्य गंभीर धाराओं में भी मामले दर्ज हैं। इन मामलों में बलात्कार, धोखाधड़ी और संगठित अपराध शामिल हैं।घटना के अनुसार, 10 जनवरी को जब पीड़ित बैंक के काम से निकले थे, तभी गिरोह के सदस्य ने उन्हें रास्ते में रोककर जेल में बंद अपराधी से मिलने का दबाव बनाया। इसके बाद 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। हिम्मत दिखाते हुए पीड़ित ने तत्काल पुलिस को सूचना दी और आरोपी को कचहरी चौकी ले गए। कुछ ही समय बाद अपराधी गिरोह ने उल्टा पलटवार करते हुए खुद पीड़ित के खिलाफ 25 जनवरी को मुकदमा दर्ज करवा दिया।बताया जाता है कि मुख्य आरोपी स्वयं को धार्मिक गुरु और संत के रूप में प्रस्तुत करता है, लेकिन असल में वह एक शातिर अपराधी है। बलात्कार, धोखाधड़ी और वसूली जैसे गंभीर मामलों में संलिप्त होने के बावजूद वह जेल में रहकर भी अपने गिरोह का संचालन कर रहा है।

# टेंट के गोदाम में लगी आग से लाखों स्वाहा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** महमूरगंज स्थित मोती झील के पिछले हिस्से में बने टेंट हाउस के गोदाम में शुक्रवार/शनिवार की रात 1,30 बजे शर्ट सर्किट होने से आग लग गई।

गोदाम के भीतर से निकलती लपटें बगल में स्थित मोहिनी कुंज कॉलोनी में डॉ डी के सिंह के मल्टीस्टोरी बिल्डिंग तक पहुंच गई। बिल्डिंग के प्रथम तल पर रहने वाले अनुराग मोहंती के कमरे का अचानक शीशा टूटने पर उनकी नीद खुल गई। आग की लपटे देखकर अनुराग ने फायर सर्विस को फोन लगाया,लेकिन फायर सर्विस का फोन नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर पर फोन करके जानकारी दी। मौके पर फायर बिग्रेड की तीन गाड़ियां मौके पहुंची। बिजली सप्लाई बंद कराया गया। काफी मशक्कत के बाद सुबह चार बजे आग बुझाया गया। अनुराग के फ्लैट में रखा सामान एसी वाशिंग मशीन बिजली बोर्ड मोबाइल कपड़े बिस्तर सहित अन्य सामान जल गया। देर रात में आग से टूटते शीशे की आवाजें दूर तक सुनाई पड़ रही थी। तीन फायर की गाड़ियां बगल की बिल्डिंग से 5 बार भर कर आई तब जाकर आग बुझा है। मौके पर आग लगने की सूचना पर पहुंचे डाफी इलाके में रहने वाले देवाशीष चक्रवर्ती ने बताया कि गोदाम के भीतर बिजली एमसीवी बंद था। जिसके कारण शर्ट सर्किट होने का कोई कारण ही नहीं है। गोदाम के रखा 20 लाख माल जल गया है। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि बगल के शादी बारात में जमकर आतीबाजी हो रही थी। पटाखे की चिंगारी से आग लगी होगी। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक भेलूपुर विजय कुमार मिश्रा ने बताया कि आग लगने कारण की जांच की जाएगी।



## फर्जी बैनाम करने वाले अभियुक्त गिरफ्तार

**बड़ागांव।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शनिवार को दोपहर बाद रतनपुर नहर पुलिया के पास से कूट रचित दस्तावेजों के माध्यम से दूसरे की जमीन का बैनामा करने के मामले में वांछित अभियुक्त को रतनपुर नहर पुलिया के पास से उस समय गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जब वह कहीं भागने की फिराक में था। पुलिस पुछताछ में हिरासत में लिये गये अभियुक्त मनोहर धुन्डीराम ढेबे निवासी महाराष्ट्र प्रदेश के जिला सतारा हाल पता अल्बर्ट कंपाउंड, शंकर नगर गोरे गोरेगांव मुंबई ने बताया की उसके साथियों ने कूट रचना कर उसका फर्जी आधार कार्ड,पैन कार्ड एवं अन्य दस्तावेज तैयार कराया जिसमें उसका नाम सत्यम सिंह पुत्र स्व. राजेन्द्र प्रसाद सिंह निवासी ग्राम रतनपुर (बड़ागांव) परगना कोलअसला, तहसील पिंडरा जनपद वाराणसी दर्शाया गया इसी दस्तावेजों के आधार पर सत्यम सिंह के जमीन का बैनामा कराने की योजना बनाई गयी और आरोपियों ने उसका बड़ागांव बाजार में स्थित एक बैंक में उसका खाता भी खुलवा दिया जिसमें उसका फोटो भी लगा है जबकि वह अशिक्षित हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में मुख्य रूप से थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह, अमित पांडेय, मयंक सिंह एवं कांस्टेबल शामिल रहे।

# तेलंगाना के विधायकों ने किया आइसार्क का दौरा

जनसंदेश न्यूज

जाना अनुसंधान

**आधुनिक कृषि अनुसंधान को अकादमिक पाठ्यक्रम में शामिल किया जाए : मल्ला रेड्डी**

**वाराणसी।** तेलंगाना के मेडचल विधानसभा क्षेत्र से विधायक मल्ला रेड्डी और मलकाजगिरी विधानसभा क्षेत्र से विधायक मारी राजशेखर रेड्डी ने अंतर्राष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान-दक्षिण एशिया क्षेत्रीय केंद्र (आइसार्क) का दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य संस्थान की अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाओं और उन्नत बुनियादी ढांचे को समझना था।

साथ ही कृषि अनुसंधान में आइसार्क के योगदान और नवाचार को बढ़ावा देने में इसकी भूमिका को जानना था। प्रतिनिधिमंडल को आइसार्क में धान अनुसंधान, अनाज गुणवत्ता विश्लेषण और सतत कृषि प्रथाओं में उपयोग हो रही अत्याधुनिक तकनीकों की जानकारी दी गई। मल्ला रेड्डी ने अनुसंधान-आधारित समाधानों को बढ़ावा देने के लिए संस्थान के प्रयासों की सराहना की और शैक्षिक प्रणाली को उन्नत करने के लिए तकनीकी प्रगति को अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने आधुनिक कृषि अनुसंधान को अकादमिक पाठ्यक्रम में शामिल करने की जरूरत बताई, जिससे छात्रों और पेशेवरों को उद्योग से संबंधित ज्ञान और कौशल प्राप्त हो सके। राजशेखर रेड्डी ने भी विचार व्यक्त किए। उन्होंने अनुसंधान संस्थानों व शैक्षणिक संगठनों के बीच सहयोग को बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की साझेदारियां अकादमिक जगत और वास्तविक कृषि चुनौतियों के बीच की खाई को पाटने में मदद कर सकती हैं। उन्होंने कृषि क्षेत्र में क्षमता निर्माण और ज्ञान प्रसार में आइसार्क की भूमिका की सराहना की, जिससे दक्षिण एशिया के किसानों और कृषि से जुड़े अन्य हितधारकों को लाभ मिल रहा है। आइसार्क के वैज्ञानिकों ने कृषि क्षेत्र की बदलती जरूरतों के अनुरूप नवीन प्रशिक्षण कार्यक्रम विकसित करने में सहयोग की इच्छा व्यक्त की।



## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रामसूरत पुत्र सरजू निवासी डहिया, परगना राल्हूपुर, तहसील-सदर, जिला-चन्दौली ने सम्पत्ति स्थित आराजी नं. 72/2 रकबा 0.069 हेक्टेयर स्थित मौजा डहिया, परगना राल्हूपुर, तहसील व जिला-चन्दौली का सट्टा इकरारनामा बिला प्रत्युष कुमार पुत्र स्व0 कन्हैयालाल निवासी-28/12 ज्ञानवापी, वाराणसी के पक्ष में निष्पादित किया था जिसका इन्द्राज सबरजिस्ट्रार कार्यालय चन्दौली, जिला-चन्दौली में बही संख्या-1 खण्ड 5021, पृष्ठ संख्या 209/220 क्रमांक 4808 पंजीयन तिथि 08.05.2014 पर दर्ज है। बादहूँ उक्त सट्टा को बिना मंसूब कैंसिल करवाने उक्त सम्पत्ति का 0.051 हेक्टेयर जमीन उक्त राममूरत पुत्र स्व0 सरजू ने जरिये बैनामा दिनांक 06.08.2015 बही नं. 1 खण्ड 5969 पृष्ठ संख्या 199/252 क्रमांक 9856 उप निबंधक चन्दौली द्वारा सुरेश प्रसाद पुत्र एकू प्रसाद यादव निवासी-सीरगोबर्धनपुर वाराणसी को विक्रय कर दिया। तत्पश्चात उक्त सुरेश कुमार पुत्र एकू प्रसाद ने 1620 वर्गफीट जमीन स्थित आराजी नं. 72/2 मौजा डहिया, परगना-राल्हूपुर, तहसील-मुगलसराय, जिला-चन्दौली को जरिये बैनामा बही नं. 1 खण्ड 8672 पेज 73/122 क्रमांक 10601 पंजीयन तिथि 12.09.2019 उप निबंधक सदर, चन्दौली द्वारा रेखा जायसवाल पत्नी राजेश जायसवाल, निवासी-डी 35/141 जंगमबाड़ी, वाराणसी के पक्ष में विक्रय कर दिया। यदि किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि के 15 दिनों के अंदर **मो.नं. 8318529851** पर सूचित करें।

# गबन के आरोपी एसएस को कोर्ट से राहत नहीं

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट पूर्वोत्तर रेलवे महेंद्र कुमार पाण्डेय की कोर्ट से रेलवे टिकट गोदाम से लाखों रुपया के रेलवे कार्ड टिकट व मूल्यवान प्रतिभूतियां गायब करने के मामले में सुरेमनपुर बलिया के तत्कालीन स्टेशन अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह को राहत नहीं मिली। कोर्ट ने आरोपी के आरोपमुक्त करने संबंधित अर्जी को खारिज कर दिया। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 18 फरवरी की तिथि नियत की गई।

प्रकरण के अनुसार परिवादी मण्डल वाणिज्य रेलवे निरीक्षक बलिया जगदीश प्रसाद को दिनाक 30 अगस्त 2004 को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुयी कि सुलेमनपुर के स्टेशन मास्टर चन्द्रिका राम ने प्रवर वाणिज्य लिपिक मुकुल श्रीवास्तव के साथ मिलकर सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर टिकट गोदाम से रेलवे कार्ड टिकट एवं मूल्यवान प्रतिभूतियों को गायब कर दिया गया है तथा उपरोक्त मूल्यवान प्रतिभूतियों को एक बुकिंग क्लर्क ने टिकट अपने ब्रीफकेस में रखा हुआ है। इसके बाद परिवादी मण्डल वाणिज्य रेलवे निरीक्षक बलिया की टीम ने उक्त प्रवर वाणिज्य लिपिक मुकुल श्रीवास्तव के वीआईपी ब्रीफकेस जो सील हालत में सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर रखा गया खोलकर देखा गया। वीआईपी ब्रीफकेस के अन्दर से मुकुल श्रीवास्तव के पहनने के कपडे के अतिरिक्त एक अदद छोटी पाकेट डायरी तथा कई अन्य प्रपत्र एवं रेलवे टिकट जिनका कुल मूल्य 70 हजार रुपये बरामद हुआ, 270 रेलवे कार्ड टिकट जिसकी कीमत चार लाख 29 हजार रुपए अधिक भी बरामद की गई थी। जिसे रेलवे के कब्जे से अवैध रूप से प्राप्त कर अवैध निस्तारण किया जा रहा था। जांच के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त मुकुल श्रीवास्तव अपने सहयोगी तत्कालीन स्टेशन मास्टर चन्द्रिकाराम तथा क्लर्क योगेन्द्र नाथ ओझा के द्वारा आपराधिक षड्यन्त्र एवं दुष्प्रेरण से प्राप्त रेलवे टिकटों एवं मूल्यवान प्रतिभूतियों को धोखाधड़ी के इरादे से बेचकर स्वयं व अन्य को अवैध लाभ पहुंचाया गया तथा ब्लैक पेपर टिकट में धोखाधड़ी व बदनियती से जालसाजी कर रेलवे के रिकार्ड में हेराफेरी कर रेल राजस्व को क्षति पहुंचायी गयी। इस मामले सुलेमन पुर के रेलवे अधीक्षक ओपी सिंह के भी नाम प्रकाश में आने पर आरोपी बनाया गया। परिवादी ने आरपीएफ बलिया में रिपोर्ट दर्ज कराया। इस मामले में विचारण के दौरान एक आरोपी चंदिका राय की मौत हो गई। आरोपी ओमप्रकाश सिंह की ओर से कोर्ट में अर्जी दाखिल कर आरोप मुक्त करने की गुहार लगाई गई। आरोपी की ओर से कहा गया कि घटना के समय सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर स्टेशन अधीक्षक के पद पर नियुक्त थे। उसके पास से कोई भी टिकट या रेलवे की सम्पत्ति बरामद नहीं की गई है। अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध किसी भी आपराधिक षड्यन्त्र अथवा दुष्प्रेरण करने का कोई साक्ष्य न तो पत्रावली पर उपलब्ध है। उसके पास रेलवे टिकट भंडार व मूल्यवान प्रतिभूतियों का चार्ज भी नहीं था, बल्कि वह चार्ज चन्द्रिका राम के पास था। रेलवे सुरक्षा बल को भारतीय दन्ड संहिता की धाराओं में वाद पंजीकृत कर विवेचना किये जाने की शक्ति कानूनन प्रदान नहीं की गयी है। माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा पारित स्थगन आदेश के बावजूद रेलवे सुरक्षा बल के कर्मियों द्वारा विद्वेशवश जांच की कार्यवाही को आगे बढ़ाया गया, जो माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेशों का घोर उल्लंघन है। उक्त मामले से उन्मोचित किए जाने के प्रयाप्त आधार है। कोर्ट ने दोनों पक्षों के सुनने और पत्रावली के अवलोकन के बाद आरोपी की प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। इस मामले में पहले ही दोनों अन्य कर्मचारी का आरोप तय हो चुका है। उनके मामले अब गवाही सुनवाई चल रही है।

### मनोज राय धूपचंडी के खिलाफ वाद दाखिल

**वाराणसी।** पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री सपा नेता मनोज राय धूपचंडी के खिलाफ वाद विवाद व धमकाने के भेलुपुर थाने के एक मामले में पुलिस की तरफ से दाखिल फाइनल रिपोर्ट पर वादी के प्रोटेस्ट आवेदन को विशेष मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट ने मंजूर कर लिया और इसे परिवाद के रुपए में दर्ज करने का आदेश दिया,कोर्ट में वादी चेतगंज निवासी अधिवक्ता आयुष चंद्र राजपूत ने प्रोटेस्ट आवेदन में कहा था कि उसका और गवाहो का बयान आरोपी के राजनितिक प्रभाव में दर्ज नहीं कर अंतिम रिपोर्ट लगा दी प्रकरण के मुताबिक वर्ष 2019 में अस्सी घाट पर आयोजित एक डिबेट कार्यक्रम में आरोपी पर वादी से वाद विवाद और धमकाने का आरोप रहा।

### अधिवक्ता के निधन पर ज्ञानवापी सुनवाई टली

**वाराणसी।** सिविल जज सीनियर डिविजन फास्ट ट्रैक युगल शंभू की अदालत में शनिवार को ज्ञानवापी सबंधित एक अन्य मामले में सुनवाई टल गई। अधिवक्ता जटाशंकर सिंह की निधन होने के कारण शोक में वकील पूरे दिन न्यायिक विरत रहने के कारण सुनवाई नहीं हो अब इस मामले में अब एक मार्च की तिथि नियत की गई है। बता दे कि विष्णु गुप्ता आदि ने कोर्ट में वाद दाखिल कर कहा की गैर हिंदुओं के प्रवेश को वर्जित करने की मांग की है।

### अधिवक्ता को दी गयी श्रद्धांजलि

**वाराणसी।** दीवानी के वरिष्ठ अधिवक्ता जटाशंकर सिंह के निधन पर दी सेन्ट्रल बार एवं बनारस बार के संयुक्त प्रस्ताव पर जिला जज की अदालत में दोपहर बाद फूल कोर्ट रेफ्रेन्स का आयोजन कर श्रद्धांजलि दी गई। इसके पूर्व सेंट्रल व बनारस बार ने शोक में सम्पूर्ण दिवस न्यायिक कार्य से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया था। जिला जज की अदालत में आयोजित शोक सभा में प्रभारी जिला जज रविन्द्र श्रीवास्तव व न्यायिक अधिकारी अभिनव द्विवेदी,शैलेन्द्र सिं, अश्विनी कुमार , शिखा यादव और बार असिसिएशन के अध्यक्ष गण मंगलेश दुबे व सतीश तिवारी, राजेश गुप्ता, शंशाक श्रीवास्तव, अशोक सिंह प्रिंस, अरूण त्रिपाठी, शाहनवाज खान, दीपक राय कान्हा श्रद्धाजंली सभा में अपने विचार व्यक्त किए।

जनसंदेश टाइम्स
## वर्गीकृत

### सूचना

मेरा शास्त्री तृतीय वर्ष 2001 अनुक्रमांक 176532 का प्रमाण पत्र खो गया है। तुलसीनाथ सुवेदी पुत्र भूमिराज उपाध्याय,ग्राम-कुस्मा नगर पालिका दो खुरकुट, जनपद-पर्वत नेपाल।

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** बाबा बनवारी लाल बाल गोपाल महाविद्यालय मलौरा, गाजीपुर सम्बद्ध वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय जौनपुर में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत हिन्दी, भूगोल, प्राचीन इतिहास विषयों हेतु एक-एक प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान यू0जी0सी0 एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार होगा इच्छुक अभ्यर्थी तीन सप्ताह के अन्दर आवेदनन करें। जो अभ्यर्थी पूर्व में आवेदन पत्र दे चुके है। उनका आवेदन मान्य है।
प्रबंधक
मो0-9807189351, 9161071952

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय, पं0दी0द0उपा0 नगर-चन्दौली (उ0प्र0)

### साक्षात्कार सूचना : 2025-26

पी0आर0टी0, कम्प्यूटर-अनुदेशक, योग-प्रशिक्षक, काउंसलर, स्पोर्ट्स कोच (बाक्सिंग, कबड्डी), नर्स, संगीत एवं नृत्य-प्रशिक्षक, टी0जी0टी0-गणित, अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, पी0जी0टी0-जीव विज्ञान, इतिहास, कॉमर्स, राजनीति विज्ञान, रसायन विज्ञान, डाटाइंट्री ऑपरेटर तथा स्पेशल एजुकेटर के पद पर अनुबंध के आधार पर अंशकालिक (Part-Time Contractual) शिक्षकों/कर्मचारियों का पैनल बनाने के लिये, विद्यालय में दिनांक 24.02.2025 को पूर्वाह्न 10 बजे से आयोजित होने वाली साक्षात्कार परीक्षा हेतु इच्छुक अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित है। शैक्षिक योग्यता एवं आवेदन पत्र दिनांक 17.02.2025 से विद्यालय के वेबसाईट http://ddunagar.kvs.ac.in पर उपलब्ध है। जिसे दिनांक 21.02.2025 को अपराह्न 04 बजे तक दिये गये गूगल-लिंक https://forms.gle/5WurUoAzfs8NDZNj8 के माध्यम से भरा जा सकता है। प्रशासनिक कारणों से साक्षात्कार की तिथि में बदलाव होने की स्थिति में इसकी सूचना विद्यालय वेबसाईट पर दी जायेगी।

टेलीफोन नं.-05412-297422 फा0 43029/के.वि.पं.दी.द.उपा. नगर/2024-25/35 दिनांक 15.02.2025 प्राचार्य

## वाराणसी सर्राफा भाव


सोना (RTGS 999.0)
88750/inc.GST


चांदी (99.50)
98350/- प्रति किलो


चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी



# सबको एकजुट करता है सनातन धर्म

## काशी तमिल संगमम 3.0 का उद्घाटन करते हुए सीएम ने याद किया महर्षि अगस्त्य को






जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नमो घाट पर काशी तमिल संगमम 3.0 का रिमोट का बटन दबाकर शुभारंभ किया। तत्पश्चात उन्होंने 'वणक्कम काशी' से तमिलनाडु से आए मेहमानों का अभिवादन किया। सीएम योगी ने कहा कि सनातन धर्म सबको एकजुट करता है। इस बार काशी तमिल संगमम महर्षि अगस्त्य को समर्पित है। इनके जीवन चरित्र पर आधारित एक चित्र प्रदर्शनी का भी आयोजन नमो घाट पर किया गया है।

सीएम योगी ने कहा कि सनातन विश्व का सबसे बड़ा प्राचीन धर्म है। यह लोगों को एक साथ लेकर चलने का हुनर सिखाती है। 'मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभारी हूं, जिनके नेतृत्व में लगातार तीसरी बार काशी तमिल संगमम का बाबा विश्वनाथ की पावन धरा पर शुभारंभ हो रहा है। ये हमारे लिए एक भारत-श्रेष्ठ भारत के प्रधानमंत्री मोदी के विजन को आगे बढ़ाने के महायज्ञ का भाग है। ये आयोजन इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि दुनिया का सबसे बड़ा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक आयोजन महाकुंभ प्रयागराज में चल रहा है।' उन्होंने कहा कि तमिलनाडु से आए मेहमानों को 144 वर्ष पर प्रयागराज में लगे महाकुम्भ एवं 500 वर्ष बाद अयोध्या में बने रामलला का दर्शन कराया जाएगा। नए भारत की परिकल्पना को आगे बढ़ाते हुए महर्षि अगस्त्य को केंद्र में रखकर इस बार के काशी तमिल संगमम का थीम रखा गया है। राम को माता सीता को खोजने एवं राम-रावण युद्ध में 'आदित्य स्त्रोत' देने वाले महर्षि अगस्त्य है। शिक्षक, लेखकों के साथ ही उद्योग, व्यापार, मंदिर की व्यवस्था करने वाले आदि लोग इस बार इस कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। सीएम योगी ने कहा कि देश को पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का कार्य कभी शंकराचार्य ने किया था। वहीं कार्य आज के परिवेश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 'काशी तमिल संगमम' कार्यक्रम के माध्यम से एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को साकार कर रहे है। उन्होंने कहा कि देश की सबसे पुरानी नगरी काशी हैं। विभिन्न क्षेत्रों के लोगों को वाराणसी, प्रयाग तथा अयोध्या की संस्कृति से जुड़ने का सौभाग्य मिलेगा। उन्होंने काशी, बाबा विश्वनाथ, बाबा कालभैरव, मां गंगा, मां विशालाक्षी के बारे में भी उल्लेख किया। कहा, काशी प्राचीन समय से ही ज्ञान की राजधानी रही है तथा तमिलनाडु का प्राचीन ग्रंथ भी अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता है। उन्होंने महर्षि अगस्त्य के सिद्ध चिकित्सा के बारे में कहा कि आप सभी को इससे जुड़ने का मौका मिलेगा। उन्होंने सभी का हृदय से स्वागत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री का यह विजन लगातार जारी रहेगा।

इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व संसदीय कार्य राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन, आयुष राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र 'दयालु', जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य, महापौर अशोक तिवारी, विधायक सौरभ श्रीवास्तव, डॉ. अवधेश सिंह, डॉ. सुनील पटेल, एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र राय, अश्विनी त्यागी, केंद्रीय शिक्षा सचिव विनीत जोशी, मंडलायुक्त कौशल राज शर्मा, पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल, जिलाधिकारी एस. राजलिंगम, अपर पुलिस आयुक्त एस. चिनप्पा, कार्यवाहक कुलपति बीएचयू डॉ. संजय कुमार के अलावा काफी संख्या में तमिल अतिथि उपस्थित रहे।

### सीएम ने बाबा दरबार में शीश नवाया

**वाराणसी।** एक दिनी दौरे पर काशी आए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एयरपोर्ट से सीधे नमो घाट पहुंचे और बजड़े पर सवार होकर बाबा विश्वनाथ का दर्शन करने गए। बजड़े पर सवार होने के दौरान घाटों पर उमड़ी भारी भीड़ ने मुख्यमंत्री का हाथ हिलाकर तथा उद्घोष के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर में विधि-विधान से बाबा विश्वनाथ का पूजन किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री पुनः नमो घाट पहुंचे तथा तमिल समागम के उद्घाटन कार्यक्रम में भाग लिया। मंदिर परिसर में भारी भीड़ के बीच मुख्यमंत्री ने बच्चों को दुलारा और उपहार स्वरूप चाकलेट भेंट किया।

### बोले योगी आदित्यनाथ

**कहा-कभी शंकराचार्य ने देश को जोड़ने का कार्य किया, वही आज के परिवेश में हो रहा**

**पीएम मोदी इस कार्यक्रम से एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना को कर रहे साकार**



### सीएम ने हवाई मार्ग से काशी की भीड़ का किया अवलोकन

**वाराणसी।** नमो घाट पहुंचने के पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हवाई मार्ग से काशी क्षेत्र का भ्रमण किया और भारी भीड़ की तैयारियों का अवलोकन किया। तत्पश्चात उन्होंने जिले के आला अधिकारियों को भीड़ नियंत्रण के बाबत आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया। भारी भीड़ तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मुख्यमंत्री ने काल भैरव मंदिर में दर्शन-पूजन को स्थगित कर दिया। वाराणसी दौरे के दौरान सीएम योगी हरहुआ में आयोजित कानपुर में संघ के प्रांत प्रचारक श्रीराम के भतीजे की शादी समारोह पहुंचे और वर-वधु को आशीर्वाद देने के साथ परिजनों से भी कुशलक्षेम पूछा।

# संस्कृत की तरह तमिल भी देश की प्राचीन भाषा

### बोले धर्मेंद्र प्रधान

**कहा, काशी-तमिल संगमम एक सांस्कृतिक उत्सव है**

**महाकुंभ ने सनातनियों में नयी ऊर्जा का संचार किया**



जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नमो घाट पर काशी तमिलन संगमम 3.0 के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि संस्कृत की तरह तमिल भी देश की प्राचीन भाषा है। यह आयोजन एक सांस्कृतिक उत्सव है। तमिलनाडु से आए लोगों को 144 वर्ष बाद प्रयागराज में हो रहे महाकुंभ को दिखाया जायेगा और वहां प्रवास करने का एहसास हो, ऐसी व्यवस्था किया जायेगा। पूरे भारत की ओर से उन्होंने अतिथियों का स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि इस बार का महाकुंभ देश ही नहीं पूरी दुनिया के सनातनियों में जागृति पैदा किया हैं। अब तक 51 करोड़ से अधिक लोगों ने महाकुंभ में दर्शन एवं स्नान किया। भव्य एवं दिव्य महाकुंभ के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का देशवासियों की ओर से स्वागत एवं उन्हें धन्यवाद दिया। उन्होंने बताया कि आज पहले दिन विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं लेखकों का दल आया हैं। अभी आगे आने वाले जत्थों में विभिन्न क्षेत्रों के लोगो सहित नवाचार के लोग भी आयेगे। संस्कृत की तरह तमिल भी देश की सबसे पुरानी भाषा हैं। जो सांस्कृतिक एकता दिखाने का सबसे बड़ा मिसाल हैं। तमिलनाडु में कोई ऐसा मंदिर नहीं, जिसमें श्री काशी विश्वनाथ महादेव नहीं विराजते।

उन्होंने कहा कि इस बार के केंद्रीय बजट में पहली बार प्रावधान किया है कि एसआई के माध्यम से देश की महान ग्रन्थों को संरक्षित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की घोषणा को अपनी सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए मूर्त रुप देना है। अतिथियों को इस बार बाबा विश्वनाथ दर्शन, महाकुंभ मेला तथा अयोध्या स्थित राममंदिर में दर्शन करने को मिलेगा।

राममंदिर प्राण-प्रतिष्ठा के बाद आयोजित इस तमिल समागम के अतिथि भी भाग्यशाली हैं। इस बार का महाकुंभ न केवल भारतीय बल्कि पूरे दुनिया के सनातनियों में नयी ऊर्जा का संचार किया है। उन्होंने बताया की इस बार छह ग्रुप में 1200 से अधिक अतिथियों का तमिलनाडु से आगमन होगा। इस बार तमिल समागम अगस्त्य ऋषि पर पूरी तरह फोकस रहेगा, जिनकी तिथि को सरकार राष्ट्रीय सिद्ध दिवस के रूप में मनाती है। उन्होंने बजट में उल्लेखित नेशनल डिजिटल लाइब्रेरी तथा 22 भाषाओं के डिजिटल कुम्भ के बारे में भी जानकारी दी।

### काशी मोक्ष की नगरी : मुरुगन

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम 3.0 के उद्घाटन अवसर पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व संसदीय कार्य राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का सहित अन्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक भारत-श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हो रहा हैं। काशी मोक्ष की नगरी है।

# अब पांच से दस घंटे में मिल रहा दर्शन

## बाबा विश्वनाथ, कालभैरव, मां अन्नपूर्णा की कतारें एकाकार

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** काशी में भक्तों की भीड़ बढ़ती ही जा रही है। दोपहर की धूप या भोर की ठंड भी भक्तों की आस्था के आगे बेअसर दिख रही है। श्रद्धालु पांच से 10 घंटे कतार में लगकर दर्शन कर रहे हैं। वहीं, पहली बार ऐसा देखने को मिल रहा है कि श्रीकाशी विश्वनाथ, मां अन्नपूर्णा, माता विशालाक्षी और बाबा कालभैरव मंदिर में दर्शन की कतारें एकाकार हो रही हैं।

अभी यह सिलसिला थमने वाला नहीं है।काशी विश्वनाथ सहित विभिन्न मंदिरों में पूजन-अर्चन का माहौल है। दक्षिण भारतीय श्रद्धालु मां अन्नपूर्णा और माता विशालाक्षी के भी दर्शन करते हैं। विशालाक्षी मंदिर के महतं पं. राजनाथ तिवारी ने बताया कि पहली बार ऐसा है कि जब इन दिनों मंदिरों में दर्शन के लिए कतारें एकाकार हो रही हैं। गंगा किनारे से इन तीनों मंदिरों में दर्शन के लिए कतार लग रही है। भीड़ प्रबंधन करने में पुलिस प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। काशी में महाकुंभ की झलक ऐसी है कि यहां के देवों के प्रति अटूट भक्ति के भाव बिखर रहे हैं। रंगभरी एकादशी तक अटूट कतार दिखने की उम्मीद है। महाकुंभ के पलट प्रवाह का असर करीब एक माह से दिख रहा है। महाकुंभ में डुबकी लगाकर श्रद्धालु काशी के बाबा विश्वनाथ सहित अन्य देवालयों में दर्शन कर हैं। आलम ये है कि दर्शन के लिए पांच किमी तक कतार लग रही है। देशभर से आए श्रद्धालु खासकर बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए भीड़ हो रही है।

### व्यवस्था बदहाल

**पुलिस प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही**



### काशी में जुट रही भक्तों की भीड़

बाबा कालभैरव मंदिर के पुजारी ने बताया कि भीड़ बढ़ने से आए दिन विश्वनाथ मंदिर और कालभैरव मंदिर में दर्शन की भी कतारें मैदागिन पहुंच जा रही हैं। जबकि विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए 16 कतारें लग रही हैं। मैदागिन और गोदौलिया से चार नंबर गेट पहुंचने वाली चार लाइन लग रही हैं। जबकि गंगा द्वार, सरस्वती फाटक से भी चार-चार लाइन मंदिर पहुंच रही हैं। अन्नपूर्णा मंदिर के रमेश तिवारी ने बताया कि भीड़ के चलते मां अन्नपूर्णा मंदिर में श्रद्धालुओं को दर्शन करने में दिक्कत हो रही है।

## घाटों पर गंगा आरती 26 फरवरी तक स्थगित

**वाराणसी।** महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने काशी के सभी घाटों पर गंगा आरती 26 फरवरी तक स्थगित करने का निर्णय लिया है। डीसीपी काशी जोन गौरव बंसवाल ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। प्रशासन के निर्देश के अनुसार, गंगा आरती पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी और नौका संचालन भी शाम 6 बजे तक ही सीमित रहेगा। इसके बाद किसी भी नाव को गंगा में चलने की अनुमति नहीं होगी। डीसीपी गौरव बंसवाल ने बताया कि श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ को नियंत्रित करने और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। घाटों पर बढ़ती भीड़ के कारण किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए यह एहतियाती कदम उठाया गया है। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे नियमों का पालन करें और किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपनी यात्रा योजनाओं में आवश्यक बदलाव करें।

# नमो घाट पर लगी चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन

## केंद्रीय संचार ब्यूरो की तरफ से लगायी गयी प्रदर्शनी

### काशी तमिल संगमम

**केंद्र सरकार की उपलब्धियों का किया गया है जिक्र**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम 3.0 के आगाज अवसर पर नमो घाट पर ऋषि अगस्त्य एवं विकसित भारत विषय पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय-भारत सरकार की तरफ से चित्र प्रदर्शनी लगायी गयी। इसका अवलोकन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान एवं केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण व संसदीय कार्य राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन किया और इसे सराहनीय बताया।

इसके पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. एल. मुरुगन प्रदर्शनी का अनावरण किया। यह प्रदर्शनी 24 फरवरी तक चलेगी। अनावरण के पश्चात राज्यमंत्री ने इसे काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों से स्थापित सांस्कृतिक संबंध को मजबूत बनाने वाला बताया। गौरतलब है कि इस ज्ञानवर्धक एवं आकर्षक चित्र प्रदर्शनी में ऋषि अगस्त्य के जीवन एवं कार्यों के बारे में सचित्र वर्णन किया गया है। साथ ही साथ तमिलनाडु के अन्य महान ऋषि, सामाजिक सुधारक, बैज्ञानिक, शिक्षाविद, कवि और स्वतंत्रता सेनानी के जीवन एवं कार्यों के बारे में भी सचित्र जानकारी को दशार्या गया है। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार की विगत 10 वर्ष की उपलब्धियों, कार्यकमों, योजनाओं और जानकल्याणकारी नीतियों को भी दशार्या गया है। इस अवसर पर आयोजित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया। काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने वाले काशी तमिल संगमम के इस तृतीय संस्करण में लगायी गयी चित्र प्रदर्शनी में तमिलनाडु की महान विभूतियों जैसे ऋषि अगस्त्य, तमिल महिला कवि संत अव्वैयार, तमिल कवि संत तिरुवल्लुवर, शिव भक्त, कवयित्री और संत कारैकल अम्माइयार, भक्ति आंदोलन की कवि एवं संत अंडाल (कोधाई), थिरूनावुक्कारसर, तमिल कवि और समाज सुधारक रामलिंग स्वामी (वल्लालर), तमिल विद्वान यूवी स्वामीनाथ अय्यर, तमिल कवि, लेखक, पत्रकार और भारतीय स्वतंत्रता सेनानी सुब्रमण्य भारती, चिकित्सक, स्वतंत्रता सेनानी, ब्रिटिश भारत में पहली महिला विधायक डॉ. मुथुलक्ष्मी रेड्डी, गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन, वैज्ञानिक सी. वी. रमन, अविष्कारक और उद्योगपति जीडी नायडू, खगोलशास्त्री सुब्रमण्यम चंद्रशेखर, भारत में हरित क्रांति के जनक डॉ. एमएस स्वामीनाथन, भारत के पूर्व राष्ट्रपति मिसाइलमैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, नॉवेल पुरस्कार विजेता वेंकटरामन रामकृष्णन आदि के जीवन दर्शन को चित्रों एवं शब्दों में दर्शाया गया है।

### तमिलनाडु व काशी के कलाकारों ने मन मोहा

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम 3.0 के उद्घाटन अवसर पर सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन हुआ। जिसमें तमिलनाडु एवं काशी के कलाकारों ने प्रतिभाग कर अपनी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। बताते चलें कि काशी और तमिलनाडु के प्रमुख शहरों के बीच प्राचीन काल से चले आ रहे कला-सांस्कृतिक जुड़ाव को जीवंत रखने को केंद्र सरकार की तरफ से काशी-तमिल संगमम कार्यक्रम पिछले दो वर्षों से प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र काशी में आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष इसका आयोजन 24 फरवरी तक किया जाएगा।

# प्लेटफॉर्म पर बिछे रेड कारपेट पर दक्षिण भारतीयों का भव्य स्वागत





जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** काशी तमिल संगमम-3 में शामिल होने के लिए बनारस स्टेशन पर पहला दल पहुचा है। सभी का ढोल नगाड़े के साथ माला पहनाकर तिलक लगाकर स्वागत किया गया। स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर आठ पर जिलाधिकारी एस राज लिंगम व काशी क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने तमिल संगमम में शामिल होने आए यात्रिओ का स्वागत कर रहे थे। जिसमें व्यापारी, छात्र, शिक्षक, लेखक, कलाकार थे।

### स्वागतम

**तमिल संगमम में शामिल होने बनारस स्टेशन पहुंचा पहला दल**

सभी पर पुष्प वर्षा हो रही थी। तमिल संगमम में शामिल होने आए लोगो ने काशी में भव्य स्वागत के लिए आभार जताया।

संगमम पहुचे लोगो ने ढोल नगाड़े पर जम कर नृत्य किया। बनारस स्टेशन पर यह ट्रेन सुबह सात बजे आने वाली थी जो तीन घंटे लेट सुबह 10 बजे पहुंची। सभी यात्रिओ को बस के द्वारा भेजा गया।

स्वागत करने वालों में भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल, जिला अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, विधान परिषद सदस्य धर्मेंद्र राय, नंदजी पाण्डेय,संजय सोनकर, प्रवीण सिंह गौतम, सुरेंद्र पटेल, नवीन कपूर, सुरेश सिंह, अशोक कुमार जाटव एडवोकेट, अरविंद पटेल, अदिति पटेल, कुमार सिद्धार्थ, राम प्रकाश सिंह, विजय राज यादव, ओमप्रकाश प्रियदर्शी सहित जिलाधिकारी एस. राजलिंगम और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा काशी क्षेत्र के मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि तमिल संगमम में भाग लेने आने वाले सभी समूह (ग्रुप)के स्वागत की भाजपा जनों ने व्यापक तैयारी की है।

इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर वाराणसी में उत्साह का माहौल है और आने वाले दिनों में अन्य तमिल दलों का भी इसी तरह भव्य स्वागत किया जाएगा।

# बीजेपी की नीयत कभी साफ नहीं रहती

### बोले सांसद पप्पू

**बीजेपी ने नीतीश कुमार को पूरी तरह खत्म कर दिया**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बिहार के पूर्णिया से सांसद पप्पू यादव वाराणसी पहुंचे, जहां उन्होंने केंद्र और बिहार सरकार पर तीखे हमले किए। नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संभावित बैठक पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि बीजेपी की नीयत कभी साफ नहीं रहती। उन्होंने दावा किया कि बीजेपी ने नीतीश कुमार को पूरी तरह खत्म कर दिया है और वे बस चुनाव तक के ही मेहमान हैं।

सांसद पप्पू यादव ने कहा कि बीजेपी अभी भी 24 घंटे नीतीश कुमार की पीठ में खंजर घोंप रही है। उन्होंने दावा किया कि ठऊअ की स्थिति बहुत अच्छी नहीं है और यह गठबंधन केवल पैसे और ताकत के दम पर सत्ता में आना चाहता है। बिहार में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ेगा और कांग्रेस इसमें बड़े भाई की भूमिका में रहेगी।




### शीशमहल की जांच हो, तो आरएसएस मुख्यालय की भी जांच हो

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर भी पप्पू यादव ने बयान दिया। शीश महल मामले में जांच पर उन्होंने कहा कि अगर जांच होनी चाहिए तो मोदी द्वारा बनाए गए जिलों के मुख्यालयों और आरएसएस मुख्यालय पर भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल तीन साल से दिल्लीवासियों से झूठ बोल रहे थे, यही वजह है कि उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### महाकुंभ को लेकर राज्य सरकार पर लगाया अव्यवस्था का आरोप

महाकुंभ को लेकर भी पप्पू यादव ने राज्य सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हजारों किलोमीटर दूर से आ रहे श्रद्धालुओं को लूटा जा रहा है और महाकुंभ के आंकड़े दिखाने के बजाय सरकार को यह बताना चाहिए कि इस दौरान कितने लोगों की मौत हुई। उन्होंने आरोप लगाया कि श्रद्धालु 100 किलोमीटर दूर तक फंसे हुए हैं और इस अव्यवस्था को सरकार अनदेखा कर रही है।

### वक्फ संशोधन बिल पर दी चेतावनी

वक्फ संशोधन बिल पर बोलते हुए पप्पू यादव ने कहा कि अगर विपक्ष की बातों को दरकिनार किया गया, तो सदन नहीं चलने देंगे। उन्होंने सरकार पर लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अनदेखी करने का आरोप लगाया और विपक्ष की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

# मॉडल सामुदायिक भवन/बरात घर के निर्माण का शिलान्यास

**आगाज**

**सेवापुरी के ठठरा में 275.58 लाख,रोहनियां के कई गांवों में 3 करोड़ 25 लाख से जल्द होगा कार्य**



**वाराणसी।** दो विधानसभाओं में माडल सामुदायिक भवन/बरात घर के निर्माण कार्य का शनिवार को शिलान्यास हुआ। सेवापुरी और रोहनियां के कई विकास खण्डों में इस बारात घर के बनाए जाने से क्षेत्र के लोगों को जहां बेहतर सुविधा मिलेंगी,वही गरीबों को अपने घरो के पास विवाह करने में आसानी होगी। सेवापुरी के ग्राम ठठरा में 275.58 लाख की लागत से माडल सामुदायिक भवन/बरात घर का शनिवार को निर्माण कार्य का शिलान्यास विधायक नील रतन पटेल निलू के प्रतिनिधि आदिति सिंह पटेल ने किया। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता अरविन्द्र शर्मा, अवर अभियन्ता संजय गुप्ता,ठठरा के ग्राम प्रधान आदि लोग उपस्थित रहे। दूसरी तरफ सेवापुरी प्रतिनिधि के अनुसार रोहनिया विधानसभा के कपरफोरवा गांवमें शनिवार को रोहनिया विधायक एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ने संयुक्त रूप से 3 करोड़ 25 लाख की लागत से पांच गांवों में सामुदायिक भवन/बारात घर का विधि विधान से जहां भूमि पूजन किया, वही शिलान्यास कर इसे तत्काल बनाए जाने का निर्देश दिया। इसके निर्माण किए जाने से फरीदपुर, करसड़ा ,मोहनसराय, कुरहुआ आदि गांवों के लोगों को बेहतर सुविधा मिलेगा। इस दौरान विधायक डा.सुनील पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में विकास की एक कड़ी को जोड़ते हुए ग्रामीणों की सुविधा के लिए उनके ही गांव में बारात घर तथा सामुदायिक भवन के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है जिससे ग्रामीणो को अपने गांव में ही शादी विवाह सहित अन्य उत्सव मना सकें । एमएलसी हंसराज विश्वकर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के सानिध्य में देश और प्रदेश का विकास तेजी से हो रहा है आने वाले दिनों में भारत विकसित राष्ट्र के रूप में जाना जाएगा इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# सारनाथ डीयर पार्क के मेन गेट पर सेल्फी प्वाइंट का उदघाटन




**बढ़ेगा आकर्षण**

**आने वाले समय में बच्चों के लिए विशेष पार्क भी बनाये जायेंगे : रवि कुमार सिंह**

**वाराणसी।** वन संरक्षक (वाराणसी वृत्त) रवि कुमार सिंह ने शनिवार को सारनाथ डीयर पार्क के मेन गेट और सेल्फी प्वाइंट का फीता काटकर उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि वन संरक्षक रवि कुमार सिंह ने बताया कि डीयर पार्क का सौंदर्यीकरण एवं सेल्फी प्वाइंट का निर्माण बहुत ही सराहनीय कार्य है। इससे लोगों का आकर्षण बढ़ेगा। इससे आने वाले समय में डीयक्र पार्क में टूरिस्ट, स्कूली बच्चों और आम जनमानस की संख्या में और वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में डीयर पार्क एवं चिड़ियाघर के साथ-साथ बच्चों के लिए विशेष पार्क भी विकसित किया जाएगा। चिड़ियाघर में पक्षियों की संख्या भी बढ़ायी जाएगी, जिसके संबंध में गोरखपुर और लखनऊ चिड़ियाघर से बात चल रही है। इस अवसरपर प्रभागीय वनाधिकारी स्वाती, महाबोधी सोसाइटी ऑफ इंडिया सारनाथ के प्रतिनिधि सुमीत्रानंद भंते, क्षेत्रीय वनाधिकारी रविंद्र यादव, कोआर्डिनेटर बृजेश कुमार के अलावा सारनाथ रेंज के अधिकारी व कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

## संक्षेप

### विद्यालय को निपुण बनाने की प्रधानाध्यापक बनाएं रणनीति




**पिंडरा।** बीआरसी मंगारी में शनिवार को विकास खंड के सभी प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी विनोद कुमार मिश्रा ने निपुण लक्ष्य पर विस्तारपूर्वक की। उनहोंने शत-प्रतिशत विद्यालयों को निपुण बनाने के लिए आवश्यक रणनीति बनाने का प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया। ब्लाक एआरपी रामसेवक यादव व वीरेंद्र कुमार ने कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानाध्यापक संशोधित निपुण लक्ष्य से पूर्णत परिचित होकर शिक्षण के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की संदर्शिकाओं और कार्यपुस्तिकाओं का सम्यक उपयोग करे। ताकि समुचित ढंग से विद्यालय प्रबंधन व विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास की निगरानी भी हो सकें। कार्यशाला में एआरपी अजय कुमार सिंह, संजय वर्मा, कमलेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

### एम.ए. हिन्दी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा अगले आदेश तक स्थगित

**वाराणसी।** अध्यक्ष हिन्दी और अन्य भारतीय भाषा विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ में 17 फरवरी से प्रस्तावित एम.ए. हिन्दी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं अगले आदेश तक स्थगित कर दी गईं हैं। यह जानकारी विभागाध्यक्ष प्रो. राजमुनि ने देते हुए बताए हैं कि स्नातक/व्यवसायिक पाठ्यक्रम के छात्र सेमेस्टर परीक्षा आवेदन पत्र 20 फरवरी तक जमा कर सकते है।

### महाराजा सुहेलदेव राजभर जयंती पर खेलकूद प्रतियोगिता

**सारनाथ।** महाराजा सुहेलदेव जयंती के अवसर पर सुहेलदेव मूर्ति स्थल सारनाथ में खेलकूद की प्रतियोगिता की गई, जिसमें लंबी दौड़ एवं जोड़ी गदा का आयोजन हुआ। उसमें तमाम प्रतिभागियों ने शिरकत किया और शील्ड प्राप्त किया। कार्यक्रम के अध्यक्षता डॉ सुभाष राजभर असिस्टेंट प्रोफेसर बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी ,डॉ अनूप राजभर, संयोजक रामजी राजभर एवं डॉक्टर रमेश राजभर ने किया।

### 'अब्दुल हमीद विद्यालय का नाम बदलना वीरों का घोर अपमान'

**वाराणसी।** महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने वक्तव्य जारी कर कहा कि प्रदेश सरकार के इशारे पर शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने गाजीपुर के धामुपुर स्थित परमवीर चक्र विजेता अब्दुल हमीद विद्यालय का नाम बदलकर पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय कर दिया, जो वीरों का घोर अपमान है। उन्होंने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि 1965 के भारत–पाकिस्तान युद्ध में अमेरिका के अजय समझे जाने वाले सात पैटर्न टैंकों को ध्वस्त करने वाले परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद का नाम हटाया जाना देश के लिए शहीद होने वाले वीरों का घोर अपमान है, जबकि वीर अब्दुल हमीद इसी विद्यालय में विद्यार्थी थे। आज भी विद्यालय के रजिस्टर में उनका नाम अंकित है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि विद्यालय का नाम पुनः वीर अब्दुल हमीद पर नहीं किया गया तो कांग्रेसजन पूरे पूर्वांचल में आंदोलन करेंगे।

### विद्यापीठ : प्रो. अमिता सिंह होंगी समाजशास्त्र विभाग की अध्यक्ष

**वाराणसी।** समाजशास्त्र विभाग, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ की अगली विभागाध्यक्ष प्रो. अमिता सिंह होंगी। उपकुलसचिव हरीश चन्द ने बताया कि वर्तमान विभागाध्यक्ष प्रो. रेखा का कार्यकाल 23 फरवरी को अपराह्न में पूर्ण होने के बाद कुलपति प्रो.आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार प्रो. अमिता सिंह, समाजशास्त्र विभाग में विभागाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रो. अमिता सिंह का कार्यकाल 24 फरवरी के पूर्वाह्न से तीन वर्ष के लिए होगा।

# राजस्थानी, पंजाबी नृत्य प्रस्तुत कर बच्चों ने मन मोहा



**सांस्कृतिक कार्यक्रम**

**पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय चंदापुर का मना वार्षिकोत्सव**

**चांदमारी।** हरहुआ विकास खंड के पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय चंदापुर का वार्षिकोत्सव शनिवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक छटा बिखेर दी। राजस्थानी, पंजाबी सहित कई प्रान्तों की नृत्यों को प्रस्तुत किया।

बच्चों ने कॉमेडी शो, इतनी सी हंसी, आत्मरक्षा एवं बाल मजदूरी पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुत की। अंग्रेजी एव हिंदी में छोटे-छोटे बच्चों ने कविता सुनायी। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सुहानी पटेल, जान्हवी, दीपिका, रितिक, आयुसी, खुशबू, सपना, चांदनी, रोशन, अविनाश, लकी, आदर्श आदि बच्चों ने भाग लिया। संचालन ज्योति देवी ने किया। मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी पंकज यादव ने बच्चों को पुरस्कार वितरित किया। प्रबंध समिति अध्यक्ष सुधा देवी, ग्राम प्रधान गीता देवी, प्रधानाध्यापक राजेन्द्र प्रसाद, नोडल प्रभारी ओमप्रकाश गौतम, उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल के जिला मंत्री शिवजतन यादव, गीता देवी, सुप्रिया सिंह, पद्मा मिश्रा, हेमलता यादव, अभिलाषा वर्मा, रेखा निगम, रीता श्रीवास्तव, जयप्रकश आदि लोग उपस्थित रहे।

# समूह पेयजल योजना शिवरामपुर दुर्गति की शिकार







**लापरवाही**

**पानी के लिए त्राहिमाम कर रही कई गांव की जनता**

**आयर, शिवरामपुर, औरा, अहिरौली में सप्लाई प्रभावित**

**चांदमारी।** हरहुआ विकास खंड के शिवरामपुर स्थित समूह पेयजल योजना दुर्गति का शिकार है। यहां से पानी की सप्लाई भगवान भरोसे हैं। लगातार पानी की सप्लाई कभी नही होती। पानी के लिए सैकड़ों परिवार त्राहिमाम कर रहे हैं। पानी के लिए लोगों को यहां-वहां भागना पड़ रहा है।

शिवरामपुर पानी टंकी कई जगह से लीकेज है। बिना स्टार्टर के जान जोखिम में डालकर चलाया जाता है। ग्रिप जल चुका है। फिर कैसे चलेगी मोटर। पैनल बोर्ड में चूहों के आवास बना हुआ है। डायरेक्ट मोटर चलाने के लिए बिजली कटने का इंतजार होता है। दो साल से बिना स्टार्टर एवं ग्रिप के जान जोखिम में डालकर मोटर चलाना पड़ रहा है। पानी की सप्लाई से जनता ऊब चुकी है। लोगों का धैर्य जबाब दें दिया है। जनता का कहना है कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे अनिश्चितकालीन धरना के लिए बाध्य होंगे। सुरेंद्र जायसवाल ने बताया कि हम लोगों ने चंदा उतार कर दिया, तब जाकर लीकेज बना। चार दिन के बाद फिर पानी बैंड हो गया। पप्पू ने बताया कि यदि दो दिन पानी दे दिया तो पक्का समझिये की अगले दिन पानी नही आयेगा।

बाबूलाल यादव ने कहा कि पानी के लिए टंकी का ही सहारा है। लेकिन नियमित पानी नही आता। एक सप्ताह से पानी नही आ रहा है। गुज्जन यादव ने बताया कि विभाग की उदासीनता का खामियाजा जनता भुगत रही है। यदि बिगड़े हुए उपकरणों को जल्द नही बनाया गया तो सभी व्यापारी और ग्रामीण धरना देंगे। शिवरामपुर पानी टंकी से शिवरामपुर में पूरा गांव, आयर, अहिरौली औरा में आंशिक रूप से पानी की सप्लाई होती है। मुमताज ने बताया कि नहाना-धोना, कपड़े साफ करना और पीने के लिए बस यही एक सहारा है। वो भी पानी नही आ रहा है। बहुत ऐसे पशुपालक है, जो इसी जलनिगम के सहारे पशुओं को नहलाना एवं पीने के लिए निर्भर है। ऑपरेटर छोटेलाल ने बताया कि ट्यूबवेल में न ग्रिप है और न ही स्टार्टर तो मोटर कैसे चलेगी। कई बार जेई से कहा, लेकिन कोई सुनवाई नही है। डायरेक्ट चलाने में दो बार बिजली मार चुका है। जेई अजय यादव से बात करने पर उन्होंने बताया कि बजट नही है। पानी के बिल से ही सारा खर्च उठाना है जबकि वसूली हो नही पा रही है।

# जाल्हूपुर में चल रहे विकास कार्यों की जांच करने पहुंची टीम

**चिरईगांव।** मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल के निर्देश पर शनिवार को विकास खण्ड के ग्रामपंचायत जाल्हूपुर में चल रहे विकास कार्यों की जांच करने पहुंची टीम को मौके पर स्ट्रीट लाइट नहीं मिली।जांच टीम में शामिल लघु सिंचाई विभाग के अवर अभियंता प्रवीण कुमार, अल्पसंख्यक विभाग से उमाशंकर सिंह, अशोक यादव ने स्ट्रीट लाइट, भूमिगत सीवर, इंटरलॉकिंग इत्यादि का स्थलीय निरीक्षण किया।

शिकायतकर्ता ग्राम पंचायत सदस्य सूबेदार यादव के दरवाजे के पास स्ट्रीट लाइट के नाम पर भुगतान किया गया है। लेकिन मौके पर स्ट्रीट लाइट नहीं मिली।इसके अलावा भूमिगत पाइप लाइन का लेवल व मिट्टी का समतलीकरण कार्य अधूरा पाया गया।इस बाबत अवर अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि शिकायत के अनुसार बिंदुवार स्थलीय जांच की गयी है।सचिव कमलेश प्रसाद गोंड से समस्त कार्यो की पत्रावली मांगी गयी है।पत्रावली से मिलान के बाद मुख्य विकास अधिकारी को जांच रिपोर्ट सौंपी जायेगी।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-प्रापण निविदाएं आमंत्रित करते है।

**क्र.सं.1. ई-प्रापण निविदा संख्याः** उपमुइंनि1 वारा-2025-01, **कार्य का नामः** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मण्डल के अन्तर्गत इंदारा यार्ड में किमी. 60/23-25 पर स्थित समपार सं0 4 पर पूर्ण सड़क उपरिगामी सेतु एवं सीमित ऊँचाई के सबवे का निर्माण (रेलवे भाग में स्टील गर्डर रहित + राज्य भाग में पहुँच मार्ग), कठकुईया-पड़रौना के मध्य किमी0 95/273 पर स्थित समपार सं0 67सी पर पूर्ण सड़क उपरिगामी सेतु का निर्माण (रेलवे भाग में स्टील गर्डर सहित + राज्य भाग में पहुँच मार्ग) और भटनी यार्ड में किमी0 433/723 पर स्थित समपार सं0 115 पर सड़क उपरिगामी सेतु का निर्माण (केवल रेलवे भाग में बो स्ट्रींग गर्डर सहित) का कार्य। अनुमानित निविदा मूल्य (रू.): ₹ 1,26,14,55,163.62, बयाना राशि (रू.): ₹ 64,57,300.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.): ₹ 0.00, कार्य पूर्ण करने की अवधिः 24 (चौबीस) माह।

• प्री बिड कान्फ्रेसिंग का समय एवं तिथि- दिनांक 20.02.2025 को 11.00 बजे। • बिडिंग प्रारम्भ करने की तिथि- दिनांक 24.02.2025 • उपरोक्त ई-निविदा सबमिसन की अन्तिम तिथि- दिनांक 10.03.2025 को 14.30 बजे तक • उपरोक्त ई-निविदा खुलने की तिथि- दिनांक 10.03.2025 को 15.00 बजे। • निविदा सूचना, योग्यता मापदण्ड, नियम एवं शर्तें वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। • निविदा सूचना में यदि हिन्दी या अंग्रेजी के आलेखों में कोई भिन्नता होती है तो अंग्रेजी के ही आलेख मान्य होगें।

श्री वी.वी. सिंह, सहायक कार्यपालक इंजीनियर/नि./वाराणसी, मो. 9794844238
उप मुख्य इंजीनियर/नि0/I, वाराणसी
मुजाधि/डब्लू-403

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें।

# पांडुलिपियों से ज्ञान परंपरा का संरक्षण जनोपयोगी

**बोले कुलपति**

**पांडुलिपि संरक्षण एवं संसाधन केंद्र का प्रथम स्थापना दिवस**



**वाराणसी।** भारतीय ज्ञान परंपरा का संरक्षण,संवर्धन और प्रसार जनोपयोगी होगा। तभी दुर्लभ पांडुलिपियों में संरक्षित ज्ञान का महत्व बढेगा। यह बात पांडुलिपि संरक्षण एवं संसाधन केंद्र के प्रथम स्थापना दिवस पर शनिवार को आयोजित समरोह में सम्पूर्णनन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि समस्त पाण्डुलिपि मिशन के योद्धाओं द्वारा एक वर्ष लिए गए संकल्प के अनरूप समर्पण व आत्मीय भाव जहां सराहनीय है,वही इस पुनीत कार्य को संरक्षित करने के लिए दुर्लभ ज्ञान को संरक्षण देने में किया गया योगदान अभिनन्दनीय भी है।

96 हजार दुर्लभ पांडुलिपियाँ संरक्षित हैं।ज्ञातव्य हो कि सरस्वती भवन पुस्तकालय में 96 हजार अति दुर्लभ पांडुलिपियाँ संरक्षित रखी हुई है। जिसके संरक्षण हेतु वैज्ञानिक दृष्टिकोण से उपचार करने हेतु भारत सरकार के सहयोग से संस्कृति मंत्रालय ने इंदिरा गांधी कला केंद्र, नई दिल्ली के उपक्रम राष्ट्रीय पांडुलिपि मिशन के द्वारा संरक्षित किया जा रहा है।

भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र के माध्यम से वैश्विक पटल पर होंगे स्थापित -

कुलपति प्रो शर्मा ने भारतीय ज्ञान परंपरा केंद्र में चल रहे अन्वेषण के कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने इसमे निकलने वाले निहित ज्ञान राशि के तत्व के बारें में बताते हुए कहा कि पांडुलिपियों पर विभिन्न शोध/अन्वेषण कर वैश्विक स्तर पर प्राच्यविद्या के धरोहर में सभी लोग परिचित हो सकेंगे। नई पीढ़ी को इससे वृहद लाभ प्राप्त होगा।

इसके पूर्व कार्यक्रम का शुम्भारंभ दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। पाण्डुलिपि मिशन के निदेशक डां. अनिर्वाण दास ने कुलपति प्रो. बिहारी लाल शर्मा, कुलसचिव राकेश कुमार, पुस्तकालयाध्यक्ष प्रो. राजनाथ को जहां सम्मानित किया ,वही स्वागत भाषण डा. अवध किशोर चौधरी व जयनाथ शुक्ल ने किया।

# चल अकेला चल अकेला...

**वाराणसी।** वरुणा संध्या प्रसिद्ध पार्श्व गायक मुकेश को समर्पित रही। वरुणा संध्या तनुज कुमार वर्मा की मनमोहक प्रस्तुति छावनी परिषद एवं दीपिका कल्चरल सोसायटी ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित साप्ताहिक आयोजन कैंटोनमेंट के नेहरू पार्क में आयोजित की गई। भारत पर्यटन वाराणसी पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से वरुणा संध्या में शनिवार को प्रसिद्ध पार्श्व गायक मुकेश को समर्पित कर उनके मशहूर गाने तनुज कुमार वर्मा ने चल अकेला चल अकेला. मेरा जूता है जापानी, जो तुमको हो पसंद वो ही बात कहेंगे, जीना यहां मरना यहां इसके शिवा जाना कहा प्रस्तुत कर कला प्रेमियों की तालियां बटौरी कलाकारों को प्रमाण पत्र दीपिका कल्चरल सोसायटी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष अजय गुप्ता ने प्रदान किया धन्यवाद ज्ञापन अभियंता सचिन कुमार श्रीवास्तव ने ज्ञापित किया आयोजन में काशी राम कुशवाहा यज्ञदत्त आर्य सहित काफी संख्या में कला प्रेमी उपस्थित रहे

# अशोका इंस्टीट्यूट में शॉर्ट टर्म ट्रेनिंग प्रोग्राम

**वाराणसी।** अशोका इंस्टीट्यूट में इलेक्ट्रीनिक्स एंड ईजीनियरिंग विभाग द्वारा नेविगेशन साईटिफिक पब्लिशिंग स्टेप बाई स्टेप एक्सप्लोरेशन इनटू क्वालिटी पब्लिकेशन एण्ड इट्स इनपुअ ऑन इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग विषय पर ट्रेनिंग कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें मुख्य वक्ता पूर्वांचल विश्वविद्वलय में इलेक्ट्रानिक विभाग के एसोसिएट प्रो एवं वरिष्ठ सदस्य आईईईई डा विक्रांत भटेजा रहे। मुख्य वक्ता का स्वागत डायरेक्टर अशोका डा सारिका श्रीवास्तव ने किया। साथ मंचासीन डायरेक्टर फामेर्सी डॉ बृजेश सिंह एवं अशोका स्कूल ऑफ बिजनेश के प्रिंसिपल डा शिरीष श्रीवास्तव का स्वागत पौधा भेंट कर किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मैनिटीज और एप्लाइड साइंस फैकल्टी के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संयोजन प्रदीप कुमार वर्मा एवं ई0 संदीप मिश्रा और संचालन ई0 प्रताप गौरव उपाध्याय आई0क्यु0ए0सी0 क्वार्डिनेटर गौरव कुशवाहा ने किया। कार्यक्रम में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के डा0 राजीव यादव ,सिविल इंजीनियरिंग के ई0 प्रशांत गुप्ता ,सी0एस0ई0 विभाग की डा0 प्रीति कुमारी इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष ई0 सोमेन्द्र बनर्जी बायो टेक्नोलॉजी के ई0 अर्जुन कुमार सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं की भागीदारी रही।

# विद्यार्थियों को दिये गये 126 मेडल



**प्रेसवार्ता**

**केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान का 16वां दीक्षांत समारोह कल**

**वाराणसी।** केंद्रीय उच्च तिब्बती शिक्षा संस्थान सारनाथ का 16वां दीक्षांत समारोह 17 फरवरी को मनाया जाएगा। समारोह में विद्यार्थियों को 126 मेडल प्रदान किये जायेंगे। समारोह में कुलाधिपति व केंद्रीय पर्यटन व संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं प्रदेश सरकार के मंत्री राजवीर सिंह शामिल होंगे।

संस्थान परिसर में शनिवार को मीडिया से यह जानकारी साझा करते हुए कुलपति प्रो.वाडछुग दोर्जे नेगी व कुलसचिव सुनीता चंद्रा ने संयुक्त रूप बताया कि इस दौरान 126 मेडल प्रदान किए जाएंगे। जिससे से 47 गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा पीएचडी में 14 डिग्री एवं एमफिल में 11 डिग्री भी प्रदान किया जाएगा। इसमें संस्थान के पूर्व एवं वर्तमान छात्र, छात्राएं शामिल होंगे। कुलपति ने बताया कि इन लोगों के अलावा तीन विभिन्न लोगों को विशिष्ट मानद की उपाधि प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम के दिन 18 गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा, जबकि अन्य मेडल दूसरे दिन प्रदान किये जायेंगे। उन्होंने 126 मेडल में 47 गोल्ड, 42 सिल्वर व 36 कांस्य पदक होगा। यह मेडल पंच महा विधाओं में अध्ययन किए विद्यार्थियों को प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि करीब छह वर्षो बाद यह दीक्षांत समारोह मनाया जा रहा है। इस दौरान संस्थान के मीडिया प्रभारी डॉ. सुशील कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

# दो आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एनक्वास सर्टिफिकेट

**खुशखबरी**

**एनक्वास के मूल्यांकन में भैठौली और मनियारी ने लहराया परचम**

**जनपद में अब कुल 21 आयुष्मान आरोग्य मंदिर हुये एनक्वास सर्टिफाइड**



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में सामुदायिक स्तर पर चिकित्सीय व स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के माध्यम से समुदाय में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाई जा रही है। हाल ही में भारत सरकार ने जनपद के दो और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (एचडब्ल्यूसी) को नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड (एनक्वास) सर्टीफाइड किया है, जिसमें ब्लॉक हरहुआ के भैठौली तथा ब्लॉक सेवापुरी के मनियारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर शामिल हैं। इसकी जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप चौधरी ने दी।

उन्होंनें खुशी जाहिर करते हुए कहा कि जनपद के दो और आयुष्मान आरोग्य मंदिर को एन्क्वास सर्टीफिकेशन प्राप्त हुआ है, जिसमें भैठौली ने 90 फीसदी तथा मनियारी ने 88 फीसदी अंक प्राप्त किए हैं इन्हें लेकर अब कुल 21

केन्द्रों को एन्क्वास प्रमाणपत्र मिल चुका है, उन्होंने इन केन्द्रों पर कार्यरत आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों, एएनएम, आशा संगिनी, समस्त आशा कार्यकताओं और ग्राम प्रधानों को बधाई दी। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ वाईबी पाठक ने बताया कि आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को भारत सरकार की ओर से निर्धारित सात मानकों जैसे केयर इन प्रेग्नेंसी एंड चाइल्ड बर्थ, नियोनेटल एंड इंफेंट हेल्थ सर्विसेज, चाइल्डहुड एंड एडोलसेंट हेल्थ सर्विसेज, फैमिली प्लानिंग, मैनेजमेंट ऑफ कम्यूनिकेबल डिजीज, मैनेजमेंट ऑफ सिम्पल इलनेस इनक्लूडिंग माइनर एलीमेंट्स एवं मैनेजमेंट ऑफ नॉन कम्यूनिकेबल डिजीज पर बेहतर कार्य करने के लिए एनक्वास प्रमाणपत्र दिया जाता है।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0, जौनपुर**
(Email ID-sepwdjnp.gzp@gmail.com)

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)**

पत्रांक : 746/एस0ई0टेण्डर/जौ0गा0वृत्त/2025 दिनांक : 06/02/2025

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0 जौनपुर द्वारा प्रतिशत दर में उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में रजिस्टर्ड श्रेणी ए0, बी0 एवं सी0 श्रेणी में मार्ग कार्यों हेतु अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि वह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने नियमों से अवगत हो लें।

| क0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | अनुमानित लागत रू0 लाख में | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | अधिशासी अभियन्ता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| वित्तीय वर्ष 2025–26 मे सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | | | | | | | | |
| 1 | गाजीपुर | बहेरी बहुरा वाया रोड के सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण का कार्य। | 49.00 | 4.45 | 2714 | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,गाजीपुर | 2 माह | A, B, C |

- बिल ऑफ क्वान्टिटी में लगाई गई दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुये लगाई गयी है।
- शासनादेश संख्या 879(1)/23–7–2020 दिनांक 25.08.2020 में निहित प्राविधानानुसार प्रहरी एप्लीकेशन पर वांछित प्रपत्र अपलोड करना अनिवार्य होगा।
- निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।
- निविदा ऑनलाईन दिनांक 17.02.2025 अपरान्ह 12:00 से दिनांक 24.02.2025 अपरान्ह 12:00 तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनांक 24.02.2025 को 12:30 बजे खोली जायेगी तथा अर्ह निविदादाताओं की वित्तीय बिडें कार्यालय अदेशानुसार निर्धारित समय दिनांक एवं स्थान पर खोली जायेगी।
- शासनादेश सं0–1/2018–3070/78/2–2018/42 आई0टी0/2017(22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रूप से विभाग / कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरूप कार्यवाही की जायेगी।
- निविदा से सम्बन्धित अधिक जानकारी वेबसाईट http://e-tender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

(बी0एल0गौतम)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0
गाजीपुर।

उ.प्र.-228999 दिनांकः-13.02.2025
वेबसाइटः-www.upgov.nic.in

(एस0के0सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता
जौनपुर–गाजीपुर वृत्त, लो0नि0वि0,
जौनपुर

# महिला चिकित्साधिकारियों की तलाश करती रहीं महिलाएं

**बैरिया।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा तथा संयुक्त राजकीय चिकित्सालय सोनबरसा में तैनात महिला चिकित्साधिकारियों को कहीं ना कहीं से विभागीय हाकिमों का संरक्षण प्राप्त है। तमाम सरकारी सुविधा प्राप्त करने के बाद भी ये महिला चिकित्साधिकारी अस्पताल में बैठकर रोगियों का इलाज करने की जहमत नहीं उठाना चाहती हैं।

बता दे कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा में महिला चिकित्साधिकारी डा. साल्टिक कसेरा व डा. जया पाठक तैनात हैं, जबकि संयुक्त राजकीय चिकित्सालय सोनबरसा में डा. प्रियंका राय तैनात हैं। शनिवार को जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार संपूर्ण समाधान दिवस पर बैरिया तहसील पहुंचे थे। सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा अस्पतालों के चिकित्सक अपने-अपने पटल पर तैनात रहे, किंतु उक्त तीनों महिला चिकित्साधिकारी अस्पताल से गायब थी। पूछने पर महिला रोगियों ने बताया कि तीनों महिला चिकित्साधिकारी कभी अस्पताल में नहीं आती हैं। मजबूरी में हम महिलाओं को अपना अंदरूनी रोग भी पुरुष चिकित्साधिकारियों को दिखाना और बताना पड़ता है। इससे हम लोगों को काफी अपमान झेलना पड़ता है। उक्त महिला चिकित्साधिकारी सोनबरसा अस्पताल में क्यों नहीं आती है? इसका जवाब देने वाला यहां कोई भी सक्षम अधिकारी नहीं है। इस संबंध में करण छपरा निवासी संध्या सिंह, धतूरी टोला निवासी रामा देवी, मठ योगेंद्र गिरी निवासी रोगी सुनीता देवी आदि ने बताया कि हम लोग लगातार कई दिनों से महिला चिकित्साधिकारी से अपना चेकअप कराने के लिए सोनबरसा अस्पताल आ रहे हैं, किंतु कोई महिला चिकित्साधिकारी यहां नहीं रह रही हैं। अंततः हमने हार-थक कर सोमवार को जिला चिकित्सालय जाने का निर्णय लिया है।

**मनमानी**

### कोई नहीं बता रहा कि सोनबरसा अस्पताल में क्यों नहीं आतीं तीन महिला चिकित्साधिकारी

> डा. साल्टिक कसेरा छुट्टी पर चल रही है। डा. जया पाठक क्यों नहीं आई है? इसके संदर्भ में उनसे लिखित रूप से पूछा जाएगा। जहां तक डा. प्रियंका राय की बात है तो यह सीएमएस बता सकते हैं। क्योंकि उनकी नियुक्ति संयुक्त राजकीय चिकित्सालय में है।
>
> **डॉ. राजेश सरोज, अधीक्षक, सीएचसी सोनबरसा**

# कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा

**बलिया।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा शनिवार से शुरू हो गयी है। जिले में 18 परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। इसमें हाईस्कूल के 9600 और इण्टरमीडिएट के 7200 परीक्षार्थी शामिल होंगे। केंद्रों पर परीक्षार्थियों के अंदर जाने से पहले शिक्षकों द्वारा विधिवत चेकिंग की गयी। उसके बाद परीक्षार्थियों को अंदर जाने दिया गया। परीक्षाओं को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए जिले के सिटी कोआर्डिनेटर पीसी श्रीवास्तव केंद्रों पर जाकर परीक्षा की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सीबीएसई बोर्ड की गाइडलाइन के अनुसार परीक्षाएं संचालित कराई जा रही हैं। नगर के विभिन्न स्कूलों में सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं। आधुनिक डिवाइस से कमरों की निगरानी की जा रही है। सभी शिक्षकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। किसी भी केंद्र पर कहीं भी अनुचित साधन का प्रयोग न हो। परीक्षाएं सुबह 10:30 से दोपहर 1:30 बजे तक आयोजित हुई। विद्यार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 30 मिनट पूर्व परीक्षा हाल में प्रवेश दिया जाएगा। बोर्ड के निर्देशानुसार सुबह 10 बजे के बाद किसी भी परीक्षार्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं होगी।



# 14 निरीक्षकों व 10 उप निरीक्षकों का तबादला

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जनहित एवं प्रशासनिक हित में 14 निरीक्षकों एवं 10 उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र में बदलाव करते हुए नरही, खेजुरी, सुखपुरा, दोकटी और फेफना के थानेदारों का तबादला कर दिया है। इनको कार्यालय के विभिन्न पटलों से सम्बद्ध किया गया है। एसपी ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि सम्बन्धित आदेश से अवगत होकर तत्काल वर्तमान नियुक्ति स्थान से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार संभालना सुनिश्चित करें।

बताते चलें कि जनपद मे बढ़ रही हत्याओं की संख्या से बलिया पुलिस की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह उठने लगा है। साथ ही पुलिस अधीक्षक ने हत्याओं के साथ-साथ शराब तस्करी एवं गो-तस्करी पर भी रोक लगाने के लिये यह कदम उठाया है। एसपी ने थानाध्यक्ष हल्दी मिथिलेश कुमार को दुबहर, प्रभारी निरीक्षक बैरिया रामायण सिंह को सुखपुरा, प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना नदीम अहमद को नरही, प्रभारी पोक्सो सेल अजय कुमार त्रिपाठी को फेफना, थानाध्यक्ष रेवती रोहन राकेश सिंह को चितबड़ागांव, थानाध्यक्ष दोकटी वंशबहादुर सिंह को अपूअ दक्षिणी कार्यालय, प्रभारी निरीक्षक दुबहर राकेश कुमार सिंह को बैरिया, प्रभारी निरीक्षक नगरा हरिशंकर सिंह को दोकटी, थानाध्यक्ष चितबड़ागांव प्रशांत कुमार चौधरी को रेवती, चौकी प्रभारी दक्षिणी रसड़ा विश्वदीप सिंह को थानाध्यक्ष हल्दी, प्रभारी निरीक्षक गड़वार मूलचंद चौरसिया को खेजुरी, प्रभारी निरीक्षक खेजुरी श्रीमती अनीता को प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ, चौकी प्रभारी गोपालनगर, थाना रेवती लालमणि सरोज को पकड़ी, प्रभारी निरीक्षक उभांव विपिन सिंह को रसड़ा, प्रभारी निरीक्षक रसड़ा रत्नेश सिंह को गड़वार, पीआरओ पुलिस अधीक्षक कौशल पाठक को नगरा, प्रभारी निरीक्षक पकड़ी राजेन्द्र प्रसाद सिंह को उभांव, प्रभारी महिला सहायता प्रकोष्ठ अंशुमान सिंह यदुवंशी को साइबर थाना, चौकी प्रभारी सिविल लाइन अजय पाल को बांसडीह रोड, प्रभारी निरीक्षक नरही सुनील चंद तिवारी को प्रभारी न्यायालय सुरक्षा, प्रभारी निरीक्षक फेफना बृजमोहन सरोज को प्रभारी डीसीआरबी, थानाध्यक्ष बांसडीह रोड अखिलेश चंद पांडेय को प्रभारी पाक्सो सेल, प्रभारी एसओजी संजय सिंह को अपराध शाखा, प्रभारी निरीक्षक सुखपुरा योगेन्द्र प्रसाद सिंह को साइबर थाना में तैनाती दी गई है।

**इधर से उधर**

### एसपी ने दिया नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश

## अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों से विरत रहने का लिया निर्णय

**रसड़ा।** अधिवक्ता बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं की आवश्यक बैठक राधेश्याम चौबे की अध्यक्षता में हुई। इसमें शुक्रवार को पीठासीन अधिकारी द्वारा अधिवक्ताओं के साथ किये गये दुर्व्यवहार एवं बिना पुकार कराए दो मुकदमों को छोड़कर शेष सभी मुकदमों को एक ही दिन में निरस्त किये जाने की घोर निंदा की गई। अधिवक्ताओं ने कहा कि जिन-जिन मुकदमों में स्थगन आदेश बढाए जाने का प्रार्थना पत्र दिया गया था, उन मुकदमों को पीठासीन अधिकारी द्वारा बिना पुकार के निरस्त कर दिया गया। इसकी जितना निंदा की जाय, कम है। इस दौरान प्रस्ताव पारित किया गया कि जब तक पीठासीन अधिकारी का स्थानांतरण नहीं होता है, तब तक अधिवक्ता न्यायिक कार्यों से विरत रहेंगे। इस अवसर पर इन्द्रदेव यादव, कमलेश तिवारी, द्वारिका सिंह, कमलेश तिवारी, राणा सिह, इन्द्रजीत तिवारी, बृजकेश पाल, राजेश यादव, सुशील सिंह, अखिलेश सिंह, लालबहादुर सिंह, माधवेश तिवारी, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे। संचालन बृजविहारी सिंह ने किया।

# कुल 40 मामलों में महज दो का निस्तारण

**संपूर्ण समाधान दिवस**

### डीएम ने शेष मामलों को संबंधित विभागों में भेजा



बैरिया तहसील में आमजन की फरियाद सुनते डीएम-एसपी

**बैरिया।** स्थानीय तहसील में जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार की अध्यक्षता में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 40 मामले आये, जिसमें दो मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष मामलों को संबंधित विभागों में निस्तारण के लिए भेजा गया। 40 मामलों में 20 मामले भूमि विवाद तथा शेष मामले पुलिस, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पानी से संबंधित रहे। करण छपरा निवासी डा. कमल कुमार सिंह ने भूमि विवाद का मामला प्रस्तुत किया, जबकि चाई छपरा निवासी संजय चौधरी ने ग्राम पंचायत चाई छपरा में सरकारी धन के दुरुपयोग की जांच कर कार्रवाई की मांग की। टोला शिवन राय निवासी मंगलदेव यादव ने जिलाधिकारी से शिकायत किया कि बैरिया पुलिस प्राथमिकी दर्ज नहीं कर रही है। प्राथमिकी दर्ज कराया जाए। गंगापुर निवासी संजीव कुमार वर्मा ने भूमि विवाद का मामला उठाया। दयाछपरा निवासी काजल देवी पत्नी डिग्री डोम ने आवासीय पट्टा की मांग की। गंगापुर निवासी मुकेश यादव ने बिजली का तार हटाने का आग्रह किया। बैरिया निवासी हरिकंचन सिंह ने पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क खोदकर मिट्टी सड़क पर छोड़ देने, बैरिया में विद्युत वितरण खंड चार का कार्यालय खोलने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा का समुचित संचालन एवं ई-रिक्शा पर नंबर प्लेट लगाने सहित चार शिकायती पत्र जिलाधिकारी के समक्ष रखा। गंगापुर निवासी मंजू देवी ने भूमि विवाद का मामला उठाया। मिश्र के मठिया निवासी बेचैनी देवी ने राशन कार्ड में नाम दर्ज करने की मांग की। बैरिया निवासी परशुराम मौर्य ने मुकदमे में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की। करण छपरा निवासी लाल बच्ची देवी ने आवासीय पट्टा, जबकि रेवती निवासी विकास यादव भूमि विवाद का मामला उठाया। इसी तरह से प्रधान अशोक यादव ने प्राथमिक विद्यालय गोवर्धन पहाड़ पर तैनात शिक्षक मिथिलेश तिवारी के चार सालों से विद्यालय नहीं आने तथा अपने स्थान पर तीन हजार देकर एक अन्य व्यक्ति को पढ़ाने के लिए रखने का मामला प्रस्तुत किया। मुरारपट्टी निवासी मिथिलेश दुबे ने पड़ोसी द्वारा उनके मकान की नींव में समरसेबल से पानी डालने का मामला उठाया। इसी तरह कुल 40 मामले प्रस्तुत हुए। इसमें दो मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसरपर पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह, एसडीएम सुनील कुमार, तहसीलदार सुर्दशन कुमार, नायब तहसीलदार रजनीश सिंह, डीपीआरओ, सीएमओ सहित संबंधित विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### फरियादियों की समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान

**बैरिया।** बीबी टोला निवासी वीरेंद्र वर्मा लगातार एक वर्ष से अधिक समय से भूमि विवाद का मामला लेकर तहसील का चक्कर काट रहे हैं। सभी संपूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारियों से फरियाद करते हैं। बावजूद इसके उनके मामले का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। चांदपुर निवासी राजमंगल यादव पिछले छह माह से पड़ोसियों द्वारा विभिन्न कारणों से परेशान करने की शिकायत लेकर संपूर्ण समाधान दिवस पर आ रहे हैं। उनके मामले का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। बिशनपुरा निवासी रामचंद्र यादव पिछले एक साल से भूमि विवाद के समाधान के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर रहे हैं, किंतु संबंधित कर्मचारी की मनमानी के चलते उनके मामले का समाधान नहीं हो पा रहा है। मुरारपट्टी निवासी मिथिलेश दुबे पिछले एक साल से पड़ोसियों द्वारा विभिन्न कारणों से परेशान करने का शिकायती पत्र संपूर्ण समाधान दिवस में दे रहे है, किंतु आज तक उसका निस्तारण नहीं हो पाया। यह तो एक बानगी है। ऐसे सैकड़ो लोग दर-दर भटक रहे हैं। अब तो वह यह कहने लगे हैं कि संपूर्ण समाधान दिवस का कोई मायने नहीं है।

## संक्षेप

### तहसील में जारी रहा धरना, एसडीएम को सौंपा पत्रक




**बलिया।** ऑल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के तत्वावधान में मॉडल तहसील पर गोंड समुदाय के छात्र नौजवानों का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शनिवार को 20वें भी जारी रहा। छात्र नौजवानों ने सम्पूर्ण समाधान दिवस पर उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र को पत्रक सौंपा। धरना सभा का समर्थन करते हुए गोंड महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामनिवास गोंड ने कहा कि अंग्रेजी सरकार में बलिया जिले में निवास करने वाली गोंड जाति की जनगणना ट्राइब में की गयी है। उस समय के थानों पर स्थित जन्म-मृत्यु रजिस्टर फौती में भी गोंड ही अंकित है। आजादी के पूर्व के भू-राजस्व अभिलेखों यथा 1290, 1324, 1345, 1356, 1359 फसली में स्पष्ट रूप से गोंड अंकित है। इसके बावजूद लेखपाल एवं तहसीलदार शासनादेश की घोर अवमानना करते हुए मनगढ़ंत गलत आख्या लगाकर गोंड की जाति बदलने का षडयंत्र कर रहे हैं। उनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। इस अवसर पर लल्लन गोंड, मनोज शाह, बच्चालाल गोंड, विक्रम, कन्हैया, अवधेश गोंड, सूचित गोंड, संजय, अमित, प्रेमशंकर, शिवजी गोंड, मुकेश गोंड, श्रीपति गोंड, रामनारायण गोंड, मैनेजर, धनंजय, अरविंद गोडवाना आदि मौजूद रहे।

### प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर दिये टिप्स

**बलिया।** मथुरा पीजी कालेज में जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा शनिवार को छात्र-छात्राओं के मार्गदर्शन के लिए करियर काउंसिलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर सुरक्षित करियर एवं रोजगार के साथ बेहतर भविष्य निर्माण के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश दिए गए। वहीं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए टिप्स दिये गये। काउंसलर सोनू यादव ने कहा कि सकारात्मक ऊर्जा के साथ परिश्रम करेंगे तो निश्चित सफलता मिलेगी। काउंसलर रामअवध ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी देते हुए कौशल विकास हेतु विभिन्न कोर्स के सम्बन्ध में मार्ग दर्शन किया। इस अवसर पर मुकेश सिंह, राजकुमारी, पियूष, डॉ. अमर सिंह, डॉ. सुरेश यादव, डॉ. आलिया खातून आदि मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ. धनंजय सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### एक दिवसीय जागरूकता शिविर 17 को

**बलिया।** उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद के तहसील स्तर पर एक दिवसीय जागरूकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी गौतम त्रिपाठी ने देते हुए बताया कि जागरूकता शिविर के माध्यम से जनपद बलिया के बेरोजगार नवयुवकों-युवतियों एवं उद्यम में रूचि रखने वाले क्रियाशील व्यक्तियों को जागरूक किया जा रहा है। 17 फरवरी, सोमवार को पूर्वाह्न 11 बजे से तहसील रसड़ा के विकास खण्ड चिलकहर के परिसर में उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड बलिया द्वारा आयोजित एक दिवसीय जागरूकता शिविर (एससीएसपी) कार्यक्रम में इच्छुक व्यक्ति प्रतिभाग कर विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# पीड़ितों को न्याय दिलाने का किया प्रयास




प्रभारी निरीक्षक रोहन राकेश सिंह को माला पहनाकर विदाई देते पुलिस कर्मी

**जनसंदेश न्यूज**

**बोले रोहन राकेश सिंह**

### एसआई को प्रबुद्ध नागरिकों ने दी सम्मानपूर्वक विदाई

**रेवती।** स्थानीय थाना के प्रभारी निरीक्षक रोहन राकेश सिंह के चितबड़ागांव तथा एसआई लालमणि सरोज के पकड़ी थाना स्थानांतरित होने पर थाना परिसर में आयोजित समारोह में पुलिस कर्मियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों ने माल्यार्पण के बाद गिफ्ट देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी।

प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने कहा कि 16 महीने के कार्यकाल में हरेक पीड़ित को न्याय एवं उनकी समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास किया। इसमें थाना क्षेत्र के लोगों का मुझे भरपूर सहयोग मिला। बावजूद इसके मेरे से कही कुछ चूक हुई हो तो इसके लिए क्षमा प्रार्थी हूं। इसके पूर्व अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल रेवती के अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने निवर्तमान थानाध्यक्ष के कार्यकाल में जनसहयोग से हुए थाना के कायाकल्प की प्रशंसा की। कहा कि इसका लाभ यहां आने वाले अन्य सह कर्मियों को मिलेगा। इस अवसर पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक प्रभाकर शुक्ला, रामसकल यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजकिशोर यादव, पूर्व सभासद अनिल केशरी, समाजसेवी कलयुगी पांडेय, रवि उपाध्याय, चंदन सिंह, शमीम अहमद आदि मौजूद रहे।

## थानाध्यक्ष को दी गई विदाई



**चितबड़ागांव।** क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार चौधरी के स्थानांतरण के बाद विदाई दिया। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा थानाध्यक्ष चितबड़ागांव प्रशांत कुमार चौधरी का स्थानांतरण रेवती के लिए किया गया है। इस मौके पर सभासद अमित कुमार वर्मा, मन्टू सिंह, टुनटुन सिंह, अभिषेक उपाध्याय, शिववचन चौहान, उप निरीक्षक चन्द्रशेखर यादव, उप निरीक्षक मंयक कुमार, उप निरीक्षक अरविन्द कुमार सिंह, धनंजय कुमार, डीपी गौतम, सुनील कुमार, संजय सिंह, अजय यादव प्रधान आदि मौजूद रहे।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**बेल्थरारोड।** उभांव थाना क्षेत्र के बेल्थरारोड तहसील मार्ग पर स्थित नवजीवन इंग्लिस स्कूल मोड़ के पास शनिवार की प्रातः अचानक एक बन्दर के आ जाने से बाइक सवार यासीर अहमद (21) पुत्र शहादत आलम निवासी ग्राम चंदायर बलीपुर, थाना उभांव असंतुलित होकर चारपहिया वाहन की चपेट में आ गया। इससे उसकी मौत हो गई। बताया जाता है कि यासीर अहमद प्रतिदिन अपने ग्राम से जिम करने आता था। शनिवार की प्रातः वह जिम करके बाइक से घर के लिए वापस जा रहा था कि रास्ते में यह दुर्घटना हो गई। आस-पास के लोगों ने उसे सीएचसी सीयर पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने पोस्टमार्टम की कार्यवाही न किये जाने को लेकर पुलिस को तहरीर दी।

## पुलिस ने वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में जनपद में हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में सदर कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया। शनिवार को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगेस्टर एक्ट से सम्बन्धित अभियुक्त जावेद अहमद इस समय काजीपुरा रेलवे क्रासिंग के पास खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। यदि जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता है। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर अभियुक्त जावेद अहमद पुत्र शौकत निवासी शनिचरी मन्दिर बिचलाघाट, पोस्ट बेदुआ, थाना कोतवाली को धर दबोचा गया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान कर दिया।

## पूर्व मंत्री के जन्मदिन पर काटा केक

**बलिया।** अखिल भारतीय विश्वकर्मा शिल्पकार महासभा बलिया के हरपुर स्थित कैंप कार्यालय पर पूर्व मंत्री रामआसरे विश्वकर्मा का जन्मदिन शनिवार को जागृति दिवस के रूप में मनाया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने केक काटा। इस अवसर पर कमलाशंकर, रविशंकर विश्वकर्मा, नंदकिशोर शर्मा, प्रभात विश्वकर्मा, शेखर शर्मा, संतोष शर्मा, विजय शर्मा, संजय शर्मा, प्रताप शर्मा, दिनेश आदि मौजूद रहे।

## गैंगस्टर ऐक्ट से संबंधित आरोपी गिरफ्तार

**बलिया।** भीमपुरा पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय चालान कर दिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गैंगेस्टर एक्ट से संबंधित एक अभियुक्त जो नादपलिया पुलिया के पास खड़ा है और कही जाने की फिराक में है। यदि जल्दी किया जाय तो पकड़ा जा सकता है। इस सूचना पर विश्वास करके पुलिस ने नादपलिया के पास से अभियुक्त राजेश यादव पुत्र सुरेन्द्र यादव निवासी ग्राम दरियापुर, थाना उभांव को धर दबोचा। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय चालान कर दिया।

# देश-प्रदेश की सत्ता पर संविधान विरोधी काबिज

**बोले दीपंकर भट्टाचार्य**

### महाकुंभ में मरे लोगों की वास्तविक संख्या नहीं बता रही सरकार



सम्मेलन को संबोधित करते वक्ता

**सिकंदरपुर।** अमेरिका द्वारा हथकड़ी लगाकर 104 भारतीयों को अपने सैनिक जहाज से वापस भेजना भारत की जनता और उसके राष्ट्रीय स्वाभिमान पर हमला है। एक ओर जहां कोलंबिया जैसे छोटे देश इस अपमानजनक व्यवहार का विरोध कर रहे है, वहीं दूसरी ओर मोदी अमेरिका में जाकर इस कदम को मानव तस्करी की वैश्विक व्यवस्था को ध्वस्त करने की नीति से रूप में अपना समर्थन दे आते हैं।

उक्त बातें भाकपा (माले) के महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य ने शनिवार को नगरा रोड स्थित एक पैलेस में पार्टी के 14वें राज्य सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान हुए समझौतों का जिक्र किया। कहा कि जब भारत का रुपया 87 रुपया प्रति डालर पहुंच गया, तब ट्रंप के दबाव के आगे रूस से तेल व्यापार रोकने की चेतावनी सुनकर मोदी वापस लौट आए। इससे ब्रिक्स देशों की एकता और डालर के खिलाफ एकजुटता को गहरी चोट पहुंची है। राष्ट्रीय बजट पर बोलते हुए कहा कि एक लाख रुपए मासिक आय वालों को आयकर से मुक्त करने पर मोदी सरकार अपनी पीठ थपथपा रही है, जबकि सच्चाई यह है कि जीएसटी का बोझ जनता के हर तबके की कमर तोड़ रहा है। बजट में स्कीम वर्करों जैसे आशा, आंगनवाड़ी, रसोइया आदि की कोई चर्चा नहीं की गई है, जिनकी आय बहुत ही कम है। कहा कि दिल्ली के चुनाव ने दिखाया कि कैसे एक विपक्षी पार्टी के नेताओं को जेल भेजकर सरकार को काम नहीं करने दिया गया। कहा कि जनता के विभिन्न हिस्सों की भागीदारी को मजबूत करने के लिए पटना में दो मार्च को बदलो बिहार महाजुटान का आयोजन किया जा रहा है। संविधान विरोधी लोगों के हाथों में बढ़िया से बढ़िया संविधान भी दे दिया जाए तो वे उसका खराब उपयोग ही करेंगे। यही हाल इस समय अपने देश का है। देश-प्रदेश की सत्ता में संविधान विरोधी लोग काबिज हैं। कहा कि हिन्दू राष्ट्र की परियोजना कारपोरेट की मदद से आगे बढ़ रही है। अडानी जैसों को इसमें शामिल कर लिया गया है। जंगल, जमीन से लेकर खदान, नदी, बंदरगाह, हवाई अड्डा सबकुछ कारपोरेट के हवाले किया जा रहा है। भाजपा सरकार ने हिन्दू-हिन्दू कहकर महाकुंभ में लोगों को बुलाया, लेकिन भगदड़ में मरे लोगों की वास्तविक संख्या सरकार नहीं बता सकी है।

### प्रतिवाद मार्च निकालकर लगाये नारे

**सिकंदरपुर।** सम्मेलन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये 400 से ऊपर प्रतिनिधि और पर्यवेक्षक हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र के शुरू में मुख्तार अहमद ने झंडारोहण किया। दो दिवसीय राज्य सम्मेलन रविवार तक चलेगा। सम्मेलन के शुरुआत से पूर्व नफरत की राजनीति एवं बुलडोजर राज के खिलाफ भाकपा (माले) ने सिकंदरपुर चौराहा के निकट गांधी आश्रम से पैलेस तक प्रतिवाद मार्च निकाला। मार्च में सैकड़ों की तादाद में शामिल महिला-पुरूष हाथों में लाल झंडे लेकर तनी हुई मुठ्ठियों के साथ मोदी-योगी सरकार के खिलाफ नारे लगा रहे थे।

### संविधान को बचाने के लिए एकता की जरूरत

**सिकंदरपुर।** दीपंकर भट्टाचार्य ने कहा कि फांसीवाद के खिलाफ लड़ाई सौ साल पुरानी है। देश में कम्युनिस्ट पार्टी की स्थापना का यह सौवां साल है। आरआरएस के बने भी सौ साल हो रहे हैं। फांसीवाद के खिलाफ लड़ाई की जिम्मेदारी कम्युनिस्टों पर ही है। बाबा साहब के संविधान को बचाने के लिए बड़ी एकता की जरूरत है। अब लड़ाई निर्णायक है।

### सम्मेलन को इन्होंने किया संबोधित

**सिकंदरपुर।** उदघाटन सत्र को आरा, बिहार के भाकपा (माले) के सांसद सुदामा प्रसाद, बिहार विधानसभा में पार्टी विधायक दल के उपनेता व विधायक सत्यदेव राम, लखनऊसे आई सामाजिक कार्यकर्ता व लेखिका नाइस हसन, अमर यादव और सीपीआई के राज्य सचिव अरविंद राज स्वरूप ने भी संबोधित किया। इस दौरान मंच पर भाकपा (माले) के पोलित ब्यूरो सदस्य रामजी राय, बिहार राज्य सचिव कुणाल, उप्र सचिव सुधाकर यादव, केंद्रीय समिति सदस्य कृष्णा अधिकारी, ईश्वरी प्रसाद कुशवाहा, उमेश प्रसाद मौजूद रहे। संचालन लाल साहब ने किया।

# सपा लड़ रही पीडीए के हक की लड़ाई



चौपाल में उपस्थित लोग

**बोले मो. जियाउद्दीन**

### भाजपा सरकार में महंगाई की मार से जनता बेहाल

**सिकंदरपुर।** समाजवादी पार्टी द्वारा चलाए जा रहे पीडीए जन चौपाल के क्रम में क्षेत्र के सिसोटार गांव में शनिवार को जन चौपाल का आयोजन किया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक मो. जियाउद्दीन रिजवी ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई की मार से जनता बेहाल है। बेरोजगारी के कारण युवा परेशान है। भाजपा सरकार नौकरियां इसलिए नहीं निकाल रही कि आरक्षण न देना पड़ जाए।

कहा कि पीडीए का हक लूटने के लिए निजी हाथों में सभी सरकारी संस्थाएं दी जा रही है। भाजपा हमेशा से पीडीए विरोधी है।

भाजपा की गोंद में बैठे तथाकथित पीडीए हितैषी मौन है। लाल बत्ती की चकाचौंध में अब पीडीए की बात करना और सुनना भी उन लोगों को नागवार लग रहा है। भाजपा की गोंद में बैठे पीडीए नेताओं की हैसियत नहीं है कि वे पीडीए की बात कर सके। वह जिस दिन पीडीए के हक की बात कर देंगे, उसी दिन भाजपा उन्हें दूध में बैठी मक्खी की तरह निकाल कर फेंक देगी। पीडीए के हक की लड़ाई सिर्फ समाजवादी पार्टी ही लड़ सकती है।

चौपाल में दर्जनों लोगों ने सपा की सदस्यता ग्रहण की।

इस अवसर पर डा. मदन राय, रामजी यादव, अनंत मिश्रा, गुरुजलाल राजभर, बबलू सिंह, सुरेंद्र शर्मा, अतुलेश यादव, अशोक सूर्या, सतीश यादव, अवधेश राजभर, राजकुमार वर्मा, सरल यादव आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता शशिधर राय तथा संचालन रामेश्वर वर्मा ने किया।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें निस्तारण: जिलाधिकारी

**आयोजन**

## 70 शिकायतों में से 05 का हुआ तत्काल निस्तारण, 6 टीमें मौके पर भेजी गई

**जनसंदेश न्यूज**



**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र के नेतृत्व में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील मुहम्मदाबाद गोहना में संपन्न हुआ। जनपद के अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील मुहम्मदाबाद गोहना में संपन्न संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल 70 शिकायतें आई, जिनमें से 5 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया एवं 06 शिकायतों के तत्काल निस्तारण हेतु मौके पर टीमों को भेजा गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान कुल प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक राजस्व विभाग से 39, पुलिस विभाग से 12 तथा शेष अन्य विभागों से संबंधित थी। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को जन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जन शिकायतों का निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें तथा शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करे। लापरवाही करने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। संपूर्ण समाधान दिवस पर जन सुनवाई के दौरान पुलिस अधीक्षक इलमारन जी, उप जिलाधिकारी मुहम्मदाबाद गोहना, तहसीलदार मुहम्मदाबाद गोहना तथा समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 08 मार्च को

**मऊ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मऊ के तत्वाधान में 08 मार्च दिन शनिवार को सुबह 10 बजे से 04 बजे तक दीवानी न्यायालय मऊ के प्रांगण में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जनपद न्यायाधीश के निर्देशन में सुनिश्चित किया गया है। राष्ट्रीय लोक अदालत में विहित विषय वस्तुओं से सम्बन्धित प्रकरणों के साथ-साथ मध्यस्था मामलों हेतु आरबिट्रेशन विशेष लोक अदालत एवं आवश्यकता अनुरुप सभी आपसी सुलह योग्य अपराधिक वादों, मोटर दुर्घटना प्रतिकर याचिकायं धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, पारिवारिक/वैवाहिक मामले, दीवानी वाद, मेड़बन्दी, एवं दाखिल खारिज, पंजीयन/स्टाम्प वाद चकबन्दी वाद, धारा 446 दं0प्र0सं0 से सम्बन्धित मामले, पब्लिक प्रीमाइसेज एक्ट सम्बन्धी मामले, उत्तराधिकार सम्बन्धी मामले, आबकारी अधिनियम संबंधी वाद, गैंम्बलिंग एक्ट, नगर निगम/नगर पालिका के अन्तर्गत चालान, विकास प्राधिकरण के अन्तर्गत चालान, अंतिम आख्या मोबाईल एवं केबल नेटवर्क संबंधित प्रकरण, प्रीलिटिगेशन प्रकरण, आरटीओ चालान, व अन्य, वादों का निस्तारण पक्षकारों के आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जायेगा।

# अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी धाम महा द्वारा छठवें अश्वमेध यज्ञ की तैयारियां अंतिम दौर में

**धर्मकर्म**

## हजारों हवन कुंड पर भक्तों द्वारा किया जाएगा हवन

## 28 फरवरी को लाखों दीपो से होगी माँ सरयू की महाआरती



**दोहरीघाट, मऊ।** सरयू नदी के पावन तट पर स्थित अंतर्राष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम के तत्वाधान में पंचम अश्वमेघ महायज्ञ जो 21 फरवरी से 1 मार्च तक चलेगा जिसमें लाखों लोगों के भाग लेने की संभावना है हजारों हवन कुंड पर भक्तों द्वारा हवन किया जाएगा। सुबह शाम अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम के संस्थापक सदगुरु महाराज द्वारा प्रवचन ध्यान योग कराया जाएगा। 21 फरवरी को होने वाले भव्य कलश यात्रा दोहरीघाट कस्बे से होते हुए दोहरीघाट घाघरा पुल से होकर गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज कस्बा भ्रमण करते हुए मुक्तिपथ बड़हलगंज पर सभी भक्त अपने-अपने कलश में जल भरेंगे और पुनः अंतरराष्ट्रीय मातेश्वरी महाधाम में आकर मुख्य पवित्र कुंड का परिक्रमा कर उसके सामने कलश पर दीप प्रज्वलित कर पंचम अश्वमेध यज्ञ का प्रारंभ किया जाएगा। इस अश्वमेघ महायज्ञ में क्षेत्र के दूरदराज से आए हुए भक्तों के अलावा अन्य प्रदेशों दिल्ली मुंबई कोलकाता बिहार झारखंड के साथ-साथ विदेशों थाईलैंड कंबोडिया आदि स्थानों से भक्तगण भाग लेंगे। 28 फरवरी को मातृभक्तो द्वारा लाखो दीपो से माँ सरयू की महाआरती की जाएगी। उक्त जानकारी मातेश्वरी परिवार के मीडिया प्रभारी प्रभुनाथ ने दी।

## बदलते मौसम में लापरवाही सेहत पर पड़ेगी भारी

**बैरिया।** बदलते मौसम में लोग सर्दी, जुकाम, बुखार एवं निमोनिया से परेशान है। डाक्टरों का कहना है कि जरा सी लापरवाही सेहत पर भारी पड़ सकता है। शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा सहित आस-पास के प्राइवेट चिकित्सकों की डिस्पेंसरियों में निमोनिया से पीड़ित रोगी विशेष कर बच्चों की संख्या अन्य दिनों से अधिक देखी गई। दिन में गर्मी और रात में ठंड होने के चलते इन बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। ऐसे मौसम में अधिक परेशानी छोटे बच्चों को हो रही है। डा. नवीन कुमार सिंह ने बताया कि इस मौसम में लंबे समय तक खांसी, निमोनिया, गले में दर्द, संक्रमण, जकड़न, आंख व नाक से पानी आना, एलर्जी एवं सांस की दिक्कत आने की आशंका रहती है। ऐसे में सावधान रहने की जरूरत है। विशेषकर बच्चों को ठंड से बचाने में सतर्कता बरते। किसी तरह की समस्या हो तो झोलाछाप डाक्टर के पास जाने से अच्छा होगा कि सरकारी डाक्टर के पास जाय।

# एके शर्मा ने चयनित अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

**रोजगार कुम्भ**

## रोजगार मेले में 1277 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

**जनसंदेश न्यूज**





**मऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सहादतपुरा मऊ के परिसर में षनिवार को रोजगार कुम्भ (वृहद रोजगार) मेले का आयोजन किया गया। उ०प्र० सरकार के उर्जा एवं नगर विकास मंत्री एके शर्मा द्वारा रोजगार मेले का दीप प्रज्वलन कर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण किया गया। साथ ही मंत्री एके शर्मा द्वारा छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि सरकारी नौकरियों के लिए विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं से होकर गुजरना पड़ता है लेकिन प्राइवेट सेक्टर में रोजगार की अपार सम्भावनाये हैं, जिसे पुरे प्रदेश में उ०प्र० शासन के निदेर्शानुसार सेवायोजन कार्यालयों द्वारा उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद मऊ में मेरे व्यक्तिगत निर्देशन एवं प्रयास द्वारा इस वृहद रोजगार कुम्भ का आयोजन किया गया। इस रोजगार मेले में 27 कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर 3745 अभ्यर्थियों में से 1277 अभ्यर्थियों का उनकी योग्यता के अनुरूप चयन किया गया। जिसमें सुजलान लि0-164, विजन इण्डिया प्रा०लि0-178, क्वेश कार्पे लि0-65, गीगा कार्पसोल लि0-192, गुडविल इण्डिया लि0-166, न्यू जीवनदीप-71, सुजुकी मोटर गुरूग्राम द्वारा 92 प्रतिभागियों का चयन किया गया। रोजगार मेले के सफल क्रियान्वयन में जिला सेवायोजन अधिकारी अरविन्द कुमार पाण्डेय, प्राधानाचार्य राजकीय आईटीआई अरूण यादव, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी आशुतोष प्रसाद, अपर साख्यिकीय अधिकारी एमआर प्रजापति सहित सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय आईटीआई के समस्त कर्मचारियों का योगदान रहा।

**संक्षेप**

## साइबर पुलिस ने पीड़ितों के फ्रॉड हुए 23 हजार रुपये कराये वापस




**मऊ।** थाना रानीपुर साइबर पुलिस टीम द्वारा साइबर फ्राड हुए दो अलग अलग प्रकरण में कुल 23000रु (तेइस हजार रु.) पीड़ित आरिफ अहमद निवासी बस्ती थाना रानीपुर व रोहित यादव निवासी रानीपुर के अकाउन्ट में वापस कराया गया। आवेदक आरिफ अहमद उपरोक्त ने अनजान लिंक पर क्लिक कर मोबाइल हैक कर आवेदक के खाते से धनराशि निकाल लिया। आवेदक की मोबाइल पर एसएमएस आने पर इसकी जानकारी होने पर आवेदक ने पुलिस कम्पलेन किया। वही रोहित यादव उपरोक्त ने बिजली के बिल का पैसा जमा कराने हेतु विपक्षी के खाता में 20 हजार रुपया फोन पे के माध्यम से स्थान्तरित किया गया था काफी दिन बीत जाने के बाद न तो बिल ही जमा हुआ और न ही आवेदक का पैसा वापस आया। शक होने पर आवेदक ने पुलिस कम्पलेन किया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उक्त दोनो प्रकरण को संज्ञान में लेकर जांच पड़ताल कर आवेदक के खाते में कुल 23 हजार (20000$3000) रुपये वापस कराये अन्य जांच पड़ताल जारी है विधिक कार्यवाही की जायेगी। साथ ही साथ थाना मुहम्मदाबाद साइबर पुलिस टीम द्वारा फ्रॉड हुआ 4000 रुपये को पीडित के खाते में वापस कराया गया। बरामदकर्ता साइबर पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक रानीपुर राजीव कुमार सिंह, उ.नि. रामाज्ञाकुमार (नोडल अधिकारी), उ.नि. निशा त्रिपाठी, क.आ. अब्दुल रब, म.का. वैशाली सिंह, म.का. शालिनी थाना रानीपुर शामिल रही।

## डग्गामार वाहनों ने बिगाड़ी यातायात व्यवस्था

**मुहम्मदाबाद।** बिना रूट परमिट के डग्गामारी करने वाले यात्री वाहनों से यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई है। हाटा स्टैंड, एलआईसी कार्यालय के करीब, नवापुरा, शाहनिन्दा में मनचाही जगह वाहन खड़ा कर सवारियां भरने से रोजाना जाम की स्थिति बन रही है। स्कूल, कालेज जाने वाले छात्र-छात्राओं व नौकरी पेशा वालों को समय पर पहुंचना मुश्किल हो गया है। हालत यह है कि सुबह सात से दस बजे तक व दोपहर से दो बजे से शाम पांच बजे तक नगर के प्रमुख चौराहों पर इन डग्गामार वाहनों की आवाजाही बढ़ जाती है। सवारियां भरने के लिए यह कहीं भी अपने वाहन खड़े कर देते हैं। इससे जाम लगना शुरू हो जाता है। इन वाहन चालकों पर पुलिस और यातायात विभाग का खौफ भी नहीं है। विरोध करने पर झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं। इस मामले में कोतवाली प्रभारी ने बताया कि डग्गामार वाहनों पर लगातार कार्रवाई की जाती है। पिछले सप्ताह कई वाहनों का चालान किया गया था। आगे भी अभियान चलाकर इनके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## प्रमुख चौराहों पर ई-रिक्शा का कब्जा

**गाजीपुर ।** शहर के प्रमुख चौराहों पर ई-रिक्शा का कब्जा बना हुआ है। मिश्रबाजार, विशेश्वरगंज, महुआबाग तिराहे पर ई-रिक्शा चालकों का आलम यह है कि बेतरतीब तरीके से खड़े होकर सड़क को जाम कर देते हैं। यही हाल लंका तिराहे का है। यहां भी कोई ट्रैफिक व्यवस्था न होने से लोगों को परेशानी होती है। शहर का एक और प्रमुख तिराहे कचहरी, सिटी रेलवे स्टेशन भी इससे अछूता नहीं है।

# बढ़ते तापमान से रबी फसलों को नुकसान

**परेशानी बढ़ी**

## फसलों के बढ़वार व पैदावार पर असर पड़ने की संभावना

**बलिया।** सर्दी के मौसम में जहां तापमान घटना चाहिए, वहां अप्रत्याशित रूप से बढ़ोत्तरी का असर फसलों की बढ़वार और पैदावार पर होने की संभावना बढ़ गई है। हर दिन बढ़ते तापमान को लेकर अब कृषि विशेषज्ञ भी रबी की फसलों में 10 प्रतिशत तक की गिरावट मानने लगे हैं। बढ़ रहे तापमान से फसलों को होने वाले नुकसान को लेकर प्रो. रवि प्रकाश मौर्य (अवकाश प्राप्त कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केंद्र सोहांव) ने बताया कि रात के समय फसलों में श्वसन की रफ्तार बढ़ जाती है। रबी की फसलों में 5 से 6 डिग्री रात का तापमान फायदेमंद रहता है, लेकिन पिछले दिनों से यह तापमान 6 से 10 डिग्री बना हुआ है। रात में जरूरत से दोगुना अधिक दर्ज हो रहा तापमान फसलों के लिए नुकसानदायक होता है। रबी फसलों की बुआई अधितकर अक्टूबर-नवंबर माह में होती है। ऐसे में देर से दिसंबर-जनवरी में बुआई करने वाले किसानों को ज्यादा नुकसान होगा। यह ग्लोबल वार्मिंग का प्रभाव है। मौसम आगे खिसका है। उतार-चढ़ाव ज्यादा हो गया है। तापमान बढ़ने से गेहूं की फसल में आने वाले फूल अचानक आ आते हैं। अभी तना भरपूर विकसित नहीं हुआ है। ऐसे में फसलों का विकास प्रभावित होगा।

### दिन-रात के तापमान का फसलों पर अलग-अलग प्रभाव

**बलिया।** प्रो. रवि प्रकाश मौर्य ने बताया कि एक डिग्री तापमान बढ़ने से फसलों में 10 फीसदी पानी की जरूरत बढ़ जाती है। लगातार सात दिन तक तापमान में बढ़ोत्तरी का असर फसलों के लिए काफी होता है। दिन और रात के तापमान का फसलों पर अलग-अलग प्रभाव होता है। रात में श्वसन (रेस्पिरेशन) की रफ्तार बढ़ जाती है। उसके लिए न्यूनतम तापमान 5 से 6 डिग्री तापमान होनी चाहिए। वर्तमान में 9 से 12 डिग्री तापमान रिकार्ड किया जा रहा है। दिन का तापमान 20-25 डिग्री होना चाहिए, जो 27-28 दर्ज हो रहा है।

### जल्दी पक जायेगी चना की फसल

**बलिया।** चना में तापमान बढ़ने से परिपक्वता जल्दी आएगी। फसल जल्दी पक जाएगी। चने की फसल के लिए जड़ों का गहराई तक जाना जरूरी होता है। तापमान में पानी की जरूरत होगी, जो फसल के लिए नुकसानदायक है। मटर की फसलों को भी नुकसान होगा।

### सरसों के पैदावार में गिरावट संभव

**बलिया।** गेहूं के फसल की अच्छी बढ़वार और उपज में तापमान की भूमिका प्रमुख होती है। गेहूं में दाना भरने के समय 30 डिग्री से ऊपर का तापमान फसल को प्रभावित करता है। बदलते जलवायु परिवर्तन से आने वाले सालों में 20 फीसदी उत्पादन में कमी की आशंका है। सरसो की फसल में तापमान बढ़ने से पैदावार में 10-15 फीसदी की गिरावट संभव है।

# ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को दी जा रही जिम्मेदारी



मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह को साफा बांधते पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी

**बोले उपेन्द्र तिवारी**

## दूसरी बार मंडल अध्यक्ष बने उमेश सिंह का सम्मान

**जनसंदेश न्यूज**

**रतसर।** स्थानीय नगर पंचायत स्थित मैरेज हाल में शनिवार को भारतीय जनता पार्टी द्वारा उमेश सिंह को दूसरी बार गड़वार मंडल का अध्यक्ष चुने जाने पर स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने पारंपरिक रूप से माला पहनाने के बाद साफा बांधकर उनको सम्मानित किया। पूर्व मंत्री उपेन्द्र तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के युवा नेतृत्व के विजन का जिक्र करते हुए कहा कि इसी सोच के तहत फेफना विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष पद पर ऊर्जावान कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह ने कहा कि भाजपा ने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर विश्वास करते हुए पुनः दूसरी बार मंडल अध्यक्ष पद देकर सम्मान बढ़ाया है। इस पर मैं पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। साथ ही 2027 के चुनाव में पूरी तन्मयता के साथ लगकर भाजपा की सरकार बनाने में अथक प्रयास करूंगा। इसके पूर्व पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उपेन्द्र पाण्डेय, बृजनाथ सिंह, भोला अंसारी, अजय सिंह, मनोज सिंह, प्रधान चन्दन राम, योगेश राय, राजेन्द्र तिवारी, विजय गुप्ता, धनसेर वर्मा, सच्चितानंद सिंह, सोनू सिंह, धनल राम, विनय सिंह, देवेन्द्र, धर्मराज चौहान आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष उमेश सिंह एवं संचालन टुनटुन उपाध्याय ने किया।

# बिना नक्शा पास कराए बस रहीं कॉलोनियां जिम्मेदार मौन

**जनसंदेश न्यूज**

**गाजीपुर।** शहरीकरण की आड़ में कुछ कालोनाइजरों ने अवैध कमाई का जरिया ढूंढ लिया है। लहुरी काशी के नगर पालिका परिषद सहित अन्य नगर निकाय से सटे ग्रामीण इलाकों में कई अवैध कालोनियां विकसित हो रही हैं।

कुछ तो बस भी चुकी हैं। सस्ते दर पर जमीन खरीदकर वहां प्लाटिंग की जा रही है। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित हो रही कालोनियों में से किसी का भी नक्शा पास नहीं कराया गया है। जिले के विभिन्न इलाकों में विकसित हो रही कालोनियों की पड़ताल की गई तो पता चला कि कहीं विद्युतीकरण का अभाव है तो कही सड़कें नहीं हैं। इसके बावजूद कालोनाइजर टुकड़ों में प्लाटिंग कर बेच रहे हैं। कुछ की बुकिंग हो रही है तो कुछ की रजिस्ट्री। इतना सब कुछ होने के बावजूद संबंधित विभाग इसके प्रति उदासीन है। नगर पालिका परिषद क्षेत्र से सटे एक गांव में नई कालोनी विकसित की जा रही है। उसका प्रचार भी हो रहा है। कुछ लोगों ने प्लाट का निरीक्षण करके बुकिंग तक की तैयारी कर ली है, जबकि उस प्लाट के पास अभी तक न तो सड़क बनी है और न ही बिजली के खंभे लगे हैं। प्लाटिंग करके बुकिंग करने और बेचने वालों से बात की गई तो उनका कहना है कि सड़क और बिजली आदि की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इसकी पूरी कार्ययोजना तैयार है। हालांकि कब तक सड़क बनेगी, यह किसी को नहीं पता है। जानकारों का कहना है कि कहीं भी यदि नई कालोनी विकसित की जानी है तो उसके लिए नियम हैं। नियम के तहत कालोनी विकसित करने वालों को उसका पंजीकरण कराना होगा।

नक्शा बनवाकर मास्टर प्लान या जिला पंचायत से पास कराना होगा। नक्शा पास कराते समय निर्धारित शुल्क भी देना होता है। तभी नक्शा पास होता है। जिला पंचायत कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार कही भी कालोनी बसाने के लिए कुछ जरूरी चीजें पूरी की जानी चाहिए। पहले तो 16 फीट की सड़क होनी चाहिए, साथ ही किनारे नाला भी होना चाहिए। वहां जल निकासी की व्यवस्था भी होनी चाहिए। साथ ही सीवर लाइन भी होनी चाहिए। बहुमंजिली इमारत है तो बेसमेंट व वाहन पार्किंग की व्यवस्था भी उसी परिसर में होनी चाहिए।

## नए आलू के साथ सभी सब्जियां हो गईं सस्ती

**गाजीपुर।** काफी समय से महंगाई की आग में जल रही हरी सब्जियां अब सस्ती हो गई हैं। नए आलू के साथ सभी सब्जियों के भाव 15 से 35 रुपये किलो हैं। एक माह पहले जो टमाटर महंगाई से लाल हो रहा था, अब वह 15 से 25 रुपये प्रति किलो फुटकर में बिक रहा है। मेथी और सरसों का साग भी 15 रुपये किलो है। ऐसे में अब मध्यम वर्गीय ओर गरीब परिवार की थाली में भी सब्जी दिखाई देगी। नवीन सब्जी मंडी के आढ़ती ओमपाल सिंह का कहना है कि नए आलू की भी मांग बढ़ गई है। हालांकि पुराने आलू से नया आलू सस्ता है। अन्य सभी हरी सब्जियों का सीजन है। सब्जी सस्ती होने से जनता को राहत मिली है।

# जायद के मौसम में कद्दू वर्गीय सब्जियों की समय से करें बुवाई

**बोले डॉ. अवधेश**

## आठ से 10 माह तक बनी रहती है कद्दू वर्गीय सब्जियों की उपयोगिता



प्रशिक्षण में शामिल कृषि वैज्ञानिक एवं किसान

**बलिया।** विकास खंड सोहांव के सेवाकालीन कर्मचारियों को कद्दू वर्गीय सब्जियों के उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकी संबंधित जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण 14 एवं 15 फरवरी को कृषि विज्ञान केंद्र पर सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे कर्मचारियों को प्रशिक्षण के अनुदेशक, उद्यान वैज्ञानिक डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि अधिकत्तर कद्दू वर्गीय सब्जियों की उपयोगिता वर्ष में 8 से 10 महीने तक लगातार बनी रहती है। जायद के मौसम में कद्दू वर्गीय सब्जियों का समय से बुवाई करे। कहा कि जायद के मौसम में बीज के जमाव के लिए आदर्श तापमान 25 से 30 अंश सेंटीग्रेड अच्छा होता है। जब तापमान बहुत अधिक हो जाता है तो सब्जियों के बीज में सही से जमाव नहीं हो पाता है। इस स्थिति में समय से बीज की बुवाई करके अधिक एवं गुणवत्तायुक्त उत्पाद प्राप्त कर अपनी आय को बढ़ाया जा सकता है। डॉ. अभिषेक कुमार यादव ने कहा कि सब्जियों की खेती करने से पहले भूमि शोधन एवं बीज शोधन करके ही खेत में नर्सरी डाले या बीज की बुवाई करें, जिससे बीज जनित एवं भूमि जनित बीमारियों से सब्जियों को बचाया जा सके। कभी-कभी सब्जियों की नर्सरी में या पौधों में बीमारी लग जाती है तो उसका बचाव कर पाना अधिक खर्चीला होता है। यदि सब्जियों में कीड़े लग जाए तो इसके लिए नीम के तेल का घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए।

### बाजार में मिलेगा अधिक मूल्य: डॉ. संजीत

**बलिया।** वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. संजीत कुमार ने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र पर हाईटेक नर्सरी (संरक्षित खेती) हेतु कद्दू वर्गीय सब्जियों की नर्सरी तैयार की गई है, जिसको किसान भाई अपने सरसों एवं गेहूं की मड़ाई करने के उपरांत हाईटेक नर्सरी में तैयार पौधा खरीद करके अपने खेत में लाकर लगा दे। इससे समय की भी बचत होगी तथा बहुत जल्द सब्जी मिलने लगेगी। उसका बाजार में अधिक मूल्य मिलेगा।

### जुताई करके मिट्टी को बना लें भुरभुरी : डॉ. अनिल

**बलिया।** डॉ. अनिल कुमार पाल ने किसानों को बताया कि सब्जी की बुवाई करने से पहले खेत में सड़ी हुई गोबर की खाद डालकर मिट्टी पलट हल से जुताई करके मिट्टी को भुरभुरी बना ले। उसके बाद ही बीज की बुवाई करें। सड़ी गोबर की खाद डालने से खेत में कार्बन प्रतिशत की मात्रा बढ़ती है तथा पौधों में लगने वाली बीमारियां एवं कीड़े की संभावना कम हो जाती है। मिट्टी में नमी के अनुसार पौधों को समय-समय पर सिंचाई करते रहना चाहिए। वहीं, डॉ. मनोज कुमार सिंह ने किसानों को कद्दू वर्गीय सब्जियों के बीज उत्पादन की तकनीकी के बारे में जानकारी दी।

# महाकुंभ: तीर्थयात्रियों से भरी बस पलटी, एक की मौत, 16 घायल



घायलों की जानकारी देती डीएम आर्यका अखौरी एवं एसपी डा.ईरज राजा।



हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस को देखते ग्रामीण एवं राहत कार्य में जुटी पुलिस टीम।

**गाजीपुर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मिरनापुर में शनिवार को प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जा रहे नेपाल के तीर्थयात्रियों से भरी बस पलट गई। इस हादसे में एक की मौत हो गई। वहीं, 16 लोग घायल हो गए। जिसमें चार की हालत गंभीर है। घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गई। इधर,सूचना मिलते ही पुलिस और आला अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंच गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल भेजवाया। जहां चिकित्सकों ने चार लोगों की हालत गंभीर होने पर वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। इधर घटना के बाद चालक फरार हो गया।

नेपाल के बारा जिले के 45 तीर्थयात्री एक बस पर सवार होकर शनिवार को प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने जा रहे थे। इसी बीच वाराणसी-गोरखपुर फोरलेन पर मिरनापुर के पास सुबह करीब नौ बजे चालक बोतल से पानी पीने लगा। जिससे बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार महिला और बच्चे चीखने चिल्लाने लगे। आस पास के लोग शोर शराबा सुनकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना के बाद राहत कार्य में जुट गए। इधर सूचना मिलते ही पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। सभी घायलों को जिला अस्पताल एंबुलेंस से भेजवाया। इस भीषण हादसे में एक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 16 लोग घायल हुए हैं।

### चार गंभीर

**नेपाल के बारा जिले के तीर्थयात्री बस से स्नान करने जा रहे थे प्रयागराज महाकुंभ**

**हादसे के बाद मचा हड़कंप आला अधिकारियों ने लिया घटना का जायजा**

बस कैसे पलटी, इसको लेकर लोग तरह तरह के कयास लगा रहे है। कोई कह रहा है कि चालक पानी पी रहा था कोई कह रहा है कि गुटखा खा रहा था। लेकिन,बस चालक के पकड़े जाने पर सत्यता का पता चलेगा। बस चालक की तलाश की जा रही है। जल्द उसको दबोच लिया जाएगा। वहीं उन्होंने बताया कि 12 घायलों को इलाज के बाद बस से उनके घर भेजा जा रहा है।

एएसपी सिटी ज्ञानेंद्र प्रसाद

डीएम आर्यका अखौरी, एसपी डॉ. ईरज राजा, एडीएम दिनेश कुमार और एसपी सिटी ज्ञानेन्द्र प्रसाद मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया।

### घायल तीर्थयात्री

घायल यात्रियों में फुलकारी चौधरी (50), विजुवती (50), संजय पटेल (34), रमित शाह (45), लीलावती देवी (35), मैना देवी (65), रउली थरूईया (52), रामकुमारी (45), कार्तिक (12), रामप्रसाद चौधरी (60), शिवजी प्रसाद (52), हरिनारायण महतो (75), रामचंद्र राउत (60), राजकुमार (28), शिवराज पासवान (35), फुलपति (60), सीता देवी (65), ज्ञानंत्री देवी (64) और दीना चौधरी (35) शामिल हैं। घायलों में दीना चौधरी को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

अधिकारियों ने जिला अस्पताल पहुंचकर सभी घायलों को देखा। वहीं, डीएम ने कहा कि चालक की लापरवाही से हादसा हुआ है, जिसकी जांच की जाएगी।

## नाबालिग लड़की को लेकर भागा युवक, मुकदमा

**जमानिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव से एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामले में पुलिस ने शुक्रवार को मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पीड़िता के पिता ने थाना कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज कराते हुए अपने ही गांव के एक युवक पर बहला-फुसलाकर बेटी को भगाने का आरोप लगाया है। तहरीर के अनुसार उम्र 15 वर्ष बालिका जो एक सरकारी विद्यालय में कक्षा 9 की छात्रा है, बीते शनिवार की सुबह 8:30 बजे स्कूल के लिए निकली थी, लेकिन देर शाम तक घर नहीं लौटी। परिजनों द्वारा काफी खोजबीन करने के बाद पता चला कि गांव का ही एक युवक पर बहला-फुसलाकर शादी की नीयत से भगाकर ले गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद पीड़िता के पिता ने सोमवार को थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने के कारण शुक्रवार को उन्होंने पुनः तहरीर देकर आरोपी की गिरफ्तारी और बेटी की बरामदगी की मांग की। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह ने बताया कि पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जा आरोपी की तलाश की जा रही है।

# वांछित अभियुक्त को पुलिस ने पकड़ा



**सेवराई।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत उ.नि कौशलेश कुमार मिश्र मय हमराह द्वारा थाना गहमर पर पंजीकृत पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त धड़ाधड़ बाबा उर्फ सूर्यप्रकाश पाण्डेय पुत्र रायशंकर पाण्डेय निवासी ग्राम पचला थाना जंगीपुर जनपद को गहमर स्टेशन के पास नहर पुलिया से गिरफ्तार किया गया । बता दें कि बीते दिनों गहमर थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग के साथ गांव के ही एक तथाकथित पुजारी द्वारा छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए पीड़िता के परिजन द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। जिसके बाद से ही गहमर पुलिस को उक्त आरोपी का तलाश था।इस संदर्भ में थाना निरीक्षक राम सजन नागर ने बताया कि गिरफ्तारशुदा अभियुक्त के विरूद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम में पुलिस चौकी प्रभारी नि. कोशलेश कुमार मिश्र, हेड कांस्टेबल सुभाष कुमार व कांस्टेबल शुशील गौड़ शामिल रहे।

## आठ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आठ मार्च को जनपद न्यायालय, गाजीपुर, वाह्य न्यायालय सैदपुर एवं मुहम्मदाबाद तथा ग्राम न्यायालय जखनियाँ व जमानियाँ के साथ-साथ अन्य सरकारी प्रतिष्ठानों में किया जाएगा।विजय कुमार- क्ष्र, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निर्देशित प्रकरण यथा उत्तराधिकार प्रमाण पत्र संबंधी, छोटे व लघु दाण्डिक वाद, पारिवारिक वाद, धारा-138 एन.आई.एक्ट, स्टाम्प वाद/पंजीयन वाद, मोटर अधिनियम वाद, चकबंदी वाद, श्रम वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वाट-माप प्रचलन अधिनियम वाद, कराधान प्रकरण, बिजली चोरी के वाद, सुलह समझौता एवं मध्यस्थता के माध्यम से वैवाहिक विवाद को परिपक्व कराकर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में पूर्व की तुलना में ज्यादा से ज्यादा वादों का निस्तारण कर, आमजन को लाभान्वित करते हुए, राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है।

# राष्ट्रीय सेवा योजना: स्वयंसेवकों की राष्ट्रनिर्माण में अहम भूमिका

**जखनियां।** सुखदेव किसान पीजी कॉलेज फूलपुर बूढ़ानपुर में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व लोकसभा प्रत्याशी पारसनाथ राय ने कहा सभी युवा स्वयंसेवक जो एनएसएस के नेतृत्व वाली सामुदायिक सेवा के माध्यम से देश की सेवा करने का विकल्प चुनते हैं। एनएसएस बैज को गर्व और जरूरतमंदों की मदद करने के लिए जिम्मेदारी की भावना के साथ पहनते हैं। उन्होंने कहा कि ठरर बैज में कोर्णाक व्हील 8 बार होता है, जो दिन के 24 घंटों का संकेत देता है, पहनने वाले को राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार रहने की याद दिलाता है, यानी 24 घंटे। बैज में लाल रंग एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा प्रदर्शित ऊर्जा और भावना को दर्शाता है। नीला रंग उस



ब्रह्मांड को दर्शाता है, जिसमें एनएसएस एक छोटा सा हिस्सा है, जो मानव जाति के कल्याण के लिए अपना योगदान देने के लिए तैयार है। पारसनाथ राय ने कहा कि राष्ट्र की सेवा में भारत सरकार द्वारा चलाया जाने वाला एक कार्यक्रम जिसका उद्देश्य नेतृत्व की गुणवत्ता को विकसित करना और राष्ट्र निर्माण के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवा पुरुषों और महिलाओं के दिमाग को जीवन में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाना है, साथ ही चरित्र निर्माण, अनुशासन और एकता की भावना को विकसित करना है। प्रबंधक भूलन सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक केंद्रीय योजना है। जिसके जरिए छात्रों को स्वैच्छिक सामुदायिक सेवा में हिस्सा लेने का मौका मिलता है। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। कार्यक्रम में डॉ अमृता सिंह, डॉ ज्योति सिंह, डॉ उषा सिंह, डॉ हेमंत सिंह, डॉ रामदीन कुमार, हरेंद्र यादव, विद्यासागर यादव सहित समस्त छात्र एवं छात्राएं उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### बाल विकास परियोजना कार्यालय का होगा कायाकल्प



**सेवराई।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के विकास खंड भदौरा स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय का दिन जल्द ही बहुरेंगे। गोदाम का शनिवार को जेई द्वारा जर्जर हो चुके गोदाम की नाप- जोख किया गया । स्थानीय तहसील के समीपवर्ती भदौरा ब्लाक का बाल विकास परियोजना कर्यालय का आवास व गोदाम जर्जर हो चुका है व छत की सरिया दिखाई दे रही है भवन और गोदाम इतना जर्जर हो चुका है कि कभी भी बड़ी दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। भदौरा ब्लाक परिसर में बना बाल विकास परियोजना कार्यालय व गोदाम जर्जर होने की वजह से सरकार द्वारा बच्चों के लिए दिया जा रहा पुष्टाहार रखने में परेशानी हो रही है। जब से ब्लॉक बना है उस ब्लाक में बाल विकास परियोजना कार्यालय का गोदाम खंड विकास कार्यालय के भवन में ही चलता । इस गोदाम की मरम्मत न होने की वजह से वह जर्जर अवस्था मैं पहुंच चुका है गोदाम की खिड़की दरवाजा सहित छत टूट कर गिर रहे हैं एवं पूरा गोदाम कचरे से भर गया है गोदाम जर्जर अवस्था में होने की वजह से सरकार द्वारा दिया जा रहा है बच्चों का पुष्टाहार बाल विकास परियोजना कार्यालय में रखा जा रहा है जिसके चलते यहां काम करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है वही आंगनबाड़ी कार्यकतीओं को बैठने की जगह ना होने की वजह से उन्हें ब्लॉक परिसर में लगे बरगद के पेड़ के नीचे बैठने को मजबूर होना पड़ता है। इस संबंध में जेई दूधनाथ ने कहा कि बाल विकास परियोजना कार्यालय का गोदाम जर्जर हो चुका है जर्ज भवन की नापी की जा रही है नापी करके इसकी आख्या संबंधित अधिकारी को भेज कर शासन द्वारा पैसा आवंटन होने पर काम किया जाएगा।

### राजकीय महिला कॉलेज में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ

**गाजीपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के 46 वां सप्त दिवसीय विशेष शिविर का उद्घाटन हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. अनिता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय स्टेट बैंक गाजीपुर की मुख्य शाखा प्रबंधक श्वेता सुमन रहीं । कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। प्राचार्य प्रो. अनिता कुमारी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए अपने उद्बोधन के द्वारा स्वयंसेवी छात्राओं को पूरे उत्साह एवं मनोयोग से सप्त दिवसीय शिविर में प्रतिभाग करने को प्रेरित किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ रामनाथ केसरवानी ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया की इन सात दिवसों में स्वयंसेवी छात्राओं को नया अनुभव व सीखने का सुअवसर प्राप्त होगा जिसमें वह राष्ट्रीय सेवा योजना के ध्येय वाक्य "मैं नहीं तुम" को चरितार्थ करते हुए अपने गोद लिए क्षेत्र कोयलाघाट, ददरीघाट, मियापुरा तथा नवापुरा में जाकर विभिन्न सामाजिक विषयों जैसे स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पर्यावरण संरक्षण आदि मुद्दों पर रैली निकाल कर, डोर टू डोर कैंपेन एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करेंगी। कार्यक्रम को जीवंत एवं मनोरंजक बनाते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ नेहा कुमारी एवं ओम शिवानी के निर्देशन में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिसमें सिमी व उसकी सहयोगी के द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया । शालिनी, अंशिका एवं उनकी टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से "युवाओं पर सोशल मीडिया के बढ़ते दुष्प्रभाव" को रेखांकित किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्वेता सुमन ने स्वयंसेवी छात्राओं को अपने सपनों एवं महत्वाकांक्षाओं को राष्ट्र निर्माण एवं समाज सेवा से जोड़ने की सीख दी। धन्यवाद ज्ञापन डा. रामनाथ केसरवानी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन स्वयंसेविका संध्या राजभर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी डॉ मनीष कुमार सोनकर एवं पूर्व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. गजनफर सईद ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दौरान जनपद नोडल अधिकारी डॉ अमित यादव, मीडिया प्रभारी डॉ.शिव कुमार, महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ विकास सिंह, डॉ निरंजन यादव, डॉ शिखा सिंह, डॉ सारिका, डॉ शैलेंद्र यादव, कार्यालय अधीक्षक श्री राधेश्याम कुशवाहा, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जबीउल्लाह एवं हिना सहित राष्ट्रीय सेवा योजना की समस्त छात्राएं उपस्थित रहे।

### शराब तस्करी में युवक धराया

**जमानियां।** पुलिस ने अवैध देशी शराब की तस्करी करते हुए शुक्रवार कि सुबह 7:30 बजे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के पास से 22 पाउच ब्लू लाइम देशी शराब बरामद की। जिसकी कुल मात्रा 4.4 लीटर बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार शुक्रवार को हेड कांस्टेबल सतीश कुमार यादव व कांस्टेबल अनूप राय क्षेत्र में गश्त कर रहे थे, तभी मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति प्लास्टिक के झोले में अवैध शराब लेकर बिहार बेचने जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा, जिसकी पहचान प्रहलाद प्रजापति (18) निवासी कानूनगो मोहल्ला, जमानिया के रूप में हुई। तलाशी के दौरान अभियुक्त के पास से 22 पाउच देशी शराब बरामद हुई। जब उससे शराब रखने का वैध प्रपत्र मांगा गया तो वह प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। इसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अशेष नाथ सिंह ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त प्रहलाद के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**रेवतीपुर।** स्थानीय गाँव निवासी आशीष राय उर्फ आकाश उम्र करीब 24 वर्ष का एटा जनपद के अलीगंज थाना अंतर्गत एक सडक हादसे में मौत होने की सूचना ज्योहिं गाँव एवं उसके परिजनों को हुई तो उनमें कोहराम मच गया। जबकि इस घटना के बाद से ही गाँव में सन्नाटा पसरा हुआ है।भतीजे के मौत की सूचना पर चाचा बलमेश्वर राय सहित अन्य परिजन वाहन से घटनास्थल के लिए रवाना हो गये। वहीं एटा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेंज,घटना की छानबीन शुरू करने के साथ ही वाहन की तलाश में जुट गई है।मगर उसका पता नहीं चल सका है।वहीं इस हादसे का एक सीसीटीवी फुटेज सामने आया है,जिसमें अलीगंज थाना अंतर्गत कायमगंज रोड स्थित कोल्ड स्टोर के समीप दुकान पर चाय पीने जा रहे आशीष राय को पिछे से आ रही एक तेज रफ्तार स्कार्पियों ने जोरदार टक्कर मार दी।

### 17 फरवरी को रोजगार मेला

**गाजीपुर।** जिला ग्रमोद्योग अधिकारी अमिता श्रीवास्तव ने बताया है कि खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद स्तर पर शिक्षित बेरोजगार, आईटीआई, पालीटेक्निक तथा परम्परागत कारीगरों के युवक/युवतियों को स्वरोजगार की स्थापना हेतु विभागीय योजनाओं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान किये जाने हेतु एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन 17 फरवरी को अपराह्न 12.30 बजे विकास खण्ड- सदर में किया जायेगा।

# कोटा आंवटन में धांधली को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन

### रोष

**ग्राम प्रधान पर कोटा आंवटन में पक्षपात का लगाया आरोप,सौंपा पत्रक**



सैदपुर तहसील पर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

**सैदपुर।** क्षेत्र के अलायचक गांव निवासिनी दर्जनों महिलाओं ने गांव के प्रधान पर सरकार सस्ते गल्ले की दुकान के आवंटन प्रक्रिया में धांधली करने का आरोप लगाते हुए तहसील में प्रदर्शन किया और जॉइंट मजिस्ट्रेट को पत्रक सौंपा। इस दौरान शनिवार को दोपहर 1 बजे तहसील में जय भीम स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष किरन देवी के नेतृत्व में दर्जनों की संख्या में नारेबाजी करते हुए पहुंची महिलाओं ने तहसील में प्रदर्शन किया। इसके बाद सभागार में जॉइंट मजिस्ट्रेट को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें स्पष्ट तौर पर गांव के प्रधान श्रवण यादव पर लिखित आरोप लगाया कि प्रधान फर्जी ढंग से चंदा देवी के स्वयं सहायता समूह को कोटा आर्वटित कर रहे हैं। जबकि जय भीम स्वयं सहायता समूह में कुल 15 सदस्य हैं और मीरा बाई स्वयं सहायता समूह में 12 सदस्य हैं। बताया कि दोनों समूहों ने कोटे के लिए आवेदन किया है। इसके बाद ग्रामीणों की बैठक हुई, जिसमें सक्षम अधिकारी ने ग्रामीणों के हस्ताक्षर कराए। जहां वरीयता के क्रम में जय भीम स्वयं सहायता समूह को सर्वसम्मति से कोटा आवंटित हुआ। लेकिन चर्चित प्रधान श्रवण यादव इसमें धांधली करते हुए अवैध तरीके से अपने चहेते स्वयं सहायता समूह मीरा बाई स्वयं सहायता समूह को कोटा आवंटित कर रहे हैं। बताया कि पिछली बार भी उन्होंने जिसे कोटा आवंटित कराया था, वो भी भ्रष्टाचार में लिप्त था और उसी भ्रष्टाचार के कारण उक्त कोटे को निरस्त करके ग्रामीणों को रावल से अटैच किया गया है। उन्होंने जॉइंट मजिस्ट्रेट को पत्रक देकर इसमें आवश्यक कार्यवाही की मांग की। वहीं उनके साथ आये शिवबचन राम ने भी प्रधान पर शौचालय योजना का रुपया लेने व आवास दिलाने के बदले में रिश्वत मांगने का आरोप लगाया। इस मौके पर सुनील कुमार, महेंद्र कुमार, अर्चना देवी, बबिता देवी, रीना देवी, नीतू देवी, सोनी, शीला, अमरी देवी, अनीता, संगीता देवी, रीता आदि रहे।

## 20वीं उत्तर प्रदेशीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए एथलीटों का चयन

**सैदपुर।** नगर के टाउन नेशनल इंटर कॉलेज मैदान में शनिवार को 20वीं उत्तर प्रदेशीय यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए जनपद स्तरीय एथलीटों का चयन किया गया। जिसमें पुरुषों के 100 मीटर दौड़ में अभिषेक सिंह एवं शिवानंद चौहान,400 मीटर में हार्दिक गुप्ता और अफरोज खान,1000 मीटर दौड़ में अभिषेक यादव और संदीप बिंद और लंबी कूद में अमन यादव,गोला फेक में राहुल विश्वकर्मा भाला फेंक में विशाल यादव और आयुष यादव का चयन किया गया। वही महिला 1000 मीटर दौड़ में नंदनी राजभर एवं सविता बिंद, पैदल चाल में खुशबू यादव गोला फेक और चक्का फेंक में अर्पणा सिंह एवं खुशी बिंद का चयन किया गया। इस अवसर पर टाउन नेशनल इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रत्यूष कुमार त्रिपाठी,गाजीपुर एथलेटिक संघ के कार्यवाहक सचिव डॉ० रुद्रपाल यादव अध्यक्ष अमरजीत सिंह,उपाध्यक्ष डॉ अनिल कुमार विश्वकर्मा ,राम अवध राम , दीनानाथ संघ के सदस्य मनोज कुमार , लालबहादुर यादव ,बुधीराम राजभर प्रमिला यादव कोषाध्यक्ष दिवाकर यादव ने चयनित खिलाड़ियों को अग्रिम शुभकामनाएं देते हुए अच्छे प्रदर्शन की कामना की।

# इमली का पेड़ गिरने से स्कॉर्पियो क्षतिग्रस्त, किशोर घायल



भांवरकोल चट्टी के पास पेड़ के नीचे दबी स्कार्पियों।

**भांवरकोल।** थाना क्षेत्र के भांवरकोल चट्टी के पास शुक्रवार की शाम करीब सात बजे गाजीपुर-भरौली मार्ग पर वर्षों पुराना इमली का पेड़ धराशाई होने से आवागमन बाधित हो गया और दोनों ओर ट्रकों का लंबा जाम लग गया। पेड़ गिरने के दौरान ही रोड से गुजर रही एक स्कॉर्पियों भी चपेट में आ गई है। जिसमें एक किशोर(लाल मोहर गोड़ निवासी भांवरकोल) बुरी तरह से घायल है। जिसे परिजन इलाज हेतु मऊ के किसी निजी अस्पताल लेकर गए हैं। इस हादसे में स्कॉर्पियों क्षतिग्रस्त हुई है और चालक बाल-बाल बच गया है। स्कार्पियों चालक छांगुर यादव ने बताया कि वह भांवरकोल से प्रयागराज महाकुंभ जा रहा था।

तभी इमली के पेड़ के चपेट में आ गया।ज्ञात हो कि भांवरकोल चट्टी पर हफ्ते में दो रोज बृहस्पतिवार और सोमवार को बाजार भी लगती है।गनीमत रही की बाजार का दिन नहीं था नहीं तो एक बड़ा हादसा हो जाता। पेड़ गिरने की सूचना पर थानाध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और आवागमन को सुचारू बनाने में लग गए। उनके सूचना पर बढ़नपुरा गांव का रहने वाला कैलाश शर्मा का पुत्र अपनी लकड़ी कटर मशीन के साथ पहुंचा और पेड़ की कटाई शुरू कर दी। मौके पर आसपास के लोगों की भारी भीड़ और पुलिस बल मौजूद थी। तीन चार घंटे के बाद कटाई के बाद आज भोर में राजमार्ग आवागमन के लिए चालू हो सका।

# तहसील दिवस की शिकायतों का तत्काल करें निस्तारण: डीएम

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर।** जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील जखनियां में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक ईरज राजा की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमे 69 शिकायत प्राप्त हुए और मौके पर पांच का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलों की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 171 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 24 शिकायत पत्रों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील जमानियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता 17 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें 02 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील सेवराई में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 12 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 17 शिकायत प्राप्त हुए 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील मुहमम्दाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 14 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 21 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 05 का निस्तारण किया गया एवं तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 21 शिकायत प्राप्त 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत पत्रों का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण किया जाय। तहसील दिवस के उपरान्त तहसील परिषर में बनाये गये समीक्षा भवन का जिलाधिकारी आर्यका अखौरी द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, परियोजना निदेशक राजेश यादव, जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, उपजिलाधिकारी जखनियां, तहसीलदर जखनियां, एवं समस्त सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

### आयोजन

**जखनियां तहसील में डीएम-एसपी ने सुनी फरियाद, पांच का निस्तारण**

## समाज में अपनी बातों को सतर्कता से रखें

**मरदह।** उपनिदेशक (पंचायत)वाराणसी मंडल के तत्वावधान में विकास खंड सभागार दो दिवसीय अनावासीय महिला ग्राम प्रधान का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। मरदह,कासिमाबाद, बिरनो के 141 महिला ग्राम प्रधान का नेतृत्व क्षमता, संचार कौशल और लैंगिक समानता विषय पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।दूसरे दिन मास्टर ट्रेनर शशि कुमार,कल्पना शर्मा,सुनील सिंह ने कार्यशाला में प्रशिक्षण के दौरान पंचायत में नेतृत्व कौशल की अवधारणा और उपयोगिता,प्रधान के रूप एक अच्छे नेता के गुण,स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी एवं निगरानी, सशस्त्त पंचायतों के लिए प्रभावी साक्षर की अवधारना, संचार व लैंगिक भेदभाव से संबंधित बाधाएं पर प्रशिक्षण किया गया।

सुनील सिंह वरिष्ठ फैकल्टी सह प्रबंधक डीपीआरसी चंदौली के द्वारा प्रतिभागियों को संचार कौशल के तहत कानाफूसी का खेल कराते हुए बताया कि जब कोई बात एक जगह से चलती है तो आगे पहुंचते-पहुंचते उस बात का अर्थ बदल जाता है,इसलिए अपने बातों को जब भी रखे तो पूरी सतर्कता और ध्यान के साथ।

इस मौके पर ब्लाक प्रमुख सीता सिंह, धर्मेंद्र कुमार सिंह, एडीओ पंचायत प्रभाकर पाण्डेय, विनित राय आदि मौजूद रहे।

# रजवाहा के पानी से डूबी फसल का टीम ने किया आकलन

जनसंदेश न्यूज



ओवरफ्लो होने से फसलों के नुकसान का जायजा लेते अवर अभियंता आर एन कुमार।

**रेवतीपुर।** एक दिन पूर्व ड़ेढगावां गाँव के समीप ताड़ीघाट रजवाहा के ओवर- फ्लो होने से फसलों को हुए नुकसान और ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता ने चार सदस्यीय अवर अभियंताओं की एक टीम गठित कर उन्हें हुए नुकसान के आंकलन की? रिपोर्ट 24 घंटे में उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अधिशासी अभियंता के निर्देश के बाद चार सदस्यीय अवर अभियंताओ की टीम डेढगावां गाँव पहुंची,और ताडीघाट रजवाहा से पैदल दोनों तरफ हुए फसलों को नुकसान का जायजा लिया,और उसका स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर अधिकारियों के आने की सूचना पर ग्रामीण भी मौके पर पहुंच गये। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से उनके फसलों आदि के हुए नुकसान के क्षतिपूर्ति की मांग किया। जिसपर आई टीम ने लोगों को आश्वासन दिया कि इसकी पूरी रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी। वहीं लोगों ने कहा कि रजवाहा में बेवजह पानी न छोड़ा जाए।ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के अधिकारियों से कहा कि रजवाहा के दोनों तरफ उसकी पटरियों, भीटे की ऊंचाई बढाई जाए,ताकि रजवाहा के ओवर- फ्लो होने पर उसका पानी उनके फसलों में न जाने पाए और रजवाहा भी टूटने से बच सके। जिसपर अधिकारियों ने लोगों को शांत कराते हुए कहा कि जल्द ही उनकी सभी मागें पूरी की जाएगीं। मालूम हो कि बीते शुक्रवार को सिंचाई विभाग के द्वारा रजवाहा में क्षमता से अधिक पानी छोड दिया गया था। जिसके कारण डेढगावां गाँव जे समीप इसके ओवर- फ्लो होने से दर्जनों किसानों की 50 वीघे से अधिक की विभिन्न फसलें जलमग्न हो गई थी।यही नहीं रजवाहा के ओवर- फ्लो होने से इसका पानी डेढगावां गाँव के राजभर बस्ती के समीप पहुंचने के साथ ही, पीएचसी परिसर में भी घुस गया था। इस अवसर पर अवर अभियंता आर एन कुमार, पंकज कुमार गुप्ता, शिशुपाल, रविकांत, अक्षय राय दुर्गेश, हरिपाल राय, गिरजा, लल्लन यादव, सूरज राजभर, शिव प्रकाश राय, आलोक यादव, राजेश, ओम नारायण, संजीव राय आदि मौजूद रहे।

## मूल्यांकन

# 'शंखमुखी शिखरों पर' : किताब की 'षष्टि पूर्ति'

**बोधिसत्व**



1964 की मार्च अप्रैल में आई थी लीलाधर शर्मा की पहली कविता की किताब 'शंखमुखी शिखरों पर!' यह वर्ष उनके इस संकलन की षष्टि पूर्ति का है। वैसे तो 2024 के मार्च से ही यह साठवाँ साल जारी है और मार्च 25 तक चलेगा। लीलाधर शर्मा ही आगे लीलाधर जगूड़ी हो गये।

एक किताब के साठ साल पूरे होने पर उसके दूसरे संस्करण का आना षष्टि पूर्ति संस्करण प्रकाशन ही मानना चाहिए। इस काम को संभव किया है संभावना प्रकाशन ने। यहाँ एक खुशी की बात है तो एक चिंता का विषय भी है। एक किताब को फिर से प्रकाशित होने में साठ साल लगें यह हिन्दी समाज की दीन दशा का भी प्रमाण है। यह उदासी का विषय भी है और सोचने का भी।

पहला संस्करण बनारस से प्रकाशित हुआ। किताब की प्रस्तावना में गीतकार आलोचक शम्भुनाथ सिंह ने कहा है-

हिमालय का कवि सदा से दो बातों के लिए अन्य कवियों से विशिष्ट रहा है। एक तो यह कि उसको कविताओं में जाने-अनजाने हिमालय की छाया अवश्य अंकित हो जाती है। दूसरी यह कि प्रेम के उद्दाम रूपों का चाहे वे विरह के हों या मिलन के, वह अकुण्ठ भाव से वर्णन करता है।

उनके ये कथन लीलाधर जगूड़ी जी की 'शंखमुखी शिखरों पर' के बाद की कविता पर भी लागू होते हैं। शम्भुनाथ जी ने इस संकलन की कविताओं पर कुछ और मूल्यवान बातें कहीं हैं, वे लिखते हैं-'इन कविताओं में हिमालय एक अनाघ्रात कुसुम की तरह अपनी पूरी ताजगी और टटकेपन के साथ उभर सका है।....यह कवि का प्रथम काव्य-संग्रह है। कवि नितांत नवोदित है। अतः इस संग्रह की कविताओं में प्रौढ़ता और पूर्णता की खोज करना कवि के साथ अन्याय करना होगा। किन्तु इन कविताओं में कवि की प्रतिभा, कल्पना प्रवणता और संवेदनशील स्पन्दन वर्तमान है।'

जब यह संग्रह प्रकाशित हुआ तब जगूड़ी जी तेइस-चौबीस साल के थे और बनारस में रह रहे थे। शम्भुनाथ जी ने आलोचकों और पाठकों को आगाह करते हुए कवि के प्रति एक उम्मीद रखते हुए लिखा था- 'मैं आशा करता हूँ कि प्राचीन और आधुनिक साहित्य के सम्यक अध्ययन, निरन्तर काव्याभ्यास तथा आधुनिक भावबोध के परिचय के साथ उसकी कविताओं में निखार और कलात्मकता आती जायेगी। विषयवस्तु भी बदलती जायेगी। इन शब्दों के साथ मैं प्रस्तुत संग्रह को पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत करता हूँ और साथ ही कवि के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना करता हूँ।'

कवि ने शम्भुनाथ जी की आशाओं पर अपना विस्तार सचमुच और सही दिशा में किया। आगे के उनके अठारह और कविता संकलन इस बात की गवाहों देते हैं।




'शंखमुखी शिखरों पर' के साथ ही जगूड़ी जी की कविता यात्रा के लगभग पैंसठ सत्तर साल पूरे हो गये हैं। वे हिन्दी के कुछ कवियों में हैं जो सात साल की उम्र से कविता लिखे रहे हैं। आज हिन्दी में सबसे अधिक कविता संग्रह वाले कवि हैं वे। उनकी समूची कविता यात्रा पर कुछ कहने की जगह मैं लीलाधर जगूड़ी जी के इस प्रथम संग्रह पर ही कुछ कहना चाहूँगा।

इसकी लगभग पहली समीक्षा में प्रयाग शुक्ल जी ने इसे 'घरू मोह' की कविताएँ कहा था। प्रयाग जी ने नॉस्टेलजिया के लिये यह शब्द लिखा था। मुझे लगता है कि हर कविता में एक 'घरू मोह' होता है और यदि वह मोह दिशाहीन न हो तो वह कविता को पहाड़ से मैदान और समुद्र और अनंत तक विस्तार देता है।

इस संकलन की कविताएँ घरू मोह से अधिक वीतरागी भावना की कविताएँ हैं। इनमें 'बैरागी पहाड़ की उतार चढ़ाव भरी कथाएँ हैं जिनमें सूनी घाटियों में चीखते झरने की उदासी गूंजती रहती है'। इस संकलन की कविता पर नई कविता का प्रभाव तो देखा ही जा सकता है लेकिन उससे निकलने की एक साफ दृष्टि भी देखी जा सकती है। कविता में गीत के प्रभाव और भाव की सघन छाया है। बल्कि अनेक कविताएँ गीत ही हैं। 'साँकल खड़खड़ाती है' कविता देखिये-प्रतीक्षित शिशिर के /स्वप्न सुमनों पर /जल्दी ही आयेगा /वासन्ती निखार /फिलहाल तो /ऊषा के द्वार खड़ी/साँकल खड़-खड़ाती है /हेमन्ती बयार ! ( पृष्ठ 89)

'शंखमुखी शिखरों पर' की यह एक और कविता देखिए जो की छंद में पूरी तरह निबद्ध है-परिधियों में छटपटाती मान्यता/व्यंग्य कसती है किसी विस्तार पर /और छोटा अर्थ द्योतक शब्द ही /फेंक देते हैं किसी अवतार पर ! ( पृष्ठ 94)

कई कविताओं के शीर्षकों में प्रयुक्त शब्दों में भी नवगीतों का प्रभाव दिखता है। 'उत्तर काशी के यादीले संदर्भ' में 'यादीले' शब्द एक ऐसे समय की याद दिलाता है जब लालिमा के तर्ज पर पीलिमा लिख लेना भी नवोन्मेष माना जाता था। 'श्रृंखलित प्यार' में 'श्रृंखलित' शब्द इसी तरह के प्रयोग के रूप में देखे जा सकते हैं।

इस संकलन में पहाड़, पहाड़ी गाँव और पहाड़ी ऋतुएँ पहाड़ की सिसकी और पहाड़ की उषा सन्ध्याएँ, कार्तिक के धान कटे नग्न खेत और पहाड़ी आकाश से झरते हिम फूल यह सब न केवल नया है बल्कि साठ वर्षों में भी अपूर्व है। पहाड़ के 'आंसू के ठहरे से गाँव' 'अंबर के रंध्रों से' झरते दिखते हैं। हिमालय के शिखर और उसकी तलहटी की इतनी दुर्लभ विरल छवियाँ और उसकी पिघलती उदासियाँ हैं इस किताब में जो पहाड़ से आने वाले अन्य किसी कवि ने नहीं दर्ज की हैं। शंखमुखी शिखरों की कविता हिमालय की विराटता का राष्ट्रीय प्रसार है।

जगूड़ी जी ने इस संकलन से अपनी उपस्थिति ही नहीं दर्ज कराई बल्कि अपने विस्तृत भाव भूमि की एक बड़ी भूमिका भी लिख दी। पहाड़ और पहाड़ी जीवन की नकली रुखायी यहाँ खोजने पर नहीं मिलेगी बल्कि यहाँ पहाड़ की धड़कती बेचैनियाँ और पुकार साफ साफ दिखेगी। ये कविताएँ हिमालय ही नहीं कविता का भी एक शंखमुखी शिखर रचती हैं।

किताब के नये संस्करण में लीला धर जगूड़ी जी ने एक भूमिका जोड़ी है जो कवि की आपबीती और कवि हो जाने का आख्यान है। यह एक तरह से अपनी काव्य यात्रा और उन लोगों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन है जिनसे कवि का आरंभिक कवि जीवन संभव हुआ। इसी भूमिका में वे अपने अनेक कवि नामों का उल्लेख करते हैं । यह जानना अच्छा लगेगा कि उन्होंने 'इन्दु', 'तरुण' और 'अभिनव' जैसे उपनाम भी रखे। वे भूमिका में यह भी बताते हैं कि 'शंखमुखी शिखरों' पर की कविताएँ शम्भुनाथ सिंह जी द्वारा चयन की गयीं। यह भी स्वीकार करते हैं कि बनारस ने कवि के जीवन को बहुत बदला। यह आपबीती लीलाधर जगूड़ी जी की आगे की कविता को समझने में भी सहायक है।

शीर्षक कविता से एक अंश देखियेः 'देवदारु घिरा पंथ झोंकि हैं साथ /शंखमुखी शिखरों पर चाँद घुली रात ! /पास कहीं बजती है झरनों की बाँसुरी /नयनों में छलक पड़ी एक बूंद आंसुरी !/ शब्द हीन चरणों से टाँग गयी मेनका / विस्मृति की वेणी पर एक फूल याद का !'

संभावना प्रकाशन का यह हिन्दी कविता के ऊपर एक ऋण जैसा है। जो लीलाधर जगूड़ी जी की कविता के पाठक होंगे उनके लिए यह एक भेंट है। अक्सर प्रकाशक की उपेक्षा करना कवियों लेखकों ने धर्म कर्तव्य बना लिया है लेकिन संभावना प्रकाशन ने 'शंखमुखी शिखरों को' फिर से उपलब्ध करा कर कविता प्रेमियों पर उपकार किया है।

किताबः शंखमुखी शिखरों पर
कविः लीलाधर जगूड़ी
मूल्य : 150
प्रकाशक : संभावना प्रकाशन,
रेवती कुंज, हापुड़

# सिराज-ए-दिल जौनपुर : अपने शहर को जानने पहचानने की कोशिश

**नीलिमा पांडेय**



गूगल मैप, करंट लोकेशन, सैटेलाइट वगैरह-वगैरह गूगल के तय दायरों में सिमट आई दुनिया ने अपने बारे में सोचने, समझने और खुद को पहचानने के नये तरीकों से इत्तेफाक कर लिया है।

वो एक अलग ही दुनिया थी जब घर में एक कोना लिखने-पढ़ने की मेज कहलाता था और दुनिया से रूबरू होने की कुन्जी उस में पर एटलस और ग्लोब के रूप में नुमायां होती थी। अब तो हम अपने 'डिटैचेबल बॉडी पॉर्ट' से दुनिया-जहान समेटे हर वक़्त चाक-चौबंद और मुस्तैद रहते हैं। इस मुस्तैदी ने हमें इंसानियत से कितना जोड़ा या दूर किया बहस का जुदा मुद्दा है। हाथ आयी 'जादू की डिबिया' है तो अलहदा, वो अलग बात है कि ये सफेद के साथ-साथ काला जादू भी दिखाती चलती है। 'ग्लोबल टू लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' के बीच बाज दफा जूतमपैजार और भेड़िया धसान करवाती रहती है।

खैर! हमारी बातचीत का मुद्दा अपनी पहचान से जुड़ा है। आधार कार्ड पर दर्ज भूतिया किस्म की तस्वीर से पहचाने जाने से पहले हम अपने शहर, गाँव-गिरांव, बोली-बानी, नौकरी-चाकरी, माँ-बाप, नात-बात, रिश्तेदार वगैरह-वगैरह से पहचाने जाते थे। आई डी की जगह एक सुन्दर सा नाम जो दिल-ओ-जान सी नेक सूरत वाली औलाद को माँ-बाप अता करते थे, वह हमें हमारी पहचान दिया करता था।

शहर का फलक नाम से अधिक व्यापक था। उस पहचान को मुकद्दस बनाने के लिए गये दिनों तमाम नये-पुराने लेखकों ने अपने-अपने शहरनामे लिखे हैं। जो न सिर्फ शहर का बल्कि शहर से उनकी लगावट का सूरत-ए-हाल बयां करते हैं। कुछ बयान अपने शहर को नजीर बनाने के लिये जाने गये तो कुछ खुद (लिखाई की इस शैली की) नजीर बन गए।

ऐसा ही अपने शहर की स्मृति में लिखा गया संस्मरण 'सिराज-ए-दिल जौनपुर' है। पुस्तक में केंद्र में, अगल-बगल, दाएं-बाएं सब जगह सिर्फ और सिर्फ जौनपुर है। शहर की गलियां, दुकानें, लोग-बाग, स्मारक, कला, साहित्य और इतिहास सबका जिक्र इस संस्मरण में मिलता है।

निष्पक्ष, कोमल तरीके से हर बात को सुन्दर बना देने के हुनर के साथ अमित श्रीवास्तव ने इसे कलम्बद्ध किया है। इतिहास के अलग-अलग पड़ावों से गुजरता शहर किस करवट बैठा रहा इसे पढ़ते हुये बखूबी समझा जा सकता है।

'मिसरा-ए उला' और 'मिसरा-ए-सानी' के बीच झमाकेदार तादात्म्य के साथ लिखे गए अध्यायों के बीच कुछ तजकिरे जायकेदार भी हैं। एक तरफ जलेबी, इमरती,समोसा ने महफिल में रंग जमाया है तो दूसरी तरफ कस्टर्ड ने पूरी महफिल लूट ली है।

इतिहास पढ़ते हुये हम पहले-पहल समय और स्थान का निर्धारण करते हैं। इस निर्धारण में जगहों के नाम उनसे जुड़े किसी मिथक, किवदंती या ऐतिहासिक घटनाक्रम का संकेत देते हैं। जौनपुर शहर इस नाम से क्यों जाना गया, इसके तमाम संदर्भ गिनाये जाते हैं।

ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो इस जगह को पहली बार एक शहर की शक्ल देने वाला शासक फि रोज-शाह तुगलक था। उसके छोटे भाई मुहम्मद-बिन तुगलक के बचपन का नाम जूना खाँ की तर्ज पर तुगलक काल में बसते ही इसे जौनपुर कहा जाने लगा। कालक्रमिक रूप ये बहुत बाद का घटना क्रम है।

एक सहज सवाल उठता है कि क्या इससे पहले जौनपुर साहित्य में दर्ज है अथवा नहीं? इसकी पड़ताल पौराणिक साहित्य से होती है। हरिवंश पुराण में यवनेंद्रपुरम का उल्लेख है। इसी के क्रमिक अपभ्रंश यवनपुर-जवनपुर से जौनपुर का उद्भव हुआ। कह सकते है कि ऐतिहासिक रूप से जौनपुर दीर्घकालिक महत्व का शहर रहा है। इसके रुआब और रसूख के कुछ चिन्ह आज भी बचे हुये है, कुछ वक़्त की मार में धूमिल हो चले है, कुछ का नाम ही शेष है निशान मिट चुके हैं। इनको ढूंढने और चीन्हने की कवायद में सिराज-ए-दिल जौनपुर से कुछ मदद मिल सकती है। यद्यपि ये पुस्तक संस्मरण है पर इतिहास की नब्ज थामे चलता है।

भाषा शैली रोचक है। साथ में 'मैं' की जगह 'हम' का तड़का भी है जो अपनापन को




बरकरार रखने की मुहिम में मुस्तैद है। कुल मिलाकर सिराज-ए-दिल जौनपुर अपने शहर की नुमाइंदगी करती सरपट दौड़ती है। मजे मजे में पढ़ जाइये। संस्मरण और इतिहास में रुचि है तो निराश नहीं होंगे।

**लेखकः अमित श्रीवास्तव, प्रकाशक : सेतु प्रकाशन समूह**

# बलराम गुमास्ता: विचार और कविताएं

## शख्सियत

**नरेंद्र गौड़**



आज हम भयावह संकट के दौर से गुजर रहे हैं। उपभोक्तावादी संस्कृति ने बाजार की ताकत को इतना अधिक बढ़ा दिया है कि आदमी अपनी अस्मिता खोकर बाजार की चीज बनकर रह गया है। राजनीति, धर्म, संस्कृति सभी मूल्य भ्रष्ट और दिशाहीन हो चुके हैं। ऐसी हालत में साहित्य के सृजनात्मक शब्द की जरूरत और ज्यादा महसूस हो रही है। यह बात आधुनिक कविता के सशक्त हस्ताक्षर बलराम गुमास्ता ने कही। इनका कहना था कि उपन्यास सम्राट प्रेमचंद ने बरसों पहले महाजनी सभ्यता अर्थात उपभोक्तावादी संस्कृति की विकृतियों, विद्रूपताओं को समझ लिया था। ऐसे में यहां यह सवाल उठता है कि आज जो कुछ भी रचा जा रहा है, उसका कितना हिस्सा कालजयी होगा। मौजदा दौर का बहुत- सा साहित्य कल होने जा रहे कबाड़ का हिस्सा है। उसका भविष्य आज है, कल नहीं। निश्चय ही इस मुद्दे पर गंभीरता से विमर्श होना चाहिए।

एक सवाल के जवाब में बलराम ने कहा कि साहित्य में आदमी और उसकी आदमीयत को बचाने की क्षमता है। समाज को नियंत्रित करने तथा उसे सही दिशा की तरफ ले जाने की क्षमता साहित्य में है। जहां तक कविता का सवाल है, वह प्रश्न करना भूल चुकी है, वह पाठकों के मन को झकझोर नहीं पा रही है।

बलराम का कहना था कि आज प्रकाशन की दुनिया में भयानक क्रांति का दौर चल रहा है। नाटककारों को छोड़कर नए-नए कवि, कथाकार, उपन्यासकार जन्म ले रहे हैं। दस बीस कविता जिसने लिख ली, वहीं अपनी किताब छपाने की दौड़ में शामिल है। पैसा खर्च करिए और रातों- रात किताब छपा लीजिए। साहित्य के नाम पर हम भूसे के ढ़ेर पर बैठे हैं।

बलराम गुमास्ता ने अपनी कविता में जिस प्रकार मुहावरे गढ़े हैं और कहन का जो तरीका इस्तेमाल किया है, उसकी वजह से इनकी कविता अलग से पहचानी जाती है। यह इनकी दुर्लभ उपलब्धि है। ऐसा कम ही होता है कि कवि को उसकी रचना की वजह से पहचान मिल जाए। बलराम का नाम उनकी कविता के साथ नहीं भी हो, तब भी हम पहचान सकते हैं कि ऐसी कविता बलराम गुमास्ता के अलावा किसी की हो नहीं सकती। इसी पहचान को पाने के लिए रचनाकार बरसों तरसते हैं। गायक कलाकार को आप उसकी आवाज के जरिए पहचान सकते हैं लेकिन कविता पढ़कर आप कवि को पहचान जाएं, ऐसा कम होता है।

इन दिनों बलराम गुमास्ता के कविता संकलन कवि कपूत के बड़े चर्चे हैं। वाकई हम उस समाज से आते हैं जहां कविताई करने को सम्मान के नजरिए से नहीं देखा जाता है। आप डाक्टर, इंजीनियर, व्यापारी है तब तो ठीक है, लेकिन यदि कवि हैं तो समाज आपको वह दर्जा नहीं देगा।

बलराम गुमास्ता की कविताएं जीवन के गहरे सच और जीवंत अनुभवों की कविता है। भाषा और शिल्प को लेकर इनकी कविताओं में अनेक प्रयोग हैं। इन्हें लिखने की प्रेरणा किसी आंदोलन के तहत नहीं मिली है और न ही इनकी कविताओं का कोई घोषित एजेंडा है। इसके बावजूद इनकी भाषा और शिल्पगत प्रयोगशीलता का क्षितिज बहुत व्यापक है। इनकी कविताओं में अंतर्वस्तु और रूप में व्दन्दात्मक सम्बंध है। इन्होंने अपनी कविताओं में प्रचलित काव्यशास्त्रीय अवधारणाओं तथा शाश्वत नियमों को ध्वस्त करते हुए नए मुहावरे गढ़े हैं। यह तय है कि बलराम का कवि अपने समकालीनों की पांत में रहकर सृजन कर रहा है और उनकी कविता के अनेक तत्व समकालीनों की कविता के समान हैं, लेकिन वह कौन -सी चीज है जो इनको अलग करती है और विशिष्ट पहचान गढ़ती है? इसका दो टूक यह जवाब होगा-उसकी शैली। शैली कवि की अन्तर्वस्तु, भाषा और शिल्प का समुच्चय या समग्र उपलब्धि है। कहना न होगा कि इसी खूबी को बलराम ने पाया है और इसी वजह से इनकी कविताएं दूसरों से अलग पहचानी जाती हैं।

केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल में मुख्य कृषि अभियंता रहे बलराम गुमास्ता इन दिनों स्वतंत्र लेखन में व्यस्त हैं। जबलपुर जिले के ग्राम मझोली में जन्मे बलराम ने अपने गांव देहात के एक बड़े हिस्से को सृजनात्मक साहित्य का हिस्सा बनाया है। आप कविता, कहानी, बाल साहित्य और आलोचना जैसी विधाओं में सृजनरत हैं, लेकिन केंद्रीय विधा कविता ही रही है। इनकी चौदह कृतियां प्रकाशित तथा चर्चित हैं, जिनमें नीम से पुते मलयागिर, विष्नू नाट्य कंपनी और अन्य कविताएं, नामवर, कवि कपूत, सिर्फ धरती भर दूर, चयनित कविताएं शामिल हैं।



बलराम गुमास्ता ने बताया कि इन्हें अंतरराष्ट्रीय ब्रिटिश काउंसिल, टी.सी.टी. अवार्डः 1997-98 प्राप्त हो चुका है। इसके अलावा एक और उपलब्धि यह कि बलराम ब्रिटेन, फ्रांस और चेक गणराज्य और आस्ट्रेलिया की यात्राएं भी कर चुके हैं। वर्ष 2019 में देश की प्रतिष्ठित नाट्य संस्था त्रिकर्ष व्दारा इनकी कविताओं का बेटी के सवाल नाम से नाट्य मंचन भोपाल के शहीद भवन में किया जा चुका है, वहीं साहित्य अकादमी नई दिल्ली व्दारा छापे गए हूज हू ऑफ इंडियन राइटर्स के वॉल्यूम 1990 में इन्हें शामिल किया जाना भी बड़ी उपलब्धि है।

## रोटियां होती हैं कभी खत्म न होने वाली भूख

### 1. बुराई

जब पहली बार की जाती है
किसी की बुराई
तो हमारी घृणा के चलते
उसमें बोला जाता है
पचास प्रतिशत झूठ
दूसरी बार में कटुता जिसे
साठ प्रतिशत तक बढ़ा देती है
तो तीसरी बार की जा रही
बुराई में बोला जाता है
शत-प्रतिशत झूठ
व्देष तब चरम पर होता है
इस तरह हमारा
शत-प्रतिशत झूठ
बुरे व्यक्ति के हिस्से में
सच की तरह जाता है
धीरे-धीरे बुरा व्यक्ति
शत-प्रतिशत
सच बनकर
हमारे जीवन में छा जाता है।

### 2. रोटियां

सभ्यताओं के ढ़ंग
लड़ी गई जंग
जीवन के रंग रोटियां
रोटियां होती हैं
खत्म न होने वाली भूख
पहली से साठ
दूसरी से तीस
तीसरी से दस प्रतिशत
मिटती है भूख
चौथी रोटी, भूख नहीं बुझाती
जन्मती है स्वाद के संवाद
भूख के अपने अंदाज
तब हम भी चाटना चाहते हैं
खारा या चिटपिटा
मिट्टी की गंध
यहां तक कि आदमी का खून
उस वक्त हम
ठीक-ठीक भूखे नहीं होते
पर रहती है भूख।

### 3. पुराना कुआँ

हाथ से उलीच कर
साफ नहीं किए
जा सकते पुराने कुएँ
अलबत्ता झाँक सकते हैं
इनमें पाट पर खड़े होकर
यहां तक कि
मुस्किल भी होता है
फेरना पानी की हतह पर हाथ
हां फेंक सकते हैं
छोटे-छोटे पत्थर
पत्थर जो सिर्फ 'चोट मारने'
नहीं होते हैं
इनसे स्थिर पानी में भी
उठाई जा सकती है लहरें
कुएँ की लहरें होती हैं
अस्पष्ट और बारीक
एक आवाज भी होती है इनकी
जो कुएँ की आवाज नहीं होती
कुएँ आवाज नहीं करते
इन कुओं में अक्सर
टरार्ते हैं मेंढ़क
हरा हो जाता है पानी
उथला हो जाता है तल
बंद हो जाते हैं सोते
दुसंदों में रहते हैं
गुहेरे और साँप
ये कुएं, प्यास भी नहीं बुझाते
पर इनके पास जाते
लगती है ,प्यास।

### 4. महिला विमर्श

मछलियों की लालसा में
घात लगाये बगुला
ध्यान मग्न है
इस तन्मयता में
मछलियों के मछलों से
ब्रेकअप होने, तलाक
यहां तक कि उनके
विधवा होने की
प्रार्थनाएं हैं
ताकि उसे सहजता से
उपलब्ध हो सकें मछलियां
गौर से देखने पर बगुला
सफेद धोती कुर्ते में सजा -धजा
किसी हिंदी के प्रोफेसर और
प्रगतिशील आलोचक
की तरह दिखाई देता है
जहां लालसाओं का
लिज-लिजा खेल
महिला विमर्श को प्रामाणिक
बनाने की आड़ में
शामिल की जाती रही है
लुटी-पिटी आवाजे
इस चालाकी के साथ कि
अद्भुत -अद्भुत के शोर में
गुम होती रहीं हैं
उनकी मार्मिक कराहें ।

# गाडा टोला : दृश्य में छूटे अदृश्य का कविता संसार

## आकलन

**डॉ. नीरज दइया**



कवि राही डूमरचीर (1986) का पहला कविता संग्रह 'गाडा टोला' (2024) राजकमल प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा प्रकाशित हुआ है। कवि के नाम में जो 'डूमरचीर' है, वह एक जगह का नाम है और 'गाडा टोला' को भी एक जगह अथवा आदिम बस्ती कह सकते हैं। पुस्तक के अंतिम आवरण पर मुद्रित है- 'गाडा टोला यानी नदी टोला।' इस पंक्ति से पहले कवि राही डूमरचीर की काव्य पंक्तियां हैं- 'पहले अंदर मारी जाती है नदी/ तब मिटता है नक्शे से गाडा टोला।' कवि के भीतर नदी और गाडा टोला दोनों हैं। नदी, गाडा टोला के भूगोल और मानचित्र पर इंगित करने से पहले यहां जरूरी है कि हम 'संथाल' और 'संताल' दो शब्दों पर ध्यान केंदित करें। कक्षा ग्यारह हिंदी आधार पाठ्यक्रम में निर्मला पुतुल की कविता 'आओ मिलकर बचाएं' पढ़ाई जाती है। जिसकी आरंभिक पंक्तियां हैं- 'अपनी बस्तियों को/ नंगी होने से/ शहर की आबो-हवा से बचाएं उसे/ बचाएं डूबने से/ पूरी की पूरी बस्ती को/ हड़िया में/ अपने चेहरे पर/ संथाल परगना की माटी का रंग/ भाषा में झारखंडीपन।' यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारतीय ज्ञानपीठ से प्रकाशित निर्मला पुतुल के चर्चित कविता संग्रह 'नगाड़े की तरह बजते शब्द' में एक कविता का शीर्षक है- 'संथाल परगना'।

राजस्थानी भाषा में 'ताल' शब्द खुले मैदान के लिए प्रयुक्त होता है, वहीं ताल-तलैया पानी के तालाब के संदर्भ में प्रयुक्त होता है। वहीं 'थाल' शब्द बड़े आकार की थाली के लिए है, जो विवाह आदि अवसरों पर सामूहिक भोज आदि के लिए प्रयुक्त होती है। मुझे लगता है कि रही डूमरचीर ने संताल शब्द की इसी मार्मिकता को लोक जीवन से ग्रहण किया है। अंग्रेजी शासनकाल में शब्दों का पूरा गणित बदला। भाषा- वैज्ञानिक देखेंगे कि 'संताल' एवं 'संथाल' दोनों में से कौन सा अधिक उपयुक्त शब्द है। दोनों सही है यह कहना एक सामान्य उत्तर है।

'डूमरचीर' को समझने-जानने के लिए 'संताल' के छह जिलों के विषय में भी जानना होगा- गोड्डा, देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज और पाकुड़ा। यहां की आबादी ने जनजीवन का बदलाव देखा-भोगा है। यहां बरबाद होती नदियां, पहाड़, पेड़ और उनका जन-जीवन राही की कविताओं की केंद्रीय विषय-वस्तु है। 'बांधकोय' कविता में इस भू-भाग के भौगोलिक विवरण को इस प्रकार दर्ज किया गया है- 'संताल परगना प्रमंडल के/ पाकुड़ जिला में/अमडापाड़ा प्रखंड के अंतर्गत/ डूमरचीर ग्राम पंचायत है/ यहां से पश्चिम की तरफ/छोटी-सी चढ़ाई के बाद/ बाधापाड़ा गांव आता है/ फिर सखुआ के जंगल से गुजरने पर/ एक जगह आती है- बांधकोय।' (पृ. 31)

यह चित्र एक छोटे से भू-भाग को दशार्ने का प्रयास है। संताली लोग भारत, बांग्लादेश और नेपाल आदि के अनेक भूभागों में प्रकृति के खुले प्रांगण में अब भी आबाद है। वे खुश हैं या नहीं यह तो कवि राही की इन कविताओं में सीधे-सीधे नहीं आता, किंतु उनके यहां जीवन की असुविधाओं और उजड़ जाने के मार्मिक अनुभव और स्मृतियों का लेखा-जोखा मिलता है। यह ध्यानाकर्षण की मांग के साथ प्रस्तुत किया गया है। यहां कवि की संवेदनशीलता प्रभावित करती है। हम ऐसे दृश्य लोक में हैं जहां बहुत कुछ देखे जाने से छूट रहा है। छूटते जाते इन्हीं कुछ जरूरी संदर्भों को अपनी लोक भाषा की चाशनी के साथ यह संग्रह समेटे हुए है। इन कविताओं में प्रयुक्त लौकिक शब्दावली इन कविताओं को अपनी जमीन से जोड़ने के साथ-साथ हिंदी के शब्द सामर्थ्य में भी वृद्धि करती है।

वर्तमान जीवन में बदलती भाषा और चिंतन के प्रति प्रतिरोध का स्वर इन कविताओं में है। वे इन कविताओं के माध्यम से हमारी दृष्टि और दृष्टिकोण में एक हस्तक्षेप करते हैं। 'कहना चाहता था-/ इतना बड़ा मुँह/ हम कहाँ से लाते हैं/ जो किसी नदी को छोटा कहे/ कितनी भी छोटी हो/ हमसे तो बड़ी ही होती है नदी।' (पृष्ठ-111) अथवा 'अच्छा आप उसी गांव के हैं न/ जहां मंदिर के किनारे नदी है/ देवघर के उस भले मानुष से कहा/ मैंने-/ जी नहीं!/ उस गांव का हूं/ जहां नदी के किनारे है मंदिर।' (पृष्ठ-112)

व्यक्ति का दृष्टिकोण और भाषा व्यवहार एक सिक्के के दो पहलू हैं। हमें सही के पक्ष में खड़े होकर बदलाव के इस दौर में कुछ ऐसा है जिसे बचाना है।

प्रकृति को जिस रूप रंग में राही की कविताओं में हम पाते हैं, वैसा अन्यत्र दुर्लभ है। कुछ उदाहरण देखें- 'पेड़ और पत्तों की रजामंदी से आता है पतझड़ ।' (पृ.46) 'पत्ते कैसे बनाते हैं खाना, ये जानना ठीक है/ पर इससे ज्यादा जरूरी है पत्तों का सलामत रहना/ जरूरी है पत्तों को इत्मीनान से पनपते देखना/ और सूखते पत्तों के संदेश को हौले-हौले कानों में घुलते देना।' (पृष्ठ-55) 'दरख्तों को उनके नाम से/ न पुकार पाना/ अब तक की हमारी/ सबसे बड़ी त्रासदी है।' (पृष्ठ-84) 'हमारे ही भीतर/ होता है बसंत/ पतझड़ के साथ-साथ।' (पृष्ठ-90) संग्रह में एक शीर्षक से कविताओं की श्रृंखलाएं हैं जो उस विषय को व्यापकता के साथ प्रस्तुत करती है। इस संग्रह के समर्पण पृष्ठ पर लिखा है 'बांसलोई के लिए' और 'बांसलोई' नाम से रचित आठ कविताओं को शामिल किया है। इस श्रृंखला की दूसरी कविता देखें- 'हम गंगा के पानी को अंजुरी में भरते हैं/ मनोकामनाएं पूरी करने की करते हैं फरियाद/ क्या हम अंजुरी में भरे हुए/ पानी की भी कभी सुनते हैं?' (पृष्ठ-112)

राही डूमरचीर की कविताओं में अपने पूर्ववर्ती कवियों की काव्य पंक्तियों द्वारा कुछ स्थलों पर संदर्भ भी उल्लेखित है कि समय के साथ स्थितियां और अभिप्राय बदल जाते हैं। व्यापक और नितांत निजी संदर्भों को कविता में प्रस्तुत करना इन कविताओं की अतिरिक्त विशेषता है।

संग्रह में अनेक कविताएं ऐसी हैं जो पृथक पृथक चर्चा की मांग करती है किंतु यह मैं 'असुर हेम्ब्रज' का उल्लेख करना चाहता हूं जिसमें ओड़मो निवासी असुर हेम्ब्रज की लाश बरामदगी से कविता आरंभ होती है और आदिवासी के प्रति वर्तमान समय और समाज की विद्रूपता बहुत सहजता-सरलता के साथ हमारे समक्ष प्रस्तुत करती है।

इस संग्रह की 'शाल घाटी', 'बांधकोय', 'हुदहुदी नदी', 'सरई फूल', 'अमित मरांडी', 'एदेल किस्कू', 'हिम्बो कुजूर', 'हेन्?दा मय' आदि अनेक उल्लेखनीय कविताएं हैं।

अनेक नए कवियों के पहले कविता संग्रह को पढ़ाते हुए प्रायः ऐसा महसूस होता है वे कविता संग्रह के 80-90 पृष्ठों तक पहुंचते-पहुंचते अपनी बात कहकर अपनी ऊर्जा को जैसे नाप-तोल कर खत्म कर रहे होते हैं। राही उन विरल कवियों में हैं जिनके यहां ऐसी स्थिति में इससे आगे एक दूसरी भरपूर दुनिया खुलती है। वे कविताओं में गाडा टोला के बाहर आ कर, बाहरी दुनिया में भी उसी संवेदनशील को बचाए रखने में समर्थ हैं। कविताओं में वे आरंभ से अंत तक उतने ही उत्साहित और सक्रिय नजर आते हैं, जितने वे इस संग्रह की आरंभिक कविताओं में है।




संग्रह के अंत में दो कविताएं- 'अर्जुन की मुस्कान' और 'लाक्षागृह में आदिवासी'। यह महाभारत के विशेष संदर्भ लिए उन आख्यानों के पुनर्मूल्यांकन की अपेक्षा है। भील का अंगूठा काटना और लाक्षागृह में आदिवासियों के जल जाने को कविता में सवाल की तरह लिखा गया है। जैसा मैंने पूर्व में लिखा कि राही डूमरचीर ऐसी मेधा रखते हैं कि आंखों के समक्ष प्रस्तुत दृश्यों में ऐसे प्रस्तुत को जो अप्रस्तुत समझ लिया गया को पुनर्प्रस्तुत करते हैं। जो दृश्य-खंड जितनी मार्मिकता से देखा-समझा जाना था, वह छूट गया होता है। उसे राही की मासूमियत कविता के केंद्र में लाकर खड़ा कर देती है। कवि की संवेदनशीलता एवं यथार्थ को देखने की दृष्टि बहुत पैनी है। यह हमारी तथा कथित आधुनिक, किंतु परंपरावादी दृष्टि में नव-आधुनिकता का अंवेषण है। ' इस संग्रह की अंतिम कविता 'हम लौट रहे हैं' की अंतिम पंक्तियों में कवि की सदाशयता के साथ आह्वान सादा स्मरणीय रखने योग्य है- 'डरो मत/ तुम्हारे काटे हुए पेड़ों का हिसाब/ तुम्हारे बच्चों से नहीं मांगेंगे/ ऑक्सीजन! हमारे हिस्से के पेड़/ पहुंचाते रहेंगे उन तक/ बस हो सके/ तो अगली बार जब धूप में निकलो/ अपने बच्चों को/ इमारत की छांव और/ पेड़ की छांव में/ फर्क करना सिखाना।' (पृष्ठ-143) राही डूमरचीर की कविताएं इसी फर्क को इंगित करने संकेत करती हुई हमारी संवेदनशीलता में श्रीवृद्धि करने का पुरजोर प्रयास है।

**( लेखक कवि एवं आलोचक हैं, संपर्क. 9461375668)**

# व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं किया जायेगा बर्दाश्त : प्रियंका मौर्या

## सब्जी मंडी व्यापारियों से राज्यमंत्री प्रियंका मौर्या ने की मुलाकात

**जनसंदेश न्यूज**

**माहुल(आजमगढ़)।** अहरौला कस्बे के सब्जी मंडी में सब्जी व्यापारियों के बीच उनकी समस्याओं को सुनने के लिए उत्तर प्रदेश शासन से दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री व महिला आयोग की सदस्य प्रियंका मौर्या शनिवार को पहुंची। पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अर्पित मौर्य के नेतृत्व में स्वागत किया गया। व्यापारियों ने अपने ऊपर लगातार हो रही घटनाओं की जानकारी दिया।

मंत्री प्रियंका मौर्या ने कहा बीते दिनों कई तरीके की व्यापारियों के साथ आगलगी की जो घटनाएं हुई वह बहुत ही गलत हुआ जैसे विवेक सोनकर की डिजायर गाड़ी उनके घर के सामने जला दी गई। हृदय गौड़ का टेंपो और मैजिक गाड़ी के साथ उनकी दुकान को जला दिया गया। किशुन सोनकर की मैजिक गाड़ी को दो बार क्षतिग्रस्त कर-के जला दिया गया। इसी तरह भोलू सोनकर सहित कई व्यापारियों का लगातार किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। इसकी जांच कराई जाएगी और कहीं से भी व्यापारियों का उत्पीड़न नहीं होने दिया जाएगा। उनकी हर संभव मदद की जाएगी।


टोल प्लाजा पर राज्यमंत्री का स्वागत करते व्यापारी व अन्य।

व्यापारियों ने कहा पुलिस को लगातार शिकायत के बाद पुलिस कहीं न कहीं मिली भगत करके मामले को रफा दफा कर देती है और उचित कार्रवाई नामजद लोगों पर नहीं की जाती है जबकि प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि सात लोगों के ऊपर इस तरह की घटनाओं को अंजाम देने के लिए मुकदमा दर्ज किया गया है और आगे की कार्रवाई चल रही है।

इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विजय बहादुर सिंह, भाजपा नेता विवेक सोनकर, बृजेश मौर्य, अमन अग्रहरि, रामजन्म गुप्ता, रेखा गिरी, सूबेदार गिरी, राजू गुप्ता, प्रशांत उपाध्याय, निशु सोनकर, दिलीप बघेल, प्रभात गिरी, हृदय गौड़, रामकिशुन सोनकर, कमलेश, ओमप्रकाश, विमला, सर्वेश, राजन, अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# दुकान में लगी आग, लाखों का हुआ नुकसान


दुकान में जले सामान को देखते परिजन।

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज (आजमगढ़)।** गंभीरपुर थाना क्षेत्र के गंभीरपुर बाजार में शुक्रवार की रात्रि एक दुकान में आग लग गई। आग लगने से दुकान में रखा लगभग एक लाख रुपए का सामान जलकर राख हो गया। इसके सूचना सुशांत चौहान ने शुक्रवार को रात्रि ही गंभीरपुर थाना पुलिस को दिया।

गंभीरपुर थाना क्षेत्र के दयालपुर गांव निवासी सुशांत चौहान पुत्र मगन चौहान गंभीरपुर बाजार में प्राथमिक विद्यालय के सामने मकान बनाकर रहते हैं। मकान के सामने वाले हिस्से में किराना की दुकान हैं। शुक्रवार की रात्रि सुशांत चौहान परिवार के साथ खाना खाकर सो गए। लगभग 10बजे रात्रि में अचानक दुकान से धुआं निकलने लगा, जब तक घर वाले और अगल-बगल के लोग कुछ समझ पाते, तब तक आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आगलगी में दुकान का सारा सामान और फर्नीचर जलकर राख हो गया। सुशांत चौहान के मुताबिक इस आगजनी की घटना में लगभग एक लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

## संक्षेप

### चंद्रावती देवी इंटर कॉलेज में मनाया गया वार्षिकोत्सव



**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र के चंद्रावती देवी इंटर कालेज परिसर में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संतोष कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों में प्रमुख बेचन मिश्रा, सहायक अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग श्रीप्रकाश राय, अरुण पाठक आदि शामिल हैं। डॉ. संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारी शुभकामना है कि यह विद्यालय निरंतर आगे बढ़े और मैं अपनी तरफ से इस विद्यालय को एक क्लास रूम देने की घोषणा कर रहा हूं। कार्यक्रम प्रस्तुत कर रही छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन के रूप में उन्होंने एक हजार रुपये प्रदान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से छात्रों में उत्साह जागृत होता है तथा छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन में दिमाग भी काम करता है। विनोद राय ने कहा कि इस विद्यालय की प्रगति और विद्यालय के संरक्षक डॉ. एलडी पाठक का धन्यवाद देता हूं जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अपनी एक अलग मिसाल कायम की है। प्रबंधक विजय प्रकाश पाठक ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिषेक पाठक, राम जी पाठक, प्रखर पाठक का विशेष योगदान रहा। अध्यक्षता विनोद राय पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा एवं संचालन मनोज पाठक ने किया।

### डेंटल कैंप में मरीजों का हुआ चेकप, किया गया जागरूक



**मुबारकपुर (आजमगढ़)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुबारकपुर के तत्वावधान में शनिवार को डेन्टल जागरूकता अभियान के अंतर्गत पुरुष सहित नौनिहालों का चेकअप कैंप के अन्तर्गत किया गया। सरकार द्वारा निर्धारित स्थानों पर कैंप योजनाओं से लोगों को जागरूक कर रोगों के निदान हेतु डॉ.ऋषि कुमार गुप्ता के नेतृत्व में शनिवार को कम्पोजिट विद्यालय अलीनगर के प्रांगण में दन्त एवं मुख रोगों के स्पेशलिस्ट द्वारा सुझाव एवं निशुल्क दवाइयां, माउथवॉश, पेस्ट, कैल्शियम का वितरण किया गया। लोगों को रोगों से बचाव एवं निराकरण हेतु सुझाव दिया गया। कैंप में विद्यालय के छात्र एवं छात्राएं सहित नगरपालिका एवं ग्रामीण अंचल के लोगों ने लाभ उठाया। डॉ. गुप्ता ने कहा कि दांत मुख रोगों से दुर्गंध, पानी लगना, दांतों में कैविटी अर्थात कीड़ा लगने पर डॉक्टर से सम्पर्क किया जाना चाहिए। दांत ही एक ऐसी मानव जीवन की संरचना है जो भोजन को कूच कर पचाने में मददगार होती है। इस अवसर पर डॉ. अर्पिता सिंह, संदीप यादव, एलटी अरविंद कुमार, प्रधान नोमान, प्रधानाचार्य सीमा राय, मनीष देव सिंह आदि उपस्थित थे।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 320 मरीजों का हुआ परीक्षण



**आजमगढ़।** भारत विकास परिषद शाखा आजमगढ़ के तत्वधान में शहर के गुरुटोला वार्ड स्थित बिठ्ठल घाट गुरुद्वारा पर नि:शुल्क चिकित्सा एवं एनीमिया परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। परिषद अध्यक्ष सीताराम पाण्डेय के नेतृत्व में भारत माता व विवेकानंद के चित्र पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित किया गया। जिसके बाद वन्देमातरम के साथ शिविर का शुभारंभ हुआ। शिविर में होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक और एलोपैथिक के विशेषज्ञों ने मरीजों को अपनी सेवाएं प्रदान की। सचिव डॉ देवेश दुबे ने बताया कि शिविर में चर्म रोग, उदर रोग, साइटिका, बवासीर, जोड़ो के दर्द व अन्य रोगों के लगभग 320 मरीजों की जांच कर उचित परामर्श दिया गया। अध्यक्ष सीताराम ने बताया कि शिविर में मरीजों को नि:शुल्क दवा भी वितरित की गई साथ ही हीमोग्लोबिन की जांच भी की गई है, परिषद समय समय पर इस तरह के सेवा कार्य करता रहता है। इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी से सरदार सुरेंद्र सिंह, परमजीत सिंह और गुरप्रीत सिंह, बद्रीप्रसाद गुप्ता, विश्वनाथ अग्रवाल, डॉ देवेश दुबे, डॉ राजेंद्र अग्रवाल, डॉ आर पी श्रीवास्तव, मो० अफजल, डॉ एच.पी त्यागी, डॉ विकेंद्र, डॉ जे आर विश्वकर्मा, रमाकांत वर्मा, आनंद मोहन श्रीवास्तव, आनंद प्रकाश श्रीवास्तव, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे। रेडिएंट फार्मा से सत्यपाल सिंह ने दवा का वितरण में योगदान दिया। शिविर का संचालन डा. सी.जी मौर्य ने किया।

### जर्जर खंभे व तार दे रहे दुर्घटना को दावत

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत में विद्युत व्यवस्था को जहां बेहतर बनाने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लगातार प्रयास कर रहा है वहीं नगर पंचायत में लगे लगभग एक दर्जन बिजली खंभो की स्थिति बिल्कुल जर्जर हो चुकी है जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इसे लेकर लोगों में भय व्याप्त है। स्थानीय नगर वासियों का कहना है कि जो खंभे काफी पुराने हो चुके हैं वह बिल्कुल जर्जर अवस्था में पहुंच गए हैं जिसकी वजह से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। प्रशासन अगर इस पर ध्यान नहीं दिया तो कभी भी दुर्घटना हो सकती है। इस संदर्भ में उपखंड अधिकारी बृजेश कुमार राव ने बताया कि नगर पंचायत में जो भी खम्भे जर्जर अवस्था में है उनका प्रपोजल बनाकर भेज दिया गया है। वर्तमान स्थिति में खंभो को वेल्डिंग आदि करवा कर सही किया जा रहा है। जल्द ही प्रपोजल के अनुसार कार्य होगा।

### पुलिस की गिरफ्त में आये चार वारंटी

**संजरपुर (आजमगढ)।** पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए गए अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी सरायमीर यादवेन्द्र पांडेय के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक वासुदेव साहनी ने चार वारंटियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। गिरफ्तार अभियुक्तों में त्रिकुल पुत्र बुझारत, भोनू पुत्र राजेंद्र, बुझारत पुत्र चौहज्जा तथा सूरत पुत्र चौहज्जा निवासीगण नोनारी थाना सरायमीर शामिल हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी सरायमीर ने बताया कि चारों वारंटी एक अपराधिक मुकदमें में वांछित हैं। न्यायालय से बार बार नोटिस आने के बाद न्यायालय में उपस्थित नहीं हो रहे थे। न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया जिसके तहत गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

### पुलिस ने वापस कराये युवक के खाते से गायब रुपये

**पटवध आजमगढ़।** जनपद के पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के दिशा निर्देशन में रौनापार थाना की पुलिस टीम को सफलता हाथ लगी है। चिलबिली दान चिलबिली निवासी प्रदीप पटेल पुत्र रामचंद्र पटेल के बैंक खाते से बीते दिनों 60 हजार रूपए साइबर फ्रॉड हो गए थे। युवक ने इस संबंध में रौनापार थाने पर शिकायत किया था। रौनापार थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल व मय हमराह फोर्स ने सक्रियता दिखाते हुए युवक के साइबर फ्रॉड हुए 30 हजार रुपए को शनिवार को वापस कराया। वही साइबर फ्रॉड हुए रुपए पाकर युवक के चेहरे पर मुस्कान आ गई।

# पल्सर की टक्कर से सवार सहित दो घायल

**जनसंदेश न्यूज**

**पटवध (आजमगढ़)।** बिलरियागंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के गेट के सामने सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को तेज रफ्तार जा रहे पल्सर सवार ने टक्कर मार दी जिससे दोनों घायल हो गये। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिलरियागंज थाना अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलरियागंज गेट के सामने सड़क पार कर रहे सुदामा पुत्र कमला निवासी कासिमगंज को बिलरियागंज की तरफ से तेज रफ्तार में जा रहे पल्सर सवार युवक ने टक्कर मार दिया जिससे मौके पर सुदामा गंभीर स्थिति में घायल होकर गिर गया। बाइक सवार युवक भी गिर कर चोटिल हो गया। मौके पर उपस्थित लोगों ने दोनों को सीएच सी बिलरियागंज पर इलाज के लिए भर्ती कराया।


अस्पताल जाते दोनों घायल।

बाइक सवार युवक का नाम अवनीश यादव पुत्र स्व. शिव मूरत यादव निवासी श्रीनगर सियरहां थाना बिलरियागंज है। सूचना मिलने पर दोनों के घर वाले मौके पर पहुंच गए थे।

### समिति और बाजारों से यूरिया गायब, किसान परेशान

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील के पवई और फूलपुर ब्लाक के साधन सहकारी समितियों पर यूरिया खाद न मिलने से किसान परेशान हैं। वहीं बाजारों में भी दुकानदारों के पास यूरिया खाद गायब है जिससे किसान गेंहू की फसल में यूरिया का छिड़काव नहीं कर पा रहे हैं। फूलपुर ब्लॉक और पवई ब्लॉक में संचालित साधन सहकारी समितियों पर यूरिया खाद दो हफ्ते से नहीं मिल रहा है। फूलपुर तहसील के अम्बारी, माहुल, फूलपुर,भेड़िया, पल्थी, पवई, हब्बीगंज, गोधना, मैगना, चकिया, फुलवरिया आदि बाजारों के प्राइवेट दुकानों पर भी एक हफ्ते से यूरिया खाद नही मिल रहा है। इस क्षेत्र के किसान कृष्ण कुमार यादव, परशुराम बिन्द, राम फेर यादव, महेंद्र पाण्डेय, कृष्ण मोहन मिश्रा, रामपाल सिंह, सफीक अहमद, चन्द्र शेखर यादव, अप्पू यादव आदि का कहना है कि साधन सहकारी समितियों सहित बाजारों में प्राइवेट दुकानों से यूरिया खाद नहीं मिल रहा है जिससे गेंहू में छिड़काव नही हो पा रहा है। इससे किसानों को उपज कम होने की चिंता सता रही है। किसानों ने उच्चाधिकारियों से तत्काल यूरिया खाद की डिमांड पूरी करने की मांग किया है। वहीं फूलपुर और पवई ब्लॉक के एडीओ कोऑपरेटिव राजेन्द्र प्रसाद वर्मा का कहना है यूरिया खाद के लिए डिमांड लेटर उच्चाधिकारियों को भेजा गया है।

# शिक्षा और समाज के मध्य स्थापित हो समन्वयः कुलपति

**जनसंदेश न्यूज**

**मार्टिनगंज(आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील क्षेत्र अंतर्गत बरदह स्थित गांधी स्मारक त्रिवेणी पीजी कालेज में चल रहे राष्ट्रीय योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन महाविद्यालय में महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.संजीव कुमार मुख्य अतिथि के रूप स्वयं सेवकों के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.विजय कुमार राय तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय सेवा योजना उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय निदेशक समरदीप सक्सेना तथा महाविद्यालय के संस्थापक प्राचार्य प्रो.सच्चिदानंद राय उपस्थित रहे।


कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण।

राष्ट्रीय सेवा योजना के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार ने बताया कि मुख्य अतिथि के रूप में पधारे कुलपति ने समाज सेवा के माध्यम से शिक्षा और समाज के मध्य समन्वय स्थापित करने पर जोर दिया। क्षेत्रीय निदेशक ने अपने अनुभव को साझा करते हुए बताया कि दैवीय आपदा जन जागरूकता कार्यक्रम आदि के माध्यम से राष्ट्रीय सेवा योजना अपने नए कलेवर के रूप में प्रस्तुत है। संस्थापक प्राचार्य ने महाविद्यालय की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक महाविद्यालय के विकास यात्रा के बारे में बताया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. देवेंद्र कुमार पाण्डेय तथा स्वागत वक्तव्य प्रो. अजीत प्रसाद राय ने दिया। उन्होंने बताया कि कुलपति विभिन्न देशों में अपने कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए। सबसे अधिक पुरस्कार प्राप्त करने वाले गणितज्ञ प्रोफेसर संजीव कुमार के बारे में बताते हुए अजीत प्रसाद राय ने कहा कि बहुत ही विद्वान हैं। प्रो.बलवंत सिंह ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक सचिन विश्वकर्मा का जो कर्तव्य पथ पर विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया था उसका सम्मान तथा सेवानिवृत शिक्षक प्रो.कृष्ण सिंह का सम्मान किया गया।

# हमारा उद्देश्य कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रह पाए : प्रेम प्रकाश

## आरके ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट में वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** आर के ग्लोबल स्कूल सढियाव के प्रांगण में आरके ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट का चालीसवां वार्षिक उत्सव समारोह का आयोजन किया गया इस समारोह का प्रारंभ सांसद धर्मेंद्र यादव, मुबारकपुर विधायक अखिलेश यादव तथा अतरौलिया विधायक संग्राम यादव एवं पूर्व विधायक राम दर्शन यादव व ग्रुप के संस्थापक डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर-के किया गया।

मुख्य अतिथि धर्मेंद्र यादव ने कहा कि हम ग्रुप के संस्थापक डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव को धन्यवाद देता हूं कि आज सढियाव के क्षेत्र में जो शिक्षा की ज्योति प्रकाशित कर रहे हैं हमारी कामना है कि यह ग्रुप आपके नेतृत्व में और भी आगे बढ़े वहीं विधायक अखिलेश यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज यह शिक्षा की संस्था के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चे भी शिक्षा ग्रहण कर पा रहे हैं दूसरी तरफ विधायक डॉक्टर संग्राम यादव ने कहा कि संस्थापक का अथक प्रयास है कि आज 40 वर्षों से परंपरागत शिक्षा से लेकर आज तकनीकी शिक्षा तक इस ग्रुप में विद्यार्थियों को दिया जा रहा है अंत में डॉक्टर प्रेम प्रकाश यादव ने कहा कि हमारा उद्देश्य यह है कि कोई भी विद्यार्थी शिक्षा से वंचित न रह पाए आरके ग्रुप के 40 वर्षों का गौरवशाली इतिहास रहा जो आप लोगों के बीच है वही संस्था के निर्देशक डॉ विशाल यादव ने आर के ग्रुप के इतिहास की व्याख्या की तथा आर के ग्रुप संस्थाओं के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ राजकुमार गुप्ता,,के एन यादव, प्रधान प्राचार्य राम लखन यादव, डॉ भावना यादव, डॉ अवधेश यादव तथा क्षेत्र की सम्मानित जनता एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।


सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

# बाबा चंदन शहीद की मजार पर जायरीनों ने चढ़ायी चादर

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जनपद के नगर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित पुलिस लाइन परिसर में स्थित बाबा चंदन शहीद की मजार का उर्स-ए-पाक पर कौव्वाली के साथ चादर यात्रा निकाला गया। मजार पर अकीदत के साथ हिंदू व मुस्लिम लोगों ने सामूहिक रूप से चादर चढ़ाकर मन्नते मांगी। बाबा चंदन शहीद की मजार की विशेषता बताते हुए जायरीन फखरे आलम ने कहा कि मजार पर कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी उर्स मनाया गया है। बाबा चंदन शहीद मजार की विशेषता है कि बाबा लिखित हुई अर्जी को पहले सुनकर उनकी मुरादें पूरी करते हैं जो भी लोग बाबा को लिखित रूप से अपनी मांगे या मुरादे मांगते हैं उनको बाबा बिना भेदभाव पूरा करते हैं। लोगों में प्रसाद स्वरूप मीठे चावल का वितरण किया गया। अवसर पर सलीम रजा, उमर गुड्डू, संतोष, उमर इलियास, समर, मुन्ना, असद, अनीश विनोद आदि उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षार्थियों को सम्मान के साथ दिया गया परीक्षा टिप

**जनसंदेश न्यूज**

**माहुल (आजमगढ़)।** क्षेत्र के केआरडी इण्टर कालेज पाकड़पुर में शनिवार को सम्मान समारोह व बोर्ड के छात्र, छात्राओं के लिए आशीर्वाद समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा लालगंज के जिला उपाध्यक्ष हनुमंत सिंह, विशिष्ट अतिथि ब्लाक प्रमुख शकील अहमद रहे। अतिथियों द्वारा स्कूल में बने आरो प्लांट का उद्घाटन किया गया। स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूल की छात्राओं ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं व दहेज उन्मूलन पर नाटक प्रस्तुत कर समाज को जागरूक किया।


छात्राओं का सम्मान करता छात्र।

बोर्ड परीक्षा में भाग लेने वाले छात्र, छात्राओं को आशीर्वाद स्वरूप परीक्षा में सफलता के लिए सुझाव दिया व धैर्य के साथ परीक्षा में बैठने की सलाह दी। क्षेत्र पंचायत से बने आरो प्लांट का उद्घाटन करते हुए ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शकील अहमद ने कहा शिक्षा बहुत ही मेहनत और धैर्य के साथ ग्रहण की जाती है और बिना शिक्षा के जीवन हर व्यक्ति का अधूरा जीवन है शिक्षा के बल पर ही बेटियों को बचाने का जो प्रयास है वह सफल होगा। बेटियां पढेगी तभी आगे बढ़ेगी तभी जाकर बेटी पढ़ाओ बेटी बचाओ का सपना साकार होगा। इस मौके पर कार्यक्रम के आयोजक पुष्पेन्द्र यादव, अमित सिंह (रिंकू), प्रधानाचार्य ओम प्रकाश श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त करें आवेदन पत्रों का निस्तारण : मण्डलायुक्त


पीड़ित की फरियाद सुनते मण्डलायुक्त।

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** मण्डलायुक्त विवेक एवं डीआईजी सुनील कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन समस्याओं को सुना गया।

इस अवसर पर समस्त संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं को निर्धारित समय में गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। जन सुनवाई के दौरान कुल 30 मामले आये, जिसमे से 08 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 22 मामलों के निस्तारण हेतु संयुक्त टीम बनाते हुए मौके पर जाकर निस्तारण करने के निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 22, पुलिस के 06, विकास के 01 एवं अन्य के 01 मामले शामिल हैं। मण्डलायुक्त एवं डीआईजी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसका निस्तारण शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर सुनील कुमार धनवंता, सीओ सदर सहित समस्त संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर अधिकारियों ने सुनी फरियादियों की समस्या

## कई का मौके पर किया निस्तारण, शेष को संबंधित को सौंपा

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** जनपद के विभिन्न तहसीलों पर सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अधिकारियों ने लोगों की समस्याओं को सुना और कुछ का मौके पर निस्तारण किया तो वहीं शेष आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को ससमय निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया।

**मार्टिनगंज प्रतिनिधि** के अनुसार संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील परिसर के प्रांगण में जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल और पुलिस अधीक्षक हेमराज मीणा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें राजस्व के 46 पुलिस विभाग के 12 विकास विभाग से 9 अन्य विभाग से 10 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। तत्काल सात मामलों का निस्तारण किया गया जो राजस्व विभाग से संबंधित थे। इस अवसर पर एसडीएम रामानुज शुक्ला, तहसीलदार राजू सहित अन्य विभागों से संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।


लालगंज में फरियाद सुनते तहसीलदार शैलेष कुमार यादव।

**लालगंज प्रतिनिधि** के अनुसार लालगंज तहसील परिसर सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसीलदार शैलेश कुमार यादव की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुआ। उन्होंने जनता की समस्याएं सुनी। इस दौरान 25 फरियादी शिकायत लेकर अफसरों के पास पहुंचे। इनमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। राजस्व विभाग से संबंधित 11, पुलिस विभाग से संबंधित 4, विकास विभाग से 3, विद्युत विभाग से संबंधित 2, खाद्य विभाग से संबंधित 2 तथा अन्य 3 सहित कुल 25 शिकायतें प्रस्तुत की गईं। इस अवसर पर नायब तहसीलदार रत्नेश कुमार, एडीओ कोपरेटिव राजकुमार बत्रा, राजस्व निरीक्षक विपिन सिंह, लेखपाल अशोक यादव, सौरभ उपाध्याय, जागृति पांडेय, नवीन दुबे, एसआई विनोद कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**बूढ़नपुर प्रतिनिधि** के अनुसार शनिवार को तहसील सभागार में एसडीएम पंकज दीक्षित की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 57 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। इनमें राजस्व विभाग से 28, पुलिस विभाग से 10, विकास विभाग से 12, तथा अन्य विभागों से 7 शिकायतें दर्ज की गईं। तीन का मौके का निस्तारण किया गया। एसडीएम पंकज दीक्षित ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि शेष शिकायतों का भी जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाए।इस अवसर पर तहसीलदार अरुण वर्मा, नायब तहसीलदार वंदना वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# एसएनए खाते में चार माह से नहीं आवंटित हो सका धन

**फूलपुर (आजमगढ़)।** भारत सरकार द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण कैसे हो सफल जब माडर्न गांव के रूप में चयनित ग्राम सभा के एसएनए खाते में चार माह से धन आवंटित नही हो सका। जिसमे अपूर्ण आरआरसी सेन्टर सख्ता गड्ढा सोक पिट फिल्टर चेम्बर कम्पोजपिट खाद गड्ढा प्लास्टिक बैक ई-रिक्शा आदि का कार्य पूर्ण नहीं हो सका।

ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी मॉडल गांव के रूप चयन होने के बाद गांव में कार्य प्रारम्भ करा दिये जिसके लिए अब बिल्डिंग मैटेरियल सहित मजदूरों की मजदूरी की कैसे व्यवस्था करें। एसएलडब्लूएम के पैसे के आने का इंतजार कर रहे हैं। शासन के दबाव में तो कुछ ग्राम पंचायतों में कार्य करा दिया गया था। कुछ पैसे खाते में आने के बाद कार्य प्रारम्भ कराना चाहते थे। उन ग्राम सभा के प्रधान व ग्राम पंचायत अधिकारी सुकून में हैं पर जिन ग्राम पंचायत में कार्य प्रारम्भ कराकर कार्य रुका हुआ है उन ग्राम पंचायत के प्रधान व सचिव हर दिन पैसा आने के इंतजार में ब्लॉक पंचायत कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। सामाग्री देने वाले तथा मजदूर प्रधान व सचिव की तलाश कर रहे हैं। ग्राम प्रधान अमरेथु उमाशंकर यादव, चरोवा प्रधान बिनीता, सुदनीपुर रेणु यादव, मखखापुर प्रधान वंशराज यादव आदि ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल धन एसएनए खाते में आवंटित करने की मांग की है। इस संबंध में स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण खण्ड प्रेरक ब्लाक फूलपुर अनूप मौर्य ने बताया कि समस्त गावों की रिपोर्ट शासन सहित जिले को प्रेषित की गई है। पैसा मिलते ही कार्य प्रारम्भ करा दिया जाएगा।


एक ग्राम पंचायत में अधूरा पड़ा निर्माण कार्य।

# सामूहिक विवाह समारोह में एक दूजे के हुए 161 जोड़े

**नेक कार्य**

**दो मुस्लिम जोड़ों को भी पढ़ाया गया निकाह**

**जनपद के जनप्रतिनिधि बने शादी समारोह के साक्षी**

**जनसंदेश न्यूज**


विवाहित जोड़े को आशीर्वाद देते जनप्रतिनिधि

**अहरौरा।** स्थानीय वनस्थली स्नातकोत्तर महाविद्यालय के खेल मैदान पर शनिवार को समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में 161 जोड़े एक दूसरे के साथ सात फेरे लगाकर जीने मरने की कसमें खाई। शादी समारोह में दो मुस्लिम जोड़ो की भी शादी हुई जिनके लिए निकाह एजाज अहमद ने पढ़ी गई। वही शादी कराने के लिए निर्जानंद शास्त्री वाराणसी से आये थे।

मड़िहान विधान सभा क्षेत्र के वनस्थली महाविद्यालय के खेल मैदान पर आयोजित सामुहिक विवाह समारोह में बने 41 मंडप में 161 जोड़ो की शादी हुई। एक मंडप में चार जोड़े बैठे हुए थे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल, नगर विधायक, रत्नाकर मिश्र, चुनार विधायक अनुराग सिंह, मझवां विधायक सुचिस्मिता मौर्य ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में नवविवाहित जोड़ों को अपनी गृहस्थी बसाने के लिए आवश्यक सामान भी दिए गए। इस अवसर पर मड़िहान विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रेरणा से आज गरीबों की बिटिया की शादी आसानी से हो रही है और सरकार द्वारा उनकी मदद भी की जा रही है। इस सामूहिक विवाह के कार्यक्रम में कई जोड़ो की शादी कराई गई। वनस्थली महाविद्यालय में आयोजित शादी समारोह में राजगढ़ विकास खंड से 38 जमालपुर से 51 नारायणपुर से 24 पटेहरा से 43 चुनार एव अहरौरा नगर पालिका से दो दो जोड़ो की शादी हुई और कुल 161 लोगों ने एक दूसरे के साथ सात फेरे लगाकर जीने मरने की कसमें खाई। वहीं रुपोधा की नरगिस बनो से जैनुल आबेदीन बैरमपुर एव कम्मो बानो रूपोधा नारायणपुर की निकाह तरती लक्षिमन पुर मडियाहू जौनपुर के इमरान अली के साथ पढ़ी गई। जिम जिले के चार विधायक चार ब्लाक वीडियो समाज कल्याण एडीओ मिश्रा मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो-ब्रेजा कार में टक्कर, 14 घायल

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** जनपद में श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो और ब्रेजा कार में आमने-सामने टक्कर हो गई। दोनों गाड़ियों से 14 लोग घायल हो जिसमें तीन की हालत गंभीर होने पर वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। ब्रेजा कार ओवरटेक कर रहा था, इस दौरान हादसा हो गया। बोलेरो सवार झारखंड के ब्रेजा कार सवार हैदराबाद के बताये गये। महाकुंभ में श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा हुआ है। भीड़ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आस-पास जनपदों से भी भारी संख्या में कई राज्यों के वाहनों का आवागमन हो रहा है। जनपद के विंध्याचल थाना क्षेत्र के महोखर गांव के पास तेज रफ्तार श्रद्धालुओं से भरी बोलेरो और ब्रेजा कर में आमने-सामने टक्कर हो गई, जिसमें 14 लोग घायल हो गए। सभी घायलों को आनन-फानन में जिला मंडलीय अस्पताल के ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया। डॉक्टरों ने तीन की हालत गंभीर देखते हुए वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया है। बताया जा रहा है ब्रेजा कार सवार महाकुंभ से स्नान कर मीरजापुर की तरफ आ रहे थे और बोलेरो सवार झारखंड से महाकुंभ के तरफ जा रहे थे। इस दौरान ब्रेजा कार अपने सामने जा रही एक गाड़ी को ओवरटेक करने के दौरान हादसा हो गया। विंध्याचल थाना प्रभारी अमित कुमार ने बताया कि बोलेरो और ब्रेजा कार में टक्कर हुई है। ब्रेजा कार के ओवरटेक करने के दौरान यह हादसा हुआ हैं। ब्रेजा कार सवार हैदराबाद के रहने वाले हैं जो महाकुंभ से स्नान कर लौट रहे थे। वहीं बोलेरो सवार झारखंड के रहने वाले हैं जो महाकुंभ स्नान करने जा रहे थे। दोनों गाड़ियों में से 14 लोग घायल हुए हैं। तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को उपचार हेतु अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# जाम में फंसी गाड़ियों से हो रही वसूली से व्यापारी परेशान : शैलेंद्र अग्रहरि

**मीरजापुर।** भारतीय उद्योग व्यापार मण्डल के राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य व प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेन्द्र अग्रहरि ने जारी बयान में कहा कि प्रयागराज महाकुम्भ के अनियंत्रित ट्रैफिक जाम में हफ्तों से फंसी गाड़ियों और उनसे सम्बंधित व्यापारियों को परेशान करने की नियत से विभिन्न सरकारी विभाग सक्रिय हो चुके हैं। ये विभाग व्यापारियों की गाड़ियां पकड़ कर अपना टारगेट पूरा कर रहे हैं।


शैलेन्द्र अग्रहरि

जीएसटी, बाँट माप, मंडी, परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस डिजास्टर को आपदा में अवसर मान लगातार व्यापारियों को अनायास परेशान कर चालान कर रहे हैं। समझौते के नाम पर वैध-अवैध वसूली को अंजाम दिया जा रहा है। महाकुम्भ के कारण प्रयागराज और आसपास के दर्जनों जिलों का ट्रैफिक अनियंत्रित हो गया और पिछले बीस दिनों से सड़कों पर लगे भयावह जाम के कारण कई गाड़ियों के ई-वे बिल समय से ना पहुंचने के कारण एक्सपायर हो जाते हैं। गाड़ी ड्राइवर का जाम में फंस जाने से मोबाइल डिस्चार्ज रहता है जिससे व्यापारी से सम्पर्क नहीं हो पाता और इस बीच विभिन्न विभागों के अधिकारी इसकी आड़ में व्यापारियों को परेशान करने की नियत से गाड़ी पकड़ कर कई कई दिन व्यापारियों को दौड़ाते हैं और मनमानी चालान कर रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिख कर ऐसे विभाग और अधिकारियों पर कार्यवाही कर व्यापारियों को निजात दिलाने की मांग की है।

## निजीकरण के विरोध में विद्युत कर्मचारी का प्रदर्शन जारी

**मीरजापुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उत्तर प्रदेश के आह्वान पर आज लगातार 80 वें दिन बिजली कर्मियों ने प्रांत व्यापी विरोध प्रदर्शन जारी रखा। संघर्ष समिति ने कहा है कि वह सुधार और संघर्ष का मंत्र लेकर जहां निजीकरण का विरोध कर रहे हैं वही सुधार के लिए भी बिजली कर्मचारियों का आवाहन कर रहे हैं किन्तु प्रबंध निजीकरण हेतु भय का वातावरण बना रहा है जिससे सुधार के कार्यक्रमों में बाधा आ रही है। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण का निर्णय वापस होने तक विरोध का सतत अभियान जारी रहेगा। संघर्ष समिति ने कहा कि महाकुम्भ के पांचों अमृत स्नान के साथ आज महाकुंभ के 34 दिन तक बिजली कर्मियों ने महाकुम्भ में एक मिनट के लिए भी बिजली का व्यवधान नहीं होने दिया जो एक रिकॉर्ड है। इसके बाद भी प्रबन्धन का निजीकरण के लिए रवैया अत्यन्त दुर्भाग्यपूर्ण है। शनिवार को वाराणसी, आगरा, मेरठ, कानपुर, गोरखपुर, मिजार्पुर, आजमगढ़, बस्ती, अलीगढ़, मथुरा, एटा, झांसी, बांदा, बरेली, देवीपाटन, अयोध्या, सुल्तानपुर, हरदुआगंज, पारीछा, ओबरा, पिपरी, और अनपरा में विरोध सभा हुई। सभा में मुख्य अभियंता कार्यालय के सामने दीपक सिंह, विनीत मिश्रा, बृजेश कुमार, शंभू कुमार आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं के प्रति समर्पित है आरपीएफ

### महाकुम्भ के दौरान आरपीएफ के सेवा भाव की श्रद्धालु कर रहे हैं प्रशंसा

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** महाकुंभ के दौरान आरपीएफ ने जिस तरह से सेवा भाव के साथ कर्तव्य का निर्वहन किया। श्रद्धालुओं ने उसकी प्रशंसा की है। यद्यपि महाकुम्भ 13 जनवरी पौष पूर्णिमा के स्नान से प्रारम्भ हुआ किन्तु मीरजापुर और विन्ध्याचल रेलवे-स्टेशनों पर आरपीएफ ने अपनी तैयारी पहले से ही कर रखी थी।

यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उसकी हर सम्भव सहायता करने के लिए पहले से तैयारी में लगी हुई थी और अपने हर स्टाफ को भीड़ प्रबन्धन, आगजनी, तोड़ फोड़ व इमरजेन्सी जैसी घटनाओं के लिए प्रशिक्षित किया। महाकुम्भ के दौरान जब लाखों यात्रियों, श्रद्धालुओं की भीड़ लगातार स्टेशनों पर आ रही थी और उनकों नियत्रित करना सभी के लिए सबसे बड़ी चुनौती बनी हुई थी। ऐसी परिस्थिति में भी आरपीएफ ने न केवल सभी यात्रियों, श्रद्धालुओं को सुरक्षित ट्रेन में बैठाया बल्कि इस बड़े जनसमूह में हर व्यसक्ति की अपने परिवार की तरह देखभाल की। भीड़ के दौरान कई बार ऐसे मोके आये जब कोई यात्री, श्रद्धालु चलती ट्रेन में चढ़ने के प्रयास में अचानक गिर जाने पर ट्रेन व प्लोटफार्म के बीच में फंस गया।


श्रद्धालु की मदद करते आरपीएफ के जवान

ऐसी स्थिति में मौजूद आरपीएफ के जवानों द्वारा अपनी जान की परवाह न करते हुए ट्रेन व प्लोटफार्म के बीच में फंसे यात्री, श्रद्धालु को खींच कर उनकी जान बचायी। महाकुम्भ के दौरान कड़ाके की ठण्ड के दौरान कई श्रद्धालु अचानक बीमार हुए तो उनको अस्पतालों में पहुंचाया गया। ये भी देखा गया कि आज भी आरपीएफ का हर जवान प्रत्येक यात्री, श्रद्धालु को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उसके अमूल्य जीवन को बचाने के लिए अपने जीवन की भी परवाह न करते हुए लगातार प्रयासरत है।

# डीएम व एसपी ने फरियादियों की सुनी जन समस्याएं

### चुनार में प्राप्त 72 प्रार्थना पत्रों में से 4 का मौके पर किया गया निस्तारण

**जनसंदेश न्यूज**

**मीरजापुर।** शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील चुनार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार ने आए हुए फरियादियों की जन समस्याओं को सुनते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को निस्तारण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया।



फरियादियों की समस्या सुनतीं डीएम

तहसील चुनार में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 72 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 04 का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ प्रेषित किया गया कि प्रार्थना पत्रों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता व गुणवत्ता ढंग से किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रार्थना पत्रों के निस्तारण में यदि गुणवत्ता खराब पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी मौके पर स्वंय जाकर निस्तारण करें, जिससे शिकायतकर्ता की संतुष्टि व गुणवत्ता दोनो सुनिश्चित हो सकें।

इसी प्रकार जनपद के अन्य तहसीलों में प्राप्त प्रार्थना पत्र यथा-तहसील लालगंज में 82 प्रार्थना पत्र प्राप्त 11 का निस्तारण, तहसील सदर में 137 प्रार्थना पत्र प्राप्त 15 का निस्तारण एवं तहसील मड़िहान में 38 प्रार्थना पत्र प्राप्त 04 का निस्तारण किया गया। इस अवसर पर तहसील चुनार में उप जिलाधिकारी चुनार राजेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी चुनार मंजरी राव, तहसीलदार चुनार, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0, उपायुक्त मनरेगा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

## पिता ने अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में सड़क दुघर्टना में मृत बाइक सवार के पिता ने शनिवार शाम को अज्ञात चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। मध्यप्रदेश के मऊगंज जिला के हनुमान थाना क्षेत्र के तेलिहा निमोर्ही सिंह गांव निवासी मृत युवक के पिता ने अज्ञात चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में आरोप लगाया कि बेटा मोहित कुमार त्रिपाठी अपने साथी आदर्श पटवा व प्रवीण पटेल के साथ बीते 20 जनवरी को प्रयागराज से कुंभ स्नान कर बाइक से घर लौट रहे थे। जैसे ही ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के भैसोड़ बलाय पहाड़ गांव में पहुंचे तो तेज गति व लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे गंभीर रूप से घायल पुत्र मोहित की उपचार के दौरान मंडलीय चिकित्सालय में मौत हो गई। पुलिस ने तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर घटना की जांच में जुट गई है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि सड़क दुघर्टना में मृत मध्यप्रदेश निवासी युवक के पिता की तहरीर पर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# टायर फटने से अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने कार में मारी टक्कर, 13 घायल

**मीरजापुर।** विन्ध्याचल कोतवाली थाना क्षेत्र के सरोंई गांव के पास प्रयागराज-मीरजापुर हाइवे पर टायर फटने से अनियन्त्रित स्कार्पियो ने दो कार में टक्कर मार दी। जिसमें 13 लोग घायल हो गए। स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल किरण सिंह नामक महिला को परिजन प्रयागराज ले गए। कार सवार जिगना थाना क्षेत्र के बरी गांव से छत्तीसगढ़ जा रहे थे, जबकि स्कार्पियो सवार झारखंड से कुम्भ स्नान के लिए जा रहे थे। वाहनों को कब्जे में लेकर पुलिस कार्रवाई में जुटीं हैं। हादसा को शनिवार को सुबह हुआ। वाहनों की टक्कर में विभिन्न वाहनों पर सवार कुल 13 लोग घायल हो गए। घायलों का सरोंई स्वास्थ्य केंद्र पर उपचार कराया गया। जिगना थाना क्षेत्र के बारी गांव निवासी राहुल सिंह, किरन सिंह, राघवेंद्र, अप्सरा, प्रखर सिंह, दिलीप सिंह, शिल्पा सिंह दो कार में सवार होकर छत्तीसगढ़ के कोरबा जा रहे थे। सरोंई गांव के सामने कुम्भ जा रही स्कार्पियो ने दूसरे साइड में आकर दोनों कार में टक्कर मार दिया। जिससे कार सवार 7 लोग घायल हो गए। स्कार्पियो झारखंड से कुम्भ स्नान के लिए गिरीडीह के लोगों को बैठाकर जा रही थी। इसी दौरान वाहन का टायर फट गया। वाहन पर से चालक अपना नियंत्रण खो बैठा। तेज गति से दौड़ रही स्कार्पियो दोनों कार से आकर टकरा गई। जिससे स्कार्पियो सवार कछरी निवासी सुखदेव महतो, टुपलाल, जगेशर,सुप्रिया, मालती एवं अनुराधा घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल घायलों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोंई भेजा। इलाज के बाद कुम्भ जा रहे लोगों का प्राथमिक उपचार के बाद आगे भेज दिया गया। बताया जाता है कि प्रयागराज कुम्भ स्नान करने जा रहे स्कार्पियो का टायर अचानक फट गया। जबतक सवार कुछ समझ पाते वाहन दाहिनी तरफ आकर टकरा गया। हादसे से चीख पुकार मच गई। स्थानीय नागरिकों ने घायलों की मदद की। मौके पर पहुंचे गैपुरा चौकी प्रभारी आनंद शंकर सिंह ने घायलों के इलाज की व्यवस्था करने के साथ ही तीनों वाहनो को कब्जे मे लेकर कानूनी कार्रवाई में लगे है।

# अपर जिलाधिकारी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

### 82 प्रार्थना पत्रों से 11 का मौके पर किया गया निस्तारण

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में अपर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 82 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 11 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्र के निस्तारण हेतु राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर मौके पर जाकर निस्तारण करने का आदेश दिया गया। समाधान दिवस में मधोर निवासी परमेश्वर कुमार पुत्र जय प्रताप ने प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि हमारी भूमि पर दबंगों द्वारा जबरदस्ती कब्जा किया जा रहा है जिसे अवमुक्त किया जाए जिसमे राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया गया। कनौही राजा निवासिनी रामरति पत्नी राजेश कुमार ने प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया कि मेरा राशन कार्ड नहीं बनाया जा रहा है जिसे बनाया जाए जिसमें सप्लाई इंस्पेक्टर लालगंज को निर्देशित किया गया। सेमरी कला निवासी सुनील कुमार मिश्रा ने पत्र देकर आरोप लगाया कि सब रजिस्टार की मिली भगत से आबादी का भूमि स्टांप की चोरी किया गया है। जबकि जमीन में आबादी से अच्छादित है जिसमें सब रजिस्टार लालगंज को निर्देशित किया गया। समाधान दिवस के अंत में अपर जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि फरियादी की समस्या गुणवत्ता पूर्वक समाधान होना चाहिए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि मौके पर जाकर फरियादी से मिलकर दो गवाहों के समक्ष फोटोग्राफी कराते हुए समस्या का निस्तारण कर समय के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। समस्या समाधान करने में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगा। इस अवसर पर तहसीलदार तरुण प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार राजीव यादव, खंड विकास अधिकारी लालगंज शैलेंद्र सिंह, हलिया खंड विकास अधिकारी विजय शंकर तिवारी, राजस्व निरीक्षक ओमप्रकाश उपाध्याय, लेखपाल संघ अध्यक्ष अनूप कुमार पांडेय आदि उपस्थित रहे।

# रिसोर्स सेंटर की टीम ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

### डिजिटल एक्स-रे व अल्ट्रासाउंड सेवाओं को किया जाए विकसित

**जनसंदेश न्यूज**

**लालगंज।** नेशनल हेल्थ सिस्टम रिसोर्स सेंटर की टीम ने शनिवार को लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। टीम ने अस्पताल में चिकित्सकीय सुविधाओं का मूल्यांकन करते हुए डायलिसिस यूनिट, डिजिटल अल्ट्रासाउंड और एक्स-रे जैसी आधुनिक जांच प्रणालियों की जरूरत बताई।

लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्था को देखकर डा. रंजन चौधरी ने कहा कि प्रसूति एवं अन्य रोगियों की संख्या को देखते हुए 12-चैनल ईसीजी, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड मशीन की उपलब्धता अनिवार्य हो गई है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) सीएल वर्मा को निर्देशित किया कि इन आवश्यक चिकित्सकीय उपकरणों की आपूर्ति शीघ्र सुनिश्चित की जाए।


स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करती रिसोर्स सेंटर की टीम।

निरीक्षण टीम में डा. कपिल जोशी, डा. नवीन कुमार, डा. अंकुर पूनिया, राष्ट्रीय पर्यवेक्षक आरबीएसके एस. इंदू और वर्तिका शामिल रहे।

निरीक्षण के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सक डा. योगेश द्विवेदी से डायलिसिस एवं अल्ट्रासाउंड सेवाओं पर विमर्श किया गया। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अस्पताल में डायलिसिस यूनिट की स्थापना को प्राथमिकता देने की बात कही गई। जिससे किडनी रोगियों को अन्य चिकित्सा केंद्रों पर रेफर करने की आवश्यकता न पड़े।

अधीक्षक डा. संजय सिंह को निर्देशित किया गया कि अगले दो माह की आवश्यक औषधियों की सूची तैयार कर औषधि भंडारण सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण दल ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिया कि डायलिसिस यूनिट, डिजिटल एक्स-रे एवं अल्ट्रासाउंड सेवाओं को शीघ्र विकसित किया जाए, जिससे मरीजों को सुलभ एवं उन्नत चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। अधीक्षक डॉक्टर संजय सिंह ने बताया कि चाहरदिवारी टूटी हुई है, निर्माण की जरूरत है। आरबीएसई की टीम डॉक्टर एस.पी. सिंह, डॉक्टर रिचा शुक्ला को राष्ट्रीय सुपरवाइजर इंदू ने निर्देशित किया। इस दौरान डा. पंकज कुमार, डॉक्टर कैलाश नाथ बिंद, डा. अशोक यादव, भोला गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### समाधान दिवस पर एडीएम वित्त ने सुनी फरियादियों की फरियाद

**मीरजापुर।** समाधान दिवस पर तहसील सदर में एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला ने फरियादियों की समस्याओं को सुना। शनिवार को शासन के मंशानुरूप जनपद के सभी तहसीलों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 137 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से 15 प्रार्थना पत्रों का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। उसी क्रम में सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल के द्वारा आए हुए एक-एक फरियादियों की समस्याएं सुनी गई। फरियादियों की समस्याएं सुनने के पश्चात अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व शिव प्रताप शुक्ल के द्वारा फरियादियों की समस्याओं के समाधान लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशित किया। उक्त अवसर पर तहसीलदार एसडीएम गुलाब चन्द्र, सीओ सदर अमर बहादुर, हेमंत कुमार बिंद, नायब तहसीलदार ज्योति सिंह आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस कर्मियों ने वृद्ध दंपतियों को कराया मां का दर्शन

**मीरजापुर।** मां विंध्यवासिनी देवी दरबार में दर्शन के लिए राजस्थान राज्य के दो वृद्ध दंपतियों दर्शन पूजन करने के लिए व्हील चेयर से पहुंचे थे। मां विंध्यवासिनी देवी दरबार में तैनात पुलिस कर्मियों ने वृद्ध जनों को व्हीलचेयर सहित गोद में उठाकर मंदिर प्रांगण में लेकर आएं और झांकी दर्शन पूजन कराएं। इस दृश्य को कैमरे में कैद हो गए। पुलिस प्रशासन की अनुठा पहल की मां विंध्यवासिनी देवी दरबार में देखने को मिल रहा है। जबकि वृद्ध दंपति को दर्शन पूजन कराने के लिए तैनात इंस्पेक्टर नीरज पाठक, चंद्रकेश पांडेय, रविन्द्र यादव सहित कई अन्य पुलिस कर्मी वृद्ध दंपतियों को दर्शन पूजन कराएं। वृद्ध दंपति ने बताया कि भीड़ देखने के पश्चात लगा कि मां का दर्शन व आशीर्वाद नहीं मिल पाएगा। वहीं मंदिर प्रांगण में डिप्युटी पर तैनात पुलिस कर्मियों ने सहयोग किया तब जाकर मुझे मां विंध्यवासिनी देवी माता का आशीर्वाद प्राप्त हुआ।

### महिला ने कोर्ट के आदेश पर तीन लोगों के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला ने कोर्ट के आदेश पर गांव निवासी तीन लोगों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल के लिए लुट गई है। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी एक महिला ने कोर्ट में तहरीर देकर बताया कि गांव निवासी तीन लोग बीते 17 अगस्त को शाम शौच के लिए गांव के तालाब के पास गई थी। उसी समय गांव निवासी मुन्नी राज पाल, राज नारायण तथा कृपाल पहुंचकर तालाब के पास बारी-बारी से दुष्कर्म किया। जाते वक्त तीनों ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी भी दिए। पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर शनिवार को विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसकी विवेचना सीओ लालगंज द्वारा की जा रही है। महिला को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का कहना है कि न्यायालय के आदेश पर महिला की तहरीर पर के आधार पर तीन लोगों के विरुद्ध सामूहिक दुष्कर्म मारपीट एवं जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### छह लोगों पर छेड़छाड़ सहित मारपीट का मुकदमा दर्ज

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति ने कोर्ट के आदेश पर गांव निवासी छह लोगों के विरुद्ध घर में घुसकर पुत्रवधुओं के साथ छेड़छाड़ सहित मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। स्थानीय थाना क्षेत्र के गंजरिया गांव निवासी हरिराम ने कोर्ट में तहरीर देकर बताया कि बीते 28 जून को नाली के विवाद में गांव निवासी सूर्यभान, सत्यभान, इंद्रमणि, भोला, नान्हक तथा लखन एक राय होकर लाठी डंडा तथा फावड़ा लेकर घर पर आए तथा घर में मौजूद दो पुत्र वधुओं से मारपीट की नियत से मारे पीटे तथा छेड़छाड़ किए। न्यायालय के आदेश पर शनिवार को पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। जिसकी विवेचना सीओ लालगंज द्वारा की जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह का कहना है कि कोर्ट के आदेश पर छह लोगों के विरुद्ध छेड़छाड़ सहित मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### आत्महत्या के लिए प्रेरित करने वाले को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र बेलखरा गांव में वायरल वीडियो के बाद आत्म हत्या करने वाली लड़की के आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक अजय सेठ ने बताया कि आठ फरवरी को एक व्यक्ति द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरुद्ध पुत्री की आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने तथा आत्महत्या के लिये प्रेरित करने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई थी। तहरीर के आधार पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई थी। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी आपरेशन के नेतृत्व में अभियुक्तों की यथाशीघ्र गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी अहरौरा को निर्देश दिए गए। वांछित अभियुक्त अंश प्रजापति पुत्र मुखराम निवासी पकरी का पोखरा थाना राबर्टसगंज सोनभद्र को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया। आरोपी ने पुलिस को पूछताछ में की बताया की वह उस लड़की से प्यार करता था। उसकी शादी दूसरे जगह होने पर उसको अच्छा नहीं लगा और उसने विडियो वायरल कर दिया।

### स्वयंसेविकाओं ने साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

**अदलहाट।** क्षेत्र के लालता सिंह राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अदलहाट में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई के प्रथम एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के लिए जागरूक किया गया। स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान सूखे कूड़े को एक गड्ढे में भरा ताकि अन्य जगहों पर उस कूड़े से कोई गंदगी ना फैले। इसके बाद सना परवीन, पूजा मौर्य, अंजनी कुमारी, अंकित पटेल, ममता आदि स्वयंसेविकाओं ने महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन विषय पर एक बौद्धिक परिचर्चा भी आयोजित की। जिसमें स्वच्छता के विषय में जागरूक करने के साथ-साथ महिला स्वालंबन को सशक्त करने वाली सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही प्राचार्य प्रो0 आशा ने स्वयंसेविकाओं को अनुशासित रहते हुए समाज सेवा में सदैव तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन डा0 प्रेमलता लाल एवं डा0 रितेश कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर डा0 प्रदीप मिश्रा, अनिता सिंह, शीतला प्रसाद, अशोक मौर्य, ममता मौजूद रही।

### आबकारी विभाग की टीम ने दो के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया।** आयुक्त प्रभार के निर्देशन में शनिवार को प्रवर्तन 1 व प्रवर्तन 2 आबकारी निरीक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव, अजय कुमार गौड़ मय स्टाफ के साथ थाना क्षेत्र के सोनगढा गांव? में औचक छापामारी करते हुए दो महिलाओं को 15 लीटर शराब के साथ गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। थाना हलिया क्षेत्र के सोनगढा गांव के कोल बस्ती स्थित विरहिया पट्टी मजरा में आकस्मिक दबिश के दौरान ममता व संतरा देवी सास व बहू के घर से 15 लीटर शराब की बरामदगी करते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। आबकारी निरीक्षक सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि औचक निरीक्षण में सोनगढा गांव में शराब विक्री में संलिप्त सास व बहू के घर से 15 लीटर शराब मिलने पर आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

### शराब के साथ अरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में शनिवार को उप निरीक्षक मनोज कुमार राय चौकी प्रभारी गैपुरा मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना विन्ध्याचल क्षेत्र से अभियुक्त विशाल सोनकर पुत्र मेवालाल सोनकर निवासी अरगी सरपत्ति थाना विन्ध्याचल को गिरफ्तार किया गया। जिनके पास से 30 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब बरामद की गयी। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना विन्ध्याचल पर धारा 60 आबकारी अधिनियम में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की गई।

### ट्रक व स्कॉर्पियो की चपेट में आने से दो घायल

**अहरौरा।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वाराणसी शक्ति नगर रोड पर स्थित चित्त विश्राम गांव के पास एव लिखनिया दरी के पास शनिवार को सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के महुली निवासी 22 वर्षीय प्रदुम पटेल अपनी बाइक से अदलहाट से अहरौरा की तरफ आ रहा था की पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रेलर ट्रक ने धक्का मार दिया जिससे प्रदूम पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया और पैर में फैक्चर हो गया। वहीं दूसरी घटना वाराणसी शक्ति नगर रोड पर स्थित लिखिनिया दरी के पास हुई। जहां लिखनिया दरी से वापस आ रहे 18 वर्षीय धीरेन्द्र कुमार पुत्र धर्मेन्द्र निवासी जुडूई लिखनीय दरी की तरफ जा रही स्कार्पियो की चपेट में आ गए। दोनों घायलों को स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहरौरा एंबुलेंस से लाया गया। चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेन्टर वाराणसी रेफर कर दिया। वहीं महुली के घायल युवक के परिजनों का आरोप था कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहरौरा रेफर सेन्टर बन गया है। यहां इलाज की कोई समुचित व्यवस्था नहीं है न ही चिकित्सक उपलब्ध रहते हैं।

### थार व बुलेट की आमने-सामने टक्कर में दो घायल

**जिगना।** विन्ध्याचल थाना क्षेत्र के महोखर गाव के पंचायत भवन के सामने शनिवार को थार और बुलेट में आमने-सामने की टक्कर होने से बुलेट सवार दो लोग घायल हो गये। घायलो को पीएचसी विजयपुर ले जाया गया। चिकित्सक ने गंभीर हालत देख मंडलीय अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि बुलेट सवार गुंजन तिवारी 25 वर्ष और अमित तिवारी 23 वर्ष गोनौरा, रामनगर मेजा प्रयागराज निवासी मीरजापुर से घर वापस जा रहे थे कि प्रयागराज की तरफ से आ रही तेज रफ्तार थार ने सामने से टक्कर मार दी जिसमे दोनों बुलैट सवार गंभीर रूप से घायल हो गये। थार गाडी और चालक को गैपुरा चौकी पुलिस ने हिरासत मे ले लिया है।

# 272 मामलों में महज 39 का निस्तारण

**सम्पूर्ण समाधान दिवस**

### घोरावल तहसील में सबसे ज्यादा शिकायत तो दुद्धी तहसील में रहा कम


राबर्ट्सगंज तहसील में समस्या सुनते डीएम व एसपी

**सोनभद्र।** शासन की मन्शा के अनुरूप जिले की चारों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। इस दौरान जनपद के सभी तहसीलों में 272 शिकायतें अधिकारियों के सामने आया। जिसमें महज 39 मामलों का ही निस्तारण हो सका। अधिकारियों ने 233 मामले समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया है। फरियादियों की शिकायत सबसे ज्यादा घोरावल तहसील में रही।

इसके पश्चात रावर्ट्सगंज, ओबरा और सबसे कम शिकायत दुद्धी तहसील में पड़ी। तहसील राबर्ट्सगंज में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिलाधिकारी बीएन सिंह व पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। इस दौरान 97 शिकायतें सुनते हुए मौके पर ही 15 मामलें निस्तारित किये गये और दो टीम को क्षेत्र में भेजकर दो प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार कुल 17 मामले निस्तारित हुए, बाकी 80 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित करने की कार्यवाही के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये हैं। तहसील घोरावल में अपर जिलाधिकारी सहदेव कुमार मिश्र ने 102 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही 10 मामलें निस्तारित किये और पांच टीम को क्षेत्र में भेजकर पांचों प्रकरणों को निस्तारित किये गये। इस प्रकार कुल 15 शिकायतों का निस्तारण किया गया। तहसील ओबरा में तहसीलदार ओबरा सुशील कुमार गुप्ता ने 46 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही चार मामलें निस्तारित किये गये और दो टीम को क्षेत्र में भेजकर दो प्रकरण को निस्तारित किये गये। इस प्रकार कुल 6 प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

तहसील दुद्धी में उप जिलाधिकारी दुद्धी निखिल यादव ने 27 शिकायतें सुनते हुए, मौके पर ही एक मामलें निस्तारित किया गया। बाकी 26 प्रकरणों को समयबद्ध तरीके से निस्तारित हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया।

# सपा ने समायोजन व मजदूर हित मुद्दे को लेकर सौंपा ज्ञापन

**कार्रवाई की मांग**

### मुख्य महाप्रबंधक कृष्णशिला नामित पत्र को देकर लगाई गुहार


मांग को लेकर ज्ञापन सौंपते सपाई

**शक्तिनगर।** कृष्णशिला मुख्य महाप्रबंधक परिसर में शनिवार को समाजवादी पार्टी जोन शक्तिनगर जोन प्रभारी रविंद्र कुमार यादव एवं समाजवादी मजदूर सभा उप्र के प्रदेश सचिव मुकेश सिंह के नेतृत्व में विभिन्न मुद्दों को लेकर मुख्य महाप्रबंधक कृष्णशिला परियोजना नामित ज्ञापन को देकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग।

जोन प्रभारी शक्तिनगर ने बताया कि नार्दन कोलफील्डस लिमिटेड कृष्णशीला परियोजना आउट सोर्सिंग कम्पनी केएन इंटरनेशनल लिमिटेड में विस्थापित परिवार व प्रभावित परिवारों के बेरोजगारो का 70 से 80 प्रतिशत समायोजन हो विस्थापित समस्याओं के निराकरण कराया जाए। सेक्टर प्रभारी शक्तिनगर अयोध्या गुप्ता ने कहा कि

स्थानीय कोल परियोजना नार्दन कोलफील्ड्स लिमिटेड कृष्णशीला परियोजना आउट सोर्सिग कम्पनी केएन इंटरनेशनल लिमिटेड को अधिभार हटाये जाने का कार्य आवंटित किया गया है। उक्त में अवगत कराया जाना है कि आउट सोर्सिंग कम्पनियों में श्रमिकों के भर्ती के नाम पर धांधली पूर्व में उजागर होती रही है साथ ही जिससे स्थानीय विस्थापित परिवार के बेरोजगार युवकों समायोजन से वंचित रह जाते है, जबकि नार्दन कोलफील्डस लिमिटेड के निर्णय के अनुसार स्थानीय विस्थापित बेरोजगारों को 80 प्रतिशत समायोजन हो। प्रदेश सचिव मुकेश सिंह ने कहा कि नॉर्दन कोलफील्डस लिमिटेड के कृष्णशिला परियोजना के सीएचपी का कार्य (ऑपरेशन रख-रखाव साफ सफाई रैक लोडिंग) का कार्य कर रही मेसर्स प्रभा कंटीन्यूअस यूटिलिटी सर्विस पिछले कई माह कार्य को प्रारंभ हुए हो गए आए दिन मजदूरों का लगातार शोषण होते आ रहा है वेतन विसंगति के साथ साथ मजदूरों द्वारा आवाज उठाने पर उन्हें कार्य मुक्त कर दिया जाता है। सुरक्षा संबंधी उपकरण न देकर कार्य कराया जा रहा है। वहीं देश में बड़ी आबादी जो मातृ शक्ति के रूप राष्ट्रहित में योगदान कर महिलाओं को 300 से 400 प्रतिदिन के हिसाब मजदूरी दी जाती है कई अनियमिताएं है जिसकी गोपनीय जाँच कर कम्पनी के खिलाफ कार्यवाहीं की जाए। इस मौके पर सेक्टर प्रभारी बीना अखिलेश यादव, खड़िया सेक्टर प्रभारी सुगेश यादव, भोला सिंह, वीरेंद्र यादव, इंद्रेश यादव, राजेश यादव, वाशु देव भारती, सियाराम बियार, जोंटी यादव, पप्पू यादव, सुनील गुप्ता सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## संक्षेप

### पुलिस ने किशोरी को परिजनों को सौंपा

**डाला।** प्रयागराज महाकुम्भ से अपने घर जा रही एक किशोरी भटक कर वैष्णो डाला पहुंच गई। डाला पुलिस ने शनिवार की सायंकाल युवती के घर धनबाद झारखंड सकुशल पहुंचाया। डाला चौकी प्रभारी आशीष कुमार पटेल ने बताया कि 17 वर्षीय करिश्मा पुत्री सुदामा निवासी बाघमारा थाना बाघमारा जनपद धनबाद झारखंड अपने परिजनों के साथ महाकुम्भ नहाने गई जो ट्रेन से वापसी के दौरान शुक्रवार को भटक कर डाला वैष्णो मंदिर पहुँच गई थी, किशोरी के भटक कर आने की सूचना डाला पुलिस को मंदिर कमेटी ने दिया। डाला पुलिस ने किशोरी से मिलकर घर की जानकारी लेकर करिश्मा को सकुशल घर पहुचाया। सकुशल अपनी पुत्री करिश्मा को देकर सुदामा व बहन मीणा डाला चौकी प्रभारी आशीष पटेल को धन्यवाद दिया।

### महिला पुलिस ने ग्राम चौपाल का किया आयोजन

**सोनभद्र।** सोनभद्र पुलिस ने मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिलाओं और बालिकाओं को जागरूक किया है। इस अभियान के तहत महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर महिलाओं की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। महिलाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, कल्याणकारी योजनाओं, महिला हेल्प डेस्क और कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा, महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराधों, घरेलू हिंसा और कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया जा रहा है। यह अभियान उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षा और स्वालंबन के लिए चलाया जा रहा है।

### वांछित अभियुक्त हुआ गिरफ्तार

**बभनी।** थाना बभनी पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त सीताराम मौर्या को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई जनपद में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में की गई है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त सीताराम मौर्या पुत्र कमोद मौर्या निवासी ग्राम टेकुआरी महुआदोहर थाना बभनी सोनभद्र को मुखबीर की सूचना पर रविवार को थाना बभनी पुलिस द्वारा बचरा नदी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष सदानन्द राय, हे0का0 प्रदीप कुमार सिंह, और का0 शिवम सिंह शामिल रहे।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**चोपन।** थाना जुगैल पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त अनुष पुत्र छाँगुर प्रसाद को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा के निर्देशन में अपराध पर प्रभावी रोकथाम लगाने व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में की गई है। गिरफ्तार किए गए अभियुक्त की उम्र 22 वर्ष है और वह ग्राम सफरीपुर पुराना खुर्द नई बाजार थाना पन्नूगंज जनपद सोनभद्र का निवासी है। उसकी गिरफ्तारी मुखबीर की सूचना पर शनिवार को थाना जुगैल पुलिस द्वारा की गई। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक मनोज कुमार सिंह और हे0का0 श्रवण कुमार यादव शामिल थे।

### अभियुक्ता गिरफ्तार

**शाहगंज।** थाना शाहगंज पुलिस ने एक वांछित अभियुक्ता को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार की गई अभियुक्ता माया देवी पत्नी स्व. शिव प्रसाद निवासी राजपुर रोड कस्बा शाहगंज थाना शाहगंज जनपद सोनभद्र को समय करीब 15.25 बजे बैंक ऑफ बड़ौदा के बीसी सेन्टर के पास कस्बा शाहगंज से गिरफ्तार किया गया और न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार, हे0का0 शिव प्रताप यादव, हे0का0 संतोष कुमार यादव और म0का0 पूजा गौतम शामिल थे।

### पॉस्को ऐक्ट में न्यायालय ने सुनाई सजा

**सोनभद्र।** पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप पाक्सो एक्ट में एक अभियुक्त को न्यायालय द्वारा सजा सुनाई गई है। यह सजा थाना रायपुर से संबंधित अभियोग में दी गई है, जिसमें अभियुक्त विजय उर्फ फागू पटेल को धारा 7/8 पाक्सो एक्ट में पाँच वर्ष कठोर कारावास और 5000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है। अर्थदंड अदा न करने पर उसे एक माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

# हवलदार का शव डाला पहुंचते ही परिजनों में मचा कोहराम


हवलदार छोटन राम-(फाइल फोटो)

**डाला।** झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप) के हवलदार पद पर तैनात डाला धौंठा टोला निवासी 55 वर्षीय छोटन राम की तबियत बिगड़ने से हुई मौत के बाद शुक्रवार की देर सायंकाल पार्थिव शव झारखंड सरकार के वाहन से उनके पैतृक आवास डाला लाया गया। जहाँ शनिवार की दोपहर बाद डाला गोरादह शवदाह स्थल पर उनके पुत्र विकास पासवान ने मुखाग्नि देकर पिता के पार्थिव शव का विधि विधान से दाह संस्कार किया।

बताया गया कि नक्सल विरोध अभियान जैप आठ के तहत पलामू जिले के नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के सरइडीह पिकेट में तैनात हवलदार छोटन राम विगत पांच माह पूर्व से नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के डागरा पिकेट में तैनात थे। जिन्हें वरिष्ठ पदाधिकारी के निर्देश पर सरईडीह पिकेट पर प्रतिनियुक्त किया गया था। गुरुवार की रात्रि हवलदार की अचानक तबियत बिगड़ी। जिस पर साथी जवानों ने अस्पताल भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के उपरांत शुक्रवार को दोपहर पुलिस केन्द्र पलामू में हवलदार के पार्थिव शव को पूरे सम्मान के साथ सरकारी वाहन से उनके पैतृक आवास डाला नगर पंचायत के वार्ड नं एक धौंठा टोला लाया गया। जहाँ पार्थिव शव को देखते ही परिजनों समेत आसपास के लोगों में कोहराम मच गया।

### नगर पंचायत के गणमान्यों ने की संवेदना व्यक्त

**डाला।** झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप) के हवलदार पद पर तैनात डाला धौंठा टोला निवासी 55 वर्षीय छोटन राम की तबियत बिगड़ने से हुई मौत को लेकर डाला नगर पंचायत अध्यक्ष फुलवंती देवी, अपना दल एस अध्यक्ष अंजनी पटेल, मंडल उपाध्यक्ष संदीप सिंह मोनू, व्यापार मंडल अध्यक्ष मुकेश जैन, भाजपा नेता सुभाष पाल, भाजयुमो उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह सोनू, सपा नेता मंगल जायसवाल व पारस यादव, मंडल उपाध्यक्ष मनीष तिवारी, बसपा नेता सुभाष राव राणा, पूर्व सेना कर्मचारी हनुमान सिंह, पूर्व पुलिस उप निरीक्षक अरविंद मिश्रा समेत दर्जनों लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त करके परिजनों को हर संभव मदद करने का भरोसा दिया।

### नाबालिग से दुष्कर्म का आरोप, केस दर्ज

**ओबरा।** ओबरा पुलिस ने एक नाबालिक पुत्री की मां की तहरीर पर एक व्यक्ति के खिलाफ शनिवार को दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया। यह मुकदमा पीड़िता की मां की तहरीर पर लिखा गया है। वही घटना बीते 12 फरवरी की बताई जा रही है। ओबरा थाना में मां ने दी तहरीर में बताया है कि आरोपी शिव प्रसाद यादव ने बीते 12 फरवरी की रात लगभग 9 बजे मेरी नाबालिक पुत्री को घर में अकेला पाकर छेड़खानी करते हुए बलात्कार किया। लोक लाज के डर से परिजन थाना में सूचना नहीं दिए। आरोपी इसके पहले भी कई बार नाबालिक पुत्री को बहला फुसलाकर छेड़खानी करते हुए बलात्कार कर फोटो वीडियो बना लिया था। फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देते हुए बीते 12 फरवरी को पुनः नाबालिक बेटी के साथ बलात्कार किया था। आरोपी बार बार फोटो वीडियो वायरल करने की धमकी देकर बलात्कार करता रहा और कहता था कि कुछ खास दोस्तो को फोटो एवं वीडियो भेजा हूं मेरी बात नहीं मानी तो सभी फोटो एवं वीडियो वायरल कर दूंगा। ओबरा पुलिस संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्जकर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेज दिया।

# प्रदूषण से त्रस्त ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



**बीजपुर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पुनर्वास प्रथम बस्ती के बीच बौढन-बीजपुर बाईपास मार्ग पर शनिवार सुबह सैकड़ों ग्रामीणों ने चक्का जाम कर सड़क पर पानी छिड़काव के लिए प्रदर्शन किया। सड़क जाम की सूचना पर पहुँचे इंस्पेक्टर क्राइम राकेश कुमार सिंह मय हमराह ने ग्रामीणों को समझा बुझा कर जाम खुलवाया। इस दौरान पुलिस ने प्रबंधन से बात कर तत्काल टैंकर मंगवा कर पानी छिड़काव शुरू कराया तब जा कर ग्रामीण अपने घर गए। इस दौरान ग्राम पंचायत सदस्य विजय सिंह गोड़, बीडीसी सदस्य मेवालाल, राम नरायण, हीरा सिंह, अजय सिंह, मुन्ना सिंह, फुलशाह, हीरामनी, मुस्कान, उर्मिला रानी, सोनी सिंह सहित सैकड़ों लोगों ने कहा कि सड़क खराब है। दिनभर तीन से चार सौ राख की गाड़ियां चलने से बस्ती में उड़ रही राख और धूल से जनजीवन नारकीय बन गया है। पानी छिड़काव को लेकर कई बार धरना प्रदर्शन दिया गया। प्रबन्धन से आश्वासन मिलता है कि दिन में तीन बार पानी छिड़काव कराया जाएगा, लेकिन एक बार भी पानी छिड़काव नही होता। जिससे हम लोग त्रस्त कर आज चक्का जाम किए हैं। ग्रामीणों ने कहा कि अगर पानी छिड़काव नियमित नही हुआ तो भविष्य में बृहद चक्का जाम किया जाएगा। इस बाबत एनटीपीसी एचआर प्रबन्धन से रोशन कुमार ने कहा कि ट्रेंकर खराब हो गया था। इसलिए देर हुआ आगे नियमित छिड़काव होता रहेगा।

# रैन बसेरा में निराश्रित्रों से नहीं लिया जा रहा शुल्क

**बैठक**

### सामान्य लोगों के ठहरने पर हाल का 50 व ऊपर के कमरे का 200 रुपए लिया जा रहा शुल्क

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** रैन बसेरा में गरीब, निराश्रित, बेसहारा व्यक्तियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। नगर पालिका परिषद की चेयरमैन रूबी प्रसाद ने यह बयान दिया है। उन्होंने बताया कि रैन बसेरा का संचालन पहले जनहित सेवा एवं शोध संस्थान, प्रतापगढ़ द्वारा किया जाता था, लेकिन अब यह नगर पालिका परिषद के स्तर से किया जा रहा है। हालांकि, जो व्यक्ति निराश्रित, बेसहारा गरीब नहीं हैं, लेकिन रैन बसेरा की सुविधा का निशुल्क लाभ प्राप्त कर रहे हैं, उनसे 50 रुपये से 200 रुपये का यूजर चार्ज लिया जाएगा। यह निर्णय पालिका परिषद बोर्ड की बैठक में लिया गया था।

चेयरमैन ने कहा है कि रैन बसेरा में किसी भी बेसहारा व्यक्तियों के रात्रि विश्राम पर किसी प्रकार का कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। ऐसे व्यक्तियों से शुल्क की वसूली का आरोप निराधार है। उन्होंने बताया कि 29 नवंबर 2018 को इस रैन बसेरा को पांच वर्ष तक संचालन के लिए निजी संस्था को नामित किया गया था। संचालन के लिए संस्था को पांच लाख 84 हजार रुपये वार्षिक की दर से शासन स्तर से भुगतान भी किया जाता था। संस्था का कार्यकाल 31 मार्च 2024 को समाप्त होने पर इसका संचालन नगर पालिका परिषद के स्तर से किया जा रहा है। कार्यदायी संस्था की ओर से रैन बसेरा में कार्यरत कार्मिकों का कई माह का वेतन भुगतान बाधित था। उसकी स्थिति दयनीय थी। उसे सुव्यवस्थित करने तथा कार्मिकों को वेतन आदि भुगतान पर होने वाला समस्त व्यय नगर पालिका परिषद के स्तर से वहन किया जा रहा है। नगर पालिका के चार्ज में आने पर यह देखा गया कि कुछ व्यक्ति निशुल्क रूप से यहां आवासित हैं। प्रकरण नगर पालिका परिषद बोर्ड के संज्ञान में आने पर बोर्ड की बैठक में विचार विमर्श किया गया तथा शेल्टर होम के संचालन में हो रहे व्यय व व्यवस्था सुव्यवस्थित रखने के उद्देश्य से ऐसे व्यक्ति जो निराश्रित, बेसहारा गरीब नहीं हैं, परन्तु शेल्टर होम की सुविधा का निशुल्क लाभ प्राप्त कर रहे है ऐसे व्यक्ति से बोर्ड ने हाल में ठहरने वालें से 50 रुपये तथा उपर कमरों में ठहरने वालों से दो सौ रुपये का यूजर चार्ज का निर्धारण किया है।


नपा चेयरमैन रूबी प्रसाद

# सदर विधायक ने तीर्थयात्री को खिलाया खाना, दबाए पैर

**सराहनीय कार्य**

### बीजेपी कार्यकर्ताओं ने लगाया सेवा भार शिविर


बुजुर्ग महिला का पैर दबाते सदर विधायक भूपेश चौबे

**सोनभद्र।** प्रयागराज से महाकुंभ मेला आने-जाने वाले श्रद्धालुओं की सेवा के लिए विभिन्न राजनीतिक पार्टियों और सामजिक संगठनों ने जगह-जगह कैंप लगाए हैं। यहां श्रद्धालुओं के लिए खान-पान और उनकी सेवा की जा रही है। जिले में राबटर्सगंज में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने कैंप लगाया। यहां बीजेपी विधायक श्रद्धालुओं की सेवा करते दिखे।

उनका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा, जिसमें वह एक बुजुर्ग महिला श्रद्धालु के पैर दबाते दिख रहे हैं। जिले के राबटर्सगंज के हिन्दुआरी तिराहे पर बीजेपी विधायक भूपेश चौबे द्वारा सेवा भाव शिविर लगाया गया था। यहां प्रयागराज महाकुंभ में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं को बिस्किट, चाय-पानी और खिचड़ी दी जा रही थी। शिविर में बीजेपी कार्यकर्ता श्रद्धालुओं की सेवा में जुटे हुए थे। चार दिन पहले विधायक भूपेश चौबे शिविर में पहुंचे और श्रद्धालुओं की सेवा में जुट गए। इतने में श्रद्धालुओं की एक कार वहां रुकी। वह महाकुंभ से संगम स्नान कर वापस अपने घर लौट रहे थे। कार में बुजुर्ग महिला भी थी। विधायक भूपेश चौबे ने जब बुजुर्ग महिला को देखा तो वह तुरंत कार के पास पहुंचे. उन्होंने महिला को सहारा देकर कार से उतारा और उन्हें शिविर में ले आए। विधायक ने महिला को कुर्सी पर बैठाया और उनके हाथ पैर भी दबाया। महिला को खिचड़ी खिलाई। इस दौरान विधायक ने बुजुर्ग महिला से हाल चाल पूछा। पावन कुंभ स्नान का जिक्र किया। महिला ने बताया कि वह परिवार संग स्नान कर लौट रही है। विधायक की सेवाभाव का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। भूपेश चौबे राबटर्सगंज सीट से विधायक हैं। शिविर की व्यवस्था को घोरावल विधायक अनिल मौर्या भी देख रहे हैं।

# डिबाए के पदाधिकारियों व सदस्यों को दिलाई गई शपथ


शपथ ग्रहण समारोह में शामिल पदाधिकारी

**सोनभद्र।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन सोनभद्र के पदाधिकारियों एवम् सदस्यों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पांचूराम मौर्य पूर्व चेयरमैन बार काउंसिल उत्तर प्रदेश एवं विशिष्ठ अतिथि पूर्व अध्यक्ष/सदस्य बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश हरिशंकर सिंह व विनोद कुमार पांडेय सदस्य बार काउंसलिंग ऑफ उत्तर प्रदेश ने भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इस समारोह में वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियो का बैच, मोमेंटो, अंगवस्त्रम व माल्यार्पण कर स्वागत अभिनंदन किया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष जगजीवन सिंह को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके उपरांत हरिशंकर सिंह ने बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन कुमार सिंह महामंत्री प्रदीप कुमार मौर्य अन्य पदाधिकारियों को गोपनीयता की शपथ दिलाई। बार एसोसिएशन के निवर्तमान अध्यक्ष श्याम बिहारी यादव ने वहां मौजूद सभी पदाधिकारी का आभार व्यक्त करते हुए अग्रिम शुभकामनाएं दी। अतिथि के तौर पर समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे। संचालन राजेश मौर्य ने किया। इस अवसर पर रोशन लाल यादव, राजबहादुर सिंह, हीरालाल पटेल, राजेश कुमार सिंह, रामजियावान सिंह, रियाजुदीन खान, राजनाथ सिंह, आकृति निर्भया, सरस्वती देवी, गीता गौर, आभा मौर्य, सुमन, पुष्पा तिग्गा, अभिषेक सिंह, सुरेश कुशवाहा, राजेश यादव अशोक कनौजिया आदि लोग उपस्थित रहे।

# मुझको दुनिया की दौलत न सर चाहिये, आपके शहर में...

**आयोजन**

### जश्न ऐ ईदमिलादुन्नबी में गुलजार रहा नगर, कुरान की आयातों पर डाला प्रकाश


ओबरा में तकरीर करते मौलाना

**ओबरा।** स्थानीय इस्लामिया इंटरमीडिएट कालेज के मैदान में शुक्रवार की रात जश्न ए ईद मिलादुन्ननबी का आयोजन हाफिज कारी मौलाना मोहम्मद असलम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस दौरान कुरान की आयातों पर वक्ताओं ने रोशनी डाली और उसे अमल में लाने की अपील किया। आजमगढ के शायर एहशान शाकिर की मुझको दुनिया की दौलत न सर चाहिये, आपके शहर में एक घर चाहिये की प्रस्तुति ने लोगों को नारे तकबीर अल्लाहो अक्बर के नारे लगाने के लिये मजबूर कर दिया। झारखण्ड के के शायर हबीबुल्ला नूरी ने लबो पे सल्लेअला सजाओ, हुजुर आये हुजुर आये की प्रस्तुति ने लोगों को इबादत रस में लीन कर दिया। इसी क्रम में संचालन कर रहे कोलकाता के शायर कफील अंबर ने दरे शब्बीर की मिट्टी जो उनके दर का ताज हो जाये यकीनन ये मेरी तकदीर की मेराज हो जाये की प्रस्तुति ने जश्न में चार चांद लगा दिया। भोपाल के शेएब रजा कादरी, जबलपुर के मौलाना रूहुल अमीन ने कुरान की फजीलत पर विस्तार के प्रकाश डालते हुये कहा कि कुरान हिदायत का पैगाम देता है। लोगों को बुराईयों से बचाता है। सदारत कर रहे इमाम हाफिज कारी मौलाना मोहम्मद असलम ने कहा कि कुरान खुदा की सच्ची किताब है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सरपरस्त हाजी जलालुद्दीन खान, सदर मो हुसैद वहीदी, सेक्रटी राज अली अंसारी, उमेर खान, एसएच खान, मुनीर अहमद, शहजादे खान, सैयद आरिफ, शाकिर अली अंजूमन गुलामाने मुस्तफा के सदर अली, सेक्रेटी डब्बू, महफूज खान, श्रवण पासवान आदि मौजूद रहे।

### तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन



**सोनभद्र।** राबट्र्सगंज नगर स्थित संत जेवियर्स विद्यालय में शनिवार तीन दिवसीय स्काउट गाइड शिविर का समापन प्रधानाचार्य आल्बर्ट प्रवीण लोबो द्वारा किया गया। गुरुवार को प्रातः काल स्काउट-गाइड प्रवेश कोर्स का प्रशिक्षण हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारम्भ स्काउट ध्वजोत्तोलन, प्रार्थना-गीत एवं झण्डा-गीत के साथ हुआ। तीन दिनों तक स्काउट प्रशिक्षक शुभम कुमार सोनी एवं सहयोगी सहायक प्रशिक्षक कन्हैया लाल ने स्काउट-गाइड के नियम, प्रतिज्ञा, गांठ इत्यादि की जानकारी देते हुए विद्यार्थियों को प्रवेश कोर्स का प्रशिक्षण दिया। तीसरे दिन शनिवार को स्काउट-गाइड को विभिन्न टोलियों में बाँटकर उनके मध्य विविध प्रतियोगिताओं यथा शिविर निर्माण, पाक कला, गाँठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम इत्यादि का आयोजन हुआ। जिसका प्रधानाचार्य ने अपने सहयोगियों के साथ निरीक्षण कर उनका मूल्यांकन करते हुए प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त टोलियों को पुरस्कृत किया। सर्वश्रेष्ठ स्काउट नीतेश धर द्विवेदी एवं सर्वश्रेष्ण गाइड जरीन फातिमा को भी पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य ने कहा कि आज के परिवेश में स्काउट-गाइड के महत्व को समझना और उसके कर्तव्यों का निर्वहन करना अति आवश्यक है। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन स्काउटर जगदम्बा प्रसाद की देखरेख में सम्पन्न हुआ। स्काउट ध्वज उतार कर प्रशिक्षण शिविर के समापन की घोषणा प्रधानाचार्य द्वारा की गयी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापिका सि. सुनीता टोप्पो, शिक्षक राकेश द्विवेदी, शिवनाथ सिंह, आशुतोष पाठक, जगदम्बा प्रसाद, गाइटर उर्मिला यादव, शिक्षिका शकिला जैदी, सि. फ्रिस्का बरला, सि. अर्चना वास्तराय सहित विद्यार्थी, अभिभावक व विद्यालय के समस्त शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक कर्मी और तमाम अभिभावक उपस्थित रहे।

# श्रद्धालुओं से भरी बस व कार को ट्रक ने मारी टक्कर, दस घायल

**चंदौली।** प्रयागराज महाकुंभ जाने और लौटने के दौरान हादसे रुकने का नाम नहीं ले रही है शुक्रवार की देर रात सदर कोतवाली नेशनल हाईवे 19 पर भीषण हादसा हुआ। जिसमें श्रद्धालुओं से भरी बस और इनोवा कार को ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें 10 से ज्यादा श्रद्धालु घायल हो गए। सूचना पर पहुँची पुलिस ने स्थानीय लोगों की ओर मदद रेस्क्यू कर सभी घायलों को जिला अस्पताल पहुँचाया। जिसमें एक कि हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया गया। वहीं अन्य घायलों इलाज जारी है।


हादसे के बाद दुर्घटनाग्रस्त बस से घायलों को बाहर निकालते लोग।

बताते हैं कि महाकुम्भ से लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी बस बिहार की तरफ जा रही थी तभी एक ट्रक ओवरटेक के चक्कर में बस में पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया अभी संभल पाते तब तक ट्रक के पीछे चल रही इनोवा भी ट्रक से टकरा गयी और फिर उसके पीछे चल रही दूसरी ट्रक ने इनोवा में पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में बस और इनोवा कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया गई। दुर्घटना में इनोवा में लगे एयरबैग के चलते सभी बाल बाल बच गए सभी को हल्की चोट आई। जब कि बस में सवार 10 लोग घायल हो गए। जिसमें बाला रमैया 62 वर्ष, चंना रमैया 50 वर्ष,नार लक्ष्मा 50 वर्ष, राम लक्ष्मा 50 वर्ष, लक्ष्मा 55 वर्ष रेफर,अंजना रमैया 50, अनसूया 70, जेबी सुम्मा 75 वर्ष, लक्ष्मी नारायण अम्मा 65, शुंम्मा लक्ष्मा 65 वर्ष घायल है। सभी आंध्र प्रदेश के रहने वाले है। इस हादसे के बाद लोगों में चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोग मौके पर पहुँच कर रेस्क्यू में जुट गए. वहीं सूचना के बाद पुलिस टीम भी मौके पर पहुँच गई। सभी घायलों का रेस्क्यु कर एम्बुलेंस, निजी वाहन से घायलों को जिला चिकित्सालय भेजा गया। करीब आधे घंटे तक चले रेस्क्यू के चलते नेशनल हाइवे पर ब्रेक डाउन के चलते लंबा जाम लग गया। सभी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को एक साइड कर यातायात व्यवस्था बहाल कराई गई। इस बाबत चिकित्साधिकारी डॉ अजय सिंह ने बताया सड़क दुर्घटना में घायल 10 लोगों को अस्पताल लाया गया है। जिसमें 1 की हालत गंभीर होने पर वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया है। बाकी अन्य घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### कुंभ से लौट रहे सड़क दुर्घटना में घायलों को देखने पहुंचे एडीएम

**चंदौली।** पंडित कमलापति त्रिपाठी संयुक्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं को देखने शनिवार को एडीएम सुरेंद्र सिंह पहुंचगए। जहां पर उन्होंने श्रद्धालुओं का हाल-चाल जाना और उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर मदद का आश्वासन दिया। प्रयागराज कुंभ से लौट रहे आंध्र प्रदेश के श्रद्धालु सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। जिन्हें नेशनल हाईवे व पुलिस के मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर जो घायलों का इलाज चल रहा है। उन्हें देखने के लिए शनिवार की सांयकाल एडीएम सुरेंद्र पहुंच गए। जहां पर श्रद्धालुओं से इलाज के बाबत जानकारी हासिल की और संबंधित अधिकारी को निर्देश दिया कि उनके इलाज में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

# डीडीयू स्टेशन पर अर्धविक्षिप्त युवक खड़ी ट्रेन की छत पर चढ़ा

**मचा हड़कंप**

### बड़ी मशक्कत के बाद आरपीएफ इंस्पेक्टर ने अर्धविक्षिप्त को उतारा

**डीडीयू नगर।** डीडीयू रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर तीन पर शुक्रवार की रात अर्धविक्षिप्त युवक खड़ी बंगलूरू सुपरफास्ट एक्सप्रेस की छत पर चढ़ गया। जिससे स्टेशन पर मौजूद यात्रियों में हड़कंप मच गया। युवक करंट की चपेट में न आ जाए। प्लेटफार्म पर मौजूद लोग चीखने चिल्लाने लगे। आरपीएफ ने दो घंटे की मशक्कत के बाद सीढ़ी लगाकर उसे नीचे उतारा। तब जाकर ट्रेन आगे के लिए रवाना हो सकी। पाटलिपुत्र से एसएसवीटी बंगलूरू जा रही अप 22351 सुपरफास्ट एक्सप्रेस शनिवार की रात लगभग साढ़े 12 बजे स्थानीय रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर आकर रुकी। यात्री ट्रेन पर सवार हो रहे थे, तभी एक युवक किसी तरह ट्रेन की छत पर पहुंच गया। ट्रेन की छत से 25 हजार वोल्ट का हाईटेंशन तार गुजरा है। स्लीपर कोच एस-2 की छत पर यात्रियों की नजर युवक पर पड़ी तभी दुर्घटना की आशंका से वे चीखने चिल्लाने लगे। सभी युवक को छत पर लेटने को कहने लगे। इस पर बिना शर्ट पहना युवक लेट गया। यात्रियों की सूचना पर आरपीएफ, वाणिज्य विभाग और जीआरपी मौके पर पहुंच गई। आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत ने युवक को समझाने का प्रयास किया। युवक की हरकत से पता चला कि वह विक्षिप्त है। इसके बाद कंट्रोल को सूचना दी गई। ओएचई वायर की लाइन काटी गई। इसके बाद सीढ़ी लगाकर प्रदीप कुमार रावत स्वयं छत तक पहुंचे और युवक को समझा बुझाकर नीचे उतारा। इसके बाद मौजूद लोगों ने राहत की सांस ली। इस दौरान लगभग दो घंटे तक ट्रेन स्टेशन पर रुकी रही। आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत ने बताया कि युवक अर्धविक्षिप्त था और उसे समझा बुझाकर छत से नीचे उतारा गया। अन्यथा करेंट की चपेट में आने से उसकी मौत हो सकती थी।


विक्षिप्त युवक को ट्रेन की छत से नीचे उतारती आरपीएफ।

## संक्षेप

### संपूर्ण समाधान दिवसः 95 प्रार्थना पत्र, 6 का मौके पर निस्तारण


समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम व एसपी।

**चंदौली।** जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य लांघे की अध्यक्षता में तहसील पीडीडीयू नगर सभागार में जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिनमें विभिन्न मामलों के 95 प्रार्थना पत्र पड़े जिनमें से 06 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण हुआ। जिलाधिकारी ने तहसील दिवस में मौजूद सभी अधिकारियों को संबंधित प्रार्थना पत्रों का समय रहते निस्तारण करने के निर्देश दिए। तहसील दिवस के अन्त में जिलाधिकारी ने वहां पर उपस्थित समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी को निर्देशित किया कि यदि किसी विभाग का प्रकरण लंबित अगले तहसील दिवस तक पाया जाएगा तो विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित किया जाएगा। इस दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी, उप जिलाधिकारी आलोक कुमार, क्षेत्राधिकारी पी डीडीयू नगर, जिला पूर्ति अधिकारी, डीपीआरओ, जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी, अधिशासी अधिकारी बंधी व मूसाखाड डिवीजन, तहसीलदार, थानाध्यक्ष, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### कुचमन में सुरक्षा खंभा से टकराया अनियंत्रित टैंकर



**नियामताबाद।** कुचमन रेलवे फाटक पर शनिवार को सुबह मुगलसराय की ओर से सकलडीहा जा रही टैंकर अनियंत्रित होकर फाटक सुरक्षा खम्भा में टकरा गई। हालांकि इससे कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ कुछ देर के लिए अफरातफरी का माहौल हो गया। अलीनगर में तीन आयल डिपो होने के कारण आए दिन दर्जनो टैंकर का आवागमन उक्त मार्ग के माध्यम से गाजीपुर, मऊ, जौनपुर सहित होता है। शनिवार को सुबह डिपो से तेल लेकर सकलडीहा की ओर जा रहा था। टैंकर अनियंत्रित होकर खंभा में टक्कर होते ही आसपास के लोगों की भारी भीड़ एकत्रित हो गई। इस दौरान अफरातफरी का माहौल बन गया। तत्पश्चात चालक टैंकर को सही कर सकलडीहा की तरफ जाने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**नियामताबाद।** अलीनगर थाना क्षेत्र के आलमपुर गांव के समीप शुक्रवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। अलीनगर थाना क्षेत्र के गंजख्वाजा निवासी 32 वर्षीय अभय कुमार की शुक्रवार देर नेशनल हाईवे से मुगलसराय जा रहा था। रात इसी दौरान अज्ञात वाहन की चपेट में आने से इसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चिकित्सालय भेज दिया। वहीं मौत की खबर लगते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस संबंध में पूछे जाने पर एसओ विनोद मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वही वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# विकास कार्य के लिये 15 करोड़ रुपये का प्रस्ताव हुआ पारित

जनसंदेश न्यूज

**सकलडीहा।** विकास खंड मुख्यालय पर शनिवार को ब्लॉक प्रमुख अवधेश सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र पंचायत और ग्राम पंचायत में विकास कार्यो को गति देने के लिये मिनी सदन की बैठक बुलायी गयी है। इस बैठक में विभिन्न 567 कार्य के सापेक्ष 15 करोड़ का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया। इस मौके पर पूर्व में कराये गये विकास कार्यो का विस्तार से चर्चा हुई। विकास खंड के कुल 104 गांव सभा में क्षेत्रपंचायत और ग्राम पंचायत के तहत विकास कार्यो को गति देने के लिये आगामी वित्तीय वर्ष के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, पेयजल योजना के तहत कार्य होना है।



क्षेत्र पंचायत की बैठक को सम्बोधित करते हुए ब्लॉक प्रमुख अवधेश कुमार सिंह।

इसके अलावा राष्ट्रीय कार्यक्रम पल्स पोलियो, परिवार कल्याण, अल्प बचत, नहर बंधी ड्रेन सिल्ट सफाई कार्य के अलावा राज्यवित्त और केन्द्रीय वित्त मनरेगा के वास्तविक कार्ययोजना, एसबीएम योजना, गोआश्रय स्थल सहित अन्य कार्य योजना के तहत कुल 567 कार्य का प्रस्ताव सदन के सामने जनप्रतिनिधियों की ओर से रखा गया। जिसे ध्वनिमत से 15 करोड़ की लागत में कराये जाने की प्रस्ताव पारित हुआ। ब्लॉक प्रमुख अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि गांव से लेकर विकास खंड तक विकास की गति को धीमा होने नहीं दिया जायेगा। इसके पूर्व में 40 करोड़ की लागत से कराये गये विभिन्न कार्यो पर विस्तार से चर्चा हुई। इस मौके पर बीडीओ विजय कुमार सिंह, एडीओ पंचायत बजरंगी पांडेय, एडीओ आईएसबी हवलदार यादव, एकाउंटेंड विजय शंकर अमित सिंह, जेपी चौहान, गुलाब मौर्या, नवनीत सिंह, भवेश त्रिपाठी सहित अन्य मौजूद रहे।

### चंदौली-गाजीपुर बार्डर से पास हो रहा मोरंग बालू

**चहनियां।** बलुआ थाना क्षेत्र से लगातार अवैध तरीके से मोरंग बालू गाजीपुर समेत अन्य जनपद में भेजा जा रहा है। स्थिति यह है कि पुलिस की मौजूदगी के बावजूद धड़ल्ले से ट्रैक्टर पास कराकर गाजीपुर समेत गैर जनपद में धंधा फल फूल रहा है। बताते हैं कि मारूफपुर चौकी क्षेत्र से ट्रैक्टर द्वारा अन्य जनपद मे बालू को धड़ल्ले से पास कराया जा रहा है। जबकि यहां भारी वाहन ट्रक और बालू लदे ट्रैक्टर न आये जाये इसके लिए पुल के पास लोहे का बैरेकेटिंग लगाया गया है किन्तु ट्रैक्टर धड़ल्ले से आ जा रहे है। ये बालू चंदौली जनपद से होकर गाजीपुर सहित अन्य जनपदों में जा रहा है। इसके लिए मारूफपुर पुलिस से पहले से ही सेटिंग है जैसा कि आरोप है। मारूफपुर क्षेत्र में अवैध मिट्टी खनन और बालू पास कराने का धंधा जोरो पर चल रहा है। अभी कुछ दिन पूर्व मिट्टी खनन के लिए समाचार पत्रों ने उजागर किया था। क्षेत्र के लोगों का आरोप है कि यहां अवैध मिट्टी खनन और बालू पास कराने के लिए पुलिस की मिलीभगत है। इस बारे मे मारूफपुर पुलिस चौकी प्रभारी ने अनभिज्ञता जाहिर की है।

# स्नेहा सिंह की मौत पर सम्राट अशोक क्लब ने निकाला कैंडल मार्च



**कमालपुर।** सम्राट अशोक क्लब अहिकौरा द्वारा कैंडल मार्च निकालकर बनारस में रहकर तैयारी कर रही सासाराम की 17 वर्षीय छात्रा स्नेहा सिंह का संदिग्ध परिस्थितियों में वाराणसी के भेलूपुर थाना अंतर्गत रामेश्वर गर्ल्स हॉस्टल में फंदे से लटका शव मिला। वाराणसी पुलिस इसे आत्महत्या बता रही है तो परिजन इसे खुदकुशी मानने से इंकार कर रहे हैं। इस घटना के बाद विभिन्न राज्यों में इसका भारी विरोध है जिसको लेकर तमाम संगठनों ने कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा की अपील की। कैंडल मार्च जुलूस में कैलाश मौर्य ,गुलजार मौर्य, चंदन मौर्य, बबलू मौर्य, दीपक मौर्य, उदय मौर्य, संतोष मौर्य, रणविजय सिंह मौर्य, राहुल मौर्य, सुभाष मौर्य, गोलू, मौर्य, विजय मौर्य, डा.अनिल कुमार राव, विशाल मौर्य, अमित मौर्य आदि लोग सम्मिलित रहे।

# कुछ महीने पूर्व बनी रोड क्षतिग्रस्त होने से ग्रामीणों में रोष


क्षतिग्रस्त सड़क पर प्रदर्शन करते ग्रामीण।

जनसंदेश न्यूज

**चहनियां।** क्षेत्र के दरियापुर में जिला पंचायत कोटे से श्याम नारायण के घर से काली माता मंदिर व मुस्लिम भाईयों को कर्बला तक बना रोड पूरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो चुका है जबकि यह रोड विगत चार महीने पूर्व बनाया गया था इसको लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। दरियापुर ग्राम सभा मे आप जनता को सुविधा के लिए जिला पंचायत कोटे से कुछ महीने पूर्व बनवाया गया था लेकिन ठेकेदार के द्वारा सही गुणवत्ता से न बनवाने से रोड पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ग्रामीणों ने रोड पर ठेकेदार व जिला पंचायत के खिलाफ प्रदर्शन करके रोष प्रकट किया तथा उच्चाधिकारियों से जांच कराकर उचित कार्यवाही की मांग की है।

### मंदिर निर्माण को लेकर ग्रामीण हुए लामबंद

**सकलडीहा।** विकास खंड के नईकोट गांव में शंकर भगवान की जर्जर मंदिर का जीर्णोद्धार कराने के लिये ग्रामीण चंदा लगाकर बनाना चाह रहे है। जिसे दूसरे गांव के लोगों की ओर से रोके जाने का ग्रामीणों ने विरोध जताया है। एसडीएम अनुपम मिश्रा से मिलकर उचित न्याय करने की मांग किया है। इस मौके पर गांव की काफी संख्या में महिलायें और ग्रामीण मंदिर निर्माण को लेकर एकजुटता दिखाया। नईकोट गांव में शंकर भगवान की मंदिर पूरी तरह से जर्जर हो गया था। जिसका जीर्णोद्धार के लिये ग्रामीणों ने आपस में चंदा लगाकर निर्माण कार्य के लिए मैटेरियल सहित निर्माण कार्य करा चुके है। वही उकनी गांव के कुछ लोग अपनी भूमि बताकर निर्माण कार्य को रोकना चाह रहे है। यही नहीं न्यायालय की ओर से स्थगन आदेश होने का दावा भी कर रहे है। इसकी जानकारी होने पर दर्जनों की संख्या में महिलाएं और ग्रामीण तहसील मुख्यालय पर पहुंचकर हो हल्ला मचाने शुरू कर दिया। जबकि पूर्व में राजस्व विभाग की टीम की ओर से पैमाइश भी किया गया था।म्इस मौके पर ग्राम प्रधान वीरेन्द्र कुमार शर्मा, कुंदन सिंह, कमलेश सिंह, संत कुमार सिंह, अमरेश पांडेय, आकाश सिंह, श्रीकांत पांडेय, तारा पांडेय, माधुरी राय, चिंता देवी, सोनी, सुषमा शर्मा, उषा शर्मा सहित अन्य महिलाएं मौजूद रही।

# समाधान दिवसः 31 प्रार्थना पत्र में चार का निस्तारण


फोटो-13सकलडीहा तहसील दिवस में फरियाद करते हुए ग्रामीण।

जनसंदेश न्यूज

**चंदौली।** सदर तहसील सभागार में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें 31 फरीदियों ने प्रार्थना पत्र दिया जिसमें चार का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट हर्षिका सिंह ने कहा कि सरकार की मानसिकता के अनुसार जनता की समस्याओं का समाधान अधिकारियों को करना चाहिए। ताकि सरकार की छवि अच्छी हो सके। जो भी समस्याएं हो उसका त्वरित समाधान करें। नहीं तो कार्रवाई के लिए तैयार रहे। इस दौरान मित्रसेन सहित तमाम लोगों उपस्थित रहे।

### कुल 89 प्रार्थना पत्र में 8 का निस्तारण

**सकलडीहा।** उपजिलाधिकारी अनुपम मिश्रा के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 89 प्रार्थना पत्र पड़े। जिसमें मौके पर 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। इस दौरान ग्रामीणों ने एक लेखपाल पर पट्टा देने के नाम पर लाखों रुपए की वसूली का आरोप लगया। इसके अलावा फरियादियों की ओर से अवैध कब्जा, अंश निर्धारण सहित प्रमुख समस्याओं को रखा। इस मौके पर तहसीलदार अजीत कुमार सिंह, सीओ रघुराज, बीडीओ विजय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार दिनेश चन्द्र शुक्ल, बीईओ अवधेश राय सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# डीडीयू जंक्शन से 25 स्पेशल ट्रेनें भेजी गईं प्रयागराज

जनसंदेश न्यूज

**डीडीयू नगर।** माघ पूर्णिमा का अमृत स्नान के बाद प्रयागराज में स्नानार्थियों के आने वालों की संख्या कम होने का अनुमान गलत साबित हुआ। शनिवार को एक बार फिर प्रयागराज की ओर जाने वाले स्नानार्थियों की संख्या बढ़ गई। यात्रियों की संख्या बढ़ने पर रेल प्रशासन ने गया और डीडीयू से 25 स्पेशल ट्रेनें प्रयागराज के लिए भेजी गई। वहीं रात 12 बजे से शनिवार की शाम तीन बजे तक कुल 51 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई।

वहीं यात्रियों को सुरक्षित ढंग से ट्रेन पर सवार कराने में सुरक्षा बलों को पसीने बहाने पड़े। जबकि रुटीन की ट्रेनों में अधिकांश एसी कोचों के दरवाजे बंद मिले।जिसे जीआरपी प्रभारी व आरपीएफ ने उसे खोलवा दिया। प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने वालों की भीड़ कम नहीं हो रही है। माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज में अमृत स्नान के लिए लाखों की संख्या में लोग गए थे। अमृत स्नान के बाद पलट प्रवाह का असर दिखाई दिया। प्रयागराज के बाद लोग अयोध्या और काशी भ्रमण के बाद वापस लौट ही रहे हैं। इस बीच शनिवार को अचानक प्रयागराज जाने वालों की संख्या बढ़ गई। यात्रियों को सुरक्षित ढंग से ट्रेन पर सवार कराने में आरपीएफ, जीआरपी और वाणिज्य विभाग के अधिकारियों के पसीने छूटे। रेल प्रशासन के मुताबिक शुक्रवार की रात 12 बजे से शनिवार की शाम तीन बजे तक गया और डीडीयू से प्रयागराज के लिए कुल 25 स्पेशल ट्रेनें भेजी गई। वहीं प्रयागराज से डीडीयू के लिए 12 स्पेशल ट्रेनें आई। वहीं स्थानीय रेलवे स्टेशन से गया के लिए नौ, पटना के लिए चार जबकि गया के रास्ते रांची के लिए एक स्पेशल ट्रेनें रवाना की गई। यात्रियों को सुरक्षित ढंग से ट्रेन में सवार कराने के लिए स्टेशन अधीक्षक एसके सिंह,आरपीएफ निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह, सीएसजी एनके मिश्र, एचआई अभिषेक यादव और स्काउट गाइड की टीम लगी रही।

# फाइनल में चंदवक को हराकर विजेता बनी कोरी की टीम

**चहनियां।** चहनियां स्थित खण्डवारी देवी इंटर कालेज के फील्ड पर चल रहे मां भगवन्ती देवी स्मरणीय अंतर्जपदीय क्रिकेट प्रतियोगिता क्रिकेट का फाइनल शनिवार को खेला गया, जिसमें कोरी एलेवन चंदौली विजेता रही, वहीं उपविजेता चन्दवक इलेवन रही। मुख्य अतिथि ने विजेता और उपविजेता टीम को शील्ड देकर सम्मानित किया। आयोजक डॉ राजेन्द्र प्रताप सिंह और डॉ आशुतोष कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को अंगवस्त्रम-स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पहले सेमीफाइनल चन्दवक और लाल साहब और कोरी और जल निगम के बीच हुआ। दोनों टीम चन्दवक और कोरी दोनों टीमों को हराकर फाइनल में पहुंची। कोरी टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 126 रन बनाये। 127 रनों का पीछा करते हुए चन्दवक 90 रन पर ही आल आउट हो गयी। इस प्रकार से विजेता कोरी टीम को विधायक सुशील सिंह, विशिष्ठ अतिथि प्रमुख अरुण जायसवाल, आयोजक डॉ. राजेन्द्र प्रताप सिंह और डॉ. आशुतोष सिंह ने विजेता टीम को 51 हजार नकद पुरस्कार व शील्ड, उपविजेता चन्दवक को 21 हजार-शील्ड देकर सम्मानित किया। वही मैन आफ दी सीरीज कोरी टीम के कप्तान गोलू को एलईडी टीवी ट्रेडर्स सूरज प्रजापति के द्वारा दिया गया । इस अवसर पर संस्थापक प्रबंधक राजेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि खेल में हार जीत तो लगा ही रहता है । प्रयास करे कि आगे और बेहतर प्रदर्शन कर विजेता बने । हालांकि दोनो ही टीमो का बेहतर प्रदर्शन रहा। विशिष्ठ अतिथि प्रमुख अरुण जायसवाल ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। इस अवसर पर रविन्द्र यादव, डॉ. अजय सिंह, डॉ. अखिलेश अग्रहरी, सत्येंद्र सिंह, योगेंद्र मिश्रा, सुभाष यादव, राम विलास यादव, आनन्द सिंह, अजीत सिंह, सुजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। रेफरी रवि राय, अंपायर राहुल और धर्मेंद्र रहे। धन्यवाद ज्ञापित आयोजक डॉ. आशुतोष कुमार सिंह ने किया।


चहनियां फील्ड पर विजेता टीम को ट्रॉफी देते मुख्य अतिथि।

### आईटीआई कॉलेज में रोजगार मेले का आयोजन 19 को

**चंदौली।** जिला सेवायोजन अधिकारी गिरीजेश गुप्ता ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के निर्देश पर सेवायोजन कार्यालय चंदौली एवं राजकीय आईटीआई रेवसा चन्दौली के संयुक्त तत्वावधान में 19 फरवरी को राजकीय आईटीआई रेवसा चन्दौली में रोजगार मेला आयोजित किया गया है। इस रोजगार मेला में विजन इण्डिया प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा स्नाइडर इलेक्ट्रिक बैंगलुरू (वेतन-22000 रुपए प्रतिमाह), डीसेट्स द्वारा मुशाशी आटो पार्ट्स इण्डिया (वेतन 13500 प्रतिमाह), क्वेसकार्प प्रा० लि०. भारतीय जीवन बीमा निगम एवं अन्य कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग कर बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा। शैक्षिक हाईस्कूल इंटरमीडिएट, डिप्लोमा, आईटीआई एवं अन्य प्रतिभाग कर सकते है। जिला सेवायोजन अधिकारी गिरीजेश गुप्ता ने बताया कि मेले में भाग लेने वाले हाईस्कूल इंटरमीडिएट एवं आईटीआई उपरोक्त ट्रेड पास अभ्यर्थी अपने सभी (मुल शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, 06 पासपोर्ट साइज फोटो व बायोडाटा एवं उसकी छायाप्रति सहित प्रातः 10 बजे आयोजन स्थल राजकीय आईटीआई रेवसा चन्दौली पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे।

# यूपी की राजनीति में होगा बड़ा खेलाः डॉ महेश चंद्रा प्रजापति

**पत्रकार वार्ता**

### महात्मा संतराम बीएजी की जयंती पर भागीदारी पार्टी भरेगी हुंकार

**चंदौली।** भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव पूर्व दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डा.महेश चंद्रा प्रजापति ने शनिवार को डाक बंगले में पत्रकारों वार्ता की। कहा कि भागीदारी पार्टी 17 फरवरी को चहनियां के सेमरा में महान साहित्यकार, लेखक व उपन्यासकार महात्मा संतराम बीए जी की जयंती व पार्टी के चतुर्थ स्थापना दिवस पर भागीदारी संकल्प महारैली का आयोजन किया गया है। इस दौरान राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि भागीदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमचंद प्रजापति की अध्यक्षता में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करेंगे। कहा कि प्रजापति महात्मा संतराम बीए महान साहित्यकार, लेखक व उपन्यासकार थे जिन्होंने इस समाज में जाति-पाति की व्यवस्था को समाप्त कर समता, स्वतंत्रता और न्याय को स्थापित करने का काम किया ऐसे प्रकांड विद्वान के इतिहास को सपा, बसपा, कांग्रेस या अन्य दलों के नेताओं ने उनके जयंती पर जयंती मनाने की तो बात छोड़ दीजिए एक ट्वीट करना भी उचित नहीं समझते। कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में भागीदारी पार्टी उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बड़ा खेल करने जा रही है। इस बार सपा का उत्तर प्रदेश में खाता नहीं खुलने दिया जाएगा। इनका पूर्णतया सफाया कर दिया जाएगा। क्योंकि अखिलेश यादव ने जिस तरीके से 2022 के विधानसभा चुनाव में भागीदारी पार्टी को धोखा देने का कार्य किया। इस दौरान प्रदेश सलाहकार चेखुर प्रसाद प्रजापति, प्रदेश प्रमुख महासचिव सोभनाथ प्रजापति, जिलाध्यक्ष शशिकांत प्रजापति, सुमन्त प्रजापति दशरथ प्रजापति, मनोज प्रजापति, हंस राज प्रजापति, विनोद प्रजापति, भुल्लन प्रजापति, कमला प्रजापति, सनोज कुमार उपस्थित रहे।

# स्पोर्ट्स

# चैंपियंस ट्रॉफी के लिए दुबई रवाना हुई भारतीय टीम

## गंभीर, रोहित, विराट मुंबई एयरपोर्ट पर दिखे, टीम का पहला मैच 20 फरवरी को

### 19 फरवरी से शुरू हो रहा मैच



**मुम्बई।** कप्तान रोहित शर्मा सहित भारतीय टीम 19 फरवरी से होने वाले आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट के लिए दुबई रवाना हो गयी है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम के मुकाबले हाईब्रिड मॉडल के आधार पर दुबई में खेले जाएंगे। इस टूनार्मेंट के लिए कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली के अलावा कोच गौतम गंभीर और अन्य खिलाड़ी एयरपोर्ट पर नजर आये। रोहित मुंबई एयरपोर्ट अपनी कार से पहुंचे।बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के बाद बीसीसीआई ने भारतीय खिलाड़ियों के लिए कुछ दिशा-निर्देश जारी किए थे, जिसमें एक नियम यह था कि सभी खिलाड़ियों को एक साथ टीम बस में होने चाहिये, ऐसे में रोहित के इस प्रकार अपनी कार से आने पर सवाल उठे हैं हालांकि इस दौरान किसी खिलाड़ी का परिवार नहीं दिखा क्योंकि बीसीसीआई ने लंबे विदेश दौरे पर ही तय समय तक परिवार ले जाने की अनुमति दी है।

चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपना पहला मैच 20 फरवरी को बांग्लादेश से खेलेगी। उसके बाद उसका मुकाबला 23 फरवरी को पाक सवे होगा। लीग स्टेज का अंतिम मैच टीम इंडिया 2 मार्च को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह चोट के चलते शामिली नहीं किये गय हैं। उनकी जगह हर्षित राणा को स्क्वॉड में शामिल किया गया है। इसके अलावा जायसवाल की जगह वरुण चक्रवर्ती को अंतिम 15 खिलाड़ियों में शामिल किया गया है। हाइब्रिड मॉडल में होने वाले इस टूनार्मेंट का फाइनल 9 मार्च को खेला जाएगा। 19 दिन तक चलने वाले इस टूनार्मेंट में 15 मैच खेले जाएंगे। दूसरे सेमीफाइनल और फाइनल के लिए रिजर्व डे भी रखा गया है। पहला सेमीफाइनल दुबई में खेला जाएगा। अगर भारत फाइनल में पहुंचता है तो यह मैच भी दुबई में होगा। टूनार्मेंट के बाकी 10 मैच पाकिस्तान में होंगे।

चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम इंडिया रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, वॉशिंगटन सुंदर, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती और कुलदीप यादव। रिजर्व : यशस्वी जायसवाल, मोहम्मद सिराज और शिवम दुबे।

## चैंपियंस ट्रॉफी के रिकॉर्ड में कौन हैं हीरो, विराट कोहली या सचिन

**नई दिल्ली।** 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में विराट कोहली अपना जलवा बिखरने को तैयार हैं। कोहती बीते कई महीने से रन के लिए तरस रहे है। चंद रोज पहले इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में हुए आखिरी वनडे में उन्होंने जो अर्धशतक लगाया, उससे उनका आत्मविश्वास जरुर वापस आया होगा। 55 गेंद में 52 रन की पारी में कोहली ने सात चौके और एक छक्का भी जड़ा था। अपने करियर के आखिरी पड़ाव में पहुंच चुके कोहली 2013 में धोनी की चैंपियंस ट्रॉफी चैंपियन टीम का भी हिस्सा थे। वनडे इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों में कोहली तीसरे नंबर पर आते हैं। 297 मैच में उनके नाम 57.93 की औसत से 13,963 रन हैं। सिर्फ सचिन तेंदुलकर (463 मैच में 18,426 रन) और कुमार संगाकारा (404 मैच में 14.234 रन) बनाकर कोहली से आगे हैं। कोहली और तेंदुलकर की अक्सर तुलना भी होती रही है। कोहली ने अपने पूरे करियर में चैंपियंस ट्रॉफी के कुल 13 मैच खेल चुके हैं। जहां 12 पारियों में उन्होंने 92.32 की स्ट्राइक रेट से 529 रन बनाए। छह बार वह नॉट आउट रहे। एक बार वे वह बिना खाता खोले भी आउट हो चुके हैं। 529 रन में से 124 रन उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ बनाए हैं, इन पारियों में विराट का औसत 62 और स्ट्राइक रेट 96.87 का रहा है। वहीं सचिन तेंदुलकर ने चैंपियंस ट्रॉफी में कुल 16 मैच खेले हैं, इसमें उन्हें 14 बार बल्लेबाजी का मौका मिला। इन 14 पारियों में तेंदुलकर ने 36.75 की औसत और 78.75 की स्ट्राइक रेट से 441 रन बनाए हैं। दो मौकों पर सचिन नॉटआउट लौटे हैं। कोहली से सचिन के रिकॉर्ड की तुलना करने पर ये चीज भी माननी पड़ेगी कि तेंदुलकर ने अपने करियर में कहीं बेहतर गेंदबाजों का सामना किया है। टूनार्मेंट के इन 441 रन में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 63 की औसत से 189 रन भी आए हैं। कोहली ने चैंपियंस ट्रॉफी में पांच अर्धशतक लगाए हैं, लेकिन एक भी सेंचुरी नहीं ठोक सके। उनका बेस्ट स्कोर नाबाद 96 रन रहा है, जो 2017 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में बांग्लादेश के खिलाफ बर्मिंघम में बनाया था। जबकि सचिन तेंदुलकर के नाम एक शतक है। 14 पारियों में तेंदुलकर ने दो अर्धशतक बनाए हैं। सचिन का शतक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 1998 में बांग्लादेश की मेजबानी में खेली गई चैंपियंस ट्रॉफी में आया था। सचिन ने तब 128 गेंदों में 141 रन की तूफानी पारी खेली थी।





दोहा में डब्लयूटीए कतर ऑपन टेनिस में सर्विस शॉट लगाती हुई जिलेना ओसटापेंको।

## बॉलीवुड न्यूज

### आन तिवारी निभाएंगे सोनी सब के शो 'वीर हनुमान' में युवा भगवान हनुमान का किरदार



**मुंबई ।** सोनी सब अपने आगामी पौराणिक शो 'वीर हनुमान' के साथ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है–एक भव्य साहसिक यात्रा जो आत्माओं को प्रज्वलित करेगी और श्रद्धा को पहले से कहीं अधिक प्रेरित करेगी! इस शो की रोमांचक यात्रा में, युवा और प्रतिभाशाली बाल कलाकार आन तिवारी भगवान हनुमान के सम्मानित किरदार को निभाते हुए नजर आएंगे। अपनी बेहतरीन अभिनय क्षमता के लिए जाने जाने वाले आन ने पहले भी कई प्रमुख फिक्शन शो और एक पौराणिक शो में बाल शिव का किरदार निभाया है। उनकी स्क्रीन पर उपस्थिति बहुत ही प्यारी और आकर्षक है, और अब वह युवा भगवान हनुमान की मासूमियत, शरारत और अडिग श्रद्धा को जीवंत करेंगे, जिससे यह किरदार सभी आयु वर्ग के दर्शकों के लिए प्रासंगिक और प्रेरणादायक बनेगा। इस किरदार को लेकर पूरी तरह उत्साहित और तैयार आन तिवारी ने कहा, मैं भगवान हनुमान का किरदार निभाकर बहुत खुश और उत्साहित महसूस कर रहा हूं। मुझे उनके बारे में कहानियाँ सुनना बहुत अच्छा लगता है, और अब मुझे उन्हें स्क्रीन पर निभाने का मौका मिल रहा है! मेरे माता–पिता कहते हैं कि भगवान हनुमान हमें दयालु और निडर होना सिखाते हैं। मैं सभी को गर्व महसूस कराना चाहता हूं और उनकी इस अद्भुत कहानी को पूरी श्रद्धा के साथ प्रस्तुत करना चाहता हूं। सबसे अच्छा हिस्सा यह है कि मैं उनकी शक्तियों के बारे में सीख रहा हूं और जय श्री राम का जाप कर रहा हूं! मुझे सच में एक सुपरहीरो जैसा महसूस हो रहा है! मुझे उम्मीद है कि हर कोई 'वीर हनुमान' देखकर उतना ही आनंदित होगा जितना कि मुझे इस शो का हिस्सा बनने में हो रहा है!

## संक्षेप

### महावारी स्वच्छता जागरूकता अभियान का आयोजन



गांव में ग्रामीणों को स्वच्छता जागरूकता के बारे में जानकारी देते संस्था के लोग।

**नियामताबाद।** संस्था समर्पण एवं वेलस्पन फाउंडेशन की ओर से नियामताबाद प्रखंड के ग्राम पंचायत सरने, भटरिया, गुवास, गौरी और चंदरखा में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन पर जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किशोरियों और महिलाओं को मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों, स्वच्छता के महत्व और स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के लिए आवश्यक पोषण, प्रसव संबंधी सावधानियां, टीकाकरण, जच्चा–बच्चा देखभाल और स्वास्थ्य केंद्रों की सेवाओं की जानकारी भी दी गई। परियोजना समन्वयक रितेश कुमार ने बताया कि संस्था द्वारा पहले इन गांवों में माहवारी स्वच्छता प्रबंधन की स्थिति का आकलन किया गया था, जिसके आधार पर जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। मंचदूतम बनारस की टीम ने नुक्कड़ नाटक के जरिए महिलाओं को आवश्यक जानकारी दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रदीप कुमार, सविता चौहान, प्रेमलता चौहान, रीता देवी, सुनीता देवी, आरती कुमारी का योगदान रहा।

### अतिक्रमण की वजह से अलीनगर में लग रहा भीषण जाम



अलीनगर स्थित सकलडीहा मोड के पास जाम में फंसे वाहन।

**नियामताबाद।** अलीनगर सकलडीहा मोड पर अतिक्रमण की वजह से शनिवार को भीषण जाम लग जाने से राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। यह स्थिति प्रतिदिन बनी रहती है। जबकि अधिकारियों का भी आवागमन यही से होता है लेकिन उनके कानों पर जू तक नहीं रेंगता। आपको बताते चले कि अलीनगर सकलडीहा मोड़ से प्रतिदिन जिला मुख्यालय व सकलडीहा, धानापुर, चहनिया आदि जगहों पर लोगों को आवागमन होता है यही नहीं नसीरपुर पट्टन में रैंक लगने पर ट्रैकों का आवागमन के साथ–साथ भारत पेट्रोलियम, हिंदुस्तान पैट्रोलियम ,इंडियन ऑयल की टैंकर भी सैकड़ो की संख्या में आवागमन होता है लेकिन रोड पर अतिक्रमण होने के कारण ट्रकों का आवागमन करते समय मोड़ने पर आगे पीछे करना पड़ता है जिससे दुर्घटना आम बात हो गई है साथ ही जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। कामोवेश यही हालात शनिवार को देखने को मिला जहां वाहनों की लंबी कतार  जाम की वजह से लगी हुई थी। इसमें मरीज से लेकर स्कूली बच्चे भी फंसे हुए थे ।लगभग दो घंटे चले जाम में लोगों को काफी फजीहत का सामना करना पड़ा। इसकी शिकायत भी राहगीरों ने कई बार विभागीय अधिकारियों से किया लेकिन स्थिति जस की तस बनी हुई है। यही नहीं जीटी रोड से प्रतिदिन आला अधिकारी भी जनपद के आवागमन करते हैं ।देखने के बावजूद भी अतिक्रमण मुक्त करने का कोई पहल नहीं किया जा रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग : भारतीय टीम की कप्तानी करेंगे सचिन

**नई दिल्ली।** इस माह 22 फरवरी से शुरू होने जा रही अंतरराष्ट्रीय मास्टर्स लीग में भारतीय क्रिकेट टीम की कप्तानी महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर करेंगे जबकि श्रीलंकाई टीम की कप्तानी दिग्गज कुमार संगकारा को मिली है। पूर्व क्रिकेटरों की इस लीग से प्रशंसकों को एक बार फिर अपने स्टार खिलाड़ियों को देखने का अवसर मिलेगा। ये टूनार्मेंट 22 फरवरी से 16 मार्च के बीच मुंबई, वडोदरा और रायपुर में खेला जाएगा। भारतीय टीम में पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के अलावा सुरेश रैना, इरफान पठान और अंबाती रायुडू जैसे खिलाड़ी भी शामिल हैं।

इस लीग के उद्घाटन संस्करण को लेकर इरफान पठान ने कहा कि मास्टर्स लीग एक ऐसा टूनार्मेंट है जो क्रिकेट के स्वर्ण युग की याद दिलाता है। साथ ही किा कि मैं इस सत्र में खेलने को लेकर उत्साहित हूं। हम आईएमएल की मेजबानी कर रहे हैं पर मैं क्रिकेट प्रशंसकों को ये भरोसा देता हूं कि हम मैदान पर अपनी ओर से कोई कमी नहीं रहेंगे। हम खिताबी जीत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। वहीं कुमार संगकारा की श्रीलंकाई मास्टर्स टीम में टीम में भी कई दिगगज खिलाड़ी शामिल है।



**भारतीय मास्टर्स टीम**

सचिन (कप्तान), युवराज, रैना, रायडू, यूसुफ, इरफान, बिन्नी, कुलकर्णी, विनय कुमार, नदीम, राहुल शर्मा, ओझा, नेगी, गुरकीरत मान, मिथुन।

## सबसे तेज 6000 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाज बने बाबर आजम

### कोहली को पछाड़ा



**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम ने शुक्रवार को एक और उपलब्धि अपने नाम की। उन्होंने 123 पारियों में वनडे क्रिकेट में 6000 रन पूरे कर हाशिम अमला के रिकॉर्ड की बराबरी की। बाबर ने 29 रनों की पारी के दौरान यह रिकॉर्ड हासिल किया और इस आंकड़े तक पहुंचने वाले दुनिया के सबसे तेज बल्लेबाज बन गए। बाबर का यह 126वां वनडे मैच था, और उन्होंने अब तक 6019 रन बनाए हैं, जिनमें 9 शतक भी शामिल हैं। बाबर आजम का यह रिकॉर्ड उनकी लगातार शानदार फॉर्म का प्रतीक है, खासकर चैंपियंस ट्रॉफी जैसे बड़े टूनार्मेंट से पहले। इस पारी से पहले पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान और सलमान आगा ने शतक जड़े थे, जो टीम के लिए महत्वपूर्ण साबित हुए। बाबर की 29 रन की पारी ने भले ही मैच के परिणाम पर बड़ा असर न डाला हो, लेकिन उनकी उपलब्धि क्रिकेट जगत में चर्चा का विषय बन गई है। इस रिकॉर्ड से बाबर आजम ने विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए सबसे तेज 6000 वनडे रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। विराट कोहली ने यह आंकड़ा 136 पारियों में हासिल किया था, और अब वह तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। हाशिम अमला और बाबर आजम दोनों ने यह रिकॉर्ड 123 पारियों में पूरा किया है। बाबर आजम का करियर पिछले 10 सालों में शानदार रहा है।

## 175 बीघा ताल की जमीन पर ट्रैक्टर चला कर किया कब्जा मुक्त

**इलिया।** क्षेत्र के खरौझा गांव स्थित सिंचाई विभाग के बंधी की करोड़ों रुपये के जमीन के सीमांकन के बाद भी गेहूं की बुवाई करने वाले खेतों को शनिवार को सिंचाई विभाग ने ट्रैक्टर से जोतवा कर गेहूं की बुवाई भूमि को कब्जा मुक्त कराया गया। लगभग 175 बीघा ताल के जमीन पर अतिक्रमण करने वाले 75 किसानों को विभाग ने पूर्व में नोटिस जारी कर उक्त भूमि पर कोई कार्य न करने का निर्देश दिया था। धान की फसल के समय भी रोपाई की गई जमीन को ट्रैक्टर द्वारा जुताई किया गया था। बावजूद दर्जनों किसानों ने बंधी के भूमि पर गेहूं की बुवाई कर दी थी। जिसको गंभीरता से लेते हुए विभाग के सहायक अभियंता चंद्रप्रभा बंधी राकेश तिवारी के नेतृत्व में भारी फोर्स के साथ ट्रैक्टर से बुआई किए गए खेतों को ट्रैक्टर से जोताई कराकर कब्जा मुक्त करा दिया। सहायक अभियंता बंधी चंद्रप्रभा राकेश तिवारी ने कहा कि बंधी के जमीन का चारों तरफ सीमांकन कर दिया गया है। भूमि के अंतर्गत किसी भी प्रकार का अतिक्रमण नहीं होने दिया जाएगा। शीघ्र ही पूरे बंधी की मेड़बन्दी कराई जाएगी। इस दौरान कानूनगो गौतम सिंह मौर्य, शैलेंद्र सिंह, अमरेशयादव, वरुण ,सहायक अभियंता बंधी मनोज कुमार पटेल, मुनिराज, एस ई शतीशचंद्र कुमार यादव, रामसमुझ सहित पुलिस बल तैनात रहा।



अवैध कब्जा करके बोई गई फसल पर ट्रैक्टर चलवाकर कब्जा मुक्त कराता प्रशासन।

## सकलडीहा में सीवर पाइप नाला निर्माण कार्य की जांच शुरू

**सकलडीहा।** सकलडीहा ग्राम सभा की ओर से बीते पांच माह पूर्व अंडर ग्राउंड सीवर नाला निर्माण कार्य शुरू कराया गया है। ग्रामीणों की शिकायत पर जिलाधिकारी की ओर से जिला प्रोबेशन अधिकारी और एक्सईन लघु डाल के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था। शनिवार को बीडीओ विजय कुमार सिंह के नेतृत्व में निर्माण कार्य की जांच किया।

इस दौरान ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि नाला निर्माण गुणवत्तापूर्ण नहीं होने पर जगह जगह चौंबर और नाला पट गया है। गुणवत्तापूर्ण कार्य कराये जाने की मांग किया।  विकास खंड का सबसे बड़ा ग्राम सभा सकलडीहा है। यहां पर विकास के लिये धन की कमी नहीं होता है। बीते दिनों ग्राम सभा की ओर से सीवर नाला अंडर ग्राउंड निर्माण कार्य शुरू कराया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य पूरा हुआ नहीं कि कागज पर निर्माण कार्य पूरा दिखाते हुए तत्कालीन सचिव ने अधिकारियों के दबाव में पैसा पास कर दिया। जबकि एक ही माह के अंदर जगह जगह चैंबर टूटकर बिखर गया। कई जगह नाला पट गया था। कई जगह चैंबर ही नहीं लगा है। ग्रामीणों के हो हल्ला मचाने पर पुनरू टूटे चौंबर के पास नाला की ढ़लाई किया गया। चौंबर ऐसा ढ़ाला गया कि सड़क से उंचा होगा। जिससे आने जाने पर ठोकर और जाम की स्थित होगयी है। जांच टीम के सामने ग्रामीणों ने गुणवत्ता में सुधार कर नाला की साफ सफाई कराये जाने की मांग किया। जांच टीम ने सकारात्मक कार्य कराये जाने का भरोसा दिया। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार, बीडीओ विजय कुमार सिंह, एसडीओ लघु डाल अंजनी कुमार,टीए रामअवतार, महेन्द्र गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।



सकलडीहा ग्राम सभा में सीवर नाला निर्माण कार्य की जांच करते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण।

## संक्षेप

### श्रीकांत बोले, बल्लेबाजी पर ध्यान देने के लिए विराट नहीं बने आरसीबी के कप्तान

**मुम्बई।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तान के श्रीकांत ने कहा है कि विराट कोहली ने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देने के लिए ही रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की कप्तानी के प्रस्ताव को ठुकराया होगा। आरसीबी ने आईपीएल 2025 सत्र के लिए रजत पाटीदार को अपना नया कप्तान बनाया है। रजत को कप्तान बनाये जाने का स्वागत भी हुआ है पर विराट के प्रशंसकों का मानना था कि उन्हें फिर कप्तान बनाया जाना चाहिये था। इसी को लेकर श्रीकांत ने कहा कि  विराट ने अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने के लिए आरसीबी की कप्तानी का प्रस्ताव ठुकरा दिया होगा। श्रीकांत ने कहा, मुझे लगता है कि विराट ने कप्तानी से मना कर दिया होगा। उन्होंने कहा होगा कि मैं बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं। मुझे लगता है कि रजत को कप्तान बनाने का फैलसा विराट कोहली से बात क करने के बाद हुआ होगा।

### चैंपियंस ट्रॉफी में बाबर को ही पारी की शुरूआत के लिए भेजना सही रहेगा : आकिब जावेद

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद ने कहा है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में बाबर आजम को पारी की शुरूआत के लिए भेजा जाना चाहिये। चैंपियंस ट्रॉफी 19 फरवरी से 9 मार्च तक खेली जाएगी। बाबर को त्रिकोणीय एकदिवसीय सीरीज में सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतारा गया था पर इसमें वह असफल रहे थे। बाबर न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय सीरीज के फाइनल में भी रन नहीं बना पाये थे। इसके बाद से ही कहा जा रहा है कि बाबर को पारी की शुरूआत के लिए नहीं भेजा जाना चाहिये पर अकीब इससे सहमत नहीं हैं। उन्होंने बाबर को पारी की शुरूआत के लिए भेजे जाने को सही बताया है। साथ ही कहा कि वह लय हासिल होने पर सलामी बल्लेबाज के तौर पर अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

### पाकिस्तान-न्यूजीलैंड फाइनल मैच में चील का शिकार होते-होते बची बिल्ली

**कराची।** पाकिस्तान को यहां न्यूजीलैंड के खिलाफ त्रिकोणीय क्रिकेट सीरीज के फाइनल में पांच विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। इस इस में पाक टीम टीम न्यूजीलैंड के सामने टिक नहीं पायी और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा है। इस मैच में पाक टीम पहले बल्लेबाज करते हुए 242 रन ही बना पायी। इसके बाद कीवी टीम ने ये लक्ष्य पांच विकेट के नुकसान पर ही हासिल कर लिया। इस मैच में कीवी टीम की बल्लेबाजी के दौरान ही अचानक एक एक काली बिल्ली मैदान में आ गयी। इस कारण मैच कुछ देर के लिए रुक गया।

### पोलार्ड की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं उनके बेटे कैडेन

**जमैका।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर कायरन पोलार्ड के बेटे कैडेन पोलार्ड भी पिता की तरह ही आक्रामक बल्लेबाजी करते हैं। पोलार्ड ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपने बेटे कैडेन की एक तस्वीर साझा की है। इस फोटो में कैडेन हाथ में बल्ला और हेलमेट लिए नजर आये हैं। पोलार्ड ने इस तस्वीर के साथ लिखा कि उनके बेटे ने एक शतक बनाया है। पोलार्ड ने ही कहा कि उनके बेटे कैडेन ने 85 गेंदों में 135 रन बनाये हैं। कैडेन ने ये शतक लगाकर अपनी नॉर्थ टीम को टीटी क्रिकेट बोर्ड को अंडर–15 इंटरजोन यूथ टूनार्मेंट में टोबैगो पर 159 रन से बड़ी जीत दिलाई। कैडेन ने इस दौरान कई ऐसे शॉट्स लगाए, जिसने उनमें पिता कीरोन की झलक नजर आयी। कैडेन अपने पिता कायरन पोलार्ड के साथ कई बार अभ्यास करते हुए नजर आए हैं। कैडेन को कई बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस के नेट्स में अभ्यास भी करते हुए देखा गया है। मुंबई ने अपने सोशल मीडिया पर कैडेन की बैटिंग का वीडियो भी पोस्ट किया, जिसमें देखा जा सकता है कि वो अपने पिता कायरन की गेंदबाजी पर बड़े शॉट्स लगाते दिख रहे हैं। पोलार्ड खेल से संन्यास के बाद अब बल्लेबाजी कोच के तौर पर आईपीएल टीम मुंबई इंडियंस से जुड़े हैं। पोलार्ड आईपीएल के अलावा विश्व की दूसरी फ्रेंचाइजी लीग में भी खेलते हैं। पोलार्ड मुंबई इंडियंस की ओर से पांच सत्र खेले थे। आईपीएल में मुंबई इंडियंस की की जीत में उनकी अहम भूमिका रही है।



सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाएं शनिवार से शुरू हो चुकी हैं। एक परीक्षा केंद्र पर छात्राओं की चेकिंग करती शिक्षिका।

# जौनपुर



# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत, पुलिस जांच में जुटी

घटना

### परिजनों ने ससुरालियों पर लगाया दहेज उत्पीड़न का आरोप

जनसंदेश टाइम्स

**बरसठी।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ओझापुर गांव की एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला के परिजनों ने ससुराल वालों पर दहेज में प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप लगाते हुए मार डालने की बात कही है। फिलहाल मामले में पुलिस शव को कब्जे में लेकर अग्रिम विधिक कार्रवाई करने में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के ओझापुर गांव निवासी 24 वर्षीया रूबी प्रजापति का विवाह जयेश प्रजापति के साथ 22 अप्रैल 2024 में हुआ था। विवाहिता 2 माह की गर्भवती थी। विवाहिता का मायका खानपुर उग्रसेनपुर दांडी थाना सराय ममरेज प्रयागराज में पड़ता है। शुक्रवार की रात विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। मायके वालों को विवाहिता की मौत का सूचना ससुराल वालों ने दे दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि विवाहिता कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। कल रात परिजनों द्वारा खाना पीना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चले गए जहां विवाहिता रूबी के पेट में दर्द शुरू हुआ जो धीरे-धीरे तेज होता गया। इसी दौरान विवाहिता ने अपने मायके मां से भी फोन पर बात किया लेकिन थोड़ी देर में ही जब उसके पेट का दर्द तेज हो गया तो परिजन उसे उठाकर एक प्राइवेट अस्पताल में इलाज के लिए ले गए लेकिन इलाज के दौरान ही उसकी मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों ने लाश को घर ले जाकर मायके समेत थाने को सूचना दिया। रात में पुलिस घर नहीं पहुंची। सुबह मृतका के पिता और भाई समेत अन्य लोग थाने पहुंचकर दहेज में प्रताड़ित करने और मार डालने का आरोप लगाते हुए पुलिस के साथ विवाहिता के ससुराल पहुंचे जहां पर पुलिस ने शव का पंचनामा करते हुए अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर प्रमोद यादव ने बताया मृतका के पिता मानिकचंद ने तहरीर दिया है कि पोस्टमार्टम में बेटी की मौत किस प्रकार हुई है इसकी जानकारी हो जाए तब हम कोई अग्रिम कार्रवाई करने के लिए तैयार है।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जौनपुर।** सिकरारा थाना क्षेत्र के मधइपुर गांव में मजदूरी करने वाले दंपति के इकलौते पुत्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार ओमप्रकाश सरोज और उनकी पत्नी प्रमिला मुंबई में एक कंपनी में मजदूरी करते हैं। उनके छह बच्चों में से पांच बेटियां और एक बेटा था। एक बेटी की 10 साल पहले मृत्यु हो चुकी थी, जबकि दो बेटियों की शादी हो चुकी है। शनिवार को 13 वर्षीय आदर्श की दादी धनदेइ और दो बहनें घर पर नहीं थीं। आदर्श ने घर के सामने लगे छप्पर में बांस के सहारे नायलॉन की रस्सी से फांसी लगा ली। करीब आधे घंटे बाद जब परिवार के सदस्य घर लौटे, तो उन्होंने आदर्श को फांसी पर लटका देखा। उनकी चीख-पुकार सुनकर आस-पड़ोस के लोग इकट्ठा हो गए। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि घटना से कुछ दिन पहले आदर्श को उसकी बड़ी बहनों ने पढ़ाई को लेकर डांटा था। माना जा रहा है कि इसी बात से नाराज होकर उसने यह कदम उठाया। फरवरी के पहले सप्ताह में ही उसके माता-पिता घर आए थे और 12 फरवरी को वापस मुंबई लौट गए थे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इकलौते बेटे की मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

## धूमधाम से मनाया गया विद्यालय का वार्षिकोत्सव



**खेतासराय।** भरौली स्थित मां राजदेई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिकोत्सव शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। छात्रों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अतिथियों ने छात्रों की प्रतिभा देख विद्यालय की सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे सांसद बाबू सिंह कुशवाहा और प्रदेश के पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। छात्राओं ने स्वागत गीत के माध्यम अतिथियों का स्वागत किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। देशभक्ति से ओतप्रोत छात्राओं ने अनेक मनोहारी कार्यक्रम प्रस्तुत कर खूब वाहवाही बटोरी। सांसद ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। कहा कि शिक्षा से समाज और देश का विकास होगा। भरोसा दिलाया कि अपने संसदीय क्षेत्र में संसाधनों की कमी नहीं आने देंगे। अध्यक्षता मंगरू राम मौर्या तथा संचालन सुभाषचंद्र उपाध्याय ने किया। प्रबंध निदेशक अशोक कुमार यादव ने आभार व्यक्त किया। इस मौके पर खेतासराय के चेयरमैन वसीम अहमद, सैयद उरूज, सुरेन्द्र कुमार यादव, इंद्रेश यादव मौजूद रहे।

## संक्षेप

### मारपीट के चार आरोपी गिरफ्तार

**जफराबाद।** क्षेत्र के दो स्थानों से पुलिस ने चार आरोपियों को मारपीट करने को लेकर गिरफ्तार कर लिया। इन सभी का चालान भेज दिया गया। क्षेत्र के बीबीपुर गांव निवासी चंदन उर्फ चंदू पुत्र बटेश्वर किसी बात को लेकर अपनी पत्नी को मारपीट रहा था। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दिया। पुलिस ने उसे मौके पर पहुंचकर गिरफ्तार कर लिया। दूसरी घटना शेखआलमपुर गांव निवासी रिजवान पुत्र नजीर आलम पुत्र मोहम्मद शरीफ तथा निशाद शेख पुत्र मुख्तार अहमद किसी बात को लेकर मारपीट गाली गलौज कर रहे थे। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

### नवाब हुसैन आईटीआई में बांटा गया टैबलेट, छात्रों के खिले चेहरे



**खुटहन।** नवाब हुसैन औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) कलांपुर में गुरुवार को प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार वर्ष 2025 में उत्तीर्ण छात्रों को निःशुल्क टैबलेट वितरण वितरित किया गया। टैबलेट पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। पूर्व एमएलसी हाजी सिराज मेंहदी की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित सर्वोदय इंटर कालेज खुदौली के पूर्व प्रधानाचार्य अनिल कुमार उपाध्याय व विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत खेतासराय के अध्यक्ष वसीम अहमद ने छात्रों को टैबलेट वितरित किया। पूर्व एमएलसी हाजी सिराज मेंहदी ने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में व्यावसायिक शिक्षा की नितांत आवश्यकता है। सरकारी नौकरियां सीमित हैं और जो हैं वह भी धीरे-धीरे समाप्त की जा रही हैं। ऐसे में व्यावसायिक शिक्षा से ही युवा वर्ग आत्मनिर्भर हो सकता है। मुख्य अतिथि अनिल कुमार उपाध्याय ने बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा प्राप्त करने को प्रेरित किया। संस्थान के कार्यवाहक प्रधानाचार्य सत्येन्द्र कुमार यादव ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में नवाब हुसैन गर्ल्स इंटर कालेज के मैनेजर अहमद मेंहदी, प्रधानाचार्या रंभा सिंह, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश कुमार सिंह, जौहर अब्बास, बृजेश कुमार राजभर, लालचन्द यादव, दिलीप कुमार मौर्य आदि उपस्थित रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस : 83 प्रार्थना पत्रों में 12 का निस्तारण

**शाहगंज।** तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन उपजिलाधिकारी राजेश कुमार चौरसिया की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। जिसमें फरियादियों ने 83 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। जिसमें मौके पर 12 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्र सम्बंधित विभाग को सौंप जल्द से जल्द निष्पक्ष जांच कर मामले का निस्तारण करें। इस दौरान तहसीलदार आशीष कुमार सिंह, नायब तहसीलदार बलवंत उपाध्याय, सीओ अजीत सिंह चौहान, नपा अधिशासी अधिकारी प्रदीप गिरि, मंडी सचिव गुलाब सिंह, एसडीओ धमेंद्र कुमार गुप्ता समेत सर्किल के थानाध्यक्ष व राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस संपन्न

**केराकत।** केराकत के खंड विकास मुख्यालय के सभागार में तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी सुनील भारती के अध्यक्षता में आयोजित किया गया जिसमे कुल 115 प्रार्थना पत्र पड़े। जिनमे 16 का त्वरित निस्तारण किया गया। शेष 99 को अधीनस्थ कर्मचारियों को सौपा गया। मौके पर खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार महेंद्र प्रताप, क्षेत्राधिकारी, एडीओ पंचायत, एसियो चकबंदी जौनपुर रामनरायण, लेखपाल व कर्मचारी गण मौजूद रहे।

### संपूर्ण समाधान दिवस में आए 63 मामलों में छह निस्तारित

**मड़ियाहूं।** स्थानीय तहसील परिसर स्थित सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार अम्बष्ट की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। इस दौरान कुल 63 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 6 का मौके पर निस्तारण करते हुए शेष शिकायती प्रार्थना पत्रों को समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी कुणाल गौरव, तहसीलदार सत्येंद्र कुमार मौर्य, नायब तहसीलदार संदीप सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

### बीडीओ ने गौशाला का किया निरीक्षण



**मुफ्तीगंज।** स्थानीय विकास खंड के बिझवार सागर गांव में खंड विकास अधिकारी अस्मिता सेन व तहसीलदार महेन्द्र प्रसाद ने गौशाला का निरीक्षण किया और पशुओं को हरा चारा भी खिलाया। गौशाला में पशुओं के हरा चारा के लिए गाटा संख्या 200 नम्बर में से 117 एअर ग्राम समाज की जमीन की नापी कराकर जमीन उपलब्ध कराया। इस अवसर पर कानूनगो हनुमन्त तिवारी, विकास बाबू, आदित्य प्रताप सिंह, ग्राम पंचायत अधिकारी हरिहर प्रसाद, ग्राम प्रधान रमेश नागर आदि लोग उपस्थित रहे।

## हमारा आंगन हमारे बच्चे के तहत कार्यक्रम आयोजित



**नौपेड़वा।** बक्शा थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शनिवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र कृषि भवन के सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर सुरेश कन्नौजिया रहे। कार्यक्रम की शुरूआत खंड शिक्षा अधिकारी शिखा मिश्रा और डॉक्टर कन्नौजिया ने सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करके किया। इसके बाद बाल वाटिका प्राइमरी के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एसआरजी अजय मौर्य, डा. विष्णु शंकर सिंह, राजेश प्रजापति, चतुर्भुज यादव, ब्लॉक अध्यक्ष सरोज कुमार सिंह, जिला संगठन मंत्री शैलेंद्र सिंह, एनपीआरसी शैलेंद्र सिंह, जिला प्रचार मंत्री सुनील प्रजापति, विजय श्रीवास्तव, वेद प्रकाश सिंह, शशांक सिंह, जितेंद्र मौर्य, मुनीश चंद मिश्र, उपाध्यक्ष भोलानाथ यादव, प्रीति श्रीवास्तव और ब्लाक की आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रही। कार्यक्रम में ब्लॉक के प्रत्येक न्याय पंचायत से पांच पांच बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जौनपुर डॉक्टर मनीष सिंह सोमवंशी द्वारा किया गया।

# विकास की आत्मा गांव में बसती है : सीमा द्विवेदी

कार्यक्रम

### क्षेत्र पंचायत की बैठक का हुआ आयोजन

जनसंदेश टाइम्स




**सुजानगंज।** क्षेत्र पंचायत की बैठक शनिवार को ब्लाक सभागार में ब्लाक प्रमुख उषा शुक्ला श्रीप्रकाश शुक्ला की अध्यक्षता में आहुत की गई जिसमें पिछली कार्यवाही की पुष्टि की गई। सभी वक्ताओं ने अपने विचार रखे। सभी क्षेत्र पंचायत सदस्यों से कार्य योजना का प्रस्ताव मांगा गया।

क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने बताया कि ब्लांक प्रमुख द्वारा हर ग्राम पंचायतों में विकास कार्य कराया जा रहा है, चाहे वह इंटरलॉकिंग खड़ंजा, नाली, सोलर लाइट, पानी पीने की आरो मशीन बड़े पैमाने पर हर गांवों और सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने बताया कि हमारी सरकार की मंशा है कि हर योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जाए। कोई भी विकास कार्य गांव से ही शुरू होता है, जब जब गांव का विकास होता है तब देश का विकास होता है। विकास की आत्मा गांव में बसती है। उन्होंने सभी ग्राम सचिवों व ब्लाक कर्मचारियों से कहा कि गांव के विकास में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। सभी लोगों की बातों को गम्भीरता से सुनी जाए। विकास के लिए जो भी सहयोग चाहिए हम हमेशा सहयोग करने के लिए तैयार है। सांसद एवं ब्लाक प्रमुख द्वारा 65 दिव्यांग जनों को ट्राई साइकिल वितरित कर हरी झंडी दिखाकर उन्हें खुशी खुशी ट्राई साइकिल से विदा किया गया। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख सत्येंद्र सिंह, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी दिव्या शुक्ला, खंड विकास अधिकारी एसएन चतुर्वेदी, एडीओ पंचायत इन्द्रमणि दुबे, एपीओ राहुल वर्मा, धनंजय बड़े बाबू, धीरज गुप्ता सहित सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य ग्राम प्रधान, सचिव सहित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के पूर्व खंड विकास अधिकारी एवं ब्लांक कर्मचारियों द्वारा मुख्य अतिथि का माल्यार्पण एवं पुष्प गुच्छ भेंटकर स्वागत किया गया। सभी अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट किया गया। कार्यक्रम का संचालन करम चन्द ने किया।

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का होता है वास : गिरीश यादव

आयोजन

### एसपी इंटरनेशनल स्कूल में हुआ द गोल्डन विंग्स ऑफ सक्सेस का आयोजन

जनसंदेश टाइम्स



**केराकत।** एसपी इंटरनेशनल स्कूल सरकी में इस वर्ष भी वार्षिक उत्सव उड़ान - द गोल्डन विंग्स ऑफ सक्सेस का शुक्रवार की देर रात तक भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर शिक्षा, राजनीति और उद्योग जगत की कई नामचीन हस्तियां उपस्थित रहीं।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के युवा एवं खेल विभाग के स्वतंत्र प्रभार राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने अपने संबोधन में कहा कि खेल सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि यह जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का सबसे सशक्त माध्यम है। शिक्षा के साथ-साथ खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवाओं के लिए रोजगार और करियर के नए अवसर खुलते हैं। उन्होंने कहा कि एक स्वस्थ शरीर में ही एक स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है, और खेल इसमें अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतिस्पर्धात्मक दौर में सफल होने के लिए शारीरिक और मानसिक मजबूती आवश्यक है। जिसे खेलों के माध्यम से विकसित किया जा सकता है। सरकार भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग प्रदान कर रही है। वार्षिक उत्सव उड़ान में विद्यार्थियों द्वारा नृत्य, नाटक, संगीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. एसपी यादव ने कार्यक्रम को लेकर उत्साह जताते हुए कहा कि उड़ान केवल एक वार्षिक उत्सव नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सपनों को पंख देने का संकल्प है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि उद्योगपति राम प्रसाद गुड्डू यादव चेयरमैन धर्मा इंजीनियरिंग ग्रुप गुजरात, अतुल कुमार सिंह बब्बू, जयप्रकाश सिंह उर्फ डब्बू, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेंद्र प्रताप सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में रामकृपाल यादव, कमलकांत यादव, अर्पित यादव ने सभी सम्मानित अतिथियों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर उमाकांत सिंह, रमेश सिंह, लिम्बू, रामपाल, संतोष सिंह, प्रेमप्रकाश यादव, राजेश यादव सहित आदि गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शैलजा स्थाना व सरन ने किया।

## बच्चों के रिफाइन तेल की हो रही काला बाजारी



**मुफ्तीगंज।** आंगनवाड़ी द्वारा बाल विकास व पुष्टाहार में मिल रहे रिफाइन तेल की काला बाजारी हो रही है। जानकारी के अनुसार धर्मापुर ब्लाक के गजना गांव में एक शादी समारोह में बाल विकास पुष्टाहार में बच्चों को मिलने वाला रिफाइन तेल इस्तेमाल किया जा रहा है। गजना गांव में शादी समारोह में करीब आधा किलो का 15 पैकेट इस्तेमाल किया गया। यह पैकेट गजना गांव के किसी आंगनवाड़ी केन्द्र से लिया गया है। आंगनवाड़ी केन्द्र द्वारा सीधे सीधे बच्चों के पुष्टाहार पर डाका डाला जा रहा है। सरकार ने बीते अक्टूबर से दिसम्बर माह तक के पुष्टाहार पर किसी कारण रोक लगा दी थी। जनवरी में अक्टूबर और नवम्बर के बाल विकास पुष्टाहार वितरण के लिए दिया गया। जनवरी माह में केवल कुछ केन्द्रों द्वारा अक्टूबर माह का प्रथम सप्ताह में वितरण किया गया। नवम्बर माह का खाद्यान नहीं बटां जिसका जीता जागता सबूत फोटो बयां कर रहा है।

# किराना दुकान में चोरी की घटना को अंजाम देने वाला अभियुक्त गिरफ्तार



सफलता

### नकदी समेत ग्राइन्डर, हेक्सा ब्लेड, सिगरेट, गुटखा आदि बरामद

जनसंदेश टाइम्स

**खेतासराय।** नगर के गुलशन मार्केट में स्थित एक किराना की दुकान को निशाना बनाते हुए चोरी की घटना को अंजाम देने वाला चोर को पुलिस टीम ने उसके घर से उसे गिरफ्तार किया और उसके पास से चोरी किये गए कुछ नकदी और चोरी के सामान और घटना में प्रयुक्त औजार बरामद करने का दावा किया है।

थानाध्यक्ष रामाश्रय राय ने बताया की शनिवार को मुखबिर के जरिये सूचना मिली कि घटना को अंजाम देने वाला शातिर अपने घर मौजूद है। ऐसे में थानाध्यक्ष ने उपनिरीक्षक अनिल कुमार पाठक, मोहम्मद तारिक अंसारी, हेड कांस्टेबल संजय चौधरी व कांस्टेबल रंजीत कुमार यादव के साथ मौके पर पहुँचकर मुखबिर की निशानदेही पर उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपित का नाम अल्तमश पुत्र स्व. मल्लू निवासी सरवरपुर वार्ड मोहल्ला तकिया है। तलाशी के दौरान उसके पास से 9500 रुपये नकद और उसके घर से एक ग्राइन्डर, हेक्सा ब्लेड, 8 पैकेट सिगरेट, 2 पैकेट गुटखा बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्त बेहद शातिर किस्म का चोर है। इसके खिलाफ लाइन बाजार समेत स्थानीय थाना में कई मुकदमें दर्ज है। इसके खिलाफ विधिक कार्यवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया गया।

## सड़क हादसे में बाइक सवार घायल

**सुइथाकला।** शनिवार शाम क्षेत्र के लखनऊ बलिया राजमार्ग पर रूधौली बाजार में सड़क हादसे में एक बाइक सवार घायल हो गया। सूचना पर एम्बुलेंस द्वारा स्थानीय ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। बताया जा रहा है कि क्षेत्र का सवायन गांव निवासी 42 वर्षीय राम प्रसाद पुत्र हरिराम बाइक द्वारा लखनऊ बलिया राजमार्ग पर रूधौली बाजार से दवा लेकर घर वापसी कर रहा था तभी पीछे से बाइक सवार अन्य युवक ने पीछे से टक्कर मार दी जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस द्वारा उन्हें स्थानीय सीएचसी ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## टूरिस्ट वाहन की चपेट में आने से वृद्ध घायल

**जफराबाद।** जलालपुर थाना क्षेत्र के वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर इजरी बाजार में शनिवार की शाम को एक टूरिस्ट वाहन की चपेट में आ जाने से एक वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। कोड़री गांव निवासी राममूरत सरोज 65 अपने घर से किसी काम के लिए शनिवार की शाम इजरी बाजार आया था। सड़क पार करते समय वाराणसी से जौनपुर की तरफ आ रही एक टूरिस्ट बस की चपेट में आ जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना डायल 112 पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पाते ही मौके पर पहुंची डायल 112 की पुलिस ने एम्बुलेंस की सहायता से गंभीर रूप से घायल वृद्ध को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी ले गये।

# पांच दिवसीय रोवर्स/रेंजर्स शिविर का हुआ समापन

जनसंदेश टाइम्स



**मड़ियाहूं।** स्थानीय नगर के खैरुद्दीनगंज वार्ड स्थित मड़ियाहूं पीजी कॉलेज में चल रहे पांच दिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रवेश एवं निपुण जांच शिविर का समापन समारोह संपन्न हुआ।

समारोह का आरंभ रोवर्स रेंजर्स के द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न किया गया। इसके बाद महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. एसके पाठक के नेतृत्व में प्राध्यापकों द्वारा टेंट निर्माण एवं पुल निर्माण प्राथमिक चिकित्सा इत्यादि का निरीक्षण किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि प्रो. एसके पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि रोवर्स रेंजर्स में सीखे गए गुणों को सिर्फ ट्रेनिंग तक ही सीमित न रखें बल्कि अपने जीवन में भी उतारने का प्रयास करें। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रो. अजय वर्मा ने कहा कि भारतीय संस्कृति के संरक्षण में रोवर्स रेंजर्स की अहम भूमिका होती है। इसी कड़ी में अंग्रेजी विभाग के अध्यक्ष प्रो. आञ्जनेय पाण्डेय ने कहा कि जीवन में आने वाली चुनौतियों से कैसे निपटा जाए यह रोवर्स रेंजर्स में सीखने को मिलता है। कार्यक्रम की इसी कड़ी में हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो. सुमन सिंह ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र निर्माण हेतु प्रेरित किया। इसके बाद डॉ. राजपाल एवं डॉ. विजय चतुर्वेदी ने रोवर्स रेंजर्स की दार्शनिक एवं मनोवैज्ञानिक पृष्ठभूमि तथा महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे। ट्रेनिंग काउंसलर मनोज विश्वकर्मा, निखिल चौरसिया ने सभी रोवर्स रेंजर्स को पूरी लगन के साथ प्रशिक्षित किया। अंत में रोवर्स रेंजर्स के प्रभारी डॉ. योगेश कुमार साहू ने मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: 118 में केवल 19 मामलों का निस्तारण

आयोजन

**डीएम ने शेष प्रार्थना पत्रों के समाधान करने का दिया निर्देश**

जनसंदेश न्यूज



तहसील भदोही में फरियादियों की समस्याओ को सुनते डीएम विशाल सिंह

**भदोही।** जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस शनिवार को जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील भदोही में जिलाधिकारी विशाल सिंह, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. शिवाकांत द्विवेदी, उप जिलाधिकारी श्याममणि त्रिपाठी, तहसील ज्ञानपुर में अपर जिलाधिकारी शिव नारायण सिंह, उप जिलाधिकारी अरूण गिरि, तहसील औराई में अपर जिलाधिकारी कुंवर वीरेंद्र मौर्य, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. तेजवीर सिंह, उप जिलाधिकारी बरखा सिंह व अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुनकर निस्तारण किया गया।

जिलाधिकारी विशाल सिंह ने तहसील भदोही के फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के समक्ष 39 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें से जिलाधिकारी द्वारा मौके पर 06 शिकायतों का त्वरित निस्तारण करते हुए शेष शिकायतों का ससमय व प्रभावी समाधान सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। तहसील औराई में 47 में से 05 प्रार्थना पत्रो और हसील ज्ञानपुर में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा प्राप्त शिकायत 32 में से 08 का त्वरित निस्तारण करते हुए शेष के लिए राजस्व व पुलिस टीम को निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

## केएनपीजी में 68 छात्रों ने ली एनएसयूआई की सदस्यता



**भदोही।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष शक्ति मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को काशी नरेश स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कैंप लगाकर छात्राओं को कांग्रेस पार्टी की छात्र संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन की सदस्यता दिलाई गई। इस अवसर पर 68 लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र कुमार दुबे राजन ने छात्राओं से बात कर उन्हें एनएसयूआई की सदस्यता ग्रहण करने का आग्रह किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने कहा कि आपकी समस्याओं के लिए एनएसयूआई संकल्पबद्ध है। आप सभी सदस्यता अभियान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लीजिये। इस अवसर पर एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष शक्ति मिश्रा ने कहा कि एनएसयूआई देश का सबसे बड़ा छात्र संगठन है और छात्रों के समस्याओं के लिए हमेशा संघर्षरत रहता है। उन्होंने कहा कि काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में छात्र संघ का चुनाव न करा कर, सरकार राजनीति की नर्सरी को समाप्त करना चाहती है। उनका यह कृत्य पूरी तरह से और लोकतांत्रिक है, एनएसयू आई छात्रों के मुद्दों पर हमेशा मुखर रहेगी। इस अवसर पर वसीम अंसारी, राजेश्वर दूबे, विश्वजीत यादव, अजीत यादव, शिव पाल, संदीप राज, कपिल मिश्रा इत्यादि लोग उपस्थित रहें।

संक्षेप

### अर्टिगा की ट्रक में पीछे से टक्कर, आधा दर्जन घायल

**भदोही।** थाना औराई क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को ग्राम नटवां लालानगर टोल प्लाजा के पास कोलकाता से प्रयागराज की तरफ जा रहे अर्टिगा चार पहिया वाहन के चालक द्वारा खड़ी ट्रक में पीछे से टक्कर मार दिया गया। उक्त सड़क दुर्घटना में अर्टिगा सवार आधा दर्जन श्रद्धालु चोटिल हो गए हैं। घायलों को तत्काल ईलाज हेतु सीएचसी औराई में भर्ती कराया गया है, जहां चिकित्सकों द्वारा गंभीर रूप से घायल तीन लोगों को ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सभी श्रद्धालु पश्चिम बंगाल के निवासी हैं, जो प्रयागराज स्नान के लिए जा रहे थे। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क मार्ग से हटवा दिया गया है, यातायात सुचारू रूप से संचालित है।

### गृहकर व जलकर के विरोध में जिलाध्यक्ष ने सौंपा पत्रक



**भदोही।** नगर पालिका परिषद भदोही में मनमाने ढंग से बढ़ाये गए गृह कर और जल कर के विरोध में समाजवादी व्यापार सभा के जिला अध्यक्ष संतोष उर्फ देव जायसवाल ने अधिशासी अधिकारी व नगर पालिका अध्यक्ष को पत्रक देकर बढ़ाये गए कर को समाप्त करने की मांग की हैं। जिलाध्यक्ष देवा जायसवाल ने अधिशासी अधिकारी की ड्यूटी अन्यत्र होने की वजह से प्रभारी ईओ को पत्रक देकर कहा कि नगर पालिका परिषद भदोही द्वारा विज्ञापन के द्वारा खाली स्थान और खेत खलियानों पर जलकर गृहकर मनमानी तरीके से थोपे जाने को लेकर व और नगर सीमा के विस्तार जो किया गया है उसमें पांच वर्ष तक कोई सर चार्ज न लगाये जानी की मांग को लेकर पत्रक सौंपा गया है।

नौ मुकदमों के निस्तारण हेतु डीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण

भदोही। न्यायालय आपके द्वार अभियान के क्रम में शनिवार को जिला मजिस्ट्रेट विशाल सिंह ने शुचिता पूर्ण निस्तारण हेतु स्थलीय निरीक्षण किया, जिससे विवादित प्रकरण के संबंध में पूरी जानकारी प्राप्त कर त्वरित निस्तारण किया जा सके। इसी क्रम में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा तहसील भदोही के देवदासपुर, धनापुर, अशोगापुर व अन्य मौजा में कुछ गाटों, पक्का मकान व पट्टा मंसूखी वाद, भूमि पर अतिक्रमण से संबंधित कुल 09 मुकदमों का तहसीलदार संजय कुमार मय राजस्व टीम के साथ स्थलीय निरीक्षण किया।

### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का तनाव मुक्त प्रशासक कार्यक्रम आज से

**भदोही।** आध्यात्मिक संस्थान प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से भदोही जनपद में तनाव मुक्त प्रशासक नामक कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। ब्रह्माकुमारीज के प्रशासक वर्ग की एक टीम अंतर्राष्ट्रीय मुख्यालय माउंट आबू राजस्थान से भदोही आ रही है। उक्त जानकारी देते हुए ब्रह्माकुमारी के ब्रिजेश ने बताया कि आज दिनांक 16 फरवरी को पुलिस के जवानों के लिए सुबह 7.30 बजे, जिला कारागार में बन्दीरक्षकों व बंदियों के लिए 12 बजे, होमगार्ड के जवानों के लिये विश्व शांति भवन रजपुरा चौराहा में शाम 6 से 7.30 तक कार्यक्रम रखा गया है। 17 फरवरी को विकास भवन ज्ञानपुर में 12 बजे से और विश्व शांति भवन रजपुरा चौराहा भदोही में आत्मिक शक्तियों से चुनौतियों का समाधान विषय पर कार्यक्रम शाम 5 से 7 बजे भदोही के नागरिकों के लिए रखा गया हैं।

## राष्ट्रीय राजमार्ग : चकपड़ौना में कुचल जाने से अज्ञात व्यक्ति की मौत

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के चकपड़ौना में राष्ट्रीय राजमार्ग पर देर रात सड़क पार करते समय अज्ञात व्यक्ति की कुचल जाने से मौत का मामला सामने आया है। घटना के उपरांत शव पर से इतने वाहन गुजर गए कि मृतक का अवशेष जुटाने के लिए मशक्कत करना पड़ा। अवशेष को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

शुक्रवार की देर रात राष्ट्रीय राजमार्ग पर किसी वाहन के चपेट में आ जाने से अज्ञात व्यक्ति की कुचल जाने से मौत हो गई। घटना की जानकारी पर पुलिस जब तक मौके पर पहुचती तब तक शव पूरी तरह छत विक्षत हो गया था। सड़क पर बचे अवशेष को एकत्र कर पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की जानकारी के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। प्रभारी निरीक्षक श्याम बिहारी ने बताया कि घटना देर रात हुई थी। सड़क पर गुजरने वाले वाहनों से पूरी तरह कुचल जाने से पहचान कराना मुश्किल हो गया। सड़क पर फैला अवशेष कब्जे में ले लिया गया है, आगे कार्रवाई की जा रही है।

## स्कूल से प्रयागराज महाकुंभ मेला देखने पहुंचा छात्र, परिजनों ने दर्ज कराया मुकदमा

**गोपीगंज।** ऊंज थाना के नवधन गांव निवासी विवेक कुमार का 12 वर्षीय पुत्र मानस उपाध्याय विद्यालय से घर जाने के बजाय बिना सूचना प्रयागराज महाकुंभ मे चला गया था, जहां से वापस घर लौट आया है।

छात्र के स्कूल से घर न लौटने पर परेशान पिता विवेक ने थाने में तहरीर देकर अवगत कराया कि उनका पुत्र सेंट थामस स्कूल गोपीगंज में कक्षा सात में पढ़ता है, वह 11 फरवरी को सुबह आठ बजे स्कूल की बस से विद्यालय गया था, लेकिन लौटा नहीं। विद्यालय बंद होने के बाद घर जाने के लिए निकला छात्र बिना किसी सूचना के महाकुंभ का मेला देखने प्रयागराज चला गया था। उसके घर न पहुंचने से परेशान परिजन उसकी खोज बीन करने के साथ थाने मे सूचना दे दिया था। इस बीच उसके प्रयागराज मे होने जानकारी मिली, जहां से वापस घर लौट आया तो परिजनो सहित पुलिस और विद्यालय प्रबंधन ने राहत की सांस ली। बताते चले कि पुलिस ने पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया था।

## दो दिन के अंदर शुरू करें अपार आईडी बनाने का कार्य : बीईओ

**भदोही।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) भूपेंद्र नारायण सिंह ने समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारियों के साथ बैठक कर प्राथमिकता के आधार पर बच्चों का अपार कार्ड बनवाने को निर्देश दिया था। बीएसए के निर्देश पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरियावां यशवंत सिंह ने विकास खण्ड सुरियावां क्षेत्र के 19 विद्यालयों को नोटिस जारी कर यू-डायस पोर्टल के माध्यम से आटोमेटेड परमानेन्ट एकेडमिक एकाउन्टर रजिस्टर सृजन करने का निर्देश दिया हैं।

सुरियावां क्षेत्र के उन्नीस विद्यालयों को नोटिस जारी करते हुए एबीएसए ने बताया कि विद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों की शैक्षिक प्रगति और उपलब्धि को ट्रैक किए जाने हेतु अपार आईडी को बनाए जाने प्रगति गतिमान है, किन्तु विकास खण्ड सुरियावों के 19 विद्यालयों द्वारा अद्यतन अपार आईडी बनाने का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। उक्त विद्यालयों को विभागीय नोटिस जारी किया गया हैं। यदि दो दिवस के अन्दर अपार आईडी का कार्य प्रारम्भ नहीं किया जाता है, तो विभागीय कार्यवाही एवं विद्यालय की मान्यता प्रत्याहरण हेतु सूची उच्चाधिकारियों को प्रेषित कर दी जाएगी।

# पीएम श्री विद्यालयों में आधुनिक सुविधाएं रहेगी उपलब्ध: बीएसए



पीएम श्री योजना के तहत आयोजित कार्यशाला में अपने विचारों को रखते एसआरजी धीरज सिंह

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में शनिवार को जनपद के पीएम श्री योजना के अंतर्गत चयनित विद्यालयों के सम्बंध में एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुई। कार्यशाला में पीएम श्री विद्यालयों की सामाजिक भूमिका बताते हुए शिक्षकों को प्रेरित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र नारायण सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया।

कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत इन विद्यालय को बेहतर शिक्षा एवं गुणवत्ता के मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इन विद्यालयों में आने वाले दिनों में समस्त बुनियादी एवं आधुनिक सुविधाएं बच्चों के लिए उपलब्ध कराई जाएगी। इसके पश्चात कार्यशाला के नोडल खंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय मनोज कुमार सिंह द्वारा कार्यशाला की संक्षिप्त रूपरेखा एवं उद्देश्यों का प्रस्तुतीकरण प्रतिभागियों के समक्ष किया गया। एसआरजी रत्नेश कुमार पांडेय एवं विनय शंकर पांडे,एसआरजी धीरज सिंह द्वारा पीएम श्री विद्यालयों के विषय में जानकारी दी। अंत मे जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य विकास द्वारा पीएम श्री विद्यालयों की सामाजिक भूमिका बताते हुए शिक्षकों को प्रेरित किया गया।

संक्षेप

### पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**मुगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही में जुटी है। पुलिस ने धारा 128 उपद्धउ थाना मुगराबादशाहपुर से सम्बन्धित वारंटी राम सुरत पटेल पुत्र रामजस उम्र करीब 30 वर्ष निवासी ग्राम पूरा दयाल थाना मुंगराबादशाहपुर को उसके घर दबिश देकर गिरफ्तार करते हुए सम्बन्धिंत न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी टीम में उ.नि. ज्योति प्रकाश चौबे, का. दीपक कुमार, का. आशीष यादव शामिल रहे।

### स्मार्टफोन पाकर गदगद हुए छात्र, जताई खुशी



**केराकत।** क्षेत्र के मुर्तुजाबाद खड़हर डगरा स्थित शुभकान्हा जी संस्थान में शनिवार को एक बार फिर छात्रों और छात्राओं में स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। स्मार्ट फोन पाकर छात्र छात्राओं के चेहरे खिल उठे और उनके चेहरों पर मुस्कान दौड़ गई। स्मार्टफोन का वितरण प्रबंधक डॉ. पूनम यादव की उपस्थिति और देखरेख में किया गया। वितरण बीए और बीएससी के छात्रों में किया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक डॉ. पूनम यादव ने छात्रों और छात्राओं का आह्वान किया कि वे स्मार्टफोन का उपयोग अपने कैरियर मेंकिंग में करें और समय के अनुरूप आगे बढ़ें। इस अवसर पर रेखा यादव, सीमा सिंह, सीमा भारती, सुषमा यादव, दीपाली सिंह, अभिषेक मिश्र, सतीश यादव, पवन यादव, देवेश और पंकज एवं मन्नू यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### बाइक साइकिल की टक्कर में दो घायल

**मुफ्तीगंज।** स्थानीय पुलिस चौकी क्षेत्र के राजकीय महाविद्यालय के सामने जौनपुर केराकत राष्ट्रीय राजमार्ग पर बाइक साइकिल की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया जहां प्राथमिक इलाज के बाद जिला चिकित्सालय के लिए उन्हें रेफर कर दिया गया। साइकिल बाइक की टक्कर में बाइक चला रहे गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के नेपुरा गांव निवासी युवक सिद्धार्थ गौतम पुत्र संतोष गौतम और साइकिल सवार थाना क्षेत्र के बरिया गांव निवासी भोला यादव 52 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए।

### शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारित करें अधिकारी : डीएम

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा. दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में तहसील बदलापुर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी के द्वारा शिकायतों को गम्भीरतापूर्वक सुनते हुए निर्देशित किया कि सम्बन्धित अधिकारीगण मौके पर जाकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने सभी को निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को प्राथमिकता पर निस्तारित करें। जिलाधिकारी के द्वारा उपजिलाधिकारी के नवीन चैम्बर का उदघाटन किया गया जिसमें उनके द्वारा जनसुनवाई की जाएगी, जिससे शिकायताकर्ताओं की शिकायतों को सुनते हुए त्वरित निस्तारण कराया जा सकेगा। इस दौरान कुल 92 शिकायते प्राप्त हुयी जिसमें से 16 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी योगिता सिंह, क्षेत्राधिकारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसी क्रम में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 राम अक्षयवर चौहान द्वारा तहसील सदर में तथा मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट द्वारा तहसील मड़ियाहू में शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।



## दौड़ में धीरज व स्लो साइकिलिंग में अंशिका प्रथम



जनसंदेश टाइम्स

**जौनपुर।** जिला युवा अधिकारी आरजी सिंह ने अवगत कराया है कि भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय नेहरू युवा केंद्र संगठन के द्वारा मुफ्तीगंज ब्लाक के श्री राम प्रताप उच्चतर माध्यमिक विद्यापीठ सुरैला, उमरी में ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में दौड़, कुश्ती एवं वालीबॉल और बालिका वर्ग में स्लो साइक्लिंग, बैडमिंटन एवं कबड्डी का आयोजन हुआ। विजेताओं को मुख्य अतिथि कविराज यादव (ग्राम प्रधान सुरैला) तथा विशिष्ट अतिथि

कार्यक्रम

**ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन**

विपुल कुमार सिंह (पूर्व प्रधान भुईली) के द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस खेल के 400 मीटर की दौड़ में धीरज यादव (प्रथम), समीर शेख (द्वितीय) तथा करन राजभर (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। कुश्ती में करन राजभर (प्रथम), निखिल गौड़ (द्वितीय) व राहुल कुमार (तृतीय) स्थान प्राप्त किए। वालीबॉल में मुफ्तीगंज टीम (विजेता) एवं केराकत टीम (उपविजेता) रही। बालिकाओं में स्लो साइकिलिंग में अंशिका राजभर (प्रथम), नेहा राजभर (द्वितीय) व अंशिका सिंह (तृतीय) स्थान। बैडमिंटन में शीतल सिंह (प्रथम), आंचल कन्नौजिया (द्वितीय) व श्रद्धा प्रजापति (तृतीय) स्थान पर आए। कबड्डी में डोभी ब्लाक की टीम (विजेता) व केराकत की टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक प्रेमनारायण तिवारी, प्रधानाध्यापिका निशा तिवारी, संचालक आकाश कुमार गर्ग, अध्यक्षता प्रधान निवास तिवारी तथा प्रबंधसमिति के उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उपस्तिथ रहे। इस खेल में अभिषेक सिंह एवं सत्यम सिंह ने रेफरी के रूप में अपने कार्य का निर्वहन किया। कार्यक्रम के अंत में रामसिंह यादव अध्यक्ष नेहरू युवा मंडल केराकत ने सभी आए हुए अतिथियों एवं खिलाड़ियों को सफलता पूर्वक खेल संपन्न होने की शुभकामनाएं दी।

### मोहम्मद हसन के प्रबंध समिति के अध्यक्ष का निधन



**जौनपुर।** मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज के प्रबंध समिति के अध्यक्ष मोहम्मद यूसुफ अंसारी का सुबह 7:30 एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। खबर मिलते ही महाविद्यालय में शोक सभा की गई। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं महाविद्यालय परिवार ने 2 मिनट का मौन रखकर मोहम्मद यूसुफ अंसारी को उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना एवं दुआ की। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने कहाकि मोहम्मद यूसुफ हमेशा मोहम्मद हसन की सभी संस्थाओं के प्रति समर्पित भाव के साथ अपना योगदान देते रहे। उनका जाना महाविद्यालय के लिए एक बड़ा नुकसान है। उनका कार्य महाविद्यालय परिवार हमेशा याद रखेगा। इस मौके पर उनके परिवार को इस दुख भरी घड़ी में संवेदना व्यक्त करते हैं। मोहम्मद हसन ग्रुप आफ कॉलेजेज की सभी संस्थाओं की कक्षाएं आज स्थगित कर दी गई। इस मौके महाविद्यालय के प्रवक्ता कर्मचारी एवं महाविद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## खेल प्रतियोगिता में दिव्यम यादव खुशी कन्नौजिया बने चैंपियन



**जंघई।** नागरिक पीजी कॉलेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के समापन दिवस पर शनिवार को प्राचार्य डॉ. नीरज एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. बृजेश यादव एवं शिक्षकों द्वारा प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र, छात्राओं को विविध पदक, मेडल एवं कप प्रदान किया गया।

व्यक्तिगत चैंपियनशिप छात्र वर्ग में दिव्यम यादव प्रथम 22 अंक एवं अमन अंसारी द्वितीय 21 अंक के साथ चैंपियन बनें। जबकि छात्राओं में खुशी कन्नौजिया प्रथम 20 अंक एवं नेहा यादव 18 अंक पाकर द्वितीय स्थान प्राप्त करके चैंपियन बनीं। क्रीड़ा अधीक्षक बृजेश कुमार यादव के संयोजन में हुई इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के प्राध्यापकों प्रोफेसर रवि कुमार मिश्र, डॉ. विनोद कुमार पांडेय, मुकेश कुमार सिंह, डॉ. ओम प्रकाश मिश्र, डॉ. गंगेश दीक्षित एवं कार्यालय अधीक्षक करुणेश त्रिपाठी, रमाकांत दुबे, विनय गौड़, राजकुमार, कृष्ण कुमार यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर रवि मिश्रा एवं डॉ. पवन कुमार पांडेय द्वारा किया गया। इस अवसर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई जिसमें महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

## दबंगों ने महिला के घर पर चढ़कर पीटा, टूटा हाथ



जनसंदेश टाइम्स

**केराकत।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के थानागद्दी चौकी अंतर्गत जाखियां ग्राम में बीती रात दबंगों ने एक महिला के घर पर चढ़कर मारपीट किया और उसका हाथ तोड़ दिया। उक्त ग्राम निवासिनी परमिला ने बताया कि वह अपने घर के बाहर बकरी बांधने के लिए खूंटा गाड़ा था और शाम को झाड़ू लगा ही रही थी कि पड़ोस के ही मनबढ़ किस्म के शुभम, रोहित, प्रकाश, राकेश आए और झाड़ू लगाने से मना करने लगे। विरोध करने पर परमिला को मारपीट दिया जिससे उसका हाथ टूट गया। जान से मारने की धमकी देते हुए मोबाइल लेकर चले गए। बाद में मोबाइल फेंक दिया। पीड़ित महिला परमिला के पति जब घर आए तो उसने आपबीती बताई। पति समेत तो पहले पीड़िता थानागद्दी चौकी पर गई वहाँ उसे निराशा हाथ लगी तो केराकत कोतवाली पहुची वहाँ भी उसकी न सुनी गई तो पुलिस अधीक्षक के पास रात को ही 11 बजे पहुँच जान बचाने की गुहार लगायी। कप्तान के आश्वासन देने के बाद कप्तान के निर्देश पर केराकत कोतवाली से पीड़ित को सुबह 8:30 बजे बुलाया गया जहाँ उसे दोपहर तक बैठाकर मानसिक शोषण किया जा रहा था। खबर लिखे जाने तक पीड़िता का न ही मुकदमा लिखा गया न ही कोई मेडिकल मुआयना कराया गया। बता दें कि थानागद्दी चौकी काफी दिनों से उपरोक्त जैसे मामलों में चर्चा में रहती है। पीड़ित का ही शोषण थानागड्डी चौकी में आम बात है।

## बेहोशी की हालत में मिला युवक

**मड़ियाहूं।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्रामसभा मईडीह रोड पर शनिवार की शाम 5.40 बजे खेत में सिंचाई करने गया एक युवक बेहोशी की हालत में पाया गया। बताया जाता है कि रामपुर खास निवासी बड़े लाल यादव 30 वर्ष अपने पंपिंग सेट पर जो मईडीह रोड पर स्थित है खेत की सिंचाई करने गया था। शाम को खेत में घास उखाड़ने के लिए गई महिलाओं ने बेहोशी की हालत में देखकर शोर मचाया। शोर सुनकर आसपास के काफी लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बेहोशी की हालत में उसे 108 एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने युवक को मार कर फेंकने का आरोप लगाया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि युवक के शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## परिषदीय स्कूलों में वार्षिकोत्सव की धूम



जनसंदेश टाइम्स

**सुइथाकला।** शनिवार का दिन शिक्षा क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों के लिए वार्षिकोत्सव का दिन रहा। चारों तरफ स्कूलों में वार्षिकोत्सव की धूम मची रही। स्कूल खुलते ही बच्चों और बच्चियों में एक अलग सा उमंग देखा पाया गया।

विभागीय मंशा के अनुरूप जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल के निर्देशन में शनिवार को क्षेत्र के बेसिक स्कूलों में शारदा संगोष्ठी के साथ ही स्कूलों का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ अपने अपने तरीके से मनाया गया। चारो तरफ वार्षिकोत्सव की धूम मची रही। इस दौरान स्कूलों के बच्चों और बच्चियों द्वारा विविध कार्यक्रमों के माध्यम से उपस्थित आगंतुकों को रिझाने का प्रयास सराहनीय रहा। इस कड़ी में क्षेत्र के पीएमश्री स्कूल कोहड़ा ,कम्पोजिट स्कूल एकडला, भरारी, डीह असरफाबाद, उच्च प्राथमिक स्कूल भगासा, प्राथमिक स्कूल अशोकपुर खुर्द, मयारी, सारी जहांगीर पट्टी व रूधौली में बच्चों ने अपने भाषण, गायन, नृत्य और अभिनय के माध्यम से शानदार प्रदर्शन कर लोगों के मन को मोह लिया। वहीं कोहड़ा में बच्चों द्वारा लगाया मां बेटी मेला अभिभावकों और अन्य के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। खण्ड शिक्षा अधिकारी आनन्द प्रकाश सिंह ने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी की सराहना करते हुए आऊट आफ स्कूल वाले बच्चों के लिए इस तरह के कार्यक्रम को प्रेरक बताया। सफल आयोजन के लिए एआरपी पंकज सिंह, त्रिवेणी प्रसाद विन्द, मनोज सिंह, संजय सिंह और एजाज अहमद समेत गिरीश यादव, नरेंद्र बहादुर सिंह, दुष्यंत मिश्रा, सुधाकर सिंह, डॉ. रणंजय सिंह, अरविंद यादव, सुनील गौतम आदि गुरूजन अपने अपने स्कूलों में लगे रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

# घर से निकलकर फिर घर पहुंचना कई जन्म लेने जैसा

## प्रशासन के पास कोई ठोस प्लान न होने से काशी में एक महीने से जाम, जाम, और सिर्फ जाम

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** काशी में महाकुम्भ का पलट प्रवाह, काशी में नागा साधुओं की पेशवाई, काशी में तमिल संगमम, काशी में कई स्नान का पर्व, काशी में बोर्ड की परीक्षाएं, और आने वाले दिनों में काशी में बाबा का विवाह यानि महाशिवरात्रि का पर्व इन सभी को देखते हुए काशी में एक माह से जो जाम की ऐसी स्थिति है कि लोगों को घर से निकलकर घर पहुंचना कई जन्म जैसा लगने लगा है। सभी एक जुंबा पर एक ही सवाल है आखिर कब मिलेगा इस जाम से निजात कब हमारी यातायात होगी सुगम।

वाराणसी इन दिनों भीषण जाम की चपेट में है। 10-12 मिनट के रास्तों को तय करने में तीन-चार गुना अधिक समय लग रहे हैं। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बाबा विश्वनाथ व काशी के कोतवाल बाबा काल भैरव के दर्शन को उमड़ी भीड़ से सिर्फ वही क्षेत्र प्रभावित नहीं है बल्कि समूची काशी प्रभावित है। अधिकारियों के पास यातायात का कोई ठोस प्लान ना होने से दो पहिया वाहन से लगायत चार पहिया वाहन की लंबी कतार पूरे क्षेत्र में लग जा रही है।

### कहर

**स्थानीय लोग बोले, घरों में हो गये अरेस्ट, घर से निकलना मुश्किल तो पहुंचना और भी कठिन**

**ठंड से अधिक जाम के चलते स्कूल लगातार हो रहे बंद, जो खुले तो बच्चों की सांसत**

**जाम में बोर्ड की परीक्षाएं भी शुरू दूर सेंटर पर जाने वाले परीक्षार्थी भी रहे परेशान**

महाकुंभ के पलट प्रवाह से शनिवार को हाईवे और उससे जुड़े लगभग सभी रास्ते चोक हो गए। हाईवे से लगायत शहर के अंदर और श्रीकाशी विश्वनाथ धाम, गंगा घाटों की ओर जाने वाले मार्ग दिन भर जाम की चपेट में रहे। राजातालाब से मोहनसराय तक लगभग ढाई किमी की दूरी तय करने में बाइक सवारों को डेढ़ घंटे का समय लगा। वहीं, कार सवार दो से ढाई घंटे में इस दूरी को तय कर पाए। डाफी टोल प्लाजा के आसपास वाहनों की लंबी लाइन रही।



हाईवे से शहर की ओर जाने वाले मार्गों के आसपास बाहरी गाड़ियों को रोक दिया गया। उन्हें रिंग रोड और हाईवे किनारे पार्किंग स्थल में भेजा गया। जाम के बीच यातायात पुलिस का कंट्रोल रूम का फोन भी दिन भर घनघनाता रहा। वीकेंड होने के चलते श्रद्धालुओं की भीड़ शहर में अधिक रही। हर कोई श्रीकाशी विश्वनाथ धाम में दर्शन पूजन को आतुर रहा। दर्शनार्थियों की लाइन गेट नंबर चार से होते हुए चौक, नीचीबाग, बुलानाला, मैदागिन होते हुए दो किलोमीटर तक लगी रही।

बैरिकेडिंग के अंदर दर्शनार्थियों की दो लाइन होने के बाद भी श्रद्धालुओं को 4 से 5 घंटे में दर्शन मिले। काशी विश्वनाथ मंदिर के अलावा कालभैरव मंदिर के बाहर भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। इस कारण चौक, दशाश्वमेध और मैदागिन से सटी गलियों में भी भीड़ हो गई। पुलिस ने गलियों से निकलने वाले सभी रास्ते को बंद कर दिया, जिस कारण स्थानीय लोगों और दुकानदारों को काफी समस्या हुई।

### अधिकारियों के पास ठोस प्लान नहीं

यातायात विभाग के अधिकारियों के पास कोई ठोस प्लान ना होने के चलते काशी में यातायात पूरी तरह से चोक हो गया है। पुलिस के जवान के पास सिर्फ दो शब्द हैं चलो आगे बढ़ों इसके चलते उन्हें ये नहीं समझ आ रहा की गाड़ी को किस दिशा में भेजे, इतना ही नहीं यातायात से जुड़े पुलिस के जवान अन्य दिनों की अपेक्षा इन दिनों चौराहे का एक कोना पकड़ खड़े हो जा रहे हैं। और यातायात व्यवस्था राम भरोसे हो रही है।

### ठंड की अपेक्षा जाम से स्कूल बंद

हर वर्ष जहां ठंड के चलते स्कूल बंद हो जाते थे वहीं इस साल जाम के चलते लगातार स्कूल को बंद करना पड़ रहा है। जिसका प्रभाव बच्चों पर भी पड़ रहा है। ऑनलाइन शिक्षा के प्रति सभी जागरुक अभी नहीं हैं कई अभिभावकों ने बताया कि ऑन लाइन पढ़ाई के लिए खर्च भी ज्यादा हो रहा है ना चाहते हुए भी मोबाइल नेट रिचार्ज करान पड़ रहा है।

# विज्ञानदेव महराज ने सीएम से उनके आवास पर भेंट की



**चौबेपुर।** अध्यात्म और भारतीय संस्कृति का सनातन प्रतीक महाकुंभ के दिव्य आयोजन के एक माह पूर्ण होने पर स्वर्वेद कथामृत के प्रवर्तक पूज्य संत प्रवंर विज्ञानदेव महराज ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके लखनऊ आवास पर भेंट की।

बताते चलें कि महाकुंभ क्षेत्र सेक्टर -25 अरैल प्रयागराज में संत प्रवर के पावन निर्देशन में स्वर्वेद महामंदिर ट्रस्ट की ओर से नियमित निःशुल्क अन्न क्षेत्र भंडारा संचालित हो रहा। जहां सुबह, दोपहर, शाम तीनों टाइम प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु भोजन प्रसाद ग्रहण करते रहे।

दर्शनार्थियों के ठहरने के लिए भी महामंदिर ट्रस्ट की ओर से उपर्यक्त व्यवस्था की गई है।

# राजस्व प्रशासन के बार-बार रोकने के बाद किया जा रहा है निर्माण

**मछलीशहर।** तहसील क्षेत्र के पीरपुर गांव में एक विवादित आराजी पर हो रहे अवैध निर्माण को लेकर राजस्व प्रशासन की अवहेलना, पुलिस प्रशासन द्वारा किए जाने का मामला स्थानीय भाजपाइयों ने जिलाधिकारी के समक्ष उठाया। डीएम के निर्देश पर सक्रिय हुआ तहसील प्रशासन मौके पर राजस्व निरीक्षक और पुलिस बल को भेज कर काम रुकवाने का दावा कर रहा है। जबकि स्थानीय भाजपाइयों का कहना है की मौके पर तीन चार बार राजस्व निरीक्षक जाकर काम रोकने को कह चुके हैं लेकिन बावजूद इसके निर्माण किया जा रहा है।

आज भी लोगों ने आरोप लगाया की राजस्व निरीक्षक और सिपाहियों के वहां से हटते ही पुनः काम शुरू करवा दिया गया है। दिलचस्प है कि मामले में एक वीडियो भी वायरल हो रहा है जिसमें तहसील के राजस्व निरीक्षक अरविंद शर्मा मौके पर कहते हुए सुने जा सकते हैं कि मैं तीन चार बार आकर यहां पर काम रोकने को कह कर गया था। जब मैं परसों पुलिस बल के साथ यहां आया था तब मौके पर निर्माण कार्य सिर्फ प्रारंभ किया गया था लेकिन आज वह खुद आश्चर्यचकित होकर कहते नजर आ रहे हैं की 2 दिन के अंदर पूरी शटरिंग वगैरह बड़े लंबे स्तर पर बना कर तैयार कर दी गई है। राजस्व निरीक्षक की बात से तो ऐसा लगता है कि जैसे राजेश प्रशासन अपने को अवैध निर्माण रोकने में बिल्कुल बेसहारा है। भाजपा के पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष संतोष जायसवाल और पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज जायसवाल इस मामले में आज तहसील दिवस में उपस्थित होकर मौके पर तहसीलदार और एसडीएम की डीएम से मोबाइल पर वार्ता कराई।

### उठा मामला

**विवादित आराजी के बाबत चल रहा है मुकदमा**

**डीएम के हस्तक्षेप पर पुनः सक्रिय हुआ तहसील प्रशासन**

**भाजपाइयों का आरोप पुलिस की मिलीभगत से हो रहा है निर्माण**

डीएम के निर्देश पर तहसील प्रशासन पुनः सक्रिय हो उठा और मौके पर एक बार फिर से राजस्व निरीक्षक को पुलिस बल के साथ भेज कर काम रुकवाया। भाजपाइयों ने खुला आरोप लगाया की पुलिस की मिलीभगत से ही मौके पर निर्माण किया जा रहा है वरना विपक्षी में इतनी हिम्मत नहीं थी की बार-बार तहसील प्रशासन के मना करने के बावजूद वह निर्माण करता रहे। इस संदर्भ में तहसीलदार अजीत कुमार सिंह ने बताया की आराजी नंबर 101 के बाबत उप जिलाधिकारी न्यायिक के यहां धारा 24 के तहत मुकदमा विचाराधीन है। इस बाबत पूछने पर कोतवाल त्रिवेणी सिंह ने बताया कि यह मामला आज ही उनके संज्ञान में आया है और उन्होंने तत्काल राजस्व निरीक्षक के साथ दो पुलिस के सिपाहियों को भेज कर काम रोकने को कहा है। जबकि भाजपाइयों का आरोप है की रोकने के बावजूद पुन निर्माण शुरू कर दिया गया है।

## मिनी लोक अदालत में वादों का किया गया निस्तारण

**मीरजापुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में चुनार तहसील परिसर में मिनी लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें न्यायिक अधिकारियों ने वादकारियों के वादों का निस्तारण किया। इसमें आपसी समझौते के आधार पर जनपद न्यायाधीश अरविंद कुमार मिश्रा। द्वारा 34 वर्ष पुराने मुकदमों का निस्तारण भी कराया गया। इस दौरान वादकारियों की भारी भीड़ रही। लोक अदालत का शुभारंभ जनपद न्यायाधीश अरविंद कुमार मिश्रा। अपर जनपद न्यायाधीश, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विनय आर्या, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, अपर मुख्य न्ययायिक मजिस्ट्रेट प्रथम पल्लवी सिंह, सिविल जज जूनियर डिविजन संघमित्रा, उप जिलाधिकारी चुनार राजेश कुमार वर्मा व क्षेत्राधिकारी मंजरी राव, तहसीलदार चुनार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। लोक अदालत में एसीजेएम प्रथम न्यायालय के संदर्भित 30 तथा सिविल जज जूनियर डिविजन चुनार न्यायालय के संदर्भित 09 वाद सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण के लिए न्यायिक अधिकारियों ने आदेशित किया। चुनार क्षेत्र के खड़ेहरा भुइली में सुरेंद्र कुमार व हरिशंकर सिंह के बीच 34 वर्षो से चल रहे बगीचे का वाद सुलह समझौते के आधार निस्तारित किया गया।

# दिल्ली-लखनऊ की दौड़ लगाते-लगाते छूटने लगी हफरी!

जितेंद्र श्रीवास्तव

### भाजपा संगठनात्मक चुनाव

**जिला व महानगर अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी करने वाले का दिल करने लगा धक-धक**

**दावेदारों के काटे नहीं कटते दिन और रात सोच रहे कि आखिर कहां अटक गयी फाइल**

**आवेदन करने की तय समय सीमा के बाद 30-31 दिन बीतने पर नहीं जारी हुई सूची**

**वाराणसी।** भाजपा संगठनात्मक चुनाव के तहत जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष पद की चाहत आखिर किसे नहीं है। बात प्रधानमंत्री नरेंद्री मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी समेत पूर्वांचल के जिलों की जाए तो यहां की कमान संभालने की ललक रखने वाले दावेदारों के दिल अब तो जोर-जोर से धड़कने लगा है। हो भी क्यों न? दिल्ली और लखनऊ की दौड़ लगा-लगा कर वे हांफने जो लगे हैं। ऐसे में दावेदारों के दिन और रात काटे नहीं कट रहे हैं। सोच रहे हैं कि आखिर जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष की फाइल कहां अटक गयी है। जी हां, आवेदन करने की तय समय सीमा के बाद 30-31 दिन बीतने पर भी अभी तक सूची जारी नहीं हो पायी है।

पार्टी सूत्रों की माने तो बड़े नेताओं के बीच कुछ जिलों को लेकर सहमति नहीं बनने से मामला अभी भी अटका हुआ है। आलम यह है कि जिलाध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों की नियुक्ति लटकती जा रही है। जिलाध्यक्ष व महानर अध्यक्ष की सूची पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व की ओर से तय समय सीमा के 30-31 दिन बाद भी जारी नहीं हो सकी है। वहीं प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ती का मामला भी अभी तक चर्चाओं के दौर तक सीमित है।

पार्टी सूत्रों की माने तो मंत्रियों, विधायकों और दिग्गज नेताओं की सिफारिशों के चलते जिलाध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों की सूची अटकती जा रही है। कहां तो यहां तक जा रहा है कि कई जिलों में मानकों की अनदेखी कर सूची में नाम शामिल किये गये हैं। कई जिलों में विवाद बताया जा रहा है। नाम कटने पर कई जिलों में बगावत के संकेत भी शीर्ष नेतृत्व को मिला है। लिहाजा, इसको लेकर पार्टी नेतृत्व असमंजस की स्थिति में हैं। इन संकटों को दूर करने के लिए केंद्रीय नेतृत्व ने राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े को लखनऊ भेजा है।

पार्टी सूत्रों की माने तो शीर्ष नेतृत्व ने साफ कह दिया था कि जिलाध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों के चुनाव में मंत्री, नेता या विधायक की सिफारिश नहीं चलेगी। अलबत्ता उनसे रायशुमारी अवश्य की जाएगी। जमीनी स्तर पर फीडबैक जुटाकर नाम तय किए जाएंगे। तय समयसीमा में चुनाव कराने के लिए चुनाव अधिकारियों ने समयसारिणी भी जारी की थी। चुनाव प्रक्रिया 10 जनवरी तक और सूची जारी करने का समय 15 जनवरी तय था, लेकिन अब तक सूची जारी नहीं हुई है। सूची अटकने के पीछे का कारण बताया जा रहा है कि मंत्री, विधायक और नेता अपने-अपने जिलों में अपने पसंद के जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष चाह रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि फाइनल सूची तैयार हो गई है, लेकिन सिफारिशों के कारण सूची अटक गई है। दिल्ली में कई दौर की बैठकों और मंथन के बावजूद अंतिम सहमति नहीं बन पाई, जिसके चलते फाइल वापस लखनऊ भेज दी गई है। ऐसे में जिलाध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों की सूची अब भी सस्पेंस में हैं। अब प्रदेश भाजपा नेतृत्व लखनऊ में अंतिम रणनीति तैयार कर रहा है, जहां राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) बीएल संतोष और राष्ट्रीय महामंत्री विनोद तावड़े मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर अंतिम मुहर लगाएंगे। हालांकि कहा तो यह भी जा रहा है कि हाईकमान ने प्रदेश स्तर से भेजी सूची पर अपनी मुहर लगा दी है। ऐसे में एक-दिन में सूची जारी हो सकती है। अब इसमें कितनी सच्चाई है?

### आखिर क्यों लटकी है सूची?

पार्टी सूत्रों के अनुसार, भाजपा नेतृत्व को सामाजिक, जातीय और क्षेत्रीय संतुलन को साधने में भी दिक्कतें आ रही हैं। इस प्रक्रिया में कई बड़े नेताओं की सिफारिशों और गुटबाजी के चलते असहमति पैदा हो गई है। पार्टी नेतृत्व महिला और दलित वर्ग को अधिक प्रतिनिधित्व देना चाहता है। इसके अलावा वरिष्ठ बनाम युवा नेता के बीच संगठनात्मक पकड़ को देखते हुए 60 वर्ष से अधिक उम्र के नेताओं को जिलाध्यक्ष बनाने पर पुर्नविचार हो रहा है। पूर्वांचल के कुछ जिलों में स्थानीय सांसद और विधायक एकमत नहीं हैं, जिससे फैसला अटक गया है। दिल्ली के कई बड़े नेताओं ने अपने करीबी लोगों को जिलाध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष बनवाने की कोशिश की, जिससे सहमति नहीं बन पाई। पार्टी सूत्रों का कहना है कि संगठन की मजबूती के साथ ही 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए अध्यक्षों का चयन किया जाना है।

### अभी भी 288 मंडल अध्यक्ष विहीन?

पार्टी सूत्रों की माने तो भाजपा के संगठनात्मक चुनाव की प्रक्रिया के तहत यूपी में 1819 संगठनात्मक मंडलों में से करीब 1531 मंडलों में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति हुई है। करीब 288 मंडलों में आपसी खींचतान और विवाद के चलते मंडल अध्यक्ष नियुक्त नहीं हो सके।

# महाशिवरात्रि पर होगा महाकुंभ का आखिरी स्नान

### आस्था

**फाल्गुन में महाशिवरात्रि समेत कुल 17 पर्व पड़ेंगे**

**महाशिवरात्रि व रंगभरी एकादशी पर बाबा की होगी आराधना**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** इस बार फाल्गुन माह में 17 त्योहार और व्रत पड़ेंगे। फाल्गुन मास की सप्तमी तिथि में एक दिन की वृद्धि से कृष्णपक्ष 16 दिन का होगा। हिंदू पंचांग के अंतिम महीने फाल्गुन की शुरूआत हो गई है। भगवान शिव को समर्पित इस मास में महाशिवरात्रि और काशी में रंगभरी एकादशी पर बाबा की आराधना होगी। साथ ही होली का रंग बिखरेगा।

इस मास में 17 विभिन्न व्रत, त्योहार और दिवस पड़ेंगे। फाल्गुन मास कृष्णपक्ष की सप्तमी तिथि में एक दिन की वृद्धि होने से यह दो दिन की होगी। यानी 19 और 20 को एक ही तिथि रहेगी। इस महीने की पूर्णिमा को फाल्गुनी नक्षत्र होने के कारण इसका नाम फाल्गुन है।

इस मास में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इससे पहले 24 फरवरी से रंगभरी एकादशी के उत्सव की शुरूआत हो जाएगी।

14 मार्च को होली का पर्व मनाया जाएगा। फागुन मास की सप्तमी तिथि में एक दिन की वृद्धि से कृष्णपक्ष 16 दिन का होगा।

**14 मार्च से लग जाएगा मांगलिक कार्यों पर विराम :** 14 मार्च को सूर्य मीन राशि में प्रवेश करेंगे। इसके साथ मांगलिक कार्य पर विराम लग जाएंगे। शादी, मुंडन आदि कार्य पर रोक लग जाएगी और खरमास शुरू हो जाएगा। एक महीने बाद 14 अप्रैल को खरमास खत्म होगा।



### फाल्गुन मास में ये होंगे व्रत और दिवस

16 फरवरी को संकष्टी चतुर्थी, 24 को विजया एकादशी, 25 को भौम प्रदोष व्रत, 26 को महाशिवरात्रि पर्व, 27 को फाल्गुन अमावस्या, तीन मार्च को विनायकी चतुर्थी, सात-14 मार्च तक होलाष्टक, आठ को महिला दिवस, 10 को रंगभरी एकादशी, 11 को भौम प्रदोष व्रत व खाटू श्याम का मेला, 13 को होलिका दहन और होली 14 मार्च को मनाई जाएगी। इसी दिन पूर्णिमा रहेगी।

### होलिका दहन से हो जाएगा साल का समापन

भारतीय ज्योतिष सिद्धांत में चंद्र सिद्धांत का विशेष महत्व है। इस हिसाब से फाल्गुन मास की पूर्णिमा साल की अंतिम होगी। होलिका दहन होने से नया संवत्सर लग जाता है, लेकिन नए संवत्सर की शुरूआत चैत्र मास शुक्ल पक्ष प्रतिपदा से मान्य होती है। साथ ही विक्रम संवत 2082 शुरू हो जाएगा।

# आउटसोर्स कर्मियों ने दी आमरण अनशन की चेतावनी

**मीरजापुर।** बालाजी इंटरप्राइजेज से विभिन्न विद्यालयों में रखे गए आउटसोर्स चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का कई माह से का मानदेय पेंडिंग है। इस संबंध में आउटसोर्स कर्मियों ने कई बार मुख्य विकास अधिकारी, जिलाधिकारी और जिला विद्यालय निरीक्षक को लिखित आवेदन भेज कर अपना मानदेय प्रदान करने की मांग किया। लेकिन उनके हर प्रयास नक्कर खाने में तूती बनकर रह गए।

आलम यह है कि आउटसोर्स चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का परिवार भुखमरी के कगार पर है और जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय इस संबंध में किसी भी प्रकार का संज्ञान लेने से इनकार कर रहा है।

शनिवार को आउटसोर्स कर्मियों की बैठक पुलिस लाइन स्थित एक विद्यालय में हुई, जिसमें निर्णय लिया गया यदि तीन दिन के भीतर सभी आउटसोर्स कर्मियों का मानदेय नहीं मिलता तो 20 फरवरी से समस्त आउटसोर्स चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर परिवार समेत आमरण अनशन पर बैठने के लिए बाध्य होंगे।

### वार्निंग

**माध्यमिक विद्यालयों के चतुर्थ श्रेणी कर्मी भुखमरी के कगार पर**

बैठक में नीरज कुमार पांडेय, शिवकुमार, संजय कुमार पाल, राकेश वर्मा, ओमकार प्रजापति, नीरज कुमार, राजन, सचिन, गणेश, अजय, राकेश यादव, उमेश सिंह, आशुतोष, प्रभात, दीपक सिंह आदि उपस्थित थे। इस संबंध में आउटसोर्स कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला मंत्री डा. रमाशंकर शुक्ल से भी संपर्क कर अपने आंदोलन के लिए समर्थन मांगा है।

# डीएम ने ऑर्गेनिक ढंग से उगी सब्जियों के माध्यम से किया प्रेरित, दिया संदेश



**जौनपुर।** शनिवार को जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने अपने आवास पर आर्गेनिक तरीके से उगी सब्जियों को बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल के माध्यम से कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बच्चों हेतु दिया। डीएम ने बताया कि कस्तूरबा गांधी आवासीय बच्चों में ताजी हरी सब्जियों के प्रति जिज्ञासा पैदा करने के लिए व बताने के लिए कि सब्जियों में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इनके सेवन से सेहत को कई फायदे होते हैं। इस सिलसिले में पूर्व में भी प्रयास किये जा चुके हैं। इसके लिए अपने शासकीय आवास पर ताजी सब्जियों जैसे फूलगोभी, बैंगन, पत्तागोभी, टमाटर, मटर, मेथी साग, पालक आदि को आर्गेनिक तरीके से उपजाया। सब्जियों के अतिरिक्त पनीर, बिस्किट आदि खाद्य सामग्री भी बच्चों के लिए दी गई। उन्होंने अन्य सभी अधिकारियों से अनुरोध किया कि वह भी स्वयं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का निरीक्षण करें और वहां के बच्चों में पढ़ाई के साथ-साथ हरी साग सब्जियों के प्रति भी प्रेरित करें।

# पौधरोपण कर चलाया स्वच्छता अभियान

**वाराणसी।** मानस नगर कालोनी के सामूहिक पार्क में आयुष मंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्र दयालु के सानिध्य में शनिवार को पौध लगाया गया। इसके साथ ही स्वच्छता अभियान चलाया गया। सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष एवं गंगा हरितिमा अभियान के ब्रांड अंबेसेडर, नगर निगम के ब्रांड अंबेसेडर अनिल कुमार सिंह ने मानस नगर कालोनी में एवं कालोनी के पार्क स्वच्छता अभियान चलाकर, रुद्राक्ष, कल्पवृक्ष, आंवला, जामुन, स्वर्ण चम्पा, गुड़हल अमरूद, शमी, पारिजात, गंधराज आदि के पौधे लगवाकर सभी सम्मानित कालोनी वासियों एवं नगर निगम के स्वच्छता कर्मियों सृजन संस्था के सदस्यों को, स्वच्छता, जल संरक्षण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई घर घर जाकर प्लास्टिक थैले का उपयोग न कर कपड़े का बैग उपयोग में लाने हेतु सभी से अपील किया, मुख्य अतिथि प्रदेश सरकार के आयुष खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डा दयाशंकर मिश्र दयालु ने सभी के साथ झाड़ू लगाकर एवं पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया, संगोष्ठी भी की जिसकी अध्यक्षता विद्वान पंडित पारस नाथ उपाध्याय ने सभी को अंगवस्त्र एवं माला पहना कर स्वागत किया जिसमें मुख्य रूप से अनूप दूबे, गौरव राठी, सौरभ राय, सुधीर सिंह, इंद्रेश मिश्रा दिवाकर पान्डेय एवं उनकी स्वच्छता की पूरी टीम रेन्ज आफिसर दिवाकर दूबे की पूरी टीम ने अपनी अपनी भागीदारी निभाई।



## हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन

**मड़ियाहूं।** विकास खंड रामनगर के सभागार में 'हमारा आंगन हमारे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक रहे। विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी रामनगर रेनू चौधरी व निवर्तमान मंडल अध्यक्ष राजेश सिंह ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि उप्र सरकार द्वारा बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। मौके पर अध्यक्ष प्रा. शिक्षक संघ डॉ. अरुण सिंह, राजेश्वर मिश्र, विनोद कुमार सिंह एवं योगेन्द्र सिंह, श्रीप्रकाश सिंह एवं विकास खंड के सभी न्याय पंचायत की आंगनबाड़ी कार्यकत्री व बच्चे उपस्थित रहे। बीईओ रामनगर सुभाष द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों का माल्यार्पण एवं अंवस्त्रम के साथ मोमेन्टो देकर सम्मानित किया गया। संचालन विनोद कुमार सिंह द्वाराकिया गया।

# निरोगी काया को किसान अपनाएं जैविक खेती: अर्चना सिंह

**पिंडरा।** किसानों को जैविक खेती के बारे में जागरूक करने हेतु बड़ागांव विकास खंड क्षेत्र के लखमीपुर गांव में शनिवार को नमामि गंगे योजना के अंतर्गत बायो शर्ट इंटरनेशनल एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में जैविक किसान मेला का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य अर्चना सिंह पटेल ने दीप प्रज्वलन कर किया।

जैविक किसान मेला में जनपद के सभी विकास खण्डों में एफपीओ से जुड़े कलस्टरों के जैविक उत्पादों (काशी जैविक उत्पाद) का स्टाल लगाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा जिसका अतिथियों ने अवलोकन कर काफी सराहना किया।कार्यक्रम में आए हुए अतिथियों का स्वागत प्रोजेक्ट मैनेजर अभिषेक सिंह तथा संदीप तेवतिया ने पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र के साथ स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया।



किसानों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अर्चना सिंह पटेल ने कहा कि आज समाज में हो रहे गंभीर बीमारियो से निजात पाने तथा स्वस्थ रहने के लिए किसानों को अब जैविक खेती करना होगा। किसानों को संबोधित करते हुए कृषि विभाग के वीरेंद्र गौतम तथा संदीप तेवतिया व अर्पित सिंह ने किसानों को मिट्टी में जीवांश बढ़ाने, गो मूत्र व गोबर गुड़, चने का बेसन, जीवांश युक्त मिट्टी को मिलाकर जीवामृत घोल का प्रयोग, लाइन में फसलों की बुवाई करने, मिलवा खेती करने, बीज शोधन के लिए ट्राइकोडरमा का प्रयोग, देशी बीज का प्रयोग तथा देसी गाय पालन करने के बारे में विस्तार पूर्वक से जानकारी दिया।

संचालन प्रोजेक्ट संयोजक अर्पित सिंह ने की। किसान मेला में लोकगीत गायक फूलचंद राजभर ने बिरहा के माध्यम से किसानों को जैविक खेती के बारे में जागरूक किया।

इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान अनिल कुमार पटेल, वीरेंद्र गौतम, प्रवीण श्रीवास्तव, सुजीत पटेल, अजय पटेल सहित क्षेत्र के सैकड़ो किसान उपस्थित रहे।